www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक –272 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



किसानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता : धनखड़ पृष्ठ 2
■ बाजार में क्यों हाहाकार है
■ आप नेताओं के खिलाफ आदेश से भाजपा को राजनीतिक लाभ... पृष्ठ 6
■ भारत ने गाजा युद्ध विराम समझौते का किया स्वागत
■ लक्षद्वीप से लापता नाव में सवार लोगों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया पृष्ठ 7
डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह चार्ली डीन को चुना पृष्ठ 8

# आठवें वेतन आयोग को मिली मंजूरी

## 2026 से लागू होंगी आयोग की सिफारिशें, केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए अहम निर्णय

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई और मोदी की अध्यक्षता में इस फैसले पर मंजूरी दे दी गई।

यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा कि सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था, इसकी सिफारिशें 2026 तक जारी रहेंगी। 7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और पेंशन बढ़ेगी।

**लंबे समय से हो रही थी मांग**– केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों ने इसके लिए कैबिनेट सचिव से मिलकर 8वें वेतन आयोग का गठन करने की मांग की थी और लगातार ये संगठन सरकार के सामने 8वें वेतन आयोग के गठन का दबाव बना रहे थे। पिछले एक साल में कई बार कर्मचारी यूनियन केंद्र सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग कर चुके हैं। पिछले बजट के बाद जब वित्त सचिव टीवी सोमनाथन से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि अभी इस काम के लिए हमारे पास पर्याप्त समय है। देश में 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे लगभग 1 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा था। चूंकि हर 10 साल में वेतन आयोग लागू किया जाता है ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी. इससे न्यूनतम वेतन और पेंशन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।





सातवां वेतन आयोग 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था : अश्वनी वैष्णव

### हर दस साल में आता है नया आयोग

अंतिम वेतन आयोग का गठन हुए 10 साल से ज्यादा समय बीत चुका है। आम तौर पर हर 10 साल में अगले वेतन आयोग का गठन हो जाता है। पुराने वेतन आयोग की जगह पर नए वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बीच भी सामान्यत: 10 साल का अंतर रहता है। ऐसे में आठवें वेतन आयोग का गठन जरूरी हो गया था। सातवें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 28 फरवरी 2014 को किया गया था। सातवें वेतन आयोग ने अपनी सिफारिशें उसके करीब डेढ़ साल बाद नवम्बर 2015 में केंद्र सरकार को सौंप दी थी। उसके बाद 1 जनवरी 2016 से 7वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो गईं, जो अभी तक लागू हैं।

स्पेस रिसर्च को रफ्तार देने की दिशा में लिया बड़ा फैसला

अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों के बारे में बताते हुए श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड को मंजूरी देने की जानाकारी भी दी. उन्होंने बताया कि तीसरा लॉन्च पैड नया और आधुनिक होगा। नया लॉन्च पैड नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल के लिए काफी मददगार और सहूलियत वाला होगा. इस लॉन्च पैड पर रॉकेट को हॉरिजोंटल (लिटाकर) असेंबल करके वापस सीधा खड़ा किया जा सकेगा. इसके निर्माण पर कुल मिलाकर 3985 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसकी कैपेसिटी पहले के दो लॅन्च पैड से ज्यादा होगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि नए लॉन्च पैड को ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

# मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए, 1 जवान भी घायल

## पुजारीकांकेर मारुडबाका के जंगलों में पुलिस नक्सली मुठभेड

**बीजापुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। खबर है कि बीजापुर के जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया है, जबकि एक जवान घायल हो गया है। लेकिन 12 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन जवान चला रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, माओवादियों के बड़े कैडरों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा 204, 205, 206, 208, 210 एवं केरिपु 229 बटालियन की संयुक्त टीम चला रही है। सुबह 9 बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक- रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर समेत अन्य हथियार बरामद किये गए हैं। मुठभेड़ अब भी जारी है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के जवान चला रहे नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन, ग्रेहाउंड्स के जवान भी शामिल है ऑपरेशन में। बीजापुर के मारूढ़बाका और पुजारी कांकेर इलाके में सुबह 9 बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ जारी है।



**चार दिन पहले मारे गए थे तीन नक्सली**

उल्लेखनीय है कि, बीते दिनों नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों के होने का पता चला था। सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल टीम ने सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था।

**सार संक्षेप**

### चुनाव प्रचार में संभलकर हो एआई का प्रयोग : आयोग

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल आज लगभग हर क्षेत्र में किया जा रहा है। इससे लोगों का काम आसान हो रहा है लेकिन इसका दुरुपयोग भी खूब किया जा रहा है। कई डीप फेक वीडियो इस बात का बड़ा सबूत हैं। चुनाव में एआई के इस्तेमाल को लेकर कोई परेशानी न खड़ी हो, इसीलिए चुनाव आयोग सख्त है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने संयुक्त प्रतीक चिह्न किया जारी

**नई दिल्ली।** भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की 60 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षण्मुगरत्नम ने गुरुवार को यहां संयुक्त प्रतीक चिह्न जारी किया। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि वर्ष 2025 भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60 वीं वर्षगांठ का वर्ष है। इस विशेष अवसर पर श्रीमती मुर्मू और सिंगापुर के राष्ट्रपति षण्मुगरत्नम ने यहां संयुक्त प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। संयुक्त प्रतीक चिह्न में भारतीय और सिंगापुर के राष्ट्रीय झंडे, कमल (भारत का राष्ट्रीय फूल) और आर्किड (सिंगापुर का राष्ट्रीय फूल) और 60 वीं वर्षगांठ के महत्वपूर्ण मील के पत्थर को उजागर करने वाले 60 नंबर शामिल हैं।

### इंडोनेशियाई राष्ट्रपति होंगे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर आधिकारिक घोषणा की है। सुबियांटो राष्ट्रपति के रूप में भारत की अपनी पहली यात्रा पर 25 को भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो 26 जनवरी को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक व्यापक रणनीतिक साझेदार के रूप में इंडोनेशिया भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत के उसके दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।


### इजरायल-हमास संघर्ष विराम के फैसले का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत ने गाजा पट्टी में इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष विराम के फैसले का स्वागत किया है और बंधकों की रिहाई एवं बातचीत शुरू होने की आशा व्यक्त की है।

# अभिनेता सैफ अली खान पर घर में घुसकर हमला



■ रीढ़ की हड्डी में फंसा था चाकू का टुकड़ा
■ हाथ-कंधे की भी सर्जरी हुई



**मुंबई**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध शख्स की पहली तस्वीर सामने आई है। वह रात ढाई बजे छठी फ्लोर पर नीचे उतरता दिखा। एक्टर पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया था। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गई है। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने बच्चों की देखभाल करने वाली मेड (नैनी) से एक करोड़ रुपए की डिमांड की। इस दौरान सैफ अली खान भी वहां पहुंचे और उन्होंने जब देखा तो अज्ञात आरोपी और सैफ के बीच हाथापाई हुई। पुलिस ने बताया कि सैफ के घर से 3 हाउस मेड को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले गई। इस दौरान, हाउस मेड ने पुलिस को बताया कि उसे बाथरूम के पास अचानक कोई परछाई नजर आई उसे लगा कि करीना शायद अपने छोटे बेटे को देखने आए होगी, लेकिन उन्हें बाद में शक हुआ तो वह आगे गई। अचानक एक व्यक्ति ने महिला के ऊपर हमला कर दिया और धारदार हथियार दिखाते हुए चुप रहने के लिए कहा। इस बीच दूसरी मेड भी आ गई।

**हमलावर की हुई पहचान**

मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है। वह चोरी के इरादे से घर में घुसा था। हमलावर सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ियों से ही भागा। जानकारी के मुताबिक हमलावर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया है। उसे बिल्डिंग की छठी मंजिल पर देखा गया था। पुलिस ने जबरन घर में घुसने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

# शराब घोटाला : ईडी ने पूर्व मुख्य सचिव ढांड को बताया सूत्रधार

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में करोड़ों रुपए के शराब घोटाले में पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड का नाम भी जुड़ गया है। ईडी ने विवेक ढांड को पूरे घोटाले का सरगना बताया है, जिसके निर्देशन में घोटाले के अहम किरदार अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अरुण पति त्रिपाठी काम कर रहे थे। यही नहीं विवेक ढांड को इस घोटाले में हिस्सेदारी भी मिलना बताया गया है।

ईडी ने एक दिन पहले ही पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को रिमांड पर लिया है। इसके साथ ही ईडी ने अपने दस्तावेजों में पूरे घोटाले का खाका खींचा है, जिसमें बताया गया कि किस तरह से पूर्व आईएएस अधिकारी विवेक ढांड के निर्देशन में अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अरुण पति त्रिपाठी ने फरवरी 2019 से लेकर जून 2022 के बीच 2 हजार 161 करोड़ की अवैध कमाई की।



किस तरह से ये लोग शराब कंपनियों से शराब का अवैध उत्पादन करवाकर उसकी सप्लाई का सिंडिकेट चलाते थे, और बदले में कंपनियों से इन्हें कमीशन मिलता था। इस पूरे घोटाले का ताना बाना बुनने से लेकर अंजाम देने तक पूरा ब्योरा एफ आई आर में दिया गया है।

**साल 2019 में उजागर हुआ था मामला**

ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शासनकाल के दौरान साल 2019 से 2022 तक लाइसेंसी शराब दुकानों पर डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेची जाती थी। जिसके चलते छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग को ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

# किरणदेव होंगे भाजपा अध्यक्ष

## औपचारिक घोषणा होना बाकी

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एक बार फिर प्रदेश भाजपा की कमान संभालने जा रहे हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भरकर निर्वाचन अधिकारी खूबचंद पारख को सौंप दिया। कल भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान होगा। उनके अलावा और कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। अब केवल घोषणा की औपचारिकता रह गई है। नामांकन के बाद किरण सिंहदेव को वरिष्ठ नेताओं ने बधाई। वहीं कार्यकर्ताओं ने भी उनके साथ सेल्फी खिंचवाई। राष्ट्रीय प्रतिनिधि पद के लिए भी 27 नेताओं ने भी नामांकन भरा है।



**अरुण, विजय शर्मा, सरोज सहित 27 नेता बनेंगे राष्ट्रीय पदाधिकारी**

भारतीय जनता पार्टी में इन दिनों चुनाव चल रहा है। इस कड़ी में राष्ट्रीय पदाधिकारी के लिए प्रदेश से अरुण साव, विजय शर्मा, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, सरोज पाण्डेय, ननकी राम कंवर, विक्रम उसेंडी, लता उसेंडी, तोखन साहू, गुरु बालदास, संतोष पाण्डेय, धरम लाल कौशिक समेत 27 नेताओं ने नामांकन जमा किया है।

# इसरो ने अंतरिक्ष में फिर रचा इतिहास

## अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

**बेंगलुरु**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारत अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सफलापूर्ण डॉक करने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे।



■ इसरो ने दो स्पेसक्राफ्ट जोड़े, 30 दिसम्बर को लॉन्च हुआ था स्पेडेक्स मिशन
■ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने इसरो के वैज्ञानिकों को दी बधाई

वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो ने 30 दिसम्बर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किए गए। 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों स्पेस क्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गई। 12 जनवरी को स्पेसक्राफ्ट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो और उसके वैज्ञानिकों को बधाई दी। राष्ट्रपति भवन की तरफ से किए गए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग क्षमता का प्रदर्शन करने वाला चौथा देश है। यह उपलब्धि चंद्रयान-4, भारत के

# फिर शुरू होगा किसान आंदोलन

**नई दिल्ली/पटियाला**, 16 जनवरी (एजेंसियां)। 26 जनवरी पास आते ही किसान आंदोलन एक बार फिर से शुरू होने जा रहा है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने गुरुवार को कहा कि 101 किसानों का एक समूह 21 जनवरी को शंभू बॉर्डर लाइन से दिल्ली के लिए अपना मार्च फिर से शुरू करेगा, ताकि सरकार पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाया जा सके। पंधेर ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री रहते न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून बनवाएंगे। इससे पहले 101 किसानों के जत्थे ने पिछले साल छह दिसम्बर, आठ दिसम्बर और 14 दिसम्बर को शंभू बॉर्डर से पैदल दिल्ली की ओर जाने की तीन कोशिश की थीं। उन्हें हरियाणा में सुरक्षा कर्मियों ने आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी थी। प्रदर्शनकारी किसानों के दिल्ली मार्च के ऐलान से एक दिन पहले, 111 किसानों के एक समूह ने बुधवार को अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाते हुए खनौरी के पास बॉर्डर से हरियाणा की ओर आमरण अनशन शुरू किया।

# दिल्ली चुनाव : आतिशी व संजय सिंह को नोटिस

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और सांसद संजय सिंह को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित के मानहानि के मामले में दिया गया है। वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन का आज अंतिम हैं। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने अपनी शिकायत में कहा है कि 26 दिसम्बर को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके और कांग्रेस पर मानहानि करने वाले आरोप लगाए थे।

आतिशी और संजय सिंह ने कहा था कि संदीप दीक्षित ने केजरीवाल को हराने के लिए भाजपा से करोड़ों रुपए लिए हैं और वे बीजेपी के साथ मिलकर आप को हराने की साजिश रचने में शामिल हैं। दिल्ली चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया का आज अंतिम दिन है। दिल्ली चुनाव में पांच फरवरी को वोटिंग है और 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए संदीप दीक्षित ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और पवन खेड़ा भी मौजूद रहे। कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव को लेकर तीन गारंटियों का ऐलान किया है। कांग्रेस ने गुरुवार को सरकार बनने पर दिल्ली की जनता को 500 रुपए का सिलेंडर, फ्री में राशन किट और 300 यूनिट तक फ्री बिजली की गारंटी दी।

# ईडी के समक्ष पेश हुए बीआरएस नेता केटी रामाराव

**नई दिल्ली**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। फॉर्मूला-ई रेस से जुड़े धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। बता दें कि पिछली बीआरएस की सरकार में राव नगर प्रशासन मंत्री थे। उन्होंने कहा कि बतौर मंत्री उनके सबसे पसंदीदा फैसलों में एक है हैदराबाद में फॉर्मूल-ई रेस की मेजबानी करना। ईडी के सामने पेश होने से पहले राव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कोई भी तुच्छ मामला, सस्ती लोकप्रियता के लिए कीचड़ उछालने की नीति या राजनीतिक तिकड़मबाजी उपलब्धि की भावना को नहीं मिटा सकती है। बीआरएस नेता ने दावा किया कि भले ही कोई गलत काम नहीं हुआ हो, लेकिन द्वेष और राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार इन शानदार कार्यक्रमों और उनसे संबंधित दस्तावेजों को अदालतों में घसीटने एवं जांच एजेंसियों के माध्यम से जांच के दायरे में लाने पर उतारू है। राव को केटीआर के नाम से जाना जाता है। उन्हें पहले सात जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए समन जारी किया गया था।

**निर्णय** एएलएच-ध्रुव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वायुसेना का फैसला

# गणतंत्र दिवस परेड में उड़ान नहीं भरेंगे ध्रुव व तेजस

नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसियां)। गणतंत्र दिवस के मौके पर होने वाली भव्य फ्लाई पास्ट में इस बार एएलएच-ध्रुव और सिंगल इंजन लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस को शामिल नहीं किया जाएगा। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक एएलएच-ध्रुव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह निर्णय लिया गया।

वहीं, तेजस के बारे में उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना ने गणतंत्र दिवस परेड में एकल इंजन विमान उड़ाना बंद कर दिया है। इसके चलते तेजस के बारे में यह निर्णय लिया गया है। वायुसेना अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, सिंगल इंजन वाला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस को भी इस वर्ष गणतंत्र दिवस फ्लाईपास्ट में शामिल नहीं किया जाएगा। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि वायुसेना ने गणतंत्र दिवस पर होने वाली फ्लाईपास्ट के लिए सिंगल इंजन वाले विमानों को उड़ाना बंद कर दिया है। गौरतलब है कि पांच जनवरी को गुजरात के पोरबंदर में एक तटरक्षक एएलएच दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में दो तटरक्षक पायलटों और एक एयरक्रू गोताखोर की मौत हो गई। जिसके बाद सशस्त्र बलों ने जुड़वां इंजन वाले हेलिकॉप्टर ध्रुव के पूरे बेड़े के प्रयोग पर विराम लगा दिया था। इस दुर्घटना की जांच की जा रही है। ऐसे में जब तक उच्च-स्तरीय जांच पैनल दुर्घटना के मूल कारण का पता नहीं लगा लेता, तब तक हेलिकॉप्टरों के इस पूरे बेड़े के खड़े रहने की संभावना है।

पोरबंदर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था एएलएच ध्रुव

**परेड में शामिल होंगे 22 लड़ाकू जेट, 11 परिवहन विमान**

वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर होने वाली फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू जेट, 11 परिवहन विमान, सात हेलीकॉप्टर और तीन डोर्नियर निगरानी विमान शामिल होंगे। इसके साथ ही एक राफेल फाइटर जेट भी फ्लाईपास्ट का हिस्सा होगा। वहीं, परेड में भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दस्ते में 144 जवान शामिल होंगे।

# देश उवाच

मोदी सरकार युवाओं के साथ अत्याचार कर संविधान पर हमला कर रही है इसलिए देश के युवाओं को 18 जनवरी को पटना में होने वाले संविधान सुरक्षा सम्मेलन से जुड़ना चाहिए। पेपर लीक, अग्निवीर, रोज़गार घोटाले, आरक्षण से खिलवाड़, युवाओं पर अत्याचार , ये सब भारत के भविष्य के साथ हमारे संविधान पर आक्रमण हैं। हम देश के युवाओं का हक़ छिनने



# किसानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता : धनखड़

**धनखड़ कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अमृत महोत्सव और पूर्व छात्र मिलन समारोह के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित**



**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि अन्नदाताओं की चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। श्री धनखड़ ने कर्नाटक के धारवाड़ में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अमृत महोत्सव और पूर्व छात्र मिलन समारोह के उद्घाटन समारोह में कहा कि राष्ट्रीय स्तर किसानों की समस्या पर तत्काल ध्यान देने तथा उन्हें आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है। देश निरंतर प्रगति के पथ पर है और इसमें किसानों को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। श्री धनखड़ ने कहा कि किसानों की समस्या पर तत्काल राष्ट्रीय ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'जब किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने की बात आती है तो समय की बहुत आवश्यकता होती है। सरकार काम कर रही है। हम चाहते हैं कि सभी लोग तालमेल के साथ काम करें, सकारात्मक सोच के साथ मिलकर समाधान खोजें।'

**किसानों की समस्या पर तत्काल राष्ट्रीय ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है। 'जब किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने की बात आती है तो समय की बहुत आवश्यकता होती है : जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर कृषि क्षेत्र के व्यापक प्रभाव पर श्री धनखड़ ने कहा कि कृषि आधारित उद्योग, कृषि उपज आधारित उद्योग, कपड़ा, खाद्य, खाद्य तेल और कई अन्य क्षेत्र समृद्ध हो रहे हैं और लाभ अर्जित कर रहे हैं। किसानों को लाभ को समान रूप से साझा करना चाहिए। इन संस्थानों को किसान के कल्याण और कृषि क्षेत्र के अनुसंधान के लिए अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कोष से जोड़ना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जब किसान आर्थिक रूप से ठीक होता है, तो अर्थव्यवस्था चलती है, क्योंकि वह किसान की खर्च करने की शक्ति है। जब किसान खर्च करता है, तो अर्थव्यवस्था अपने आप चलती है। खराब मौसम और अप्रत्याशित बाजार स्थितियों जैसे प्राथमिक तनावों से किसानों को राहत देने की आवश्यकता पर उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को प्राथमिक तनावों से विश्लेषण और राहत देने का समय आ गया है। सरकार बहुत कुछ कर रही है, लेकिन किसान खराब मौसम, अप्रत्याशित बाजार स्थितियों पर निर्भर है।

कृषि क्षेत्र की सभी प्रकार की सब्सिडी के सीधे हस्तांतरण की वकालत करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि कृषि क्षेत्र को किसी भी रूप में दी जाने वाली कोई भी सब्सिडी, चाहे वह उर्वरक हो या अन्य, सीधे किसान तक पहुँचनी चाहिए।

## अनेकान्तवाद का प्राचीन सिद्धांत मौजूदा जटिल विश्व में वैश्विक कूटनीति के लिए एक रूपरेखा : धनखड़

**नई दिल्ली।** उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारतीय दर्शन परंपरा का 'अनेकान्तवाद' का प्राचीन सिद्धांत मौजूदा जटिल विश्व में वैश्विक कूटनीति के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है। श्री धनखड़ ने गुरुवार को कर्नाटक के धारवाड़ में 'सुमेरु पर्वत संरचना' का उद्घाटन करते हुये कहा कि 'भारत' एक ऐसी भूमि है जहां शाश्वत ज्ञान प्रकाशित होता है और यहीं मानवता को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि हीरे की तरह सत्य के कई पहलू हैं। अनेकांतवाद, बहु दृष्टिकोणों का भारत का प्राचीन सिद्धांत, आज की जटिल दुनिया में वैश्विक कूटनीति के लिए एक रूपरेखा देता है। अनेकान्तवाद में अभिव्यक्ति और संवाद की भावना समाहित है। मानवता की अधिकांश समस्यायें इसलिए उत्पन्न होती हैं क्योंकि अभिव्यक्ति से समझौता किया जाता है और संवाद नकारात्मक होता है। उन्होंने कहा कि तीन रत्न, 'अहिंसा', 'अपरिग्रह' और 'अनेकान्तवाद', केवल शब्द नहीं हैं। ये जीवन के तरीके को परिभाषित करते हैं। ये ग्रह पर अस्तित्व के लिये आधार और आधार हैं।

## सार संक्षेप

### राजनाथ ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हिली से टेलीफोन पर बात की

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग के मुद्दों पर संक्षेप में चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में गति बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्रियों ने इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन और जेट इंजन जैसी विशिष्ट रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच उत्कृष्ट प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन से संबंधित आशय वक्तव्य पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने पर संतोष व्यक्त किया।

### राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। श्री गहलोत ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि महिलायें एवं दलित वर्ग इस उत्पीड़न से सबसे ज्यादा प्रताड़ित हैं। चाहे बाड़मेर में दलित के साथ बर्बर मारपीट का मामला हो या जोधपुर में बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ते अपराधों से आमजन में भय व्याप्त है।

### अयोध्या के बहाने विशेष वर्ग को खुश करना चाहते हैं अखिलेश यादव : आनंद दुबे

**लखनऊ।** भाजपा प्रवक्ता आनंद दुबे ने गुरुवार को यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अयोध्या मंदिर पर दिए बयान को लेकर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 'यह जगजाहिर है कि अयोध्या से अखिलेश यादव नफरत करते हैं। वह चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण न हो। लेकिन, अयोध्या में राम मंदिर बना। अखिलेश यादव अयोध्या को टारगेट इसलिए करते हैं, जिससे उनके विशेष समर्थक खुश हो जाएं।'

# झारखंड में बदलेगी भूमि राजस्व की व्यवस्था

**बार कोड से कटेगी लगान रसीद, लागू होगा राइट टू सर्विस एक्ट**

**रांची,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड की सरकार भूमि राजस्व की वसूली की व्यवस्था में बदलाव की पहल कर रही है। जमीन से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए जहां सरकारी दफ्तरों में राइट टू सर्विस एक्ट लागू किया जाएगा, वहीं भूमि की लगान रसीद कटवाने के लिए बार कोड की व्यवस्था लागू की जाएगी। झारखंड सरकार के भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने इस नई प्रस्तावित व्यवस्था को लेकर गुरुवार को विभागीय सचिव और सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ वर्चुअल रिव्यू मीटिंग की। उन्होंने कहा कि आम लोगों को जमीन से जुड़े मामलों में सहूलियत देने और सरकार को मिलने वाले राजस्व की वृद्धि में यह व्यवस्था मददगार साबित होगी। मंत्री बिरुआ ने कहा कि लोगों को अपनी ही जमीन की लगान रसीद कटवाने के लिए कर्मचारियों के कार्यालय से लेकर कचहरी का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए अब बार कोड की व्यवस्था लागू होगी। इससे लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की लगान जमा कर रसीद प्राप्त कर सकेंगे। रिव्यू मीटिंग में पूर्वी सिंहभूम जिले की कंपनियों पर दो हजार करोड़ का राजस्व बकाया होने का मामला सामने आया। इसपर मंत्री ने तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी जमीनों के कब्जे मामले में भी सख्त कार्रवाई करने को कहा। मंत्री ने कहा कि सरकारी जमीनों पर जमाबंदी कायम है या नहीं, इसकी सूची तैयार की जाए। बैठक में खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल करने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर उनका निष्पादन करने, अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य मामलों में अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए गए। वर्चुअल बैठक में विभागीय प्रधान सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशिप्रकाश झा सहित पांचों प्रमंडलों के आयुक्त समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहे।



# भ्रष्टाचार की गंगोत्री हो चुका है बिहार : तेजस्वी



**गया,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में बिहार सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिहार भ्रष्टाचार के मामले में गंगोत्री हो चुका है। तेजस्वी यादव यहां कार्यकर्ता दर्शन और संवाद यात्रा को लेकर पहुंचे हैं। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि नीतीश कुमार बिहार दर्शन के लिए निकले हैं, जिसमें अरबों रुपए की बर्बादी हो रही है। बिहार गरीब राज्य है। उन्होंने विशेष राज्य के दर्जे की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में एनडीए की सरकार है, इसके बावजूद बिहार सरकार प्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग नहीं कर रही। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस दौरान एक बार फिर डी के टैक्स की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार को 'डीके बॉस' चला रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में सबूत पेश कर जल्द पर्दाफाश करेंगे। दिल्ली चुनाव को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राजद दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ रही है।

# बिरला ने मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का किया शुभारंभ

**कोटा,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में विद्यार्थियों के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का शुभारंभ किया हैं। श्री बिरला ने गुरुवार को यहां श्रीनाथपुरम स्थित लॉरेंस मेयो स्कूल से 'स्टूडेंट कनेक्ट प्रोग्राम' के तहत मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का शुभारंभ किया, जिसके तहत विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज में ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिल सकेगी। इस पहल के माध्यम से शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों को पासपोर्ट के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए पासपोर्ट आवेदन की प्रक्रिया को भी सरल और सुलभ बनाया जाएगा



**हमारे देश की युवा शक्ति ही हमारे उज्जवल भविष्य का निर्धारण करेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम विद्यार्थियों को हर संभव अवसर प्रदान करें : ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि हमारे देश की युवा शक्ति ही हमारे उज्जवल भविष्य का निर्धारण करेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम विद्यार्थियों को हर संभव अवसर प्रदान करें। इस सुविधा से अब छात्र-छात्राएं पासपोर्ट बनाने के लिए पासपोर्ट कार्यालय जाने की बजाय अपने विद्यालय या कॉलेज में ही आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय बच सकेगा और उन्हें भविष्य में यात्रा, उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए पासपोर्ट प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

उन्होंने कहा पहले के मुकाबले पासपोर्ट बनाने के प्रक्रिया कई अधिक सरल हुई है। एक समय था जब अपॉइन्टमेंट के लिए इंतजार करना होता था, जयपुर जाना पड़ता था। कोटा में प्रदेश का दूसरा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय बनने के बाद महज एक वर्ष में एक लाख से अधिक पासपोर्ट जारी हुए हैं।

# नीतीश कुमार ने खगड़िया को दी 400 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात



पटना, 16 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में खगड़िया पहुंचे। यहां उन्होंने कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने 400 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने महेशखुंट में लगभग 43 करोड़ की लागत से बनकर तैयार पशु आहार कारखाना का उद्घाटन किया। इस पशु कारखाने के खुलने से जिले में रोजगार की संभावना जगी है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अलौली प्रखंड में बागमती नदी स्थित गढ़ घाट में 39 करोड़ की लागत से बनने वाले आरसीसी पुल का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा भी की और कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले में सब तरह के काम करा दिए गए हैं, कुछ नए काम और कराए जाएंगे।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर वी, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091। सीआईएन नं: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मों कासिम अली/ नुजहत निशा अली/ ईडब्ल्यूएस 951, शहीद भगत सिंह वार्ड नंबर 13, पानी टंकी के पास 02 टाटीबंध, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ रायपुर- 492001/ LBRPR00002890342/ LBRPR00002890343 | प्लॉट क्रमांक ई.डब्लू.एस. 951, स्लाइस 1, वार्ड क्रमांक 13, शहीद भगत सिंह वार्ड, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, टाटीबंध योजना, मौजा टाटीबंध, पी.एच. क्रमांक 103, आर. एन. एम. रायपुर I, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 388 वर्ग फीट यानी 36.10 वर्ग मीटर/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 13.01.2025 | 17/04/2024 रु. 8,84,061/- | रायपुर |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यों) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : जनवरी 17, 2025**
**स्थान : रायपुर**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**



## स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय सं. 1,2,3,4. भू तल, पुष्पक सीएचएस, मालवीय रोड, विले पार्ले (ईस्ट), मुम्बई-400057.
फोन : 18001234427 / 022 26101076-79

svatantra Micro Housing Finance Corporation Ltd.

### सर्वसाधारण को नीलामी-सह-निविदा बिक्री सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं (इसमें आगे कर्जदार कहे गए हैं) से नीचे तालिका में वर्णित अनुसार राशि की वसूली के लिए मांग सूचनाएं जारी की हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 में अंतर्निष्ठ शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोवर्णित प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा ले लिया है, जो उनका प्रदान की गई ऋण/क्रेडिट सुविधाओं के संबंध में प्रतिभूतियों के रूप में धारित हैं। जबकि स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएचएफसी) को देय ऋण की वसूली के लिए प्रतिभूत आस्ति/यों की बिक्री सार्वजनिक नीलामी सह निविदा के माध्यम से की जानी है। सर्वसाधारण को व्यक्तिगत रूप से अथवा सम्यक् अधिकृत एजेन्ट के माध्यम से बोली लगाने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

कर्जदारों/बकाया राशि/सम्पत्तियों/सुरक्षित मूल्य/ईएमडी राशि, ईएमडी जमा की तिथि एवं समय/निरीक्षण की तिथि एवं समय/नीलामी की तिथि एवं समय का विवरण :

| कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं का नाम एवं पता | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि / कब्जा की तिथि | सम्पत्तियों का वर्णन बंधकदाताओं के नाम सहित (सम्पत्ति के स्वामी) | सुरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|---|
| श्री संजय लोवंशी श्री ओमप्रकाश लोवंशी | 08-04-2024 रू. 4,29,612/- (रूपये चार लाख उन्तीस हजार छह सौ बारह मात्र) कब्जा तिथि :- 05-09-2024 | फ्लैट नंबर 31, 2 ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - काचना फेज-11, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, काचना, ऐश्वर्यम किंगडम के सामने, शंकर नगर, जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़-492007 | रू. 7.50 लाख रू. 75,000/- |
| श्रीमती देबी बाई ठाकुर श्री रघुवेन्द्र ठाकुर | 06-03-2024 रू. 1,03,652/- (रूपये एक लाख तीन हजार छह सौ बावन मात्र) कब्जा तिथि :- 05-09-2024 | लैट नंबर 256 (प्लॉट एरिया 560 वर्ग फीट), अटल आवास धानसुली ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - अटल आवास धानसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी, अटल आवास योजना, ग्राम धानसुली, पीओ नरदाहा, तहसील अरांग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-493111 | रू. 2.16 लाख रू. 21,600/- |
| श्रीमती अनीता शर्मा श्री शिवप्रसाद शर्मा | 08-05-2024 रू. 2,62,553/- (रूपये दो लाख बासठ हजार पांच सौ तिरेपन मात्र) कब्जा तिथि :- 03-09-2024 | लैट नंबर 1447, बी-91 (ईडब्ल्यूएस), सीएचबी - बोरियाकला रायपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बोरियाकला, धारसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड-492015 | रू. 2.90 लाख रू. 29,000/- |
| श्री संजय कुमार सेन श्रीमती अन्नपूर्णा सेन | 07-02-2023 रू. 8,70,362/- (रूपये आठ लाख सत्तर हजार तीन सौ बासठ मात्र) कब्जा तिथि :- 23-08-2023 | खसरा नंबर 1179/1 (नया नंबर 1179/3) के भाग पर निर्मित मकान, पीएच नंबर 33, तहसील-खैरागढ़, सिंघारघाट, आरएनएम-भूलाटोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491881 | रू. 7.30 लाख रू. 73,000/- |
| श्रीमती झंगली बाई सारथी श्रीमती लीला सारथी श्री नागराज सारथी | 09-09-2022 रू. 4,39,127/- (रूपये चार लाख उन्तालीस हजार एक सौ सत्ताईस मात्र) कब्जा तिथि :- 03-12-2022 | प्लॉट नंबर 2495/1 पर निर्मित मकान, तहसील-जांजगीर चम्पा, शान्ति नगर, जांजगीर, जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ़-495668 | रू. 9.00 लाख रू. 90,000/- |
| श्रीमती कचरा बाई चन्द्रा एवं श्री खेमराज वर्मा एवं श्री मणिराम वर्मा | 06-02-2024 रू. 4,95,409/- (रूपये चार लाख पिच्यानवे हजार चार सौ नौ मात्र) कब्जा तिथि :- 03-06-2024 | लैट नंबर 56 (प्लॉट एरिया 559 वर्ग फीट), अटल आवास धानसुली ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - अटल आवास धानसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी, अटल आवास योजना, ग्राम धानसुली, पीओ नरदाहा, तहसील अरांग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-493111 | रू. 2.50 लाख रू. 25,000/- |
| श्री नावेद खान श्रीमती शहनाज शेख | 06-01-2024 रू. 14,52,891/- (रूपये चौदह लाख बावन हजार आठ सौ इक्यानवे मात्र) कब्जा तिथि :- 05-06-2024 | खसरा नंबर 835-334 पर निर्मित मकान, पीएच नंबर 106-52, तहसील रायपुर, चिरहुलडीह, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, वार्ड नंबर 18, आर.आई.सी. रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-49209 | रू. 17.50 लाख रू. 1,75,000/- |
| श्री शुभम देवांगन श्रीमती पद्मावती देवांगन | 08-05-2024 रू. 11,04,994/- (रूपये ग्यारह लाख चार हजार नौ सौ चौरानवे मात्र) कब्जा तिथि :- 04-09-2024 | भूमि प्लॉट नंबर 10, खसरा नंबर 1023/2 का भाग, नया खसरा नंबर 1023/9, स्थित -खेरधा, पी. एच. नंबर 47, आरआईसी-अहीवारा-2, तहसील-धामधा, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490024 | रू. 12.70 लाख रू. 1,27,000/- |
| श्रीमती बलविंदर कौर भाटिया श्री गुलबीर सिंह भाटिया | 07-12-2023 रू. 10,74,545/- (रूपये दस लाख चौहत्तर हजार पांच सौ पैंतालीस मात्र) कब्जा तिथि :- 12-03-2024 | लैट नंबर एलआईजी-516, दीन दयाल आवास कौरिनभाटा, सीएचबी - दीन दयाल आवास कौरिनभाटा हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दीन दयाल आवास कौरिनभाटा, राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 | रू. 8.20 लाख रू. 82,000/- |
| श्री कलीम खान श्रीमती नसीमा बेगम श्री कय्यूम खान | 08-04-2024 रू. 5,65,277/- (रूपये पांच लाख पैंसठ हजार दो सौ सतहत्तर मात्र) कब्जा तिथि :- 03-09-2024 | लैट नंबर 114, क्यू, आरडीए-बोरियाखुर्द बोरियाखुर्द आरडीए कालोनी, बोरियाखुर्द, रायपुर, छत्तीसगढ़-492013 | रू. 3.30 लाख रू. 33,000/- |
| श्री नीलम साहू श्रीमती ज्योति साहू | 06-02-2024 रू. 23,25,304/- (रूपये तेईस लाख ? पच्चीस हजार तीन सौ चार मात्र) कब्जा तिथि :- 04-06-2024 | खसरा नंबर 496-93, पी.एच. नंबर 38, कौरिनभाटा, वार्ड नंबर 44, स्थित : कौरिनभाटा आरआईसी-कौरिनभाटा, तहसील राजनांदगांव, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 | रू. 24.70 लाख रू. 2,47,000/- |
| श्री गणेश दास महार श्रीमती कुंती बाई महार | 08-05-2024 रू. 3,06,414/- (रूपये तीन लाख छह हजार चार सौ चौदह मात्र) कब्जा तिथि :- 04-09-2024 | प्लॉट नंबर 428 पर निर्मित मकान, खसरा नंबर 127, तहसील राजनांदगांव, स्थित : गंदाई, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491888 | रू. 6.70 लाख रू. 67,000/- |
| श्रीमती सुरेखा दीप श्री किशोर दीप श्री सत्यम दीप श्री अनिल दीप | 08-05-2024 रू. 21,98,053/- (रूपये इक्कीस लाख अठ्ठानवे तिरेपन मात्र) कब्जा तिथि :- 05-09-2024 | लैट नंबर 37 (प्लॉट एरिया 992 वर्ग फीट), जनता हाउस, सीएचबी - शंकर नगर - जनता हाउस जनता कालोनी, निकट हाउसिंग बोर्ड कार्यालय, सेक्टर-01, स्थित शंकर नगर, जोन-02, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | रू. 44.00 लाख रू. 4,44,000/- |
| श्री गौतमचंद जोधराज परख श्रीमती राखी गौतमचंद परख | 06-09-2023 रू. 1,18,395/- (रूपये एक लाख बासठ हजार छह सौ तिरानवे मात्र) कब्जा तिथि :- 10-10-2022 | लैट नंबर 30 (प्लॉट एरिया 435.94 वर्ग फीट), अटल विहार ईडब्ल्यूएस टाइप 1, सीएचबी - अटल विहार - अरांग, पी.एच. नंबर 60, के एच नंबर 3786/1, के, केएच, 3786/3 का भाग, ग्राम अरांग, तहसील अरांग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-493441 | रू. 4.10 लाख रू. 41,000/- |
| श्री राकेश कुमार भवर लाल शर्मा श्रीमती राज कुमारी राकेश शर्मा | 03-03-2022 रू. 1,09,529/- (रूपये एक लाख नौ हजार पांच सौ उन्तीस मात्र) कब्जा तिथि :- 11-03-2024 | लैट नंबर 194 (प्लॉट एरिया 560 वर्ग फीट), अटल आवास पेंडरी राजानंदगांव ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - सीएचबी - अटल आवास पेंडरी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, पेंडरी, तहसील राजानंदगांव , जिला राजानंदगांव छत्तीसगढ़-491441 | रू. 1.00 लाख रू. 10,000/- |
| श्रीमती संगीता सिंह श्री शैलेश सिंह | 06-01-2023 रू. 2,10,664/- (रूपये दो लाख दस हजार छह सौ चौंसठ मात्र) कब्जा तिथि : 14-06-2023 | लैट नंबर 1284, बी-81 (ईडब्ल्यूएस), सीएचबी - बोरियाकला रायपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बोरियाकाला, धारसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड - 492015 | रू. 2.90 लाख रू. 29,000/- |
| श्रीमती शांति बाई श्री महेश कुमार | 10-10-2022 रू. 2,09,381/- (रूपये दो लाख नौ हजार तीन सौ इक्यासी मात्र) कब्जा तिथि : 05-01-2023 | लैट नंबर 1318, बी-83 (ईडब्ल्यूएस), सीएचबी - बोरियाकला रायपुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बोरियाकला, धारसीवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड - 492015 | रू. 3.00 लाख रू. 30,000/- |
| श्री हीरा लाल श्रीमती जनक भटपहरी श्रीमती दिगेश्वरी गिलहरे | 08-08-2023 रू. 7,29,584/- (रूपये सात लाख उन्तीस हजार पांच सौ चौरासी मात्र) कब्जा तिथि : 22-11-2023 | पटवारी हलका नंबर 09 (नया नंबर 18), खसरा नंबर 338-17, स्थित : मानपुर, महासमुंद, छत्तीसगढ़- 493551 | रू. 5.70लाख रू. 57,000/- |
| श्रीमती सीमा ध्रुव श्री रैनु ध्रुव | 04-12-2021 रू. 1,78,286/- (रूपये एक लाख अठहत्तर हजार दो सौ छियासी मात्र) कब्जा तिथि : 03-12-2022 | लैट नंबर 70, (प्लॉट एरिया 550 वर्ग फीट), अटल आवास कान्हापुरी कुरूड ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - अटल आवास कान्हापुरी कुरूड हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कान्हापुरी कुरूड, तहसील धामतरी , छत्तीसगढ़-493663 | रू. 2.20 लाख रू. 22,000/- |
| श्रीमती प्रमिला देवांगन श्री अनिल कुमार देवांगन | 11-07-2022 रू. 2,11,518/- (रूपये दो लाख ग्यारह हजार पांच सौ अठारह मात्र) कब्जा तिथि : 07-10-2022 | लैट नंबर 75,अटल आवास पेंडरी ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - अटल आवास पेंडरी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, वार्ड नंबर 36, पेंडरी तहसील राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491441 | रू. 4.50 लाख रू. 45,000/- |
| श्रीमती मोहनी सोनी श्री गोवर्धन सोनी श्रीमती मयंक सोनी | 10-05-2023 रू. 5,97,672/- (रूपये पांच लाख सत्तानवे हजार छह सौ बहत्तर मात्र) कब्जा तिथि : 22-08-2023 | लैट नंबर 305, जी, आरडीए - इंद्रप्रस्थ फेज-।।, ईडब्ल्यूएस इंद्रप्रस्थ कालोनी, रायपुरा, तहसील एवं जिला रायपुर-492013 | रू. 5.80 लाख रू. 58,000/- |
| श्रीमती शाहीन कौसर श्री शाहनवाज इकबाल महबूब | 05-08-2021 रू. 2,36,151/- (रूपये दो लाख छत्तीस हजार एक सौ इक्यावन मात्र) कब्जा तिथि : 11-03-2024 | लैट नंबर 301, बी, आरडीए - रायपुरा ईडब्ल्यूएस रायपुरा आरडीए कालोनी, रायपुरा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492013 | रू. 2.00 लाख रू. 20,000/- |
| श्रीमती रेशमा साहू श्री रवि साहू | 06-04-2021 रू. 2,42,498/- (रूपये दो लाख बयालीस हजार चार सौ अठ्ठानवे मात्र) कब्जा तिथि : 10-12-2021 | लैट नंबर ईडब्ल्यूएस टी-एफ-94,अटल आवास पेंडरी राजनंदगांव ईडब्ल्यूएस, सीएचबी - अटल आवास पेंडरी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, वार्ड नंबर 36, पेंडरी तहसील राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491441 | रू. 1.80 लाख रू. 18,000/- |

निरीक्षण की तिथि एवं समय : 11-02-2025 - पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक ईएमडी जमा की अंतिम तिथि एवं समय : 14-02-2025 अप. 05.00 बजे तक नीलामी की तिथि एवं समय : 17-02-2025 - पूर्वा. 11.00 बजे से मध्या. 12.00 बजे तक

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें: बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी :

i. संपत्तियां 'जैसी हैं, जैसी हैं' के आधार पर बेची जा रही हैं।

ii. उपरोक्त तालिका में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

iii. प्रतिभूत आस्ति सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।

iv. नीलामी बिक्री 'नीलामी-सह-निविदा' के माध्यम से होगी।

v. बोलीदाताओं को विस्तृत नियम व शर्तों के बारे में भी सूचित किया जाता है। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी "एसएमएचएफसी लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से या एनईएफटी/आरटीजीएस खाता संख्या 00608940000020 आईएफएससी कोड: एचडीएफसीओ000060" के माध्यम से उपरोक्त खाता संख्या के अनुसार जमा करनी होगी। ड्राफ्ट सहकारी बैंक का नहीं होना चाहिए।

vi. बोलीदाता को ये दस्तावेज ई-मेल के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी के ई-मेल पते पर जमा करने होंगे और इन दस्तावेजों की स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी (मूल रूप में डिमांड ड्राफ्ट) को ऊपर उल्लिखित शाखा पते पर प्राधिकृत अधिकारी के पास लिफाफे में जमा करना है, जिस पर 'खाते में बोली (खाते का नाम वर्णित करें)' शीर्षांकित किया गया हो।

vii. अन्य विस्तृत नियम व शर्तें वेबसाइट **www.svatantramhfc.com** पर उपलब्ध हैं। आगे की पूछताछ प्राधिकृत अधिकारी, एसएमएचएफसी (+91 8657949180), श्री राहुल कुलाय (+91 9167829994), श्री अनिल पाटिल (+91 9167220728) और श्री शरीक सौदागर (+91 8879666943) या 022-26101076-79 ईमेल- **sharik.saudagar@svatantramhfc.com** से स्पष्ट की जा सकती है।

स्थानः छत्तीसगढ़
दिनांक : 17-01-2025

प्राधिकृत अधिकारी
स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाइनैंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएचएफसी)
(प्रतिभूत लेनदार)




# महाकुंभ के बाद अयोध्या और काशी पहुंच रहे श्रद्धालु

## अयोध्या में 10 व काशी विश्वनाथ में 7.41 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

**महाकुंभ नगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे देश-विदेश के श्रद्धालु अब उत्तर प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचने लगे हैं। स्नान के उपरांत श्रद्धालु 13, 14 व 15 जनवरी को श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य व अयोध्या में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। अब तक तकरीबन सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान-पूजन किया। अयोध्या में तीन दिन में तकरीबन 10 लाख, काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.41 लाख, विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख व नैमिषारण्य धाम सीतापुर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। प्रयागराज से श्रद्धालु श्रृंगेवरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य, अयोध्या भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इन क्षेत्रों में पहुंचने से स्थानीय रोजगार को भी काफी बढ़ावा मिल रहा है।

काशी विश्वनाथ मंदिर में तीन दिन में 7.41 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। यहां 13 जनवरी को 2.19 लाख, 14 जनवरी को 2.31 लाख और 15 जनवरी को 2.90 लाख से अधिक



दर्शन करने पहुंचे। विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख व नैमिषारण्य धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।

रामनगरी में निरंतर श्रद्धालुओं का सैलाब पहुंच रहा है। जय श्रीराम के जयकारे संग अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था से पूरी नगरी राममय हो गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन दर्शनार्थियों के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रहा है। तकरीबन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु तीन दिन में अयोध्या पहुंचे हैं। रामलला के 500 वर्ष बाद विराजमान होने के उपरांत यहां सर्वाधिक श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यहां रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन उमड़ी है। सीएम के निर्देश पर आयुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य आलाधिकारी धर्मपथ, रामपथ व भक्तिपथ पर भ्रमण करते रहे। यहां जरूरतमंदों को आश्रय स्थल भी भेजा गया है।

> 26 फरवरी तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या धाम को 5 जोन व 12 सेक्टर में विभाजित कर दो पालियों में पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्य स्नान पर्व पर राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारी की ड्यूटी अलग से लगायी जायेगी। इसके अतिरिक्त पीएसी बल, बाढ़ राहत दल पीएसी की ड्यूटी लगायी गयी है। यलो जोन यूटी प्वाइंट पर तीन पालियों में पुलिस, पीएसी की ड्यूटी लगाकर यातायात को सुव्यवस्थित कराया जा रहा है। सीसीटीवी कंट्रोल रूम द्वारा निरन्तर निगरानी भी की जा रही है : **राजकरण नैयर, एसएसपी अयोध्या।**

# हस्तशिल्पियों को मिला संगम का बाजार, बड़े कारोबार की संभावना

## मेला क्षेत्र में फ्लिपकार्ट के स्टॉल पर मुफ्त बिक्री का अवसर

**महाकुंभ नगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों के लिए महाकुंभ एक सुनहरा अवसर साबित हो रहा है। प्रयागराज में संगम पर आयोजित इस महायोगिक उत्सव में 6000 वर्ग मीटर क्षेत्र में 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) की शानदार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहां कालीन, जरी-जरदोजी, फिरोजाबाद के कांच के खिलौने, बनारस के लकड़ी के खिलौने और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

प्रयागराज मंडल के संयुक्त आयुक्त उद्योग, शरद टंडन ने बताया कि 2019 में महाकुंभ से 4.30 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था, जबकि इस बार 35 करोड़ रुपए तक के कारोबार की संभावना है। इससे रोजगार और छोटे उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी। व्यवसाय और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

महाकुंभ में फ्लिपकार्ट ने भी अपना स्टॉल लगाया है। यहां उद्यमियों को अपने प्लेटफॉर्म पर उत्पाद मुफ्त में बेचने का मौका मिल रहा है। फ्लिपकार्ट के स्टॉल पर खरीदारी करने वालों और देखने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। काशी के शिल्पकारों ने लकड़ी के खिलौने, बनारसी ब्रोकेड, मेटल रिपोज, मेटल कास्टिंग जैसे 75 उत्पाद प्रदर्शनी में पेश किए हैं। जीआई




(जियोग्राफिकल इंडिकेशन) विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 75 जीआई उत्पादों को ओडीओपी योजना के तहत प्रदर्शित किया जा रहा है। इनमें वाराणसी की लाल मिर्च, बनारसी साड़ी, सुर्खा अमरूद, प्रतापगढ़ का आंवला, मिर्जापुर के पीतल बर्तन और गोरखपुर का टेराकोटा शामिल हैं। कुशीनगर के कालीन और फिरोजाबाद के कांच के खिलौने और बर्तन भी प्रदर्शनी का आकर्षण बने हुए हैं। डॉ. रजनीकांत ने बताया कि 75 जीआई उत्पादों में से 34 काशी क्षेत्र से हैं। उन्होंने इन उत्पादों को पहचान और सुरक्षा देने के लिए जीआई टैग दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही, बनारस की ठंडाई, लाल पेड़ा, बनारसी तबला और भित्ति चित्र जैसी विशिष्ट कृतियों को भी दुनिया के सामने लाने की कोशिश हो रही है। उत्तर प्रदेश एमएसएमई विभाग और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में ओडीओपी योजना का यह आयोजन राज्य के हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। महाकुंभ 2025 न केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है, बल्कि उद्यमियों के लिए व्यापार का एक विशाल मंच भी बन गया है। जहां देश-विदेश के लोग आकर हस्तशिल्पियों के उत्पादों पसंद कर रहे हैं और खरीद कर रहे हैं।

### गाजियाबाद की इनोवेटिव चक्की, मोटापा घटाएं और मुफ्त में पाएं ताजा आटा

महाकुंभ 2025 में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) प्रदर्शनी में गाजियाबाद की इंजीनियरिंग कंपनी का एक अनोखा उत्पाद लोगों का ध्यान खींच रहा है। पैरों से चलने वाली यह आटा चक्की, न केवल ताजा आटा तैयार करती है, बल्कि इसे इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति व्यायाम कर फिट भी रह सकता है। श्रद्धालुओं के लिए यह मशीन मुफ्त में आटे की पिसाई कर रही है। मीडिया सेंटर के पास लगी इस प्रदर्शनी में लोग बड़ी संख्या में अनोखी चक्की को देखने और इस्तेमाल करने आ रहे हैं।

# गंगा पंडाल में 'संस्कृति का संगम', शंकर महादेवन ने 'चलो कुंभ चले' गीत से किया मंत्रमुग्ध



- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप जलाकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ
- कैलाश खेर, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति समेत दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुति

**महाकुंभनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों का एक अद्भुत संगम है। गंगा पंडाल में संस्कृति विभाग के विशेष कार्यक्रम 'संस्कृति का संगम' में प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने अपने गीतों से गंगा पंडाल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। मशहूर संगीतकार शंकर महादेवन ने महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन का हिस्सा बनने को अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने 'चलो कुंभ चले' गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इसके बाद उन्होंने गणेश वंदना गाकर पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया

गंगा पंडाल में 24 फरवरी तक प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित गायक, संगीतकार और नृत्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। महाकुंभ के इस अलौकिक आयोजन में कैलाश खेर, कविता सेठ, नितिन मुकेश, सुरेश वाडेकर, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति समेत कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। महाकुंभ का अद्भुत रात्रि दृश्य आस्था की रोशनी से जगमगाता है, जहां लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान कर अपनी आत्मशुद्धि का अनुभव करते हैं। यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति की भव्यता को दर्शाता है, बल्कि एकता और सद्भाव का संदेश भी देता है। महाकुंभ भारतीय कला, संस्कृति और अध्यात्म का एक भव्य मंच है, जहां लोक संगीत, शास्त्रीय नृत्य और नाट्य कलाएं श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था की अद्भुत अनुभूति कराएंगी। इस अवसर पर महापौर गणेश शंकर केसरवानी, विधायक पूजा पाल समेत जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# विदेश से आए प्रतिनिधियों ने किया संगम में स्नान

**महाकुंभनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुंभ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभनगर जरूर आना चाहिए।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं और उनकी विधिवत सुरक्षा व्यवस्था को देखकर भारतीय संस्कृति की महानता का अहसास हुआ। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुंभ के दौरान विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की और महाकुंभ के ऐतिहासिक, धार्मिक और



- बोले, महाकुंभ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश
- 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने महाकुंभ क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण किया

सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। साधु-संतों ने महाकुंभ की प्राचीन परंपराओं, अखाड़ों की भूमिका और भारतीय संस्कृति की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि संतों के विचारों से गहरे प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय धार्मिक परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ में भी एकता का प्रतीक है। महाकुंभ के दौरान 10 देशों के 21 प्रतिनिधियों ने इस आयोजन की भव्यता और उसकी वैश्विक पहचान को नजदीक से महसूस किया। महाकुंभ ने दुनिया को यह संदेश दिया कि दुनिया के विभिन्न कोनों से लोग एकत्रित हो सकते हैं, भले ही उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग क्यों न हो।

महाकुंभ में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि पहुंचे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने महाकुंभ का दौरा करके भारतीय संस्कृति की विविधता और धार्मिक एकता का अनुभव किया। सभी यहां की संस्कृति से अभिभूत नजर आए। उनके लिए यह यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा लेने का भी एक शुभ अवसर है।

## *इंग्लैण्ड के जैकब ने अपनाया सनातन*

### *नया नाम जय किशन सरस्वती*



*महाकुंभ में संगम तट पर सनातन संस्कृति की अनुपम छटा बिखरी हुई है। सनातन संस्कृति की इसी आध्यात्मिक शक्ति से अभिभूत हुए इंग्लैंड के रहने वाले जैकब, अब संन्यास ग्रहण कर जय किशन सरस्वती बन चुके हैं। इंग्लैंड के मैनचेस्टर के रहने वाले जैकब, सनातन संस्कृति और उसकी आध्यात्मिक शक्ति से इतने प्रभावित हुए की पूरी तरह से उसके रंग में रंग कर संन्यास तक ग्रहण कर चुके हैं। जैकब ने बताया कि वो लगभग 10 वर्षों से भारत में ही रह रहे हैं। उन्होंने भारत में काशी, हरिद्वार, ऋषिकेष, मथुरा, वृंदावन, उज्जैन समेत पुरी जैसी धार्मिक नगरियों की यात्रा की है। प्रयागराज और यहां के महाकुंभ में वो पहली बार आये हैं। जैकब ने बताया कि उन्होंने हरिद्वार के महाकुंभ में जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर उमाकान्तानंद से दीक्षा ले कर संन्यास ग्रहण किया था। तब से वो जय किशन सरस्वती बन गए हैं।*

# मौनी अमावस्या स्नान के लिए और दुरुस्त करें तैयारियां : मुख्य सचिव

**महाकुंभ नगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के सकुशल संपन्न होने के बाद अब योगी सरकार का पूरा फोकस 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों पर है। इसकी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुंभ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दो पर्वों पर सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं, लेकिन अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में जल्द ही पीएम की विजिट के साथ ही कैबिनेट बैठक भी संभावित है। इसको लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी भी अवश्य मौजूद रहें। मुख्य सचिव ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर्व सकुशल संपन्न कराए गए हैं। अब हमें मौनी अमावस्या के प्रमुख पर्व की तैयारी पर जोर देना है। पिछले दो पर्वों में सभी व्यवस्थाएं और सुविधाएं अच्छी रही हैं। अब हमें इन्हें और फाइन ट्यून करना होगा। 144 साल बाद ऐसी स्थिति बनी है जब पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दोनों एक साथ मनाए गए हैं। यह हमारे लिए मौनी अमावस्या से पहले ड्रेस रिहर्सल का अवसर था। उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर कहा कि रेलवे स्टेशंस पर जाने के लिए साइनेजेज को और बेहतर किया जा सकता है। सभी साइनेजेज ऐसे होने चाहिए जिन पर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जाए कि उन्हें कौन से रेलवे स्टेशन पर जाना है। यह स्पष्ट दिखना चाहिए की उनके गंतव्य की ट्रेन उन्हें कहां मिलेगी। डिजिटल स्क्रीन पर ट्रेन और स्टेशन से



- मुख्य सचिव और डीजीपी उत्तर प्रदेश ने महाकुंभ की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा
- मोदी के आगमन और कैबिनेट बैठक को लेकर समय पर तैयारियों के निर्देश

संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाए। साथ ही सभी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की दूरी भी स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। रेलवे को यह व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए कि जो यात्री जिस स्टेशन पर उतरा है उसे उसी स्टेशन पर उसकी वापसी की ट्रेन मिले। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर भी ट्रेन का रनिंग स्टेटस दिखना चाहिए। किसी भी स्थिति में ट्रेनों का प्लेटफार्म चेंज नहीं होना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रमुख स्नान पर्व और अमृत स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं को टेलीकॉम की परस्पर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा की मेला क्षेत्र में टेलीकॉम का इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत मजबूत है। ऐसे में फोन न लगने की शिकायत किसी भी सूरत में नहीं आनी चाहिए। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज से अधिक बसों का संचालन किया जाए। खास तौर पर अयोध्या के लिए नियमित बसें संचालित हों। उन्होंने निर्देश दिया कि जो स्टेशन बंद हैं, वहां पर भीड़ एकत्रित न हो इसके लिए सूचना का प्रचार प्रसार स्पष्ट रूप से किया जाए। साथ ही ऐसी व्यवस्था बनाए की श्रद्धालुओं को पता चल सके कि उन्हें उनकी बस कहां से मिलेगी। पीडब्लूडी की तैयारी की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा की समस्त पांटून पुलों पर अंत तक लोहे की मजबूत रेलिंग लगाई जाए। कोई भी हिस्सा बिना रेलिंग के नहीं होना चाहिए। साथ ही निर्देशित किया की श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त साइनेज की भी व्यवस्था की जाए। स्वच्छता को लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया की संगम नोज पर टॉयलेट्स और यूरिनल्स पर्याप्त संख्या में होने चाहिए। कहीं भी ओवरफ्लो की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही अखाड़ा क्षेत्र में वीआईपी टॉयलेट्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी तक सभी डेढ़ लाख टॉयलेट्स स्थापित हो जाने चाहिए। सुरक्षा को लेकर भी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल होना चाहिए। पुलिस कर्मी टाइम से ड्यूटी पर आएं, यह सुनिश्चित करें। मेला क्षेत्र समेत जहां भी बैरिकेडिंग की आवश्यकता है, वहां पर इसे मजबूती से सुनिश्चित किया जाए। चेकिंग और पेट्रोलिंग के साथ संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए। स्नान पर्व और अमृत स्नान के बाद सतर्कता में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। पुलिस यह भी सुनिश्चित करे की रोड पर भंडारे या नि:शुल्क खाना न बांटा जाए। भंडारों के लिए जो एरिया तय किया गया है वहीं पर खाने का वितरण होना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि 12 किलोमीटर लंबे घाटों में प्रत्येक इंच रिवर बैरिकेडिंग होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पार्किंग में गाड़ियों की संख्या पूरी होने के बाद दूसरी पार्किंग में डायवर्ट किए जाने की व्यवस्था को मजबूती से लागू किया जाए। सभी पार्किंग में कैमरा के इंस्टॉलेशन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी की जाए। पार्किंग में बिजली और मैनपावर की कमी नहीं होनी चाहिए। डीजीपी ने कहा कि पार्किंग स्थल पर नंबरिंग वाले बैलून लगाए जाएं, जिससे दूर से ही पार्किंग स्थल को देखा जा सके। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि मेला क्षेत्र में खोया पाया केंद्रों के द्वारा 5 से 10 मिनट के अंतराल में ही अनाउंसमेंट किया जाए। लगातार अनाउंसमेंट से पैनिक की स्थिति ना बने इसे सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार के अलावा प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, एडीजी प्रयागराज मंडल भानु भास्कर, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ मौजूद रहे।

# *स्कूली बच्चों को भी दिया जा रहा प्रशिक्षण, मंच देगी योगी सरकार*



***महाकुंभ नगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार न सिर्फ बॉलीवुड, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकारों, बल्कि स्कूली बच्चों को भी महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। इसके लिए संस्कृति विभाग की तरफ से प्रयागराज के 9 कॉलेजों में 9 विधाओं में स्कूल और कॉलेज के बच्चों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 22 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद स्कूली बच्चे अपनी कला का महाकुंभ में प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश भर के नामचीन प्रशिक्षकों द्वारा 9 विधाओं में लगभग 600 स्कूली बच्चों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 22 जनवरी तक प्रयागराज के 9 स्कूल और कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अवधी लोकगायन का प्रशिक्षण श्रीकृष्णा डिग्री कॉलेज करछना, मशकबीन का प्रशिक्षण मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना, जादू का प्रशिक्षण ब्रजमंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर करछना, अवधी लोकगीत और नृत्य का प्रशिक्षण आरपी इंटर कॉलेज एफसीआई रोड चौक नैनी, लोकगायन का प्रशिक्षण सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर करछना, ढेढिया नृत्य का प्रशिक्षण कमला स्मारक इंटर कॉलेज इतरौरा बलापुर करमा रोड नैनी, ब्रज के लोकनृत्य का प्रशिक्षण राधा रमण महिला इंटर कॉलेज, 27 एच चकदाउद नगर नैनी, भजन और लोक गायन का प्रशिक्षण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुंगारी करछना, रंगोली का प्रशिक्षण आरएनटी इंटर कॉलेज महेवा पूरब पट्टी खान चौराहा नैनी में दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के नामचीन प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अवधी लोक गायन का प्रशिक्षण अयोध्या के शिवपूजन शुक्ला, मशकबीन का प्रशिक्षण कौशांबी के संतोष और प्रयागराज के वेदानंद दे रहे हैं।*

देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# चुनाव आयोग पर सच साबित हुए राहुल

अभी बुधवार को ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नवनिर्मित पार्टी मुख्यालय के उद्घाटन अवसर पर चुनाव आयोग पर उसके पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर निशाना साधा था; और चौबीस घंटे बीतते न बीतते उनकी बात साबित होती भी दिख गयी। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने जानकारी दी कि दिल्ली चुनाव अधिकारी (डीईओ) ने 'एक्स' पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के आधिकारिक हैंडल पर जारी एक पोस्ट को रिपोस्ट कर दिया है। यह पोस्ट भाजपा नेताओं की चुनाव अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर थी। संजय सिंह ने इसका स्क्रीन शॉट शेयर कर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था तथा राजनीतिक दल के परस्पर सम्बन्धों को उजागर कर दिया है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में हरियाणा तथा महाराष्ट्र विधानसभा के कुछ माह पहले हुए चुनावों के हवाले से संकेत दिये थे कि उनमें चुनाव आयोग ने पक्षपात किया था। राहुल का यह बयान इस परिप्रेक्ष्य में था कि वहां माहौल पूरी तरह से कांग्रेस और विपक्षी गठबन्धन इंडिया के पक्ष में था परन्तु परिणाम अप्रत्याशित रूप से भाजपा तथा उसके सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस के हक में गये थे।

संजय सिंह ने 'एक्स' पर की गयी अपनी पोस्ट में तंज कसा कि 'निर्वाचन अधिकारी औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल होकर उसका चुनाव प्रचार करेंगे।' उन्होंने लिखा- 'भारत के इतिहास में पहली बार- नयी दिल्ली के चुनाव अधिकारी ने चोरी-छिपे बीजेपी के ट्वीट-रिट्वीट करने शुरु कर दिये हैं। अब नयी दिल्ली विधानसभा के जिला अधिकारी कह रहे हैं 'जब प्यार किया तो डरना क्या।' कल सुबह 11 बजे जिला चुनाव अधिकारी बीजेपी ऑफिस में पार्टी ज्वाइन करेंगे।' हालांकि जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से इस मुद्दे पर सफाई आई कि सोशल मीडिया हैंडल का संचालन सोशल मीडिया सेल के एक अधिकारी करते हैं। उन्होंने 'अनजाने में' रिपोस्ट की थी और अब उन्हें बदल दिया गया है। लेकिन सवाल तो फिर भी उठता ही है कि अनजाने में ही सही, लेकिन भाजपा की पोस्ट को ही रिपोस्ट क्यों किया गया, क्यों चुनाव आयोग के दफ्तर ने किसी और दल के पोस्ट को रिपोस्ट नहीं किया।

संजय सिंह ने भाजपा और चुनाव आयोग के अंतर्संबंधों को इस ट्वीट प्रकरण के सन्दर्भ में उजागर किया है लेकिन देश पिछले एक अर्से से यह देख रहा है कि किस प्रकार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में विपक्ष को नेस्तनाबूद करने की जो चालें चली जा रही हैं, उनमें निर्वाचन आयोग प्रमुख भूमिका निभा रहा है। निर्वाचन आयोग को जेबी संस्था की तरह बनाने की कोशिशें हो रही हैं, जिसका काम सत्ता के दिशानिर्देशों का पालन करना मात्र रह गया है। सारे चुनावी कार्यक्रम सत्ताधीशों की सुविधानुसार तय किये जाने लगे हैं।

अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग को बेहद कमजोर कर दिया है। पहले जहां मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री, विपक्ष के नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मिलकर करते थे, पिछली सरकार ने एक कानून लाकर इस कमेटी से मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इस प्रकार से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर पूरी तरह से सरकार का अधिकार हो गया है और विपक्ष की कोई भूमिका नहीं रह गयी है।

कई राज्यों तथा पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा तथा निर्वाचन आयोग की मिलीभगत के आरोप विपक्ष ने लगाए। हाल के हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव के साथ हुए उपचुनावों में भी देखा गया कि सुबह को रूझान कुछ थे जबकि एक-डेढ़ घंटे के भीतर ही सभी के अनुमान ध्वस्त होते गये और दोपहर होते न होते अंततः भाजपा की ही विजय हुई थी। यह खेल कई राज्यों में खेला गया था। अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर पाई गयीं या उनमें हेर-फेर के साफ संकेत मिले - खासकर, लम्बे इस्तेमाल के बाद भी कई मशीनों का मतगणना के वक्त 99 फीसदी तक चार्ज रहना यह बताता है कि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है। विपक्ष ही नहीं, अनेक प्रबुद्ध लोग तथा स्वयंसेवी संगठन चाहते हैं कि वोटिंग बैलेट पेपर से हो लेकिन उनकी न तो सरकार सुनती है और न ही स्वयं निर्वाचन आयोग। लोकसभा चुनाव के पहले कई विपक्षी दल इस बाबत आयोग से मिलकर अपनी बात कहना चाहते थे तथा डेमो के जरिये यह करके दिखलाना भी चाहते थे कि मशीनें हैक हो सकती हैं, पर निर्वाचन आयुक्त ने उन्हें समय ही नहीं दिया।

हाल ही में निर्वाचन आयोग ने मतगणना के बाबत यह प्रणाली अपना रखी है कि मतदान बन्द होने के कई घंटों के बाद वह संशोधित आंकड़े जारी करता है। दोनों के बीच थोड़ा-मोड़ा नहीं 5-7 प्रतिशत तक का फर्क होता है जो किसी भी परिणाम को पलटने के लिये पर्याप्त है। महाराष्ट्र में तो चार-पांच महीनों में ही वोटरों की संख्या 47 लाख बढ़ गयी थी। देश के कई राज्यों में भाजपा के पक्षधर वोटों के बढ़ने तथा विरोधी समझे जाने वाले मतदाताओं (अल्पसंख्यक, दलित, ओबीसी आदि) के नाम कटने के बड़े पैमाने पर प्रमाण मिले हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि पिछले लोकसभा चुनावों में तकरीबन 80 सीटें इसी तरीके से भाजपा के पक्ष में लाई गईं जिसके कारण आज भाजपा तीसरी बार सत्ता में है। चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर के चयन का वाकया भी लोग भूले नहीं हैं जब निर्वाचन अधिकारी ने खुद ही भाजपा के पक्ष में वोट डाले थे।

अक्सर चुनाव के कुछ पहले या परिणाम निकलने के बाद ईवीएम पर बात की जाती है लेकिन राहुल ने दिल्ली चुनाव के ऐन बीच में, यह जानते हुए भी कि चुनाव इसी प्रणाली से होंगे, निर्वाचन आयोग के भाजपा का मददगार होना बताया था। दिल्ली निर्वाचन कार्यालय से भाजपा की पोस्ट को रिपोस्ट करने के प्रकरण ने उसकी पुष्टि कर दी।

# बाजार में क्यों हाहाकार है

बाजार में हाहाकार है। बाजार मतलब सिर्फ शेयर और पूंजी बाजार नहीं करेंसी बाजार और सामान्य बाजार भी। यह बात जोर शोर से प्रचारित की जा रही है कि खुदरा मूल्य सूचकांक गिरा है और चार महीने के न्यूनतम स्तर पर आ गया है लेकिन वह अभी भी 5.2 फीसदी जैसे खतरनाक स्तर से ऊपर है और यह बात रिजर्व बैंक भी मानता है। बल्कि इसके चलते वह बैंक दरों में हेरफेर करने से बच रहा है। अभी तत्काल बड़ी चिंता शेयर बाजार में कोहराम से है। जब 13 जनवरी को बाजार का एक दिन का नुकसान 13-14 लाख करोड़ रुपए का हो गया तो दूसरे दिन सरकार और बाजार के कामकाज पर नजर रखने वाले सचेत हुए। कुछ टेक्नीकल करेक्शन का असर था और कुछ हजारों करोड़ रुपए झोंकने का, बाजार में हल्की बढ़त दिखी। झोंकना शब्द जाना-बूझ कर इस्तेमाल किया गया है क्योंकि साझा कोष हों या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, उनके निवेश का फैसला बाजार के रुख की जगह सरकार के रुख से तय होता है और हर संकट में ऐसा निवेश बाजार बचाने वाला होता है और करेंसी बाजार को संभालने के लिए तो सचमुच बैंक में जमा धन बाजार में उतारना पड़ता है। इस बार बाजार संभल पाएगा यह कहना मुश्किल है क्योंकि यह सिर्फ किसी एक समूह के कामकाज से जुड़ी देसी-विदेशी रिपोर्ट या सच के उजागर होने से आया तूफान नहीं है।

इस बार की गिरावट वैश्विक स्तर पर होने वाले कुछ बड़े बदलावों के चलते है और इसका असर हमारे बाजार पर सिर्फ 13 जनवरी को नहीं आया है। हमारा सेंसेक्स अस्सी हजार अंक से इतना नीचे आ गया है कि जल्दी भरोसा नहीं होता कि वह कभी इतना ऊपर गया था। चार सत्रों में ही गिरावट ढाई हजार अंकों से ज्यादा की हो चुकी है और इसमें हर तरफ लक्षण खराब दिख रहे हैं। बाजार के जानकार जिनकी बारीक चीजों पर नजर रखते हैं उनमें 'निफ्टी नेक्स्ट 50' अर्थात निफ्टी में शामिल पचास शेयरों के बाद वाले पचास शेयरों का हिसाब समझ आता है, में और ज्यादा गिरावट के लक्षण देख रहे हैं। उनमें आम तौर पर बीस फीसदी



अरविन्द मोहन

इसका असर निश्चित रूप से हमारे शेयर बाजारों के साथ रुपए का मोल गिरने पर पड़ा है और दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतों में अचानक और अकारण से उछल पड़ा है। अमेरिकी डालर का मूल्य अमेरिका में भी बढ़ा है क्योंकि उसमें निवेश में कमाई के नतीजे बेहतर होने की रिपोर्ट आई है। वहां भी लगभग एक फीसदी गिरा है और इसका असर वैश्विक है।

से ज्यादा की गिरावट है लेकिन अदानी ग्रीन जैसे दुलारे शेयरों में साल भर में 58 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। 13 जनवरी को ही बाजार 1.5 फीसदी के आसपास गिरा तो इन पचास शेयरों में गिरावट 4.3 फीसदी थी। अर्थात बाजार में आगे के लिए भी बहुत उम्मीद नहीं दिखती और निवेशक बाजार से मुंह मोड़ रहे है। ऐसा विदेशी निवेशक लगातार कर रहे हैं और उनके पूंजी निकालने (तथा चीन की तरफ रुख करने) पर सरकार अपनी संस्थाओं और सहयोगी संस्थाओं से लिवाली करा के बाजार को स्थिर करने का प्रयास करती रही है। पिछले साल की अंतिम छमाही में यह ट्रेंड रहा है।

शेयर बाजार की बदहाली का एक बड़ा कारण तो अचानक चीन के बाजारों में बढ़ता निवेश है और इसमें चीन सरकार की नीतियों के साथ दुनिया के बाजार में चीन की अनिवार्यता को स्वीकार करना भी एक कारण है। आज चीन का विदेश व्यापार का सरप्लस एक ट्रिलियन डालर का हो चुका है और काफी सारे देशों को लगता है कि चीन के उत्पादन तंत्र में पूंजी, ब्रांड-मूल्य और तकनीक की साझेदारी से अगर वे घाटे को कम कर सकते हैं तो जरूर करना चाहिए। चीन ने भी विदेशी निवेश आकर्षित करने के इंतजाम बढ़ाए हैं। पिछले छह महीने का जो हिसाब है वह बताता है कि चीन के प्रति डोनाल्ड ट्रम्प के जहर उगलने का भी निवेशकों के मन पर कोई असर नहीं हो रहा है। आज दुनिया के पूंजी बाजार में एक अलग तरह की हलचल है (और हमारे बाजार भी उससे गहरे प्रभावित हैं) उसका ट्रम्प के आगमन और उससे भी ज्यादा सरकारी अमेरिकी गील्ड में रिटर्न की डर का पांच फीसदी से ऊपर पंहुचने का हाथ है। जब बैंक और सरकारी बांड वगैरह में पड़ी रकम पांच फीसदी से ज्यादा की कमाई देने लगे तब अमेरिकी ही नहीं विकसित दुनिया के काफी सारे निवेशकों को दूसरी तरफ देखने की जरूरत नहीं है। ऐसा भरोसा तब और असरदार हो जाता है जब ट्रम्प के आगमन की आशंका से बाजार में बेचैनी हो।

इसका असर निश्चित रूप से हमारे शेयर बाजारों के साथ रुपए का मोल गिरने पर पड़ा है और दुनिया भर में पेट्रोलियम की कीमतों में अचानक और अकारण से उछल पड़ा है। अमेरिकी डालर का मूल्य अमेरिका में भी बढ़ा है क्योंकि उसमें निवेश में कमाई के नतीजे बेहतर होने की रिपोर्ट आई है। वहां भी लगभग एक फीसदी गिरा है और इसका असर वैश्विक है। लेकिन हमारे बाजार और रुपए की गिरावट को हम अकेले इसी बहाने नजरअंदाज नहीं कर सकते। डालर का 86.53 रुपया छूना बताता है कि हम असल खतरे वाले जोन में आ रहे हैं। अगर डालर की मजबूती और अमेरिकी बैंक रेट में गिरावट के लक्षण नहीं हैं तो रुपए जैसी कमजोर मुद्राओं पर लगातार दबाव रहेगा। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की भविष्यवाणी है कि साल भर में हमारा रुपया डालर के मुकाबले सवा रुपया और गिरेगा। इसका सीधा असर हमारे आयात बिल पर पड़ेगा। पिछले सितंबर से दिसंबर के तीन महीनों में रुपए को संभालने में चार लाख करोड़ से ज्यादा की लिक्वीडिटी कम हुई है अर्थात बाजार में नकदी कम हुई है। लेकिन यह मात्र करेंसी का मामला नहीं है। 20 जनवरी को जब ट्रम्प सत्ता में आएंगे तब के बाद वे काफी ऐसी चीजें करने वाले हैं जिनका हमारी पूरी अर्थव्यवस्था पर असर आएगा। इसमें वीज़ा नियमों का बदलाव भी है लेकिन हमारे विदेश मंत्री अमेरिका यात्रा करते हैं तो ज्यादा से ज्यादा अपने लिए शपथ ग्रहण समारोह का न्यौता जुगाड़ पाते हैं या कुछ गोपनीय मिशन पूरा करते हैं।

# आप नेताओं के खिलाफ आदेश से भाजपा को राजनीतिक लाभ की उम्मीद

■ के रवींद्रन

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन पक्ष को मंजूरी देने का मोदी सरकार का हालिया फैसला राजनीतिक उद्देश्यों के लिए केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल की चल रही कहानी में एक और अध्याय जोड़ता है। मूल रूप से, यह कदम एक ऐसे पैटर्न को उजागर करता है जिसमें देश के विभिन्न संस्थानों को सत्तारूढ़ पार्टी के एजंडे को ही आगे बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा रहा माना जाता है। वर्तमान घटनाक्रम का संदर्भ और समय इस तरह की कार्रवाइयों के पीछे रणनीतिक प्रेरणाओं को ओर रेखांकित करता है, जिससे इन संस्थानों की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा में उनकी भूमिका के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। 'पिंजरे में बंद तोता' समकालीन राजनीतिक मुहावरे का हिस्सा बन गया है।

केन्द्रीयगृह मंत्रालय द्वारा अभियोजन के लिए मंजूरी नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये ऐतिहासिक फैसले के तीन महीने बाद आई है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लोक सेवकों पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरह ही पूर्व मंजूरी लेनी चाहिए। इस फैसले की जांच शक्तियों के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा के रूप में सराहना की गयी थी, जो इस सिद्धांत को पुष्ट करता है कि अभियोजन को पर्याप्त निगरानी के बिना आगे नहीं बढ़ना चाहिए।

राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार का केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहना लोकतंत्र और कानून के शासन के सिद्धांतों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा को दर्शाता है। लोकतांत्रिक शासन के लिए यह आवश्यक है कि संस्थाए स्वतंत्र रूप से और बिना किसी हस्तक्षेप के काम करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय निष्पक्ष और निष्पक्ष रूप से प्रशासित हो।

लेकिन केंद्र सरकार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही इसे मंजूरी नहीं दी। अब जब चुनाव प्रक्रिया शुरु हो गई है तब मंजूरी दी गयी है। इस घटनाक्रम को न्यायपालिका द्वारा ईडी की बढ़ती जांच की पृष्ठभूमि में भी देखा जाना चाहिए। हाल के दिनों में, एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग मामलों से निपटने के लिए विभिन्न अदालतों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। ईडी द्वारा की गयी कई गिरफ्तारियों को 'अवैध' करार दिया गया है, तथा अदालतों ने पर्याप्त सुबूत या उचित प्रक्रिया के बिना हिरासत में लिये गये व्यक्तियों की तत्काल रिहाई का आदेश दिया है।

ऐसे मामलों ने ईडी की निष्पक्षता और कानूनी मानदंडों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं, जिससे एक जांच निकाय के रूप में इसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा हुआ है। ईडी की कार्रवाई की चयनात्मक प्रकृति ने इसकी मंशा के बारे में संदेह को और गहरा कर दिया है। विपक्षी नेताओं को पकड़ने में एजेंसी का उत्साह सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े लोगों के खिलाफ इसी तरह के आरोपों की जांच करने की उसकी स्पष्ट अनिच्छा के बिलकुल विपरीत है। यह असमानता पक्षपात की धारणा को बढ़ावा देती है और कानूनी प्रक्रिया की निष्पक्षता में जनता के विश्वास को कम करती है। यह संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में भी चिंता पैदा करता है, क्योंकि जिन एजेंसियों को सत्ता पर नियंत्रण के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, उन्हें तेजी से राज्य नियंत्रण के साधन के रूप में देखा जा रहा है।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी उन प्रभावशाली विपक्षी नेताओं को बेअसर करने पर आमादा दिख रही है, जो इसके खिलाफ प्रतिरोध को बढ़ावा देने की क्षमता रखते हैं। केजरीवाल, विशेष रूप से दिल्ली में, आप को एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित करने और अन्य राज्यों में इसके प्रभाव का विस्तार करने में उनकी सफलता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक चुनौती का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा लगता है कि सरकार उन्हें और उनके करीबी सहयोगियों को निशाना बनाकर आप की विश्वसनीयता को कमज़ोर करने और उसकी चुनावी संभावनाओं को कम करने की कोशिश कर रही है।

राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार का केंद्रीय एजेंसियों पर निर्भर रहना लोकतंत्र और कानून के शासन के सिद्धांतों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा को दर्शाता है। लोकतांत्रिक शासन के लिए यह आवश्यक है कि संस्थाए स्वतंत्र रूप से और बिना किसी हस्तक्षेप के काम करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय निष्पक्ष और निष्पक्ष रूप से प्रशासित हो। जब इन सिद्धांतों से समझौता किया जाता है, तो यह राज्य की वैधता को कमज़ोर करता है और इसकी संस्थाओं में विश्वास को कम करता है। विपक्षी नेताओं से जुड़े मामलों में केंद्रीय एजेंसियों को बार-बार बीच में लाने से यह आभास होता है कि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाये रखने की तुलना में सत्ता को मजबूत करने के लिए अधिक चिंतित है।

इस प्रवृत्ति के व्यापक निहितार्थ बहुत चिंताजनक हैं। एक स्वस्थ लोकतंत्र में, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाएं भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग पर महत्वपूर्ण जांच के रूप में काम करती हैं। उनकी विश्वसनीयता बिना किसी डर या पक्षपात के काम करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है, जो राजनीतिक संबद्धता की परवाह किये बिना कानून को समान रूप से लागू कर सके। जब इन एजेंसियों को सत्तारूढ़ पार्टी के उपकरण के रूप में माना जाता है, तो उनकी प्रभावशीलता से समझौता होता है, और उनके कार्यों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। इससे न केवल संस्थाएं कमजोर होती हैं, बल्कि समग्र रूप से न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास भी कम होता है।

ईडी से जुड़े मामलों में न्यायपालिका के हालिया हस्तक्षेप आशा की एक किरण प्रदान करते हैं, जो लोकतांत्रिक मानदंडों की रक्षा में एक स्वतंत्र न्यायपालिका की भूमिका को उजागर करते हैं। अवैध हिरासत के मामलों को सामने लाकर और उचित प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर देकर, अदालतों ने कानून के शासन को बनाये रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। हालांकि, न्यायपालिका अकेले जांच एजेंसियों को परेशान करने वाले प्रणालीगत मुद्दों का प्रतिकार नहीं कर सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए संस्थागत स्वायत्तता को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास की आवश्यकता है कि एजेंसियां राजनीतिक दबाव से अछूती रहें।

विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर और केंद्रीय एजेंसियों को राजनीतिक प्रतिशोध के साधन के रूप में इस्तेमाल करके, सत्तारूढ़ पार्टी ध्रुवीकरण को गहरा करने और अविश्वास के माहौल को बढ़ावा देने का जोखिम उठा रही है। इस तरह की रणनीति से अल्पकालिक लाभ मिल सकता है, लेकिन वे लोकतांत्रिक शासन की नींव को नष्ट करने की कीमत पर आते हैं। लंबे समय में, लोकतंत्र का स्वास्थ्य सभी राजनीतिज्ञों की संस्थागत सीमाओं का सम्मान करने और निष्पक्षता और न्याय के सिद्धांतों को बनाये रखने की इच्छा पर निर्भर करता है।



## ललित सुरजन की कलम से

# क्या अमेरिका भारत का दोस्त है?

*भारत के स्वाधीनता संग्राम के पन्ने पलटने से ज्ञात होता है कि अमेरिका में बड़ी संख्या में ऐसे उदारवादी राजनीतिज्ञ एवं बुद्धिजीवी थे, जो भारत के साथ सहानुभूति रखते थे और चाहते थे कि उसे शीघ्रातिशीघ्र परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्ति मिले। इनमें अमेरिका के महान राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट भी थे, जो इस बारे में ब्रिटिश सरकार पर अपनी ओर से दबाव डालते रहे। महात्मा गांधी को जहां अश्वेत अमेरिकी नेता बुकर टी वाशिंगटन ने गहरे रूप से प्रभावित किया था, वहीं मार्टिन लूथर किंग (जूनि) का पूरा जीवन ही गांधीजी से प्रेरित था। अमर अश्वेत गायक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता पॉल रॉब्सन पंडित नेहरू के आत्मीय मित्र थे तथा जब विजयलक्ष्मी पंडित की बेटियां अमेरिका पढ़ने के लिए गईं तो श्रीमती रॉब्सन को पंडितजी ने उनका अभिभावक नियुक्त किया, क्योंकि तब रॉब्सन जेल में थे। भारत में अमेरिकी राजदूत रहे सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन केनेथ गॉलब्रेथ भी नेहरू जी के व्यक्तिगत मित्र थे। मुझे यह भी याद आता है कि एक अन्य अमेरिकी राजदूत चेस्टर बोल्स की बेटी सिंथिया ने ''भारत मेरा घर'' नाम से अपने संस्मरणों की पुस्तक प्रकाशित की थी।*

*ऐसे उदाहरणों से एकबारगी लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध बेहद सौहार्द्रपूर्ण होना चाहिए लेकिन वस्तुस्थिति इस सदेच्छा के एकदम विपरीत है। बीसवीं सदी में अमेरिका का उदय एक महाशक्ति के रूप में हो रहा था। द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होते न होते उसने यह स्थान मुकम्मल तौर पर हासिल कर लिया था, जबकि ब्रिटिश साम्राज्य बिखरने की कगार पर पहुंच चुका था। यही समय था जब अमेरिका को लगा कि सारे विश्व को उसके सामने सिर झुकाना चाहिए। इसमें अड़चन इस बात की थी कि सोवियत संघ दूसरी महाशक्ति के रूप में सामने था तथा आगे-पीछे चीन के उभरने की संभावनाएं भी दिखने लगी थीं। इस नाते अमेरिका के लिए यह जरूरी था कि वह रूस, चीन व साम्यवाद को आगे बढ़ने से रोके ही नहीं, बल्कि उन्हें तोड़ कर रख दे।*

*देशबंधु में 02 जनवरी 2014 को प्रकाशित*

https://lalitsurjan.blogspot.com/w®vy/®v/blog-post_v.html

## पावन प्रसंग

# प्रदूषित पर्यावरण का दुष्प्रभाव

हमारे पूर्वजों ने पृथ्वी को मातृतुल्य माना है। यही कारण है कि हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति ने प्रकृति के किसी भी क्रियाकलाप में अधिक हस्तक्षेप नहीं किया। पर्यावरण एक विशालार्थी शब्द है। संस्कृत में परि धातु से बने पयावरण की परिभाषा कुछ इस तरह है-

परिनः+ आवरणम्+ पर्यावरणम्- अर्थात हमारे चारों ओर छाए वातावरण को ही पर्यावरण कहते हैं। इस पर्यावरण का निर्माण इन घटकों से होता है- यथा जैविक पदार्थ, अजैविक पदार्थ, शक्तियां व प्राकृतिक आपदाएं। समस्त पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, कीट-पतंगें, कीटाणु, सूक्ष्मजीव, मनुष्य जाति, खेत-खलिहान, नदी-नाले, पर्वत, चट्टानें, ज्वालामुखी, भूकंप, उपग्रहों का एक दूसरे से निकट आने पर पृथ्वी पर उसका प्रभाव पड़ना आदि तत्व एवं परिस्थितियों से पर्यावरण क्रमशः निर्मित और प्रभावित होता है। फिर चाहे वह आध्यात्मिक विषय हो या फिर भौतिक जीवन। जब भौतिक जीवन की बात आती है तो पर्यावरण की ओर हमारा ध्यान जाना स्वाभाविक है। वैदिककाल से हमारे पूर्वजों के समस्त क्रियाकलाप पर्यावरण के संरक्षण हेतु ही हुआ करते थे। जैसे यज्ञ का आयोजन, वृक्षारोपण, फूल-पत्ते, पशु-पक्षियों से स्नेहिल व्यवहार, नदियों आदि को स्वच्छ रखना।

यह सर्वविदित है कि पंचमहाभूतों - पृथ्वी, आकाश, अग्नि, जल, वायु में निहित गुण ही चो मानव की संरचना होती है, उसका पोषण करते हैं और अंत में अपने को आत्मसात भी कर लेते हैं। पृथ्वी की समस्त अच्छी-बुरी गतिविधियों का प्रभाव पर्यावरण पर पड़ता है और यही पर्यावरण मानव जीवन को प्रभावित करता है। ये प्रभाव वैचारिक भी हो सकता है, मानसिक, आत्मिक या शारीरिक भी। अग्नि का विशेष गुण है कि जो भी पदार्थ अग्नि में पड़ते हैं, उनके प्रभाव को वह समस्त वातावरण में व्याप्त कर देती है। इसी अग्नि का शुद्ध वैदिक अथवा धार्मिक नाम है- यज्ञ। हमारे पूर्वज दैनिक एवं विशेष अवसरों पर यज्ञादि किया करते थे। वायु एक ऐसा तत्व है जो प्राण-हरण करने की शक्ति रखता है। वातावरण के दोष को हर लेता है। वायु में गति होती है इसीलिए चाहे सुगंध हो या दुर्गन्ध वायु सभी को गतिमान कराती है एवं एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाती है। जल को औषधि भी कहा गया है। यह एक ऐसा तत्व है जिसके सेवन आंतरिक रोगों से मुक्त हो जाएंगे। जल चिकित्सा विश्वप्रसिद्ध है। जल के लिए यहां तक कहा गया है- हे जल! तुम उत्तमता को धारण करने वाले हो, पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल शुद्ध होंगे तो शून्य (आकाश) भी शुद्ध होगा और इन सबके शुद्ध होने पर इसका हमारे जीवन पर अवश्य ही अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

अब समय आ गया है कि हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हों। प्रदूषण के विरोध में आवाज उठाएं। इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। जितने भी जल संसाधन हैं उन्हें स्वच्छ रखना चाहिए। अवांछित प्रदूषण को फैलाने पर रोक लगाना चाहिए। वर्षा जल संचयन के अभियान को बढ़ावा देना चाहिए, जैव खाद बनाना चाहिए। इन सबके प्रति लोगों में जागरूकता लानी होगी। तभी हम स्वच्छ पर्यावरण में स्वस्थ जीवन बिता सकेंगे। मानव जीवन पंच महाभूतों से बना है इन पंचतत्वों के नियमों को मानते हुए यदि उसके गुणों को अपनाएंगे तो अवश्य ही पर्यावरण के संरक्षक कहलाएंगे अन्यथा प्रकृति के कोप का भाजन बनना पड़ेगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# रूस-यूक्रेन युद्ध, जैविक और परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ सकता है

यूक्रेन को अमेरिकी राष्ट्रपति की भारी मदद के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगी। रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है।

अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमाविहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन, शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम योंग उन के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्वयुद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी।

दावा किया गया है कि पुतिन ने दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने शी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है।

-संजीव ठाकुर

# देश विदेश

## दक्षिण अफ्रीका में अवैध खदान में फंसे 246 श्रमिकों को बचाया

**जोहान्सबर्ग,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। तीन दिनों के बचाव अभियान के दौरान दक्षिण अफ्रीका में एक बंद पड़ी सोने की खदान से 246 को जीवित बाहर निकाला गया है। वहीं 78 शवों बरामद किए गए हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, बुधवार रात 8:00 बजे जारी एक बयान में दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा (एसएपीएस) ने कहा कि उत्तर पश्चिमी प्रांत में स्टिलफोंटेन खदान में सोमवार को बचाव अभियान शुरू होने के बाद से 246 अवैध खनिकों को जमीन से जीवित निकाला गया है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं 78 शवों को बरामद किया गया है। एसएपीएस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एथलेंडा मैथे ने सिन्हुआ को बताया कि हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि इस अभियान को बंद कर दिया गया है।

# भारत ने गाजा युद्ध विराम समझौते का किया स्वागत

- भारत ने की बंधकों की रिहाई, युद्ध विराम व बातचीत की वकालत
- पहले 42-दिवसीय चरण में 33 इजरायली बंधकों को किया जाएगा रिहा



**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। गाजा में संघर्ष विराम समझौते और इजरायल व हमास के बीच बंधकों की रिहाई के फैसले का भारत ने स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उम्मीद जताई कि यह घटनाक्रम गाजा में सुरक्षित और निरंतर मानवीय सहायता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्ध विराम के लिए समझौते की घोषणा का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे गाजा के लोगों को निरंतर मानवीय सहायता मिलेगी। भारत ने बंधकों की रिहाई, युद्ध विराम और बातचीत और कूटनीति की वकालत की है। बयान में कहा गया कि हमने लगातार सभी बंधकों की रिहाई, युद्ध विराम और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। युद्ध विराम समझौता कतर, मिस्र और अमेरिका द्वारा दोहा में कई सप्ताह तक चली बातचीत के बाद सम्पन्न हुआ।

कतर के प्रधान मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने घोषणा करते की कि पहले 42-दिवसीय चरण में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाएगा, जो संभावित रूप से स्थायी युद्ध विराम में विकसित हो सकता है।

प्रारंभिक रिहाई में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार या घायल लोगों को प्राथमिकता दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को एक ब्रीफिंग में इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि आज का दिन बहुत अच्छा है।

## यूरोपीय संघ ने की समझौते को पूरी तरह से लागू करने की अपील

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारियों ने गाजा में युद्धविराम समझौते का स्वागत किया और दोनों पक्षों से इसे पूरी तरह से लागू करने की अपील की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अपने एक्स अकाउंट पर कहा कि यह पूरे क्षेत्र में उम्मीद लेकर आया है, जहां लोगों ने बहुत लंबे समय से भारी दुख सहा है।




उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्थायी शांति और संघर्ष का राजनीतिक हल पाने की दिशा में यह एक कदम है, इसलिए दोनों पक्षों को इस समझौते को पूरी तरह से लागू करना चाहिए। यूरोपीय संघ में विदेशी मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास ने एक्स पर कहा कि यह हिंसा खत्म करने की दिशा में एक बड़ी और सकारात्मक सफलता है। कतर ने बुधवार शाम बताया कि इजरायल और हमास गाजा में बंधकों के लिए युद्धविराम समझौते पर सहमत हो गए हैं। इस समझौते के तहत फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले हमास पहले चरण में छह सप्ताह के भीतर 33 बंधकों को छोड़ देगा। यह समझौता 19 जनवरी, रविवार से लागू होगा। पहले चरण के पूरा होने के बाद, दूसरे और तीसरे चरण का विवरण भी बताया जाएगा। अमेरिका और मध्यस्थ कतर ने कहा है कि इजरायल और हमास एक समझौते पर सहमत हुए हैं, जिससे गाजा में युद्ध रुक सकता है और इजरायली बंधकों के साथ-साथ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई हो सकती है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अभी भी कुछ समस्याएं हल नहीं हुई हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## युद्धविराम समझौते की राह आसान नहीं रही : बाइडेन

**वाशिंगटन।** इजरायल और हमास महीनों के गहन कूटनीतिक प्रयासों के बाद युद्धविराम और बंधक समझौते पर पहुंच गए हैं। अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता से हुए इस समझौते से गाजा में जारी हिंसा रुकेगी, फिलिस्तीनी नागरिकों को महत्वपूर्ण मानवीय सहायता मिलेगी और 15 महीने से अधिक समय से बंधक बनाए गए बंधकों को वापस लाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस समझौते तक पहुंचने की चुनौतीपूर्ण राह पर विचार करते हुए कहा कि यह उनके लिए अब तक अनुभव की गई सबसे कठिन वार्ताओं में से एक थी।



जो बाइडेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इस समझौते की राह आसान नहीं रही है। मैंने दशकों तक विदेश नीति में काम किया है, यह मेरे द्वारा अब तक अनुभव की गई सबसे कठिन वार्ताओं में से एक रही है।

## सुडोकू 6798


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | | | | |
| 1 | 2 | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 2 | | 1 | | | 7 |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| 6 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| 9 | | | 4 | | | | | |
| 4 | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | 3 | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6798




**दायें से बायें:-**

१. पहिए आदि के बीच का केंद्र, धुरी, नाभि
३. जिसे उसके पद से हटा दिया गया हो
५. पेट, जठर
६. मनोरंजक दृश्य, खेल आदि
७. संदेश वाहक (उर्दू)
८. ठुकराना, ठोकर लगाना (मुहावरा)
१३. बदचलन, पतित
१५. माफ किया गया
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. प्रार्थना, निवेदन
१८. किंचित, थोड़ा
२०. कृषक, किसान
२२. फायदेमंद
२३. थकान, शिथिलता

**ऊपर से नीचे:-**

१. एक तरह की बड़ा नींबू
२. मदिरालय
३. भले-बुरे को समझना, पहचान
४. इस्तेमाल करना
५. बराबरी, तुलना
९. लेख आदि का विषय (उर्दू)
१०. गर्व, नाज
१२. पेड़, तरू
१३. भीतरी, अंदरूनी
१४. अपरिमित (उर्दू)
१७. जहरीला
१९. बेजान, निष्प्राण
२०. अफसोस, दुख
२१. एक प्रकार का वाहन

### वर्ग पहेली-6797




युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 17 जनवरी, 2025 माघ कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य खराब होने की भी आशंका बनी रहेगी।

वृषभ - आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान पर पैसे खर्च होंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने से आप नई योजनाएं शुरू कर सकेंगे। व्यावसायिक सरकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोग उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि पा सकेंगे। भाइयों और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता महसूस होगी। नेगेटिव विचारों के कारण मानसिक चिंता होगी। किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पारिवारिक वातावरण दूषित होगा।

सिंह - आत्मविश्वास और निर्णयशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप त्वरित निर्णय ले सकेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। बुजुर्गों से आपको सहयोग मिलेगा। आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

कन्या - आप शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आपको छोटी बड़ी तकलीफें रहा करेंगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। गुस्से और इगो के कारण आपका मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज आप अलग-अलग क्षेत्र से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उसके कारण आपको शारीरिक मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आप दिन में मित्रों के साथ मिलकर किसी रमणीय स्थल की सैर करने का आयोजन कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप समाज में सम्माननीय बनेंगे। नौकरी तथा व्यवसाय में पदोन्नति का योग है।

धनु - कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है।

मकर - आज खान-पान पर ध्यान दें अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी आशंका है। उपचार, प्रवास या व्यावहारिक प्रसंगों में पैसे खर्च होंगे। कठिनाइयों से बाहर आना हो तो नकारात्मक विचारों तथा उग्र विचार पर अंकुश रखें।

कुंभ - आज आप में आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल भरपूर मात्रा में होगा और आपका दिन प्रेम और रोमांस से अधिक उल्लासित बनेगा। किसी नए व्यक्तियों के साथ आपकी मित्रता होगी।

मीन - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सम्मान प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1595- फ्रांस के राजा हेनरी चतुर्थ ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1601- मुग़ल बादशाह अकबर ने असीरगढ़ के अभेद किले में प्रवेश किया।
1757- जर्मनी ने प्रूशिया के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1852- ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को मान्यता दी।
1863- अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में गृह युद्ध।
1895- फ्रांसीसी राष्ट्रपति कैसिमिर पेरियर ने इस्तीफा दिया।
1913- रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
1917- राजनेता एवं अभिनेता एम जी रामचंन्द्रन का जन्म।
1918- प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशक कमाल अमरोही का जन्म।
1941- सुभाषचन्द्र बोस ब्रिटिश पहरे से चुपचाप ढंग से निकलकर जर्मनी के लिए रवाना हुए।
1945- प्रसिद्ध कवि, गीतकार जावेद अख़्तर का जन्म।
1946- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक हुई।
1948- नीदरलैंड तथा इंडोनेशिया संघर्ष विराम पर सहमत हुए।
1961- जनवादी कोंगो के प्रधानमंत्री पेट्रिस लुमुम्बा की देश

## वानुअतु में समय से पूर्व हो रहे चुनाव

**सुवा,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र वानुअतु द्वीप में राजनीतिक उठापटक के चलते राष्ट्रपति द्वारा संसद भंग किए जाने के बाद समय से पूर्व चुनाव हो रहे हैं।

देश में गुरूवार को हो रहे मतदान के मद्देनजर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यहां 18 निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 315,000 पंजीकृत मतदाताओं को देश के अगले 52 संसद सदस्यों (सांसदों) का चुनाव करने का मौका मिलेगा।



वानुअतु चुनाव आयोग (वीईसी) ने इस चुनाव के लिए 202 योग्य उम्मीदवारों की घोषणा की है और 265 मतदान केंद्र मतदान के लिए खुले हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार शाम करीब 4:30 बजे तक चलेगा। प्रधान चुनाव अधिकारी गुइलेन मालेसस ने कहा कि आधिकारिक गणना के लिए मतपेटियों को राजधानी पोर्ट विला वापस ले जाने से पहले सभी मतदान केंद्रों पर एक अनौपचारिक गिनती की जाएगी। संसदीय स्थायी आदेशों के अनुसार नई संसद की पहली बैठक आधिकारिक चुनाव परिणाम घोषित होने के 21 दिनों के भीतर बुलाई जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले नवंबर में देश में समय से पूर्व चुनाव की स्थिति उस समय पैदा हो गयी थी जब विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के साथ सरकार को हटाने की कोशिश की थी।

## लक्षद्वीप से लापता नाव में सवार लोगों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया

**लक्षद्वीप,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को लक्षद्वीप के कवरत्ती से सुहेलिपार द्वीप के लिए रवाना हुई एक नाव में सवार 54 यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित बचा लिया। इस बचाव कार्य में तटरक्षक बल की तत्परता और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

दरअसल, 14 जनवरी को दोपहर करीब 2:30 बजे, कवरत्ती स्थित भारतीय तटरक्षक बल मुख्यालय को लक्षद्वीप प्रशासन से एक अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें एक नाव के लापता होने और उस पर सवार 54 यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों के होने की जानकारी दी गई थी। यह नाव कवरत्ती से 14 जनवरी को रात 12:15 बजे सुहेलिपार द्वीप के लिए रवाना हुई थी और सुबह 9 बजे तक वहां पहुंचने की उम्मीद थी। इस नाव में 22 महिलाएं, 9 पुरुष, 3 शिशु और 20 बच्चे सवार थे।

जानकारी मिलने के बाद, भारतीय तटरक्षक बल ने तुरंत एक खोज और बचाव (एसएआर) मिशन शुरू किया। कवरत्ती के रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशन (आरओएस) से इस नाव को ढूंढने के प्रयास किए गए और नाव का पता चल गया। जांच में यह सामने आया कि नाव का इंजन खराब हो गया था और वह समुद्र के बीच फंस गई थी। तटरक्षक बल ने फंसी हुई नाव से संपर्क किया और स्थिति की जानकारी प्राप्त कर ली। इसके बाद तटरक्षक बल के एक जहाज को नाव की स्थिति पर भेजा गया। इसके बाद शाम करीब 4:30 बजे तटरक्षक बल का जहाज सुहेलिपार द्वीप से लगभग चार समुद्री मील दूर फंसी हुई नाव तक पहुंचा। जहाज के बोर्डिंग टीम ने स्थिति का मूल्यांकन किया और सभी 54 यात्रियों को सुरक्षित रूप से जहाज पर सवार कर लिया। इसके बाद इन यात्रियों को कवरत्ती द्वीप पर भेजने के लिए तैयार किया गया।



■ तटरक्षक बल की तत्परता व प्रभावी कार्रवाई की हो रही सराहना

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आठवें वेतन आयोग को ...

अगले 30 साल को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा. सबसे बड़ी बात यह है कि मानव चंद्रमा मिशन में भी इस लॉन्च पैड का इस्तेमाल किया जाएगा. नए लॉन्च पैड को 48 महीनों यानी 4 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जानकारी के अनुसार, देश में इस वक्त कुल मिलाकर 48.67 लाख केंद्रीय कर्मचारी विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। सरकार की ओर से यदि आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाता है और उसकी सिफारिशों को स्वीकार किया जाता है तो लाखों कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा। इससे सरकार के खजानों पर हजारों करोड़ रुपए का बोझ भी बढ़ेगा।

दरअसल, सातवें वेतन आयोग का टर्म साल 2026 में समाप्त हो रहा है। ऐसे में सरकार ने आठवें वेतन आयोग की तैयारियां अभी से ही शुरू कर दी हैं। कैबिनेट ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके लिए राज्य सरकारें, पीएसयू आदि से विचार-विमर्श किया जाएगा। आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों के नाम का भी जल्द ही ऐलान कर दिया जाएगा। बता दें कि 7वां पे कमीशन 2016 में गठित हुआ था। बता दें कि सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों का वेतन बढ़ाने के लिए डॉ. एक्राय्ड फॉर्मूले का इस्तेमाल किया था। इस फॉर्मूले के अनुसार, सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में न्यूनतम वेतन 18,000 रुपए प्रति माह तय करने की सिफारिश की गई। सातवें वेतन आयोग का नेतृत्व करने वाले न्यायमूर्ति एके माथुर ने कहा था, सरकार को वैल्यू इंडेक्स के आधार पर मौजूद आंकड़ों के आधार पर हर साल केंद्रीय कर्मचारियों के वेतनमान की समीक्षा करनी चाहिए। वेतन मैट्रिक्स की समीक्षा के लिए दस साल की लंबी अवधि का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

### शराब घोटाला : ईडी ने पूर्व मुख्य सचिव ...

करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था. उस दौरान शराब को स्कैनिंग से बचाने के लिए नकली होलोग्राम भी लगाया जाता था, ताकि वह किसी की पकड़ में न आ सके इस होलोग्राम को बनाने के लिए घोटाले में संलिप्त लोगों ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में होलोग्राफी का काम करने वाली प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को टेंडर दिया था ईडी ने अपनी जांच के बाद यह बताया है कि यह कंपनी होलोग्राम बनाने के लिए पात्र नहीं थी। फिर भी नियमों में संशोधन करके यह टेंडर उसी कंपनी को दे दिया गया था। ईडी के टेंडर दिलाने के एवज में कंपनी के मालिक से भारी कमीशन लिया गया था।

इसरो ने अंतरिक्ष में फिर रचा ...

और गगनयान जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग, स्पेडेक्स के तहत लॉन्च किए गए दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग पर बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**राहत** *भारत की तीन संस्थाओं को अमेरिका ने परमाणु प्रतिबंध सूची से हटाया*

## साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों को मिलेगा बढ़ावा

**वाशिंगटन,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेयर अर्थ्स को 'एंटीटी लिस्ट' से हटा दिया है। ये अमेरिकी कंपनियों के विशिष्ट सामानों के लिए निर्यात प्रतिबंध सूची के अधीन थीं। अमेरिकी उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) ने कहा कि इन निष्कासनों से इन संस्थाओं को हटाने से उन्नत ऊर्जा सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और विकास, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग में बाधाएं कम होंगी।

यह अमेरिका और भारत की साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों को बढ़ावा देगा। इसमें आगे कहा गया कि अमेरिका और भारत शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग और संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही पिछले कई वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत किया गया है, जिससे दोनों देशों और दुनिया भर के उनके साझेदार देशों को लाभ हुआ है।

निर्यात प्रशासन के लिए वाणिज्य के प्रधान उप सहायक सचिव मैथ्यू बोरमैन ने कहा कि तीन भारतीय संस्थाओं को हटाने से अमेरिका और भारत के बीच अधिक महत्वपूर्ण खनिजों और स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए घनिष्ठ सहयोग संभव होगा। यह कार्रवाई अमेरिका-भारत साझेदारी की समग्र महत्वाकांक्षा और रणनीतिक दिशा के साथ संरेखित है और उसका समर्थन करती है।



■ अमेरिका ने परमाणु परीक्षणों के बाद कई भारतीय संगठनों को किया था प्रतिबंधित

अमेरिका ने मई 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद इन और अन्य भारतीय संगठनों को इकाई सूची में शामिल किया था। उनमें से नौ को राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन के दौरान 2015 में इकाई सूची से हटा दिया गया था।

भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के चार अधीनस्थ - आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एआरडीई), डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब (डीआरडीएल), मिसाइल रिसर्च एंड डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स और सॉलिड स्टेट फिजिक्स लैबोरेटरी, और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चार अधीनस्थ-लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, सॉलिड प्रोपेलेंट स्पेस बूस्टर प्लांट (एसपीआरओबी), श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर (एसएचएआर), और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) इस सूची में शामिल थे।

राष्ट्रपति ओबामा की पहली भारत यात्रा के दौरान 2010 में कुछ भारतीय संगठनों को सूची से हटा दिया गया था। बुधवार को, बीआईएस ने इस इकाई सूची में 11 चीनी संगठनों को जोड़ने की भी घोषणा की।

## दुनिया को जानें


### गर्भधारण से पहले जहरीली हवा में सांस लेना बच्चे के लिए खतरनाक : शोध

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। एक शोध में यह बात सामने आई कि गर्भधारण से पहले तीन महीने पहले वायु प्रदूषण पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5, पीएम 10) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (एनओ 2) के अधिक संपर्क में रहने से जन्म के दो साल बाद तक बच्चे में मोटापे का खतरा बना रह सकता है। प्रदूषण के दुष्प्रभाव को लेकर पहले भी शोध हुए थे। उनमें गर्भावस्था के दौरान की चुनौतियों का जिक्र था, लेकिन इस बार गर्भाधारण से पहले की स्थितियों पर रिसर्च की गई है।

अमेरिका और चीन के शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए नए अध्ययन में गर्भधारण से पहले की अवधि पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें विशेष तौर पर गर्भावस्था के पहले की बात की गई है। पत्रिका एनवायरन्मेंटल रिसर्च में प्रकाशित शोध के अनुसार इस समय सीमा के दौरान प्रदूषण का असर शुक्राणु और अंडों की हेल्थ पर पड़ता है। अध्ययन में शंघाई के प्रसूति क्लीनिकों में भर्ती किए गए 5,834 मां-बच्चे के जोड़े शामिल थे। निष्कर्ष से पता चला कि गर्भावस्था से पहले पीएम 2.5, पीएम 10 और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के संपर्क में वृद्धि से बीएमआई या बीएमआईजेड बढ़ सकता है।

# खेल जगत

## फिलहाल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं : ख्वाजा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनमें टीम के लिए योगदान देने की भावना रहेगी, तब तक वह टेस्ट मैच खेलते रहेंगे। 38 वर्षीय ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की जीत में यादगार प्रदर्शन नहीं किया, उन्होंने पांच मैचों में 20.44 की औसत से 184 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 57 रन रहा। ख्वाजा ने एसईएन रेडियो से कहा कि मैं इसे श्रृंखला दर श्रृंखला देख रहा हूं। मुझे अभी भी लगता है कि मैं योगदान दे रहा हूं; हम मैच जीत रहे हैं; हम लगभग तीन वर्षों से दुनिया की नंबर एक टीम हैं। हमारे पास गेंदबाजों, बल्लेबाजों और स्टंप के पीछे एलेक्स कैरी के मामले में एक बहुत ही ठोस टीम है, इसलिए मैं बहुत आगे की नहीं सोच रहा हूं।

# पीवी सिंधु, किरण जॉर्ज, सात्विक–चिराग क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व चैंपियन पीवी सिंधु ने अपनी पुरानी आक्रामक छवि को फिर से हासिल कर लिया है जबकि उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने दबाव के बावजूद सीधे गेम में जीत दर्ज की। इसके अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गुरुवार को केडी जाधव इंडोर हॉल में जारी योनेक्स–सनराइज इंडिया ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पेरिस ओलंपिक के बाद से अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 21–15, 21–13 से हराया, जबकि किरण ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के एलेक्स लैनियर को 22–20, 21–13 से पराजित किया। बाद में, 2022 के चैंपियन सात्विक और चिराग को पहला गेम हारने के बाद फिर से एकजुट होना पड़ा और इसी एकजुटता के दम पर दोनों ने जापान के केन्या मित्सुहाशी/हिरोकी ओकामुरा को 20–22, 21–14, 21–16 से हराया। अन्य शीर्ष खिलाड़ियों में, पिछले संस्करण के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ निर्णायक मैच में एक मैच प्वाइंट बचाना पड़ा। इसकी बदौलत वह हालांकि एक घंटे 16 मिनट के संघर्ष को 14–21, 21–18, 22–20 से जीत में बदलकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। ली चेउक यियू और टोमा जूनियर पोपोव के बीच हुए उस मैच ने बैडमिंटन प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, वहीं सिंधु और किरण ने उन्हें जश्न मनाने के लिए पर्याप्त कारण दिए। छह महीने से अधिक समय तक साइड–लाइन पर रहने के बाद, सिंधु शुरुआती दौर में चीनी ताइपे की शुओ युन सुंग के खिलाफ शुरुआती मैच में जंग खाए हुए दिखीं थीं। लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन ने आज कोर्ट के दोनों ओर से विनर्स के लिए सफल प्रयास करके सुइजू के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया। शुरुआती मुकाबलों के बाद सिंधु ने शुरुआती गेम में 13–6 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि सुइजू ने अंतर को 14–13 तक कम कर दिया, लेकिन भारतीय स्टार हमेशा नियंत्रण में दिखीं और उन्होंने फिर से बड़ा अंतर बना लिया। दूसरे गेम में सिंधु का पूरा दबदबा देखने को मिला, जिसमें उन्होंने क्रॉस कोर्ट विनर्स को अपनी इच्छानुसार हासिल किया। मैच के बाद सिंधु ने कहा कि ब्रेक के बाद, आज मुझे अपने खेल में जो सबसे अच्छा लगा, वह था मेरी मूवमेंट और मेरे अटैक अच्छे से काम कर रहे थे। आगे बढ़ते हुए, मुझे किसी भी चीज़ के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि मैच कठिन होते जाएंगे। अब अगले दौर में सिंधु का सामना अब इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से होगा, जिन्होंने दूसरे दूसरे दौर के मुकाबले में एक अन्य जापानी खिलाड़ी नात्सुकी नादेरा को 21–12, 24–22 से हराया।इससे पहले, किरण ने दूसरे दौर के मुकाबले के शुरुआती गेम में लैनियर के खिलाफ छह गेम पॉइंट बचाए। रिजर्व सूची से प्रतियोगिता में अंतिम समय में प्रवेश पाने वाले 24 वर्षीय किरण फ्रांसीसी खिलाड़ी के शुरुआती गेम में सटीक अटैक करने के कारण लय नहीं हासिल कर पा रहे थे। लैनियर ने पहले गेम में 20–14 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन किरण ने शानदार वापसी करते हुए लगातार आठ अंक जीतकर गेम 22–20 से अपने नाम कर लिया। उस समय, उन्होंने शटल को इतनी देर तक खेल में रखा कि उनके प्रतिद्वंद्वी को गलती करने का मौका मिल गया और जैसे–जैसे भारतीय खिलाड़ी करीब आने लगा, फ्रांसीसी खिलाड़ी की गलतियां तेज़ी से होने लगीं। जीत के बाद किरण ने कहा कि 14–20 के स्कोर पर, मैं एक बार में एक ही पॉइंट पर खेल रहा था। लीड के बारे में नहीं सोच रहा था या फिर यह नहीं सोच रहा था कि मैं पीछे रह रहा हूं या नहीं। मैं एक बार में एक ही पॉइंट के लिए खेल रहा था। मुझे लगता है कि इससे मुझे गेम जीतने में मदद मिली। अब उनका सामना चीन के हांग यांग वेंग से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में मलेशिया के जून हाओ लियॉन्ग को 21–18, 21–12 से हराया।




सनराइज इंडिया ओपन 2025

■ सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 21-15, 21-13 से हराया

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ मैच से करेगी शुरूआत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। महिला एचआईएल 2025 के 26 जनवरी को रांची में पुरुष एचआईएल 2024–25 के राउरकेला में 1 फरवरी को खत्म होने के करीब एक पखवाड़े बाद भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एफआईएच प्रो लीग 2024–25 सीजन में जब भुवनेश्वर में 15 से 25 फरवरी तक खेलने पहुंचे तो यह लीग अपना आधा सफर पूरा कर लेगी। भारत की पुरुष हॉकी टीम मौजूदा सीजन में अपने अभियान का आगाज स्पेन के खिलाफ भुवनेश्वर में 15 फरवरी को मैच खेल कर करेगी जबकि महिला टीम इसी दिन अपने अभियान का आगाज इसी दिन इंग्लैंड के खिलाफ मैच से करेगी। यह घोषणा एफआईएच ने बृहस्पतिवार को की। भारत की पुरुष हॉकी टीम भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग 2024–25 में स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी और आयरलैंड की टीमों से भिड़ेंगी। वहीं भारत की महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी व नीदरलैंड से भुवनेश्वर चरण में खेलेगी। भुवनेश्वर चरण में 11 दिन के भीतर भारत में 25 मैच खेले जाएंगे और इसमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को एफआईएच प्रो लीग की सर्वश्रेष्ठ हॉकी देखने को मिलेगी।

एफआईएच प्रो लीग 2024-25



■ भारत की महिला हॉकी टीम का पहला मुकाबला इंग्लैंड से
■ भुवनेश्वर चरण में भारत में 11 दिन में 25 मैच खेले जाएंगे

## सूरमा हॉकी क्लब ने ओडिशा वॉरियर्स को 2-1 से हराया

**रांची।** सूरमा हॉकी क्लब ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024–25 में अपनी मजबूत शुरुआत जारी रखते हुए रांची के मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आज ओडिशा वॉरियर्स को 2–1 से हराया। हिना बानो ने सूरमा हॉकी क्लब के लिए खाता खोला और सोनम ने आखिरी क्वार्टर में गोल कर बढ़त को दोगुना किया। फ्रीके मोस ने आखिरी में एक गोल कर वॉरियर्स को वापस मैच में लाया, लेकिन परिणाम को बदलने में असफल रहे। ओडिशा वॉरियर्स ने गेम की शुरुआत मजबूती से की, जिसमें बलजीत कौर ने विरोधी सर्कल में प्रवेश किया और सूरमा की गोलकीपर सविता को एक्शन में लाया। लेकिन जल्द ही, सूरमा हॉकी क्लब ने अजमीना कुजूर के माध्यम से बाएं विंग पर एक काउंटर अटैक शुरू किया और हिना बानो को पाया, जिन्होंने गेंद को जोसलिन बार्ट्रम से परे भेजकर गेम का पहला गोल किया।

## भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए आयरलैंड पर जुर्माना

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। आयरलैंड पर राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भारत के खिलाफ हाल ही में संपन्न सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। यह आरोप मैदानी अंपायर किम कॉटन और अक्षय टोट्रे, तीसरे अंपायर वीरेंद्र शर्मा और चौथे अंपायर वृंदा राठी द्वारा लगाया गया था। आईसीसी के मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के मैच रेफरी जी एस लक्ष्मी ने आयरलैंड पर यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय की छूट के बावजूद आयरलैंड ने निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंके थे। आईसीसी ने कहा कि आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस ने सजा स्वीकार कर ली है और अपराध स्वीकार कर लिया है, जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं रह गई। बुधवार को खेले गए मैच में भारत ने तीसरा वनडे रिकॉर्ड 304 रन से जीतकर सीरीज 3–0 से अपने नाम कर ली। यह महिला वनडे में मेजबान टीम की सबसे बड़ी जीत भी थी। भारत की शानदार जीत की नींव प्रतिका रावल (154) और स्मृति मंधाना (135) के शतकों से पड़ी, जिन्होंने 435/5 का स्कोर बनाया, जो महिला वनडे में उनका अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

# लहरों की तरह हमले बोल बंगाल टाइगर्स ने यूपी रुद्राज को दी 5–3 से शिकस्त

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। तेज तर्रार स्ट्राइकर अभिषेक नैन, सुखजीत सिंह, अफ्फान यूसुफ के परस्पर तालमेल के साथ लहरों की तरह हमले बोल श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने पहले क्वॉर्टर में तीन गोल कर यूपी रुद्राज का किला पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024–25 में राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में ऐसा बिखेरा की वह इससे उबर ही नहीं पाई। ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह के पेनल्टी कॉर्नर बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से दागे दो तथा गॉथियर बोकार्ड, सुखजीत सिंह और अभिषेक नैन के एक एक बढ़िया मैदानी गोल की बदौलत श्राची बंगाल टाइगर्स ने यूपी रुद्राज को 5–3 से हरा छह मैचों में चौथी जीत के 12 अंकों के साथ हैदराबाद तूफांस(कुल दस अंक) को पीछे धकेल खुद दूसरे स्थान पर पहुंच गई। बुधवार की हार से यूपी रुद्राज के छह मैचों से तीन जीत और तीन हार के नौ अंक ही रह गए वह चौथे स्थान पर खिसक गई। नौजवान स्ट्राइकर गुरजीत सिंह और सैम वॉर्ड की आखिरी क्वार्टर हॉकी की कलाकारी दिखा यूपी रुद्राज को एक पेनल्टी स्ट्रोक और दो पेनल्टी कॉर्नर दिलाए तीनों को गोल में बदल मैच को रोमांचक जरूर बनाया लेकिन इसे वह न तो ड्रॉ करा और न ही जीत कर पाई। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में यूपी रुद्राज के कप्तान हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक को सैम वार्ड ने छठे और सातवें पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। दोनों टीमों को सात सात सात पेनल्टी कॉर्नर मिले और इनमें बंगाल टाइगर्स के लिए जुगराज सिंह ने पहले और तीसरे क्वार्टर पर और श्राची रार बंगाल टाइगर्स के ब्रिटेन के ड्रैग फ्लिकर सैम वार्ड ने सातवें और आठवें पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। श्राची रार बंगाल टाइगर्स के गोलरक्षक जैमी कार को उनके खासतौर पर चौथे और आखिरी बेहतरीन बचावों के लिए मैन ऑफ द' मैच चुना गया। यूपी रुद्राज की टीम जागी जरूर लेकिन इस बाबत बस यही कहा जा सकता है तब जागने से क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। सच तो यह है कि आखिरी क्वॉर्टर में सैम वार्ड की धार व रफ्तार यूपी रुद्राज के काम न आई। गॉटियर बोकार्ड ने सुखजीत और अभिषेक के अभियान पर मैच के आठवें मिनट में गजब का मैदानी गोल कर श्राची रार बंगाल टाइगर्स का खाता खोला। ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह ने दो मिनट बाद मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर बंगाल टाइगर्स की बढ़त 2–0 कर दी। बोकार्ड के बेहतरीन पास पर पहला क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक एक मिनट पहले सुखजीत सिंह ने दूसरे प्रयास में यूपी रुद्राज के गोलरक्षक जेम्स मजेरलो को छका गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3–0 कर दी। बंगाल टाइगर्स ने लहरों की हमले जारी लेकिन दूसरे क्वार्टर में और गोल नहीं हुआ।



■ बंगाल टाइगर्स की जीत में जुगराज के दो, बोकार्ड, सुखजीत व अभिषेक का एक एक गोल
■ आखिरी क्वॉर्टर में सैम वार्ड की धार व रफ्तार यूपी रुद्राज के काम न आई

## सार संक्षेप

### चार्ली डीन डब्ल्यूपीएल 2025 में आरसीबी टीम के लिए खेलेंगी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह इंग्लैंड की ऑलराउंडर चार्ली डीन को टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट से परेशान है। उनके घुटने की सर्जरी होने के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एशेज सीरीज से भी बाहर हो गई हैं। डीन को पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर में डब्ल्यूबीबीएल के दौरान घुटने में चोट लग गयी थी। जिसके कारण मोलिनक्स लगातार परेशानी से जूझ रही थी। वह मेलबर्न रेनेगेड्स की कप्तान होने के बावजूद 11 में से चार मैच नहीं खेली पायी। डीन ने इंग्लैंड के लिए खेले 36 टी-20 में 18.19 की शानदार औसत से 46 विकेट चटकाये हैं। आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मोलिनक्स के न खेल पाने की वजह से उनका डब्ल्यूपीएल में पर्दापण होगा। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूपीएल आगामी सात फरवरी से शुरु होगा।

### एन बालाजी, मिगुएल रेयेस-वरेला पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंचे

**मेलबर्न।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिकन जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला ने गुरुवार को रॉबिन हासे और एलेक्जेंडर नेडोवेसोव को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एन. श्रीराम बालाजी और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला की इंडो-मैक्सिकन जोड़ी ने अपने शुरुआती पुरुष युगल मैच में डच-कजाख जोड़ी को एक घंटे से भी कम समय में 6-4, 6-3 से हराया। बालाजी और रेयेस-वरेला ने बेहतरीन निरंतरता और दमखम दिखाया, उन्होंने अपने विरोधियों के 16 के मुकाबले 23 विनर्स लगाए। पहले सेट के छठे गेम में सर्विस तोड़ने के बाद, अगले गेम में उनकी सर्विस भी टूट गयी, लेकिन 10वें गेम में निर्णायक बैकहैंड विनर के साथ नियंत्रण हासिल कर सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में, हासे और नेडोवेसोव की एक महत्वपूर्ण अनफोर्स्ड गलती ने बालाजी और रेयेस-वरेला को आठवें गेम में ब्रेक दिया, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने सेट और मैच को आसानी से जीत लिया।

### सितांशु कोटक होंगे भारतीय टीम के बल्लेबाज कोच

**मुंबई।** सितांशु कोटक को सीमित ओवरों की सीरीज और चैंपियंस से पहले आगामी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरु होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार हैं। वह मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ के पांचवें सहायक सदस्य होंगे। 52 वर्षीय कोटक को 20 साल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव है। उन्होंने 2013 में संन्यास लिया था। वह 2019 से ही एनसीए में एक बल्लेबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। उन्होंने इंडिया ए के कई दौरों पर प्रमुख कोच की भी भूमिका निभाई है। वह 2023 में आयरलैंड दौरे पर भारत की सीनियर टीम के भी कोच थे।

# भारतीय पुरुष टीम का बल्लेबाजी कोच बनने के लिए 'उपलब्ध' हैं पीटरसन

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारतीय पुरुष टीम के सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होने में रुचि दिखाई है। यह घटनाक्रम उन खबरों के बीच हुआ है, जिनमें कहा गया है कि भारत अपने मौजूदा सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच जोड़ने पर विचार कर रहा है। फिलहाल गौतम गंभीर मुख्य कोच हैं, अभिषेक नायर और रेयान टेन डेशकाटे सहायक कोच हैं, जबकि मोर्न मोर्कल और टी. दिलीप क्रमश: गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच हैं। एक्स के माध्यम से दो रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए पीटरसन ने लिखा कि वह इस पद को संभालने के लिए 'उपलब्ध' हैं। यह ऐसे समय में हुआ है, जब दो खराब बल्लेबाजी प्रदर्शनों के कारण भारत को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से 0–3 से हार का सामना करना पड़ा और फिर बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 1–3 से हार का सामना करना पड़ा। परिणामस्वरूप, भारत 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह बनाने से चूक गया, जो अब जून में लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। 104 टेस्ट में, पीटरसन ने 47.29 की औसत से 8181 रन बनाए, जिसमें 23 शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल हैं। 136 वनडे में उन्होंने 40.73 की औसत से 4440 रन बनाए, जिसमें नौ शतक और 25 अर्द्धशतक शामिल हैं। 37 टी20 में, उन्होंने 37.94 की औसत से 1176 रन बनाए, जिसमें सात अर्द्धशतक शामिल हैं।



■ भारत अपने मौजूदा सहायक स्टाफ में बल्लेबाजी कोच जोड़ने पर विचार कर रहा है

## आईपीएल 2025 के तुरंत बाद इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी इंडिया–ए टीम

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। जून में होने वाले भारत के इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर अपना दावा पेश करने के लिए युवा भारतीय खिलाड़ियों के पास एक बेहतरीन मौक़ा होगा। इंडिया ए की टीम आईपीएल 2025 समाप्त होने के तुरंत बाद इंग्लैंड लायंस की टीम से तीन 4–दिवसीय मैचों का मुक़ाबला करने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी। यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी निश्चित तारीखों का ऐलान बाक़ी है। 25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारत के बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। भारत को जिस तरह से न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ और बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफ़ी में ऑस्ट्रेलिया से मात मिली है, ऐसा हो सकता है कि कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जाएं।

# डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह चार्ली डीन को चुना




■ डीन 30 लाख में आरसीबी से जुड़ेंगी

**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर चार्ली डीन को अनुबंधित किया। डब्ल्यूपीएल ने एक बयान में कहा कि घुटने की चोट के कारण मोलिनक्स डब्ल्यूपीएल के तीसरे संस्करण में नहीं खेल पाएंगी। डीन 30 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगी। 24 वर्षीय गेंदबाजी ऑलराउंडर डीन ने इंग्लैंड के लिए 3 टेस्ट और 39 वनडे के अलावा 36 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 122 विकेट लिए हैं। मोलिनक्स को पिछले साल दिसंबर में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के पूरा होने के बाद चोट लगी थी और वह सीजन खेलने के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाएंगी। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज़ ऑलराउंडर डब्ल्यूपीएल 2024 में आरसीबी –महिला टीम का अहम हिस्सा थीं, उन्होंने 10 मैचों में सिर्फ़ 7.31 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए – जिसमें फ़ाइनल में एक यादगार तीन विकेट का ओवर भी शामिल था, जिसने दिल्ली कैपिटल्स से मैच छीन लिया। 2024 के पूरे सीज़न में मोलिनक्स, आशा शोभना और पर्पल कैप विजेता श्रेयंका पाटिल के साथ शानदार स्पिन तिकड़ी का हिस्सा थी , क्योंकि उन्होंने विरोधियों के खिलाफ़ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आरसीबी की ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाई।

## इंग्लैंड सीरीज से पहले भारत के बल्लेबाजी कोच बनने को तैयार सितांशु कोटक

**मुंबई,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज़ सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाज़ी कोच बनने को तैयार हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार कोटक इंग्लैंड के ख़िलाफ़ सीमित ओवर सीरीज़ से यह ज़िम्मेदारी संभालेंगे, जो कि 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू हो रही है। 52 साल के कोटक का प्रथम श्रेणी करियर 20 साल लंबा था और उन्होंने 2013 में संन्यास लिया। वह 2019 से ही एनसीए में एक बल्लेबाज़ी कोच के तौर पर जुड़े हैं। उन्होंने इंडिया ए के कई दौरों पर प्रमुख कोच की भी भूमिका निभाई है, जबकि 2023 में आयरलैंड दौरे पर भारत की सीनियर टीम के भी कोच थे। कोटक मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ़ के पांचवें सहायक सदस्य होंगे। टीम में मोर्न मोर्केल के रूप में गेंदबाज़ी कोच, टी दिलीप के रूप में फ़ील्डिंग कोच और अभिषेक नायर व रायन टेन डेशकाटे के रूप में दो सहायक कोच पहले से मौजूद हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ़ी में मिली करारी हार के बाद पिछले हफ़्ते बीसीसीआई ने एक रिव्यू मीटिंग बुलाई थी। उसके प्रकाश में ही यह फ़ैसला लिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस रिव्यू मीटिंग में भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाज़ी कोच रखने का सुझाव दिया था।



# कर्नाटक पांचवी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

**वड़ोदरा,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। देवदत्त पड़िक्कल और अभिलाष शेट्टी के प्रदर्शनों की बदौलत कर्नाटक सेमीफ़ाइनल में हरियाणा को पांच विकेट से हराकर पांचवीं बार विजय हज़ारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है। वड़ोदरा में पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी हरियाणा की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट के नुक़सान पर 237 रन बना पाई और हरियाणा को इस स्कोर पर रोकने में सबसे अहम भूमिका बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ अभिलाष शेट्टी ने निभाई जिन्होंने 10 ओवर में महज़ 34 रन देकर चार विकेट झटके।

कर्नाटक ने 47.2 ओवर में पांच विकेट पर 238 रन बनाये शेट्टी ने हरियाणा की टीम को 32 के स्कोर पर अर्श रांगा के रूप में झटका दिया। हालांकि इसके बाद हिमांशु राणा और कप्तान अंकित कुमार के बीच साझेदारी पनप गई लेकिन दोनों ही बल्लेबाज़ अर्द्धशतक से चूक गए। दोनों के बीच हुई 80 रनों की साझेदारी को श्रेयस गोपाल ने अंकित को पगबाधा कर तोड़ा। जबकि हार्दिक राज ने हिमांशु राणा को पवेलियन चलता किया। इसके बाद शेट्टी ने एक बार फिर आक्रमण बोल दिया और निशांत सिंधु और पार्थ वत्स के रूप में हरियाणा को दो बड़े झटके दिए जिससे हरियाणा की टीम बैकफुट पर चली गई। हालांकि इसके बाद राहुल तेवतिया और दिनेश बाना ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन बाना को गोपाल ने बोल्ड कर दिया और तेवतिया का शिकार भारतीय तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा ने किया। प्रसिद्ध का यह इस मैच में पहला विकेट था जिसके बाद उन्होंने अंशुल काम्बोज का अपने दूसरे विकेट के रूप में शिकार किया। हरियाणा 45 ओवर में 198 के स्कोर पर अपने नौ विकेट गंवा चुका था लेकिन अंत में अनुज ठकराल और अमित राणा ने मिलकर हरियाणा को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा दिया। 238 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मयंक अग्रवाल अपनी तीसरी ही गेंद पर काम्बोज की गेंद पर पगबाधा हो गए, इस टूर्नामेंट में शानदार लय में नज़र आए अग्रवाल अपना खाता तक नहीं खोल पाए। अग्रवाल ने इस सीज़न अब तक नौ पारियों में 103 से भी अधिक की औसत से 619 रन बनाए हैं और वह करुण नायर के बाद टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ भी हैं। बहरहाल अग्रवाल के आउट होने के बाद पड़िक्कल ने के वी अनीश के साथ पारी संभालने की कोशिश की लेकिन अनीश 22 के निजी स्कोर पर अमित राणा का शिकार बन गए।



# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 2.03 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.64 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.47 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.46 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.43 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.87 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.38 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.21 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.15 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.01 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 80,253 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,700 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.56 | 86.60 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6950-7050 |
| दाल चना | 7950-8050 |
| मसूर काली | 7450-7550 |
| उड़द दाल | 9700-9800 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 9650-9750 |

## एक्सिस बैंक का मुनाफा बढ़ा

मुंबई। निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 6304 करोड़ रुपए का शुद्ध एकल लाभ अर्जित किया जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6071 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 3.8 प्रतिशत अधिक है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# फिक्की ने आर्थिक विकास अनुमान घटाया

■ चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में आ सकता है धीमापन

■ 2024-25 के लिए भारत की वार्षिक औसत जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में देश का आर्थिक विकास अनुमान पूर्व के सात प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है।

फिक्की के आर्थिक आउटलुक सर्वेक्षण के गुरुवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो सितंबर 2024 में सात प्रतिशत के अनुमान की तुलना में कम है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में धीमापन आ सकता है। सर्वेक्षण के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र (संबंधित गतिविधियों सहित) में 3.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा जबकि उद्योग और सेवा क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमश: 6.3 प्रतिशत और 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है। त्योहारी मांग, सार्वजनिक पूंजी व्यय में सुधार और मानसून के बाद औद्योगिक गतिविधियों में तेजी से आर्थिक गतिविधियों को बल मिलने की उम्मीद है। फिक्की ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो दिसंबर 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्वानुमान के अनुरूप है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं के बावजूद, कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में कीमतों में नरमी और सेवा क्षेत्रों में सुधार के कारण विकास को समर्थन मिल सकता है। वहीं, भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार नीति में अनिश्चितता और जलवायु-प्रेरित व्यवधान वैश्विक व्यापार और विकास को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही, मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष से ऊर्जा बाजारों पर असर पड़ने की संभावना है। सर्वेक्षण में वर्ष 2025 के लिए भारत का आर्थिक दृष्टिकोण सतर्क आशावाद के साथ पेश किया गया है।

बेहतर कृषि उत्पादन से ग्रामीण खपत में वृद्धि हो सकती है। आरबीआई के संभावित ब्याज दरों में कटौती उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित कर सकती है। सरकार के पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित रहने से सड़क, आवास, रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश बढ़ेगा। हालांकि निजी पूंजीगत व्यय में धीमापन और घरेलू मांग में असमानता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

## विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों पर आधारित हो सकता है आम बजट



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को अपना आठवां आम बजट पेश करेंगी जिसमें वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप दिख सकता है। इस साल 1 फरवरी शनिवार को पड़ रहा है और उसी दिन बजट पेश किया जाएगा। यह मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा और बजट आमतौर पर सुबह 11 बजे लोकसभा में पेश किया जाता है और उसके बाद उसे राज्यसभा के पटल पर भी रखा जाता है। वित्त मंत्री के रूप में श्रीमती सीतारमण का यह आठवां बजट होगा, जिसमें अब तक उनके द्वारा पेश किए गए दो अंतरिम बजट भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार की पूरी कोशिश वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है और वित्त मंत्री का पूरा जोर इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह ही इन्फ्रास्ट्रक्चर व्यय, सामाजिक कल्याण, ग्रामीण भारत के साथ ही अर्थ व्यवस्था में हाल में आई नरमी को गति देने के उपायों पर हो सकती है। इसमें आम लोगों विशेषकर नौकरीपेशा लोगों को भी राहत मिल सकती है ताकि उनकी व्यय योग्य आय में वृद्धि हो सके और उनके व्यय से अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद मिल सके। आमतौर पर शनिवार को शेयर बाजार में अवकाश होता है लेकिन बजट पेश किए जाने के मद्देनजर शनिवार, 1 फरवरी को शेयर बाजार खुले रहेंगे।

# इस साल भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या पहुंचेगी 900 मिलियन के पार



■ एआई साबित होगा 'गेमचेंजर'

**नई दिल्ली,** 16 जनवरी (एजेंसियां)। डिजिटल कंटेंट के लिए इंडिक भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से भारत में इंटरनेट यूजर बेस 2025 तक 900 मिलियन को पार कर जाएगा। गुरुवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2024 में 886 मिलियन तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) और कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत इस मामले में पीछे नहीं है। 488 मिलियन यूजर्स के साथ वह काफी आगे है और कुल इंटरनेट आबादी का 55 प्रतिशत हिस्सा यहां बसता है।

लगभग सभी इंटरनेट यूजर्स (98 प्रतिशत) ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल किया, जिसमें तमिल, तेलुगू और मलयालम अपनी व्यापक उपलब्धता के कारण सबसे लोकप्रिय बनकर उभरे। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी इंटरनेट यूजर्स में से आधे से अधिक (57 प्रतिशत) क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग करना पसंद करते हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

पिछले एक साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202412112800025/58
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-25
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती गोदावरी बैस पति स्व. गोविन्द सिंह बैस, टेकेन्द्र सिंह बैस पिता स्व. गोविंद सिंह बैस, लोमश सिंह बैस पिता स्व. गोविन्द सिंह बैस, केशव सिंह बैस पिता स्व. गोविंद सिंह बैस, श्रीमती सरला बैस पति स्व. प्रहल्लाद सिंह बैस, मनीष सिंह बैस पिता स्व. प्रहल्लाद सिंह बैस, पुष्पजीत सिंह बैस पिता स्व. प्रहल्लाद सिंह बैस, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा पश्चिम सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. श्रीमती गोदावरी बैस पति स्व. गोविन्द सिंह बैस, 2. टेकेन्द्र सिंग बैस पिता स्व. गोविन्द सिंह बैस, 3. लोमश सिंह बैस पिता स्व. गोविन्द सिंह बैस, 4. केशव सिंह बैस पिता स्व. गोविन्द सिंह बैस 5. श्रीमती सरला बैस पति स्व. प्रहल्लाद सिंह बैस, 6. मनीष सिंह बैस पिता स्व. गोविन्द सिंह बैस 7. पुष्पजीत सिंह बैस पिता स्व. प्रहल्लाद सिंह बैस, सभी निवासी-819, डी.डी. नगर, सुन्दर नगर, रायपुर द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा पश्चिम सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-32, प्लॉट नंबर-1/73, रकबा 1230 वर्गफुट भूमि गोविन्द सिंह बैस पिता माखन सिंह बैस के नाम पर दर्ज है। गोविन्द सिंह बैस पिता माखन सिंह बैस की मृत्यु दिनांक 11/07/2006 को गया है। इसी प्रकार प्रहल्लाद सिंह बैस की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है, जिनके वारिसानों में आवेदकगण हैं, अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदकगण द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 22/01/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तवार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नजूल अधिकारी रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18 तहसील व जिला रायपुर**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 15.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सकरी प.ह.नं.-75 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्री आत्मबोध अग्रवाल पिता लालचंद अग्रवाल निवासी 6, समता कॉलोनी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 537/2 रकबा 0.255 हे., ख.नं. 537/3 (शामिल ख.नं. 539/6) रकबा 0.292 हे. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.547 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / वाचक / अति. तहसीलदार / 2024 रायपुर आदेश दिनांक 30/11/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 24/01/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा /आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-6 (अ)/वर्ष 2024-25
सारागांव, दिनांक 15.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अजय कुमार, योगेन्द्र कुमार पिता स्व. महेश साहू निवासी कुंदरा पारा मांढर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम नेउरडीह, प.ह.नं. 14, रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 59/12 का भाग रकबा 0.2100 हे. आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदकगण के द्वारा विक्रेता सुरूज बाई बेवा सहदेव सतनामी से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01/06/1998 के माध्यम से क्रय कर प्राप्त किया गया था किंतु वर्तमान अभिलेख में आवेदित भूमि में विक्रेता का नाम दिखा रहा है। अत: आवेदक द्वारा उक्त भूमि पर विक्रेता की जगह अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/01/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार उपतहसील सारागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 16.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अब्दुल खान पिता/पति अब्दुल सतार खान निवासी मालवीय रोड रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 44/26 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 10.01.2025 के परिपालन में दिनांक 24101.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत:उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00073 देवपुरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725700068

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00073 के अंतर्गत ग्राम देवपुरी के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास पिता/पति प्राधिकरण पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 481/1 0.0483 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश राठी पिता/पति जी.एल. राठी पता ए-15 जीवन विहार कॉलोनी वी.आई.पी. चौक तेलीबांधा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार ,04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202501114500026/अ-6/2024-25
ग्राम-गोगांव, प.ह.नं. 50
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौकरण साहू पिता रिखी राम साहू निवासी ग्राम सरोरा बीरगांव तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता रिखीराम के नाम पर भूमि जो वाके मौजा ग्राम गोगांव प.ह.नं. 00050, रा.नि.मं. रायपुर-04 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 492/57 रकबा 0.0050 हेक्टेयर भूमि स्थित है। यह कि, उक्त भूमि के भूमिस्वामी रिखीराम की मृत्यु दिनांक 08/09/2023 को हो चुका है जिनके विधिक वारिसान पुनिया साहू पति स्व. रिखी राम साहू, गौकरण साहू, तिरिथ राम साहू, दानी राम साहू पिसरान स्व. रिखी राम साहू है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है का लेख करते हुए मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 06/02/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 06/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक/202501114500027/अ-6/2024-25
ग्राम-गोगांव, प.ह.नं. 50
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 15.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती उषा तिवारी व अन्य पति ओमप्रकाश तिवारी निवासी जनता कॉलोनी गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के पति/पिता ओमप्रकाश तिवारी पिता स्व. राज बहादुर तिवारी के नाम पर भूमि जो वाके मौजा ग्राम गोगांव प.ह.नं. 00050 रा.नि.मं.रायपुर-04 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 436/30 रकबा 0.0110 हे. भूमि स्थित है। यह कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी ओमप्रकाश तिवारी की मृत्यु दिनांक 04.09.2023 को हो चुका है जिनके विधिक वारिसान उषा तिवारी पति स्व. ओमप्रकाश तिवारी, अनुराग तिवारी, अभिषेक तिवारी दोनों पिता स्व. ओमप्रकाश तिवारी है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है का लेख करते हुए मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 06.02.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 06/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 748/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्रीमती अर्चना पुरोहित पति श्री गोपाल पुरोहित को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-234 रकबा 52.50 वर्गमीटर सेक्टर 04 में आबंटित हैं। क्रेता श्री संजय केवलानी पिता श्री किशन केवलानी निवासी कृष्णा नगर, टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 22.11.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 758/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री पलाश बजाज पिता श्री मनोहर लाल बजाज को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-154 रकबा 102.50 वर्गमीटर सेक्टर 8 ए में आबंटित हैं। क्रेता श्रीमती सरला चन्द्राकर पति श्री नवीन्द्र सिंह चन्द्राकर निवासी - दया भवन, सिद्धार्थ चौक, टिकरपारा, धमतरी मेन रोड, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 14.01.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 754/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की कटोरातालाब योजना के अन्तर्गत अमर इन्फ्रास्टक्चर लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री सुरेन्द्र राठी पिता श्री लालचंद राठी द्वारा भूखण्ड क्रमांक बी-14/7 क्षेत्रफल 4120 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 31.12.2024 को क्रेता श्री विनोद कोशले पिता श्री गंभीर दास कोशले निवासी मकान नंबर 21/1517, दयानंद नगर स्ट्रीट, नियर लिटिल फ्लावर इंग्लिश स्कूल, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री विनोद कोशले पिता श्री गंभीर दास कोशले द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त मकान के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 756/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 01 योजनांतर्गत श्री जगदीश पारख पिता स्व. जुगराज पारख को भूखण्ड क्रमांक डी-133/1 रकबा 1650 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर आबंटित हैं। आबंटिती द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा क्रेता श्रीमती रश्मि जैन पति श्री राजेश जैन एवं श्री ऋषभ बरलोटा पिता श्री राजेश जैन, निवासी- मकान नं. 45/662, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय कर दिया गया है, क्रेताओं द्वारा प्राधिकरण के अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड की नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 690/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01 योजनांतर्गत श्रीमती लिपि चक्रबर्ती पति स्व. नारायण चक्रबर्ती को भूखंड क्रमांक एफ-31 रकबा 102.48 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्रीमती लिपि चक्रबर्ती पति स्व. नारायण चक्रबर्ती के मु. आम श्रीमती नीतू उबोवेजा पति श्री संजय उबोवेजा एवं श्री राकेश तिवारी पिता श्री जे.एन. तिवारी के माध्यम से दिनांक 22.07.2024 को श्री मिहिर उबोवेजा पिता श्री संजय उबोवेजा को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री मिहिर उबोवेजा पिता श्री संजय उबोवेजा के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 722/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की कुशाभाऊ ठाकरे आवासीय परिसर (कटोरातालाब) योजनांतर्गत श्रीमती केश्वरी साहू पति श्री खुमेश्वर साहू द्वारा फ्लैट क्रमांक 16 (भूतल ग्रुप-04) क्षेत्रफल 581 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। आबंटिती द्वारा फ्लैट का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 30.07.2024 को प्राप्त कर उक्त फ्लैट का विक्रय क्रेता श्री अनिकेत कुमार शाह पिता स्व. अरूण कुमार शाह एवं श्री अभिषेक कुमार शाह पिता स्व. अरूण कुमार शाह दोनों निवासी मकान नंबर सी-306, अवंति टॉवर राजधानी विहार सड्डू रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) को दिनांक 04.09.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त फ्लैट हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार क्रेता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**सहायक राजस्व अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 676/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (550 जनता मकान) योजना के अंतर्गत श्री शेख गुलाम गौस वल्द शेख अलताफ हुसैन को जनता मकान क्रमांक 386 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 750/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री अमिताभ शर्मा पिता श्री रमेश चंद शर्मा को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-231 रकबा 52.50 वर्गमीटर सेक्टर 04 में आबंटित हैं। क्रेता श्री संजय केवलानी पिता श्री किशन केवलानी निवासी कृष्णा नगर, टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 22.11.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 757 आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 16/01/25**

प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री शीतल अग्रवाल पिता स्व. बिरदीचंद अग्रवाल, श्री मनीष अग्रवाल पिता स्व. बिरदीचंद अग्रवाल एवं श्रीमती करूणा अग्रवाल पति श्री दिलीप कुमार अग्रवाल को भूखण्ड क्रमांक डी-44 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड / मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड / मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 16.01.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार ) रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202501111500038/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम कोटा प.ह.नं. 51
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 14.01.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सिघानिया बिल्डकॉन प्रा. लि. द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व की भूमि ग्राम कोटा 1+2 प.ह.नं. 51 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 138/3-4, 178/1-4 से लगी हुई शासकीय रास्ता की भूमि खसरा नंबर 184/1 एवं 137/8 स्थित है उक्त रास्ता की भूमि से हमारे भूमि खसरा नंबर 138/3-4, 178/1-4, 137/6, 137/9, 77/1, 77/5, 79/1-4-5-6-7-8-9-10-11-12 में आने जाने हेतु उक्त रास्ता का उपयोग किया जाता रहा है। चूंकि हमारे भूमि में आने-जाने हेतु एक मात्र रास्ता खसरा नंबर 184/1 रोड-रास्ता की भूमि ही है। हमारे स्वामित्व की भूमि में आने-जाने रास्ता हेतु खसरा नंबर 184/1 में से 40×200=8000 वर्गफुट एवं खसरा नंबर 137/8 में से 40×132-5280 वर्गफुट भूमि रास्ता हेतु प्रदाय किये जाने का निवेदन किया है तथा उक्त भूमि के बदले में उसी स्थान पर स्थित हमारी निजि भूमि खसरा नंबर 79/11 से 13280 वर्गफुट भूमि से तबादला करवाने हेतु तत्पर है। यदि हमारे उक्त भूमि में आने-जाने हेतु रास्ता प्रदान नहीं किया जाता है तो हमारी भूमि चारो तरफ से बंद हो जावेगा जिसका उपयोग कर पाना हमारे लिए संभव नहीं हो पायेगा। अत: खसरा नंबर 184/1 एवं 137/8 की भूमि से हमारे भूमि में आने-जाने हेतु रोड रास्ता प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त संबंध में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 24.01.2025 तक स्वत: या अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18 तहसील व जिला रायपुर**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 14.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- सेरीखेड़ी प.ह.नं.-78 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदकगण 01. श्रीमती रूचि तिवारी पति स्व. श्री लक्ष तिवारी 2. ना.बा. लव्य तिवारी 3., ना.बा अर्जुन तिवारी दोनों पिता स्व. श्री लक्ष तिवारी ना.बा 02. एवं 03 दोनों द्वारा वली मां श्रीमती रूचि तिवारी सभी निवासी 3/326, गौरव पथ फारेस्ट आफिस सिविल लाईन के पास राजातालाब रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 194/3 रकबा 31000 वर्गफीट / अर्थात 0.2880 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.-/202412113800052/ वाचक/ नायब तहसीलदार / 2024 रायपुर आदेश दिनांक 30/12/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 30/01/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/वाचक/तहसीलदार/2025
ग्राम मोवा, प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 15.01.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष ठाकुर माता श्रीमती कुंती ठाकुर निवासी रायपुर आदिवासी अनुसूचित जनजाति (एसटी) द्वारा कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं स्वत्व की भूमि ग्राम मोवा, प.ह.नं. 109/45, तहसील व जिला रायपुर में स्थित आवासीय भूमि जो कि आदर्श नगर मोवा रायपुर में खसरा नंबर 563/33 भूमि स्थित है। आवेदक आदिवासी (अनुसूचित जनजाति) वर्ग के होने के कारण उक्त भूमि को गैर आदिवासी क्रेता को विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने बाबत् आवेदन पत्र धारा-165 (6) भू-राजस्व संहिता के तहत पेश किया है। उक्त प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 30/01/2025 को होगी ।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 15/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPA D/O GHANSHYAM resident of 819/62 MAHAMAYA MANDIR, DHIMAR PARA, PURANI BASTI, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name DEEPA D/O GHANSHYAM so in future I should be recognized by my new name that is DEEPA DHIWAR W/O BALMIKI KUMAR DHIWAR in all Government and other documents.

**DEEPA DHIWAR**
819/62 MAHAMAYA MANDIR, DHIMAR PARA, PURANI BASTI, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANSKRITI SULTANIA D/O RAMESH SULTANIA resident of "Ishawashyam" Anuradha Apartment Gali, Geeta Nagar, Raipur (C.G.) PIN 492001 have changed my old name SANSKRITI SULTANIA D/O RAMESH SULTANIA so in future I should be recognized by my new name that is SANSKRITI AGRAWAL W/o AYUSH AGRAWAL in all Government and other documents.

**SANSKRITI AGRAWAL**
"Ishawashyam" Anuradha Apartment Gali, Geeta Nagar, Raipur (C.G.) PIN 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ARYA YADAV D/O DHARMENDRA YADAV resident of H.NO. 149 BANYAN II HOUSING BOARD COLONY BORIAKALA RAIPUR (C.G.) have changed my old name ARYA YADAV D/O DHARMENDRA YADAV so in future I should be recognized by my new name that is AARYA YADAV D/O DHARMENDRA YADAV in all Government and other documents.

**AARYA YADAV**
H.NO. 149 BANYAN II HOUSING BOARD COLONY BORIAKALA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, URMILA DEVI W/O DWARIKA SHARMA resident of DAYAL KIRANA CHOWK GITTI KHADAN CHANGORABHATA RAIPUR (C.G.) have changed my old name URMILA DEVI W/O DWARIKA SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is URMILA SHARMA W/O DWARIKA SHARMA in all Government and other documents.

**URMILA SHARMA**
DAYAL KIRANA CHOWK GITTI KHADAN CHANGORABHATA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHA PATAR W/O RAM PUKAR PATAR resident of 27, SHRI BALAJI MEDICAL COLLAGE AND HOSPITAL DUBEY COLONY , MOWA, , RAIPUR, (C.G.) PIN 492001 have changed my old name ASHA PATAR W/O RAM PUKAR PATAR so in future I should be recognized by my new name that is ASHA GUPTA W/O RAM PUKAR PATAR in all Government and other documents.

**ASHA GUPTA**
27, SHRI BALAJI MEDICAL COLLAGE AND HOSPITAL DUBEY COLONY ,MOWA, , RAIPUR, (C.G.) PIN 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHWINI SUBASH W/O VEERANAGOUDA BIRADAR resident of H1002 RAHEJA RESIDENCY, OPP ST XAVIER SCHOOL, AVANTI VIHAR, PURENA, RAIPUR, (C.G.) PIN 492001 have changed my old name ASHWINI SUBASH W/O VEERANAGOUDA BIRADAR so in future I should be recognized by my new name that is ASHWINI BIRADAR W/O VEERANAGOUDA BIRADAR in all Government and other documents.

**ASHWINI BIRADAR**
H1002 RAHEJA RESIDENCY, OPP ST XAVIER SCHOOL, AVANTI VIHAR, PURENA, RAIPUR, (C.G.) PIN 492001

# राज्य से राष्ट्रीय स्तर तक, रामदर्शन पब्लिक स्कूल की छात्राएं प्रीति और रोशनी का चयन

**पिथौरा**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। महासमुंद जिले के पिथौरा, जहां राम दर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा में पढ़ने वाली दो छात्राओं ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने विज्ञान के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। राम दर्शन पब्लिक विद्यालय जंघोरा की 10वीं की दो छात्राएं रोशनी पिता गोपाल चौधरी, प्रीति पिता पुरुषोत्तम पटेल ने एक ऐसी च्मत्कारिक इलेक्ट्रिक कार ज्डिवाइस विकसित की है, जो चलते-चलते खुद-ब-खुद चार्ज हो जाती है। यह तकनीक इलेक्ट्रिक वाहनों की दुनिया में क्रांति ला सकती है। इस कार में एक विशेष डिवाइस का उपयोग किया गया है, जो किसी डायनमो की तरह काम करता है। जैसे ही गाड़ी चलती है, यह डिवाइस बैटरी को लगातार चार्ज करता रहता है। इसका मतलब है कि इस कार को किसी भी बाहरी चार्जर या ईंधन की आवश्यकता नहीं होगी। आप इसे हजारों किलोमीटर तक बिना रुके चला सकते हैं इस नवीनतम मॉडल का नेहरू युवा केंद्र छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित युवा उत्सव के ब्लॉक से संभाग स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय युवा उत्सव साइंस कॉलेज रायपुर में जिसका आयोजन 12 से 14 जनवरी आयोजित किया गया था जहां राम दर्शन पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा बनाए गए नवीनतम मल्टीपरपज स्मार्ट कार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर विज्ञान मेला दिल्ली के लिए चयन किया गया है जहां समापन समारोह में मुख्य उपस्थिति राज्यपाल रमेन डेका, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक धरसीवा अनुज शर्मा, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग हिम शिखर गुप्ता, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग तनुजा सलाम, कलेक्टर गौरव सिंह उपस्थित रहे। इस मॉडल निर्माण मार्गदर्शन में विशेष योगदान युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर संस्कार शिक्षण संस्थान के संचालक एवं राम दर्शन पब्लिक विद्यालय के विज्ञान शिक्षक रमाकांत ध्रुव का रहा है और इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की डायरेक्टर कविता अग्रवाल, सेक्रेटरी शुभ अग्रवाल, प्राचार्य जोगिंदर मेहर, महासमुंद जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सांवत, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज धृतलहरे, और खेल अधिकारी सुधीर प्रधान सहित कई अधिकारियों ने इस उपलब्धि की प्रशंसा की।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले में यह मॉडल किस तरह की पहचान बनाता है। यह नई तकनीक न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित करने की क्षमता रखती है। छत्तीसगढ़ के इन बाल वैज्ञानिकों की आविष्कार यह साबित करती है कि बड़े बदलाव लाने के लिए उम्र नहीं, बस जुनून और मेहनत की जरूरत होती है।

- **रामदर्शन पब्लिक विद्यालय जंघोरा की 10वीं की दो बाल वैज्ञानिकों ने किया कमाल, राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा का जलवा**
- **राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में राम दर्शन पब्लिक विद्यालय के दो बाल वैज्ञानिकों का चयन**



# योगेश ने भाजपा अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश की

**बेमेतरा**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अध्यक्ष पद हेतु पूरे दमदारी के साथ आज योगेश वर्मा ने भाजपा कार्यालय में विधायक दीपेश साहू एवं भाजपा शहर अध्यक्ष के समक्ष अपना दावेदारी पेश किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा शहर अध्यक्ष मोंटी साहू होरीलाल सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजू देवांगन महिला मोर्चा अध्यक्ष ललित साहू प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा निशा चौबे नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गजानन साहू अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष आकिब मलकानी विकास तंबोली गौरव साहू नरेश साहू शहर महामंत्री युगल देवांगन संतोष वर्मा नीलू सिंह राजपूत पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष छोटेलाल साहू राकेश मोहन शर्मा रीना देवी साहू अशोक शर्मा सहित बेमेतरा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**समक्ष न्यायालयः-अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**

मामले का विषयः-नामांतरण के खिलाफ अपील प्रकरण ऑन लाईन रजि. नं./मामला क्र. 202407100400544/-6, सन् 2023.2024
पंजीयन दिनांक 26/07/2024
श्री अजीत किरोलीकर पिता स्व.माधो किरोलीकर अपीलार्थी

**विरूद्ध**

श्री आनंद वाकनकर पिता विष्णु वाकनकर व अन्य 02-अनावेदकगण
दावा-शैलेन्द्र कुमार शर्मा पिता नत्थूलाल शर्मा निवासी-राजनांदगांव... उत्तरवादी कमांक 02 (मौजा-ग्राम सिकोला, प.ह.नं.-17 स्थित भूमि ख.नं. 318/1 रकबा 1584 वर्गफीट)
0000

एतद् द्वारा उपरोक्त शीर्ष में वर्णित उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी अजीत किरोलीकर पिता स्व. माधो किरोलीकर उम्र 73 वर्ष निवासी वार्ड नं. 19, तितुरडीह दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला. प.ह.न. 17 स्थित भूमि खसरा नं. 318/1 रकबा 1584 वर्गफीट के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग के रा.प्र.क्रं. 20230210300015/अ-6 सन 2022-23 पक्षकार अजीत किरोलीकर विरूध्द शीरिष आनंद वाकनकर व अन्य में पारित आदेश दिनांक 13/06/2024 से व्यथित होकर इस न्यायालय में छ.ग. भू.रा.सं.-1959 की पाटा 44 (1) के तहत् अपील अपने अधिवक्ता श्री राजकुमार रस्तोगी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आपको रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस जारी किया गया था जो सही पता के अभाव में अदम तामिली प्राप्त हुआ है। सही पता की जानकारी नहीं होने से दैनिक समाचार पत्र में पेपर प्रकाशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसे स्वीकार किया गया है। अतः नोटिस का प्रकाशन अपीलार्थी के व्यय पर सर्वविदित समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है। सूचना की प्राप्ति होते ही शीर्ष में वर्णित पक्षकार स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में नियत पेशी तिथि 23/01/2025 अपरान्ह 2.00 बजे या उसके पूर्व अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। नियत कालावधि बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा साथ ही अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज तारीख...को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**दुर्ग, जिला दुर्ग**

//सूचना//

मैं संतोष उपाध्याय, पिता शिव कुमार उपाध्याय, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम- बरमांटा, तहसील- राजिम, जिला- गरियाबंद (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 88/1 (भाग) रकबा 1.10 एकड़ पर फर्शीपत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, गरियाबंद के पत्र क्रमांक 115/डी.ई.आई.ए.ए.छ.ग./ई.सी./खनिज/2016-17 गरियाबंद, दिनांक 07/02/2017 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**संतोष उपाध्याय**
**जिला – गरियाबंद (छ.ग.)**

## OFFICE NAGAR PANCHAYAT, DADHI

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

NIT NO: 238 DADHI, Dated 14.01.2025
Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 05.02.2025 at 17.30 Hours

| Sl. No. | System Tender No. | Description | Cost of Tender |
|---|---|---|---|
| 1. | 164390 | वार्ड क्र. 08,10,11,12 डॉ. में डॉ. डी पी दुबे के मकान से गौठान चौक तक सी.सी. रोड सह नाली निर्माण कार्य। | 82.00 |
| 2. | 164391 | वार्ड क्र. 12 में सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन | 25.00 |
| 3. | 164393 | वार्ड क्र. 12 में गौठान के पास व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य। | 72.00 |
| 4. | 164394 | वार्ड क्र. 11 में संजय जैन के घर से बाजार चौक तक सी.सी. रोड सह नाली निर्माण कार्य। | 21.00 |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 16.01.2025 at 10.00 Hours. (IST) onwards. For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

**Chief Municipal Office**
**Nagar panchayat Dadhi**

**न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.कं....................
अ/6 वर्ष 2024-25 ग्राम पेण्डरी प.ह.नं. 01

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदकगण ना.बा. शौर्य देवागंन पिता गोपाल प्रसाद देवागंन वली मां भुनेश्वरी देवागंन पति गोपाल प्रसाद देवागंन निवासी हथनीपारा, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) व्दारा ग्राम पेण्डरी प.ह.नं. 01 में स्थित भूमि खसरा नंबर 489/2 रकबा 0.2020 हे भूमि गोपाल प्रसाद देवागंन पिता स्व. रामखिलावन देवागंन जिसकी मृत्यु दिनांक 25/04/2021 को हो जाने से राजस्व अभिलेख में उनका नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसान आवेदकगण ना.बा. शौर्य, खुशिका पिता गोपाल प्रसाद देवागंन वली मां भुनेश्वरी पति गोपाल प्रसाद देवागंन एवं भुनेश्वरी पिता गोपाल प्रसाद देवागंन के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, तथा दिनांक 27/01/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 27/01/25 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त ईश्तहार आज दिनांक 07/01/25 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार भाटापारा**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202501211100005
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक यासीन खान पिता मजित खान निवासी- भाटापारा, तहसील-भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 18- ब, भूखंड नं 206/3, क्षेत्रफल 22.89 वर्गमीटर, निर्धारण 7.00 रूपये भूमि जो कि नजूल अभिलेख में धारकगण यासीन खान, खैरुन बी, कमरून निशा, परवीन बानो, हाजरा बेगम पिता मजित खान, ताज बी पिता मजित खान के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त पट्टे की लीज / अवधि वर्ष 2013 में समाप्त होने का उल्लेख करते हुए पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन के साथ शपथपत्र, मेंटनेंस खसरा एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न किया है। जिसके सम्बन्ध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 06/02/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **नजूल अधिकारी भाटापारा**

**न्यायालयः- कु स्मिता रत्नावत जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**आम सूचना**

प्रोसेस क्रमांक...
16/25 व्यवहार अपील क्रमांक 8/2023
पेशी दिनांक-25.01.2025
पक्षकारः-प्राणाधार अग्रवाल बनाम अनिमेष वगैरह

प्राणाधार अग्रवल ने अनिमेश अग्रवाल वगैरह के विरूद्ध अपील अंतर्गत धारा 96 व्यप्रसं. 1908 हेतु संस्थित किया है। उक्त अपील में आप प्रतिभा अग्रवाल पिता स्व रामबिहारी अग्रवाल, पति राजकुमार अग्रवाल, निवासी रेस्ट हाऊस के पास राजिम तहसील राजिम जिला गरियाबंद छ.ग. को इस न्यायालय में नियत दिनांक 25.01.2025 को 11:00 बजे दिन के अपील के उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये समन किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो, और इस अपील से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें, आपको निर्देश दिया जा रहा है कि आप इस दिन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिस पर आपके प्रतिरक्षा या मुजराइ दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराइ या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो, विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी पेशी तारीख 25.01.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद दावे के सुनवाइ और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। अतः इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 13.01.2025 को न्यायालय की सील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

टीप- यदि किसी कारण वश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।
दिनांक-13.01.2025
स्थान भाटापारा

**कु स्मिता रत्नावत**
**जिला एवं अपर सत्र**
**न्यायाधीश भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

## ''एनएमडीसी –बालिका शिक्षा सहयोग योजना'' 2024–25
## छात्राओं हेतुछात्रवृत्ति आवेदन पत्र

1. आधार नं. (अनिवार्य):
2. जन्म तिथि (अनिवार्य)
3. छात्रा का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में): ..........
4. पिता का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :. ..........
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग सभी को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
   वर्ग– अ.जाति ☐ अ.जनजाति ☐ अ.पि.वर्ग ☐ सामान्य ☐ (✔) का निशान लगावें।
6. परिवार की कुल वार्षिक आय:..........
7. फोन/मोबाईल नं. ( अनिवार्य)..........
8. पत्राचार का पताः ग्राम/नगर :..........
9. अध्ययनरत विद्यालय का नाम (डाईस कोड सहित):..........
   पोस्ट ऑफिस:..........
10. वर्ष 2024 में उत्तीर्ण परीक्षा का नाम:..........
11. कृपया अपने बैंक के बचत खाते का विवरण दीजिए:

(प) बैंक का नाम:.......... शाखा का नाम तथा स्थान..........
(पप) बचत खाता नम्बर :..........
दिनांक .......... छात्रा का हस्ताक्षर :..........
स्थान .......... छात्रा का नाम:..........

**वर्तमान में अध्ययनरत शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापन**

यह प्रमाणित किया जाता है कि, ..........(छात्रा कानाम)श्री/श्रीमती..........(अभिभावकका नाम)..........(स्कूल /कॉलेज/शिक्षा संस्थान का नाम ) कक्षा .......... में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत है। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई उपरोक्त जानकारी सही है ।

दिनांक ..........
पता:.......... **हस्ताक्षर प्राचार्य**
..........
नाम:..........
टेलीफोन/मोबा.नं. (प्राचार्य)/संस्थान.......... शिक्षण संस्थान की सील
विद्यालय संस्थान का ई–मेल .......... डाईस कोड ..........

**संलग्नकों की चेक लिस्ट (5 का निशान लगाएं)** (1) आधार कार्ड की कॉपी ☐ (2) तहसीलदार या उच्चाधिकारी द्वारा जारी जाति (अनु.जाति, अनु.जनजाति, अ.पि.व. हेतु), मूल निवास (सभी वर्ग हेतु) एवं आय प्रमाण पत्र (अ.पि.व. एवं सामान्य वर्ग हेतू) की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां ☐ (3) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की अभिप्रमाणित फोटो कॉपी ☐ (4) बैंक द्वारा जारी नवनीतम ष्ठि के साथ पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटोकॉपी जिस पर आपका फोटो तथा खाता नम्बर अंकित हैं ☐ (5) प्राचार्य/संस्था प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित आवेदन ☐ (6) BPL राशन कार्ड कार्ड नं. ..........

**छात्रवृत्ति हेतु पात्रता व शर्तें:-**

1. यह योजना केवल बालिकाओं के लिए है।
2. छात्रा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग की हो, एवं सभी वर्ग को ठच्स् कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. छात्रा, बस्तर संभाग की मूल निवासी होना चाहिए। (दन्तेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोण्डागाँव, कांकेर एवं नारायणपुर)
5. पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग की छात्रा हेतू परिवारिक आय रू. 72,000/–वार्षिक से अधिक न हो।(प्रमाण पत्र 01.01.2024 के बाद का निर्गत होना चाहिए। )
6. छात्रा अनिवार्यतः पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए (यदि विद्यार्थी किन्ही कारणों से किसी वर्ष पढ़ाई में गेप किया हो तो उसे अनिवार्य रूप से गैर न्यायिक ;छवद.श्रनकपबपंसद्ध स्टेंप पेपर पर गेप प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा )।
7. आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त निवासी, जाति तथा आय प्रमाण पत्र एवं उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।
8. विद्यार्थी अपने बैंक से प्राप्त पासबुक अद्यतनीकृत खाता क्रमांक एवं ष्ठि कोड के साथ प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट छायाप्रति संलग्न करें।
9. बैंक से संबंधित चलित खाता क्रमांक/पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति ही मान्य होगा।

नोटः पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र डाक द्वारा केवल अपने विद्यालय/संस्थान के माध्यम से हमारे कार्यालय प्रबंधक (नै.सा.दा.), बी.आई.ओ.एम,किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़,छ.ग. 494556 में दिनांक 17/03/2025 तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। आवेदन पत्र के ऊपर ''NMDC बालिका शिक्षा सहयोग योजना 2024.25हेतु आवेदन पत्र'' अवश्य लिखें ।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम कुरूद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर साहू पिता श्री भुवन ग्राम कुरूद तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री रानू साहू के जन्म/मृत्यु दिनांक 05.09.201 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 31.01.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**उदघोषणा**

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रितेश साहू पिता स्व. राम दुलारे साहू निवासी गंजपारा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा राम दुलारे साहू पिता देवी दयाल साहू की मृत्यु दिनांक 09/04/2021 को हो जाने पर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/01/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला- दुर्ग (छ. ग.)**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**नि.आ.सू. दिनांक 14/01/2025 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 27/01/2025**
**Physical Submission Last Date 31/01/2025 ऑनलाईन निविदा प्रथम आमंत्रण**

| क्रं. | नि.आ.सू. क्रमांक | ऑनलाईन टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 79 | 164334 | Supply and Fi&ing of Main Cubicle Panel and Sub main Panel in Distict Hospital Bilaspur, Distt. Bilaspur (C.G.) | 27.92 |
| 2 | 80 | 164335 | Supply, installation, testing and commissioning of LT Panels and Control Room Modernization at CIMS Bilaspur, Dist. - Bilaspur (C.G.) | 41.81 |
| 3 | 81 | 164337 | Supply, Installation, Testing & Commissitioning of 1 No. 8 Passenger lift at Jila Sainik Kalyan Parisar Building Bilaspur Distt. Bilaspur (C.G.) | 23.51 |

**नि.आ.सू. दिनांक 14/01/2025 तथा डाउनलोड/प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23/01/2025**
**Physical Submission Last Date 28/01/2025**
**ऑनलाईन निविदा द्वितीय आमंत्रण**

| क्रं. | नि.आ.सू. क्रमांक | ऑनलाईन टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 82 | 164341 | Providing Budget/Deposit /S.R./O.M. and contingency Electrification work under PWD (E/M) Sub Division M.C.B. (C.G.) | 28.75 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., (वि./यां) मण्डल**
जी-242505370 **बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद जमील आ. स्व. मोहम्मद याकुब, निवासी-शारदा पारा, किसन चौक केम्प-2, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-I/21, कुरूद भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्रीमती सलमा बेगम पति स्व. मोहम्मद जमील ने आबंटित भूखण्ड को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-1/21, कुरूद भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्रीमती सलमा बेगम के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. मोहम्मद जमील के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्रीमती सलमा बेगम के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्तवंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मुहर के साथ आज दिनांक 16.01.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री एम.ए. रफी आ. स्व. एम. फजुलू रहमान एवं श्रीमती हाजरा बेगम पति श्री एम.ए. रफी, निवासी-एम.आई.जी.-764, पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-764, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों मोहम्मद आसिफ आ. स्व. एम.ए. रफी एवं मोहम्मद तौसीफ आ. स्व. एम.ए. रफी ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-764, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को मोहम्मद आसिफ एवं मोहम्मद तौसीफ के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. एम.ए. रफी एवं स्व. श्रीमती हाजरा बेगम के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः मोहम्मद आसिफ एवं मोहम्मद तौसीफ के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 16.01.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कसडोल**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवचरण केंवट पिता करमू केंवट जाति केंवट निवासी भवरीद प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने अपने पुत्र सुमित केंवट पिता देवचरण केंवट जाति केंवट का जन्म दिनांक 15.03.2010 को ग्राम पंचायत भवरीद में हुआ है बताया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र के जन्म का पंजीयन अज्ञानतावश ग्राम पंचायत में आज पर्यन्त तक नही कराया है। वर्तमान में आवेदक को शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्य में जन्म प्रमाण की आवश्यकता पड रही है। जिस हेतु आवेदक द्वारा अपने पुत्र के जन्म पंजीयन के संबंध में आदेश प्रदाय किये जाने हेतु निम्न दस्तावेज आवेदनपत्र मय शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया। यदि किसी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 20.01.2025 को 11 बजे तहसील कार्यालय कसडोल में व्यक्तिगत रूप से या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 31.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार कसडोल**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./2025 11746 रिसाली दिनाँक15/01/25

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानसार है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रं. 01 तालपुरी ए एवं बी स्थित एसटीपी के वार्षिक रखरखाव कार्य। | 164141 | 60.77 | 05.02.2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में सभी दस्तावेज ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**रिसाली**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

प्र.क्र./अ-5/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कुशाल साहू, मनहरण साहू दोनों पिता स्व. कंगलू साहू निवासी ग्राम सकरी तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम सकरी पटवारी हल्का नम्बर 09 रा.नि.म. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 352/1 का टुकड़ा रकबा 2.20 एकड़ भूमि बंदोबस्त पश्चात् उक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर 352/35 का टुकड़ा रकबा 0.68 डिसमील (वर्तमान खसरा नंबर 643 का रकबा 0.27 हे. भूमि) अनावेदक रामाधीन यादव पिता स्व. सुखराम यादव निवासी ग्राम सकरी तहसील आरंग जिला रायपुर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि बंदोबस्त त्रुटि सुधार किये जाने तथा आवेदकगण को हुई क्षति जनित प्रविष्टी को सुधार कर पुर्नस्वामित्वाधिकार व अधिपत्याधिकार सहित आवेदकगणों के नाम से राजस्व अभिलेख में इन्द्राज किये जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 23.01.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 09.01.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 09.01.2025
पेशी दिनांक 23.01.2025

मुहर **नायब तहसीलदार समोदा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00017 बनरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 213800002

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00017 के अंतर्गत ग्राम बनरसी के वर्तमान भूमिस्वामी बिलसन मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार, चूडामन प्रसाद मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार गंगा बाई मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार, डेमनप्रसाद आगरे, चन्द्रकुमार, कोसीकुमार, बेनीप्रसाद पिता/पति-सुखसागर पता-बनरसी, नलिनी मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार, सुखियाबाई पिता/पति-सामरतन पता-सा. देह हेमिनबाई, कांतिबाई, सरिताबाई पिता/पति-सुखसागर, पता-बनरसी, साधनबाई पिता/पति-सुखसागर पता-बनरसी, बिरेंद्र मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 447(0.2600), 448(2.2700), 678(0.2800), 446(0.3600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता साधनबाई पिता/पति-सुखसागर पता-बनरसी, चूड़ामने प्रसाद मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार हेमिनबाई, कांतिबाई, सरिताबाई पिता/पति-सुबसागर पता-बनरसी, गंगा बाई मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार, नलिनी मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार, डेमनप्रसाद आगरे, चन्द्रकुमार, कोसीकुमार, बेनीप्रसाद पिता/पति-सुखसागर पता बनरसी, सुबियाबाई पिता/पति-सामरतन पता-सा देह बिलसन मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार, बिरेंद्र मनहरे पिता/पति-बिसहत राम मनहरे पता-खटियापाटि बलौदा बाजार के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार, समोदा**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम फरफौद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार पिता स्व. चन्द्रिका प्रसाद ग्राम फरफौद तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता चन्द्रिका के मृत्यु दिनांक 07.02.2000 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 21.01.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार आरंग**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक-1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| एन.आई.टी.क्रं/ सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 213/161331 | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के साईंस भवन के जीर्णोद्धार कार्य। | रु. 69.83 लाख |
| 215/162696 | पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के ऑडिटोरियम के जीर्णोद्धार कार्य। | रू. 59.90 लाख |
| 212/163167 | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एम.बी.ए. भवन के भूतल एवं प्रथम तल में जीर्णोद्धार कार्य। | रू. 73.39 लाख |
| 214/161333 | पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एन.सी. एन.आर. (सी.आई.एफ.) भवन के भूतल में जीर्णोद्धार कार्य। | रू. 91.52 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.02.2025**
**समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञिप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जो सकती है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर**
**रायपुर मण्डल क्रं.-1**
जी-242505383 **रायपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

E Mail - mandi-msamund.cg@nic.in, apmc.msmd013@gmail.com

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/770 महासमुन्द दिनांक 16/1/2025

**शेण्ड्रीशॉप नीलामी की सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी प्रांगण पिटियार में नवनिर्मित 06 नग शेण्ड्रीशॉप में से 02 नग (क्र. 05 व 06) शेण्ड्रीशॉप जो कि पूर्व में एग्री बिजनेस व गौ उत्पाद के लिए आरक्षित था. प्रथम 02 बार की नीलामी में कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने की दशा में सामान्य श्रेणी घोषित कर तथा उपमण्डी प्रांगण भोरिंग में नवनिर्मित समस्त शेण्ड्रीशॉप (कुल 05 नग) को सामान्य श्रेणी में रखकर नीलाम किया जाना है। इस हेतु महासमुन्द मंडी प्रांगण में निर्मित शेण्ड्रीशॉप की नीलामी दिनांक 27.01.2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 02.00 बजे मंडी कार्यालय महासमुन्द में की जावेगी तथा उपमंडी प्रांगण भोरिंग में निर्मित शेण्ड्रीशॉप की नीलामी उपमण्डी प्रांगण भोरिंग में दिनांक 29.01.2025 दिन बुधवार को समय दोपहर 02.00 बजे की जावेगी।

1. इच्छुक व्यक्ति नीलाम में भाग लेने हेतु निर्धारित अमानत राशि का डी.डी. जो सचिव कृषि उपज मण्डी समिति महासमुन्द के नाम से देय हो अथवा नगद राशि निम्नानुसार मंडी कार्यालय महासमुन्द में जमा कर सकते हैं

| नीलामी विवरण | निर्धारित अमानत राशि | अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| महासमुन्द मंडी प्रांगण में निर्मित शेण्ड्रीशॉप | सभी दुकान हेतु 33500.00 | दिनांक 25.01.2025 तक |
| उपमंडी प्रांगण भोरिंग में निर्मित शेण्ड्रीशॉप | सभी दुकान हेतु 42300.00 | दिनांक 28.01.2025 तक |

2. नीलामी की समस्त प्रक्रिया प्रबंध संचालक छर्ग, राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड रायपुर द्वारा अनुमोदित शर्तों के अधीन संचालित होगी।
3. नीलामी से संबंधित शर्तें जो प्रबंध संचालक छ.ग. राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड रायपुर के पत्र क्र/बी-4/1/महासमुन्द मंडी/15/2024-25/2355 नवा रायपुर दिनांक 23.07.2024 के द्वारा अनुमोदित है का अवलोकन निम्नानुसार कार्यालयीन समय में किया जा सकता है :-

| नीलामी विवरण | अवलोकन हेतु अंतिम तिथि |
|---|---|
| महासमुन्द मंडी प्रांगण में निर्मित शेण्ड्रीशॉप | दिनांक 25.01.2025 तक |
| उपमंडी प्रांगण भोरिंग में निर्मित शेण्ड्रीशॉप | दिनांक 28.01.2025 तक |

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति महासमुन्द,**
**जिला - महासमुन्द (छ.ग.)**

# शराब घोटाला : हर महीने दो करोड़ रुपए पहुंचता था लखमा के पास

## खुलासे के बाद कवासी के करीबियों से पूछताछ की तैयारी में ईडी

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को न्यायिक रिमांड पर लेने के बाद ईडी ने मनी ट्रेल को लेकर पूछताछ कर रही है। इसके साथ अब ईडी कवासी के सीए के अलावा कई करीबियों को भी तलब करने की तैयारी में है।

सूत्रों के अनुसार, कवासी लखमा को कस्टोडियल रिमांड में लेने के बाद ईडी ने देर रात तक की छापेमारी में बैंक डिटेल जमा करने पर मिले मनी ट्रेल को लेकर लंबी पूछताछ की। इसके बाद अब ईडी कवासी के करीबियों से पूछताछ करने की तैयारी में है।इसके लिए नोटिस तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपी अरुणपति त्रिपाठी, अरविंद सिंह समेत इकबाल खान के बयान में दो करोड़ रुपए प्रतिमाह कवासी लखमा को दिए जाने का खुलासा हुआ है। कवासी लखमा तक यह पैसे पहुंचाने वाले



कन्हैयालाल कुर्रे और जगन्नाथ उर्फ जग्गू समेत जयंत देवांगन को भी बुलवाकर ईडी वन टू वन पूछताछ होगी।

### ईडी वकील ने किया लेन-देन का खुलासा

ईडी के वकील सौरभ कुमार पांडे ने शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार की जानकारी देते हुए बताया था कि कवासी लखमा को प्रति महीना दो करोड़ रुपए के हिसाब से 72 करोड़ रुपए के लेन-देन सामने आया है.

### कांग्रेस भवन निर्माण में किया उपयोग

वकील ने बताया कि आबकारी अधिकारी इकबाल और जयंत देवांगन के साथ कन्हैया लाल कुर्रे पैसे ले जाकर कवासी लखमा के पास पास छोड़ते थे. साथ ही साथ जग्गू राजू के पास से कई सबूत सामने आए है। इन पैसों से दो काम में उपयोग किया गया है।सुकमा में पुत्र के घर के और कांग्रेस भवन के निर्माण में किया गया है।

# सरकार परीक्षा व स्थानीय निकाय चुनाव पर स्थिति स्पष्ट करें : दीपक

**रायपुर** 16 जनवरी । सरकार परीक्षा और निकाय चुनाव पर स्थिति स्पष्ट करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अभी तक स्थानीय निकायों के चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुये है। जबकि स्कूलों के बोर्ड परीक्षाओं तथा अन्य परीक्षाओं की समय सारणी घोषित हो चुकी है। दसवीं सीबीएससी की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी जो 18 मार्च तक चलेगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा मंडल की अन्य परीक्षाएं भी 1 मार्च से शुरू होकर 10 मार्च तक चलने वाली है। विभिन्न बोर्डों की घरेलू परीक्षाएं भी फरवरी माह में होगी।



उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत भी चुनाव कार्यक्रम घोषित करती है तो भी चुनाव के नामांकन, प्रचार एवं मतदान का फरवरी के पहले होना संभव नहीं है। ऐसे में चुनाव एवं परीक्षाओं का टकराना निश्चित है। यह स्थिति भाजपा के डर के कारण आया है। सरकार चाहती तो अभी तक चुनाव संपन्न हो चुके होते और परीक्षाओं तथा चुनाव के बीच टकराहट नहीं होती। अब इस चुनाव के कारण बच्चों की परीक्षाये बाधित होगी।

श्री बैज ने कहा कि सरकार चुनाव और परीक्षाओं को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। यह प्रदेश के लाखों बच्चों के भविष्य का सवाल है। सरकार की लापरवाही और भाजपा के डर का खामियाजा बच्चों को नहीं भुगतना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये।

# मुख्यमंत्री की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में सेक्टर-6 में लगा छत्तीसगढ़ पवेलियन

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रयागराज महाकुंभ में राज्य के स्थानीय लोगों के लिए छत्तीसगढ़ पवेलियन पूरी तरह से तैयार है। राज्य के लोगों को प्रयागराज में भी अपनेपन का अहसास मिले इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यहां स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए लोगों के नि:शुल्क ठहरने और भोजन करने भी व्यवस्था की है।



छत्तीसगढ़ के जो भी श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाना चाहते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। छत्तीसगढ़ पवेलियन महाकुंभ मेला के सेक्टर 6 में स्थित है। यह ठीक बघाड़ा थाना मेला के पास स्थित है जहां आने के लिए लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना है। यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन प्रयाग है। सड़क अथवा हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालु इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते दारागंज होते हुए पुराना लोहे का यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं।

# पूर्व सांसद पी आर खुंटे ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**रायपुर,** 16 जनवरी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पीआर खुंटे ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस से जनता की उम्मीदें पूरी नहीं हो पाई है। इसलिए उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। खुंटे ने अपने भावी राजनीति कदम पर सिर्फ इतना ही कहा कि नई पार्टी बनाने या फिर भाजपा अथवा किसी दल में शामिल होने को लेकर जल्द कोई फैसला लेंगे। श्री खुंटे पलारी से विधायक रहे, और वो सारंगढ़ लोकसभा सीट से सांसद बने। बाद में वो जोगी शासनकाल में भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। खुंटे विधायक खरीद फरोख्त कांड में भी फंसे थे। बाद में वो कांग्रेस के जोगी खेमे से अलग हो गए। सतनामी समाज के नेता खुंटे को अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष बनाया गया था, और वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने पार्टी छोडने को लेकर कांग्रेस की रीति-नीति की आलोचना की है। खुंटे ने कहा कि जिस उद्देश्य से राज्य का गठन किया गया था, वह पूरा होता नहीं दिख रहा है।



# अनुपस्थित 21अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी गुरुवार को अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा समयबद्धता अनुपालन की स्थिति जानने कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले। उन्होंने प्रात: 10 बजे से 10:30 बजे तक जनपद कार्यालय बलौदाबाजार, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला पंजीयक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुपस्थित एवं विलम्ब से आने वाले 21 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि समयबद्धता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, सभी प्रात: 10 बजे कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अतिरिक्त सीईओ योगेश वर्मा, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण करारोपण अधिकारी शत्रुहन ध्रुव, विलम्ब से आने वाले पी ओ मनरेगा अविनाश पैकरा एवं 12 अन्य अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक आर. के. शर्मा सहित अनुपस्थित 4 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर भरत लाल के द्वारा उपस्थिति पंजी में अग्रिम दिवस पर हस्ताक्षर करने पर 5 दिन का वेतन कटौती के निर्देश दिए। वहीं जिला पंजीयक कार्यालय में अनुपस्थित उप पंजीयक विप्लव श्रीवास्तव, प्रशिक्षु जिला पंजीयक भूपेंद्र वैष्णव सहित उपस्थिति पंजी में नियमित रूप से हस्ताक्षर नहीं करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी लक्ष्मण साहु एवं अनिल डहरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



■ कलेक्टर ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# आईएएस नम्रता गांधी का पीएम अवार्ड के लिए हुआ चयन

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। धमतरी रजिस्ट्रार नम्रता गांधी को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। सिविल सेवा दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नम्रता गांधी को सम्मानित करेंगे।

प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित नम्रता गांधी छत्तीसगढ़ की तीसरी प्रतिष्ठित अधिकारी हैं। इससे पहले दंते वेवेअर के क्रिस्टोफर चौधरी और रिचार्ड सौरभ कुमार को यह पुरस्कार मिला था। जनवरी 2024 से धमतरी में कलेक्टर नम्रता गांधी ने भखारा नगर पंचायत में प्रधान की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर गंगरेल नहर से सिलघाट तक पानी की निकासी की योजना बनाई।

गंगरेल नहर के पानी सिल को घाट एनिकट के पास नगर पंचायत के इनटेक वेल के माध्यम से वॉटर प्लांट तक पहुंच कर वॉटर हीटर बनाना पिछले दिनों से भखारा नगरवासियों को सप्लाई करना शुरू किया गया। इस तरह नामांकित नम्रता गांधी की दूरदर्शिता पंचायत नगर क्षेत्र से लंबे समय तक चली और रही प्रिया की समस्या का समाधान हो गया। इस कार्य की वजह से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।



■ जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए पीएम मोदी करेंगे सम्मान

**2013 बैच की आईएएस हैं नम्रता गांधी-** नम्रता गांधी छत्तीसगढ़ कैडर की आईएएस 2013 बैच की आईएएस अफसर हैं. मुंबई, महाराष्ट्र की रहने वाली नम्रता गांधी का जन्म 1 फरवरी 1989 को हुआ है. उनके पिता का नाम हेमेंद्र गांधी और माता का नाम मीता गांधी है. उनके पिता का अपना कारोबार है.

**राजनीति विज्ञान में किया ऑनर्स-** नम्रता गांधी ने मुंबई के गोपी बिड़ला स्कूल से सीबीएसई बोर्ड से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है. इसके बाद उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई से पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स से किया था. ग्रेजुएशन में नम्रता ने मुंबई यूनिवर्सिटी में दूसरा रैंक हासिल किया था. केवल पढ़ने में ही नहीं बल्कि वाद-विवाद जैसी बौद्धिक गतिविधियों में भी नम्रता गांधी सक्रिय थीं.

**यूपीएससी में दूसरे प्रयास में बनीं आईएएस-** ग्रेजुएशन पूरा होने के बाद नम्रता ने यूपीएससी की तैयारी शुरू की मुख्य परीक्षा के लिए उन्होंने अपना वैकल्पिक विषय राजनीति विज्ञान ही रखा. हार्ड वर्क एवं बेहतर रणनीति के साथ तैयारी करते हुए यूपीएससी 2011 में अपने प्रथम प्रयास में 600 रैंक प्राप्त किया और इंडियन पोस्टल सर्विस के लिए चुनी गई. 2012 में अपने दूसरे प्रयास में नम्रता गांधी ने 42 वीं रैंक लाकर यूपीएससी उत्तीर्ण कर लिया और आईएएस के लिए चुनी गई.




# प्रज्ञा शुक्ला को मिला बीए एलएलबी कोर्स में टॉप करने पर गोल्ड मेडल

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर की प्रज्ञा शुक्ला को गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में पांच वर्षीय बीए एलएलबी कोर्स में टॉप करने पर बुधवार 15 जनवरी को विश्व विद्यालय में हुए दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति महामहीम जगदीप धनगड़ के हाथों गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है जो समूचे नगर के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में छ.ग.के राज्यपाल महामहीम रमन डेका, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्व विद्यालय के वाईस चांसलर आलोक चकरवाल, एआईसीटी के चेयरमेन पी सीतारमन भी उपस्थित थे। पांच साल के कोर्स के दौरान प्रज्ञा ने सभी दस सेमेस्टर में टॉप किया है तथा उन्हे कुल 5800 अंको में से 5010 अंक प्राप्त हुए हैं। वे बलौदा बाजार वैष्णव कॉलोनी निवासी सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष अरविंद शुक्ला तथा मनीषा शुक्ला की पुत्री हैं। प्रज्ञा की सफलता तथा गोल्ड मेडल मिलने पर सामाजिकजनों, नगरवासियों तथा परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा प्रज्ञा को आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



■ दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति ने दी मेडल

**NECC**

| 17.01.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 500 | 68 | 160 |
| चिल्हर | 6.50 | 90 | 180 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# दिलीप ठाकुर गोड़वाना गौरव सम्मान से सम्मानित

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। केन्द्रीय गौड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा कचना गुरवा देवालय सिविल लाईन में अमर शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान एवं सम्मान समारोह किया गया। इस मौके पर गोंड़वाना समाज के सक्रिय और उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव ने जिला अस्पताल की जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर शहीद वीरनारायण सिंह गोंड़वाना गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

रमेश ने शौक-शौक में व्रत रख लिया।
रमेश ( पत्नी से )- देखो सूरज डूब चुका है, अब खाना खाते है।
पत्नी ( रमेश से )- नहीं जी।
रमेश- देखो डूबा या नहीं
पत्नी- नहीं जी।
रमेश- लगता है ये मुझे साथ लेकर ही डूबेगा।

संपादकीय

## महाकुम्भ में छग की उपस्थिति

सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर प्रारम्भ हुआ महाकुम्भ बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहा है। देश-विदेश से बड़ी तादाद में वहां लोग पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ से भी कई लोग वहां जा रहे हैं। महाकुम्भ में सतत विकसित होता यह राज्य दो तरीकों से अपनी उपस्थिति दर्शा रहा है। पहला है वहां लगी छग सरकार की प्रदर्शनी जो बरबस वहां जनता को खींच रही है। जबसे महाकुम्भ प्रारम्भ हुआ है, हर रोज वहां लोग आ रहे हैं। इसमें इस अंचल के इतिहास, यहां की कला-संस्कृति, पर्यटन स्थल, उद्योग-व्यवसाय, शहरी विकास आदि का सचित्र वर्णन किया गया है। इसके अलावा यहां से जाने वालों को रहने, नाश्ते एवं खाने की भी सुविधा राज्य सरकार की ओर से की गयी है।

जब सारी दुनिया से इतनी बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं तो जाहिर है कि रहने आदि की समस्या होगी ही। विशेषकर, ठंड का मौसम है और उत्तर भारत में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से बचना ज़रूरी है। छग से जाने वाले श्रद्धालुओं को चाहिये कि इस सुविधा का वे लाभ उठायें ताकि वे आराम से वहां रह सकें और महाकुम्भ का लाभ उठा सकें। सरकार की ओर से जानकारी दी गयी है कि छत्तीसगढ़ पेवेलियन मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में बघाड़ा मेला के पास लगाया गया है। यहां तक पहुंचने के लिये लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना होगा तथा प्रयाग रेलवे स्टेशन इसके नज़दीक पड़ता है। जो लोग हवाई मार्ग से जायेंगे वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय होते हुए यमुना ब्रिज पार कर यहां पहुंच सकते हैं।

जहां तक प्रदर्शनी की बात है, तो कहा जा सकता है कि अल्प अवधि में जितनी बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं, प्रदेश के बारे में विभिन्न जानकारियां उन तक पहुंचाने का यह नायाब अवसर है। अपनी स्थापना के लगभग 25 वर्ष पूर्ण कर रहा छत्तीसगढ़ अब भी या तो लोगों के लिये अनजान है अथवा उसके बारे में जनसामान्य को पूरी जानकारी नहीं है। प्रदेश को माओवाद के लिये जाना जाता है परन्तु बहुत कम लोग जानते हैं कि अब यह हिंसा आधारित विचारधारा खात्मे की ओर है। यह राज्य कला-संस्कृति के प्रेमियों व शोधकर्ताओं को नये अनुभव देता है तथा पर्यटन के अनेक आकर्षक केन्द्र यहां हैं।

इसके अलावा हाल के वर्षों में यह प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। यहां विभिन्न तरह के व्यवसायों एवं सेवा सेक्टर ने अच्छी ग्रोथ की है। अनेक शिक्षण तथा स्वास्थ्य संस्थान यहां हाल के वर्षों में खुले हैं और बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। विभिन्न पेशों के विकास के लिये भी यहां असीमित गुंजाइशें हैं। चिकित्सकों, शिक्षाविदों, वास्तुविदों, बिल्डरों-डेवलपरों के लिये छग अच्छे अवसर प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी करोड़ों लोगों को इन सब तथ्यों से अवगत करायेगी।

# भाजपा ने महापौर सहित 48 पार्षदों की जीत का लक्ष्य किया निर्धारित

## प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा व कमल फूल को जीताने कार्य करे : वेदप्रकाश

**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नगर निगम चुनाव में महापौर सहित सभी 48 वार्ड में भाजपा के पार्षदों के विजय का लक्ष्य निर्धारित किया है। नगरीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत आज गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में जगदलपुर नगर मण्डल की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिला संगठन व वरिष्ठ नेताओं ने नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने कार्यकर्ताओं से कहा व प्रत्याशी चयन में न उलझ कर भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल फूल को जीताने के लिये समवेत व समग्र प्रयास करने आह्वान किया।



नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम जगदलपुर में भाजपा की महापौर एवं समूचे 48 पार्षदों को विजयी बनाने के लिये हम सभी कार्यकर्ताओं को कार्य में जुटना है। महापौर व पार्षदों के चुनाव में प्रत्याशी बनने के लिये बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारी उत्साह है। प्रत्याशियों के घोषणा के उपरान्त सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की जीत व कमल फूल के निशान को विजयी बनाने एकजुटता से परिश्रम करना है। विराट जीत का लक्ष्य पूरा हो, सभी प्राणप्रण से प्रयास करेंगे।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि केन्द्र सहित प्रदेश में हमारी भाजपा की सरकार है। नगर निगम के विगत दो चुनाव में भाजपा को सफलता नहीं मिली लेकिन मौजूदा नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत का परचम लहराहेगा, यह संकल्प लेकर सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को प्रत्येक वार्ड में पूरी ताकत झोंकनी है और भाजपा के महापौर सहित सभी 48 पार्षदों को जीताना है।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य व भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा के विचार को लेकर कार्य करें। संगठन की दृष्टि सभी पर है और समयानुसार सभी कार्यकर्ताओं को समर्पण व कार्य अनुरूप दायित्व सौंपा जाता है। एक दृष्टि, एक ही लक्ष्य भाजपा को विजय का सेहरा पहनाने हेतु हमारे कर्मठ कार्यकर्ता संपूर्ण शक्ति से चुनाव में ताल ठोकेंगे। बैठक को नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा व पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन नगर महामंत्री आर्येन्द्र आर्य व आभार प्रदर्शन नगर उपाध्यक्ष मनोहर दत्त तिवारी ने किया। बैठक के समापन उपरांत दिवंगत पूर्व भाजपा पार्षद स्व.इंदिरा सिन्हा व व्यवसायी प्रकोष्ठ जिला संयोजक श्रीपाल जैन की भाभी स्व.संध्या जैन तातेड़ को दो मिनट का मौन धारण कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धाजंलि अर्पित की। महत्वपूर्ण बैठक में योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओछा, रामाश्रय सिंह, आनंद मोहन मिश्रा, संजय पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, सफीरा साहू, आलोक अवस्थी, उमाकांत सिंह, मोहन सिंह, राजेन्द्र बाजपेयी, शशिनाथ पाठक, अतुल सिम्हा, दिगम्बर राव, निर्मल पाणिग्रही, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, यशवर्धन राव, राजपाल कसेर, राकेश तिवारी, शैलेंद्र भदौरिया, नरेंद्र पाणिग्रही, योगेश ठाकुर, संतोष बाजपेयी, विक्रम सिंह यादव, योगेश शुक्ला, अभय दीक्षित, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, दिनेश के जी, शैलेष श्रीवास्तव, दिलीप झा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कवासी लखमा की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेसियों के जिला बंद का दिखा व्यापक असर

**सुकमा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा ने गुरुवार को सुकमा बंद का आह्वान किया गया था सुकमा जिला में बंद का व्यापक असर देखा गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दुर्गेश राय ने कहा कि कवासी लखमा पर ईडी द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह से असंवैधानिक है। कवासी लखमा लगातार छह बार के जनप्रतिनिधि रहे है। बिना टेंडर के पुल निर्माण वाले मुद्दे को विधानसभा में उठाने के कारण सरकार खुद को घिरती देख कवासी लखमा को फंसाया है। भाजपा आदिवासियों की आवाज को दबा रही है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद और भी कई घोटाले हुए हैं, मगर उस ओर इस सरकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता सरकार के भ्रष्टाचार और नाकामी की पोल खोलने वाले कांग्रेस नेताओं और पत्रकारों को दबाया जा रहा है। कवासी लखमा की गिरफ्तारी से कांग्रेसी डरने वाले नहीं है अब यह लड़ाई प्रदेश स्तर पर होगी। आज सुकमा जिला पूरी तरह बंद है, आने वाले दिनों में पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन होगा। उधर आज सुकमा जिले में बंद का व्यापक प्रभाव दिखा। >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु हुई मॉक पोल की कार्यवाही



**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 में प्रयुक्त होने वाली ईव्हीएम मशीन की एफएलसी कराये जाने के उपरांत स्ट्रांग रूम में रखी ईव्हीएम मशीन को आयोग के निर्देशानुसार मॉक पोल की कार्यवाही 16 जनवरी 2025 को संपन्न की गई। मॉकपोल की कार्यवाही के दौरान निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, मास्टर्स ट्रेनर्स तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधी उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा की विजय पताका फहराएंगे कार्यकर्ता : वेदप्रकाश


**सरगीपाल व करपावण्ड में मण्डल स्तरीय कार्यकर्ताओं की हुई बैठक**

**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बैठकें कर रही है। भाजपा जिला संगठन के पदाधिकारी बैठकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाने ऊर्जा भर रहे हैं। नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बुधवार को करपावण्ड व सरगीपाल मण्डल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और पंचायत चुनाव में भाजपा की विजय पताका फहराने प्राणप्रण से जुटने के लिये कहा। भाजपा के नवीन ग्रामीण मण्डल सरगीपाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय का सुशासन है। केन्द्र में भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत तीसरी बार स्थापित हुई है। आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव में भी भाजपा को विजयी बनाना है। भाजपा प्रदेश सरकार ने एक वर्ष के अपने कार्यकाल में जनता से किये वादे और मोदी की गारण्टी को पूरा करने का काम किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि जनता के बीच पहुँच कर भाजपा के कार्यकर्ता सतत् कार्य करते हैं। जनता जनार्दन से भाजपा को विजयी होने का आशीर्वाद मांगने प्रत्येक कार्यकर्ता सघन संपर्क आरंभ करे। जीत का लक्ष्य निर्धारित कर समवेत प्रयास मौजूदा चुनाव में समस्त कार्यकर्ताओं को करना है। बैठक को डा सुभाऊ कश्यप, मनीराम कश्यप, मण्डल अध्यक्ष पुरूषोत्तम जोशी ने भी संबोधित किया।



बैठक में प्रमुख रूप से तरुण पाण्डेय, जोगेंद्र चंद्राकर, परिस बेसरा, नरेश गुप्ता, पुलकेश्वर पाण्डेय, नंदलाल देवांगन, सोनसाय कश्यप, सोमनाथ कश्यप, नौहन राम कर्मा, नेहरू लाल नाईक, तुलसी राम भारती आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धरतीपुत्र पुस्तक का हुआ विमोचन



**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। धरतीपुत्र, द रिस्पॉन्सिबल सन ऑफ जगदलपुर पुस्तक का विमोचन गुरुवार शाम को जगदलपुर के एक निजी होटल में वन विकास के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। यह पुस्तक भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री व दलपत सागर वार्ड के पार्षद नरसिंह राव के जीवन पर आधारित है जिसके लेखक कर्तव्य यशवर्धन हैं। नरसिंह राव ने बताया कि उनके मित्रों द्वारा धरतीपुत्र नामक किताब का प्रकाशन किया गया है, जिसमें उनकी अविस्मरणीय संघर्ष, साहस और सफलता से परिपूर्ण जीवन को एक उत्सव की तरह प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर शिव नारायण पांडे, सुधीर पांडे, एम जयंत नायडू, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, वेदांत दीक्षित, मनीष अय्यर, बी नागेश्वर राव, विक्की पेगड़, ममता पोटाई, अविनाश श्रीवास्तव, संतोष नाग, यशवर्धन राव, विनोद पांडे, चंदन दास, भरत गिरधर, आशा यादव, रोहित सिंह बैस, नरेंद्र पांडे, यजुवेंद्र सिंह, पप्पू मल, गोलू ठाकुर, संजू पारख, मनोज झा, अमर झा, सीके द्विवेदी, अतुल शुक्ला, नरेंद्र पाणिग्रही, संदीप मिश्रा सहित शहर के गणमान्य नागरिक, समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन लिलेश कुमार देवांगन ने किया।

# अरिहंत बने मुमुक्षु , 26 को कुम्हारी में लेंगे दीक्षा



**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। शहर के 23 साल के अरिहंत 26 जनवरी को दुर्ग जिले के कैवल्यधाम तीर्थ कुम्हारी में दीक्षा लेंगे। संपन्न परिवार से जुड़े अरिहंत के दीक्षा की चर्चा इनदिनों पूरे शहर में है। अरिहंत को दीक्षा खतरगच्छ आचार्य जिन पियूष सागर सुरि के शिष्य उपाध्याय प्रवर परम पूज्य महेंद्र सागर व मनीष सागर देंगे। यह बात ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा ने गुरूवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुमुक्षु अरिहंत का परिवार खरतरगच्छ संप्रदाय से जुड़ा हुआ है। परिवार में धार्मिक माहौल होने से मुमुक्षु अरिहंत में छोटी उम्र से ही धर्म के संस्कारों का बीजारोपण हो गया था। पारिवारिक माहौल की वजह से वे सांसारिक मोह से दूर होने लगे । इस दौरान वे अपने दिनचर्या को बदलते हुए कीपैड मोबाइल चलाने, पढ़ाई के बाद खाली समय मे धार्मिक प्रवचन सुनने और लगातार समाज के धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते रहे, जिसका असर उन पर बड़े पैमाने पर हुआ। इसी दौरान संयम मार्ग के पथिक बनने का भाव मन में पैदा हो गया। इसके बाद ये 23 साल की उम्र में ही मुमुक्षु बन गए। अरिहंत के बड़े पिता किशोर पारख ने बताया कि अरिहंत ने संसार के असारता को समझा और निर्णय लिया भौतिक सुखों का त्याग कर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि अरिहंत के दादा केशरी चंद पारख जो वर्तमान में मुनिराज प्रशांत सागर महाराज साहब है। उन्होंने भी सांसारिक सुखों का त्याग कर दीक्षा ग्रहण किया है। देखा जाए तो हमारे परिवार के सबसे बड़े सदस्य मेरे पिता (दादा) के बाद उनके (पोते अरिहंत) ने भौतिक सुख और मोह माया का त्याह कर वैराग्य के पथ को चुना। पारख ने कहा कि आज जब हम 40-50-60 की आयु में भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए भागम-भाग कर रहे ऐसे दौर में हमारे नगर का होनहार युवा च्अरिहंतज् मात्र 23 वर्ष की आयु में उस मार्ग की ओर अपने कदम बढ़ा चुका है जहां अनेक कष्टों का सामना करना है किन्तु प्राप्त आत्मिक सुख, शांति और सिद्धत्व होना है। विदित हो कि अरिहंत के मुमुक्षु बनने का मुहूर्त 14 दिसंबर को निकला था। इस दौरान समाज के अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

# मैत्री संघ विद्या निकेतन ने मनाया वार्षिक उत्सव

**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। स्थानीय मैत्री संघ विद्या निकेतन स्कूल मे वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। पारंपरिक ढंग से अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री धर्मपाल सैनी, कार्यक्रम के अध्यक्ष दीपक घोष, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डॉक्टर हेमंत कुमार, डॉक्टर संजय बसाक एवं पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया।




तत्पश्चात मैत्री संघ विद्या निकेतन के प्राचार्य इंद्राणी नन्दी ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि द्वारा संस्था की गतिविधि की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 250 बच्चों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने गीत नृत्य एवं नाटक से दर्शकों का मन मोह लिया। शाला सचिव संजीव शील एवं वरिष्ट शिक्षिका रंजीता कौर का कार्यक्रम में अहम भूमिका रही। मंच संचालन भावना यादव, मोनिका शुक्ला, राखी चौधरी एवं इंदिरा पांडे द्वारा द्वारा बखूबी निभाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के महासचिव सुनील साहा के साथ कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपनी सहभागिता दी। वार्षिक उत्सव का आयोजन बेहद सफल और उद्देश्य पूर्ण रहा। शाला के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं के परिश्रम और प्रयास से वार्षिक उत्सव को सफलता प्राप्त हुई। उपस्थित दर्शक एवं अभिभावकों द्वारा शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की प्रशंसा की गई।

# फाइलेरिया रोग नियंत्रण प्रशिक्षण

**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में फाइलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में बस्तर जिले के सभी बीएमओ ,बीपीएम सेक्टर प्रभारी, सुपरवाइजर और शिक्षा विभाग तथा मेडिकल कॉलेज के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार बसंत पंडा ने जिले में फाइलेरिया की स्थिति के बारे में पीपीटी के माध्यम से सभी प्रतिभागी अधिकारी, कर्मचारियों को बताया और एल्बेंडाजोल और फाइलेरिया रोधी गोली को खिलाने के बारे में आवश्यक जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मलेरिया अधिकारी बस्तर जिला डॉक्टर सी .आर. मैत्री ने बताया कि बस्तर जिले के तीन ब्लॉक तोकापाल ,बस्तर और बकावंड में औसत से अधिक फाइलेरिया के रोगी पाए जाने के कारण यहां पर यह कार्यक्रम संचालित करवाया जा रहा है। इसके संबंध में यह कार्यशाला आयोजित की गई है। फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी डॉक्टर मनोज कुमार डब्लूएचओ मलेरिया सलाहकार, जिला बस्तर प्रभारी के द्वारा विस्तृत रूप से फाइलेरिया से होने वाली हानि और उसके >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# खदान मजदूर संघ किरंदुल के पदाधिकारी ने केंद्रीय उद्योग मंत्री से मुलाकात की



**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। खदान मजदूर संघ किरन्दुल छत्तीसगढ़ के सदस्यों के साथ बस्तर सांसद महेश कश्यप ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी से भेंट की। इस दौरान एनएमडीसी लिमिटेड के कर्मचारियों के विगत 3 वर्षों से लंबित पुनरीक्षित वेतनमान को शीघ लागू करवाने एवम खदान मजदूर संघ को मान्यता प्रदान करने हेतु मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

# पुष्प से भगवान के अभिषेक साथ, मकर संक्रांति संकीर्तन मेला



**बीजापुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। बीजापुर में मकर संक्रांति के अवसर पर इस्कॉन प्रचार केंद्र द्वारा वृंदावन की तर्ज पर संकीर्तन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 50 किलो फूलों से भगवान श्री श्री गौर-निताई का अभिषेक किया गया। यह भव्य आयोजन परम पूज्य भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज जी के शुभ आशीर्वाद से श्रीमान निर्झर राय और पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन के साथ भगवान श्री श्री गौर-निताई के भव्य स्वागत से हुई। इसके पश्चात इस्कॉन रायपुर की कीर्तन टीम, कीर्तनिया माधवचरण दास के नेतृत्व में, च जय राधा माधवज, च्जय राधे जय कृष्णज जैसे वैष्णव भजनों की प्रस्तुति दी ।जय गौर हरि , जय गौरांग , दीपांशु और पूरी कीर्तन टीम ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इसके बाद इस्कॉन जगदलपुर के प्रचार-प्रसार प्रमुख श्रीमान वेदव्यास दास प्रभु जी का स्वागत किया गया। उन्होंने भगवान कृष्ण के प्राकट्य और वासुदेव जी द्वारा उन्हें गोकुल ले जाने की कथा सुनाई, जिसमें बताया गया कि कैसे समस्त ब्रजवासी और मथुरावासी घोर निद्रा में सोए हुए थे। उन्होंने पूतना राक्षसी के वध की कथा का भी वर्णन किया, जिससे यह संदेश मिला कि भगवान किसी भी अवस्था में पूर्ण पुरुषोत्तम होते हैं। इसके पश्चात इस्कॉन रायपुर के भक्तों द्वारा च्महामूर्खज शीर्षक से एक नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें यह संदेश दिया गया कि कैसे ऐशो-आराम और भोग-विलास में लिप्त होकर हम भगवान से दूर होते जा रहे हैं।

श्री श्री गौर-निताई भगवान का पुष्पाभिषेक इस्कॉन रायपुर के प्रमुख भक्त वत्सल दास जी द्वारा प्रारंभ किया गया, जिसके बाद बीजापुर में उपस्थित भक्तों ने भी अभिषेक में भाग लिया। अभिषेक के पश्चात फूलों की होली खेली गई, जिसमें च्हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे; हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे हरेज कीर्तन के साथ भक्तों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की। इस दौरान भक्तजन उत्साहपूर्वक कृष्ण प्रेम में डूबकर नृत्य करते नजर आए। इस आयोजन ने बीजापुर में भक्तों के बीच भक्ति और समर्पण की भावना को प्रबल किया, जिससे स्थानीय समुदाय में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ।

इस कार्यक्रम की भव्यता और भक्तों की उत्साही भागीदारी ने इसे बीजापुर के धार्मिक आयोजनों में एक विशेष स्थान दिलाया है। कार्यक्रम के अंत में भगवान का महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन की सफलता में स्वप्न नील, योगेश्वर कृष्ण दास, प्रियव्रत दास, कल्याण दास, मनोहर, पारसमणि प्रभु, पोनी राय, निधि मिश्रा, गौरांगी माताजी का विशेष सहयोग रहा।

# रेडक्रास सोसाइटी ने दिया प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण

## युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयं सेवकों को किया जागरुक



**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिला कोंडागांव में रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार उपस्थित रही। कार्यक्रम में डॉ.पवन गौतम द्वारा युवोदय कोंडानार चैम्प्स के विभिन्न विकास खंडों के 31 स्वयं सेवकों को प्राथमिक सहायता के महत्व और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सेवकों को विभिन्न परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान करने की जानकारी दी गई, जिसमें प्राथमिक चिकित्सा सहायता का परिचय एवं आपातकालीन स्थितियों में यह कैसे जीवन रक्षक सिद्ध होती है। साथ ही सीपीआर प्रदान करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों की देखभाल और प्राथमिक उपचार के तरीके, जलने की स्थिति में घाव को प्राथमिक उपचार प्रदान करने के उपाय, फांसी लगने पर तत्काल सहायता के तरीके, डूबते व्यक्ति को बचाने के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां के बारे में विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा के उपयोगी उपायों को बढ़ावा देना था, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में मरीज़ को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। डॉ.पवन गौतम ने सरल और प्रभावी उपायों पर विशेष जोर दिया जो स्थानीय स्तर पर आसानी से लागू किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा पूछे गए सवालों का डॉ.गौतम ने विस्तार से उत्तर दिए। इससे स्वयं सेवकों की शंकाओं का समाधान हुआ और उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। यह प्रशिक्षण सत्र रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से समाज में जागरूकता और प्राथमिक चिकित्सा कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# चोरी के 3 स्कूटी के साथ आरोपी गिरफ्तार

## घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से आरोपी की हुई पहचान



**जगदलपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। चोरी के तीन मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में प्रार्थी द्वारा दिनांक 12 एवं 13 जनवरी को अपने घर आँगन एवं दुकान के सामने खड़ा करके अपना काम करने में व्यस्त रहने के दौरान अज्ञात चोर के द्वारा दोनों स्कूटी वाहन को चोरी कर ले गया हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क़ायम कर पुलिस थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की पता साजी की गयी। पता साजी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना एवं घटना स्थान के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही अखिल मानिकपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसके द्वारा तीन अलग अलग स्थान से तीन स्कूटी को चोरी करना स्वीकार किया। इन तीनों स्कूटी जिसकी कुल किमती लगभग 1,55,000/- रु. होगी। इसको जप्त करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# प्रिया ट्रेडर्स ने किया आयोजन मेगा मीट 2025 का, देश भर के टॉप ब्रांड के अधिकारी पहुंचे

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोंडागांव में संचालित प्रिया ट्रेडर्स के प्रोपराइटर हितेन घोष द्वारा जिले के सभी कारपेंटर, पेंटर्स और प्लम्बर्स के लिए मेगा मीट 2025 का आयोजन कोण्डागांव में किया गया। उनके द्वारा नई रिवॉर्ड स्कीम लांच किया गया है जिसके तहत ब्लूटूथ हेड सेट से लेकर रॉयल इनफील्ड मोटर सायकल तक ईनाम में देने की घोषणा की गई है। मेगा मीट के इस कार्यक्रम में अल्ट्राटेक बिल्डिंग सॉल्यूशन, अमेरिकन स्टैण्डर्ड, ग्रोह, आशीर्वाद, बिरला ऑपस, जॉनसन बाथ वेयर, ओसकर प्लाईवुड, विवरे पैनल्स, स्टैनले, रिबेका लेमिनेट्स आदि देश भर के टॉप ब्रांड के सभी टेरिटरी हेड, टी.एस.ओ, सेल्स ऑफिसर, ट्रेनिंग मैनेजर, सेल्स एसोषिएट्स, डिप्टी मेनेजर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रिया ग्रुप के संस्थापक जे.पी.घोष, आई.एन.एच.न्यूज़ के ब्यूरो चीफ जीवानंद हलदार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभी प्रोडक्ट ब्रांड के ऑफिसर्स के करकमलों से गणेश जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वल्लन एवं माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पेंटर्स, कारपेंटर्स एवं प्लम्बर्स को एवार्ड एवं उपहार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्रांड के ऑफिसर्स डावरा प्रोडक्ट डेमो, प्रेजेंटेशन और प्रोडक्ट्स की जानकारी दी गई, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि एवं ब्रांड पार्टनर्स के सभी ऑफिसर्स के सारगर्भित अभिभाषण ने उपस्थित समस्तजनों को प्रेरित किया।



इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि आशीर्वाद तपेश भगत, अमेरिकन स्टैण्डर्ड से रपेश शर्मा, जयंत कुमार और बिरला ओपस की ओर से अफताब अंसारी, शुभम मंडल, ब्लैक एंड वाइट से नवीन पटेल एवं अविनाश पटेल, जॉनसन की ओर से राजीव कुमार द्विवेदी एवं ऑस्कर की ओर से अनूप मिश्रा, रितेश शर्मा, रिबेका लेमिनेट्स की तरफ़ से दीपक एन काले, स्टेनले बल्क एंड डेकर की ओर से पुर्णेंदु सरकार, यू.बी.एस. से रवींद्र साहू और पुलकित साहू, अल्ट्राटेक सीमेंट की तरफ़ से दुर्गेश, राज उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्रीमती ज्योति घोष ने किया। वहीं वालंटियर्स के रूप में प्रिया ट्रेडर्स के स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे। अंत में हितेन घोष के द्वारा समस्त आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित और आए हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और सबको एक सूत्र में बांधने पर ज़ोर दिया।

# गणतंत्र दिवस व महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर शुष्क दिवस

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देषबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर 30 जनवरी 2025 को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन कोंडागांव जिले में सभी देशी और विदेशी मदिरा दुकान, एफएल-7 सैनिक कैंटिन अनुज्ञप्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इसके साथ ही शराब के अवैध भण्डारण और परिवहन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

# नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा होगी कल

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2025 का आयोजन शनिवार 18 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। यह परीक्षा जिले के सभी 05 विकास खंडों में निर्धारित 22 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संपन्न होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य द्वारा परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी पालकों से अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र में समय पर पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को प्रातः 10:30 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है।

# सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट तैयार करने हेतु दावा आपत्ति 22 तक

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 एवं नियम 2020 की धारा 39 के अधीन जिलों में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट तैयार करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। इसके लिए जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा अनुसार पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों से 22 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कोण्डागांव में स्वयं अथवा डॉक के माध्यम से अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# 213 किलो गांजा तस्करी करने के मामले में 12-12 साल की हुई सजा

**कोण्डागांव** 16 जनवरी (देषबन्धु)। पिकअप वाहन से 213 किलो गांजा तस्करी करने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों पर लगे आरोपों की पुश्टि होने पर न्यायालय द्वारा 12-12 साल की सजा सुनाई है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताई गई जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस ने गांजा तस्करी करते हुए कमल बख्शी 26 साल निवासी जयपुर (ओडिसा) और मैपाली रामचंदर 24 साल निवासी आंध्र प्रदेश को 15 अप्रैल 2022 को मर्दापाल तिराहे से गिरफ्तार किया था। विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध कोण्डागांव के विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) उत्तरा कुमार कश्यप की न्यायालय में दोष सिद्ध हो चुका है।

विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस ने सूचना के आधार पर एचएच 30 मर्दापाल तिराहे पर पिकअप वाहन (यूपी 15 डीटी 8327) से 213 किलो से अधिक गांजा तस्करी करते हुए कमल बख्शी और मैपाली रामचंदर को गिरफ्तार किया था। दोनों ने वाहन मालिक को गलत जानकारी देकर वाहन का दुरुपयोग करते हुए गांजा तस्करी की थी, जो विशेष न्यायालय में सिद्ध हो गया है, जिसपर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 12-12 साल कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं तस्करी में फर्जी तरीके से इस्तेमाल किए गए वाहन को राजसात करने के आदेश दिए गए हैं।

# ग्रामीण युवाओं को उद्यमिता की ट्रेनिंग

## दिल्ली की टीम ने दिया कौशल ज्ञान



**दंतेवाड़ा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा मैट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के सहयोग से गीदम के यूथ हब में 20 जनवरी तक सात दिवसीय एंटरप्राइजिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के युवाओं को उद्यमिता और प्रशिक्षण के क्षेत्र में कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन नई दिल्ली से आई प्रशिक्षकों की टीम द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु छात्रों को उद्यम एंटरप्राइज, उद्यमिता विकसित, विशेष उद्यम की पहचान, प्रभावी व्यापार रणनीति, नेतृत्व कौशल, नेटवर्किंग और वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। इस प्रशिक्षण सत्र का 18 से 35 साल के युवा लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में इच्छुक युवा जावंगा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बीपीओ बिल्डिंग में स्थित यूथ हब में अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

# जिला नारायणपुर हेतु गठित अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी व मॉनिटरिंग सेल की बैठक

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिला नारायणपुर हेतु गठित अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की हुई बैठक के सम्बन्ध में जरीए प्रेस विज्ञप्ति जानकारी दी गई कि उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्षता में जिला नारायणपुर हेतु गठित अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक 16 जनवरी 2025 को आयोजित की गई। जिसमें बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई अपर कलेक्टर नारायणपुर, सुशील कुमार नायक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, कु.प्रतिभा मरकाम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर तथा कु.गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उपस्थित थे। बैठक में न्यायिक हिरासत में बंद विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा करना था, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के अनुसार शीघ्र न्याय मिल सके। बैठक में विशेष रूप से ऐसे मामलों पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिनमें आरोपी अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं या जहां जमानत संभव है तथा जिला नारायणपुर में बन रहे अधिवक्ता कक्ष को शीघ्र निर्माण करवाकर उसकी जानकारी प्रेषित करने एवं 08 मार्च 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण किए जाने तथा पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018 के क्रियान्वयन हेतु कार्य करने और समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा की गई।



# प्रधानमंत्री आवास में लापरवाही पर धारली व छिनारी के सचिव निलंबित

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत धारली के सचिव रतन सिंह पोयाम और ग्राम पंचायत छिनारी के सचिव उत्तमचंद मण्डावी को निलंबित किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार रतन सिंह पोयाम तथा ग्राम पंचायत छिनारी सचिव उत्तमचंद मण्डावी द्वारा अपने-अपने ग्राम पंचायतों में प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मनरेगा एवं कन्वर्जन के तहत स्वीकृत सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य में रुचि नहीं लेने और उक्त कार्यों में प्रगति नहीं होने तथा शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के फलस्वरुप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 नियम 4 के तहत् जनपद पंचायत माकड़ी के ग्राम पंचायत धारली के सचिव रतन सिंह पोयाम तथा ग्राम पंचायत छिनारी सचिव उत्तमचंद मण्डावी दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में दोनों निलंबित सचिवों का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत माकड़ी निर्धारित किया गया है और नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कवासी लखमा की गिरफ्तारी...

सुकमा शहर में अमूमन सभी दुकाने बंद रहीं गांवों में भी बंद प्रभावशील रहा। कोंटा विधानसभा क्षेत्र मुख्यालय में भी बंद पूरी तरह सफल रहा। बंद से स्वास्थ्य सुविधाओं को मुक्त रखा गया था।

### फाइलेरिया रोग नियंत्रण...

लक्षण तथा उपचार के बारे में उपस्थित सभी कर्मचारियों को जानकारी दी। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और प्रभारी मलेरिया अधिकारी डॉक्टर सी आर मैत्री के साथ मलेरिया विभाग से बसंत कुमार पण्डा ,पिंटू गजभिए और श्री आचार्य के साथ शकील खान उपस्थित रहे।

# ओबीसी वर्ग आरक्षण कटौती के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**नारायणपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश त्रि- स्तरीय पंचायत चुनाव मे नये आरक्षण नीति मे ओबीसी वर्ग को आरक्षण नहीं देने और ओबीसी वर्ग को सामान्य घोषित करने के विरोध मे भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस मे आक्रोश है, और ओबीसी वर्ग के सीटों को समान्य करने की इस घोर अन्याय के खिलाफ भाजपा सरकार के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस शहर कांग्रेस के सयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया इस धरना प्रदर्शन मे बड़ी संख्या मे कार्यकर्त्ता शामिल हुए, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने कहा की पूर्व कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओबीसी वर्ग से थे और ओबीसी वर्ग को आगे बढ़ाने ज्यादा से ज्यादा हक़ दिलाने के लिए विधानसभा मे बिल लेकर आये थे उस बिल को भाजपा सरकार ने राजभवन मे अटकाने का काम किया था जबकि कांग्रेस सरकार के समय सात जिला के जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए ओबीसी के लिए आरक्षित था जिसमे 3 जिलों के अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से चुनकर आये थे वही ओबीसी वर्ग को अपना हितैसी बताने वाली भाजपा सरकार हमेशा से ओबीसी को पिछड़ाने मे कोई कसर नहीं छोड़ा पूर्व दिनों संभागीय स्तर पर पर ओबीसी समाज ने आंदोलन भी किया था किन्तु भाजपा और इसके डबल इंजन सरकार को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ा जबकि ओबीसी वर्ग ने भाजपा को हमेशा साथ दिया लेकिन भाजपा सरकार ने ओबीसी वर्ग के साथ कभी खड़ी नहीं रही आगे रवि देवांगन ने कहा भाजपा सरकार को ओबीसी वर्ग के लिए न्याय संगत कार्यवाही करना चाहिए नहीं तो नगरीय निकाय चुनाव मे त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे ओबीसी वर्ग कांग्रेस के साथ खड़े रहेगी! आगे और भी वक्ताओ ने ओबीसी आरक्षण कटौती पर अपना रोष व्यक्त किया !इस कार्यक्रम मे प्रदेश सचिव देवनाथ उसेंडी, वेदबती पात्र, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, जिला कांग्रेस महासचिव शेख तौहीद अहमद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रशीला कश्यप, मीना नाग, सचिव संजय राय, पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अमित भद्र, प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव सोनिका पोर्ते, एन एस यू आई प्रदेश महासचिव जय वट्टी, जिलाध्यक्ष विजय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, जनपद अध्यक्ष पड्डी राम वड्डे, मालती नुरेटी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, जिला पंचायत सदस्य सुक्कू सलाम, गंगा शोरी, पूर्व पार्षद राखी राणा, वगेश्वरी पटेल, जोशीलाल पात्र, प्रतिमा ठाकुर, पूर्व एल्डरमैन गजा पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी वीपी शुक्ला, घस्सू मानकर, टीकम सिंह ठाकुर, सोनातन भद्र, रामलाल उसेंडी, रमेश, किसले देवांगन, कृष्णा देवांगन, एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे!



**भाजपा सरकार को ओबीसी वर्ग के लिए न्यायसंगत आरक्षण देना चाहिए : रवि देवांगन**

# कलेक्टर ने किया विज्ञान मेला में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित



**नारायणपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधायों में विज्ञान मेला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने विज्ञान मेला प्रतियोगिता विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विज्ञान टीम के साथ नोडल अधिकारी श्री बी. डी. चांडक एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. लंकेश यशवंत भैसारे के मार्गदर्शन पर विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के पश्चात राज्य स्तरीय में चयन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवा महोत्सव सामुहिक विज्ञान मेला प्रतियोगिता का आयोजन खेल संचालनालय परिसर, साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित किया गया। विषय वेस्ट-टू-वेल्थ में महाविद्यालय के ऋषिराज देवांगन, पूर्विना सेठिया, लक्ष्मी पटेल, संतिला, सुमित्रा, खुशी देवांगन एवं सुकलु ने राज्य स्तरीय प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रशस्तिपत्र एवं मोमेंटो सहित बीस हजार रूपए की पुरस्कार राशि प्राप्त किया। कलेक्टर ममगाईं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष नरेन्द्र मेश्राम, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुंजाम उपस्थित थे।

# प्रभारी सचिव भीम सिंह लखपति दीदी पहल कार्यक्रम में हुए शामिल



## धान खरीदी कार्य का लिया जायजा
## नशा मुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह, 15 जनवरी को जिले के संबलपुर में लखपति दीदी पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रूबरू हुए, धान खरीदी कार्य का जायजा लिया और नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई भी उपस्थित थे।

सचिव भीम सिंह ने सबसे पहले बनियागांव के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया, जहां अब तक की गई धान खरीदी, टोकन की संख्या और माइक्रो एटीएम से किसानों को भुगतान की जानकारी लेने के साथ ही खरीदे गए धान की बोरी का तौल कराकर देखा। किसानों से चर्चा करते हुए उनकी परेशानियों से अवगत हुए तथा विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसानों को धान खरीदी की राशि भुगतान में परेशानी नहीं होना चाहिए।

जिले के प्रवास के दौरान सचिव ने संबलपुर के बैंक सखी श्रीमती सुशिता कश्यप से उनके कार्यों के बारे में पूछा तो बैंक सखी ने अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं आय के बारे में विस्तार से बताया। वहीं सिलाई सेंटर चलाने वाली श्रीमती संगीता पटेल से उनके कार्यों को भी जाना।

ऐसे ही ग्राम संबलपुर में लखपति दीदीयों के कार्यक्रम में समूह की दीदीयों ने आजीविका के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में एक-एक करके जानकारी दी। इस दौरान कृषि सखी एवं पशु सखी भी उपस्थित रहीं। सचिव ने दीदीयों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा बिहान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयास किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि हर गांव गरीबी मुक्त गांव बनें, जिसमें आप सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। गांव की महिलाओं की प्रतिमाह 10 हजार रूपए या अधिक की आमदनी होना चाहिए। लखपति दीदीयों से कहा कि वे अन्य महिलाओं को भी बिहान से जोड़ें और उन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आगे बढ़ाने में मदद करें।

कलेक्टर ने भी उपस्थित दीदीयों से कहा कि लखपति दीदीयों के कार्यों से अन्य महिलाएं भी सीखें और कृषि एवं अन्य आजीविका संबंधी गतिविधियां शुरू करें।

**नशामुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण**

सचिव भीम सिंह ने बनियागांव स्थित नशा मुक्ति केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से केन्द्र में मरीजों के इलाज की प्रक्रिया, स्टाफ एवं उपलब्ध सुविधाओं, भोजन की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

भर्ती मरीजों से चर्चा कर यहां मिल रहे सुविधाओं की जानकारी लेकर नशा मुक्ति केन्द्र से ठीक होकर जाने वाले व्यक्तियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा, जिससे वह व्यक्ति नशे को छोड़ने के बाद स्व रोजगार या खेती किसानी करते हुए अपने परिवार का जीवीकोपार्जन में मदद कर सके। निरीक्षण के दौरान बागवानी में उपकरण उपलब्ध कराने एवं वॉलीबॉल खेल के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# पालिका प्रभारी बृजमोहन ने किया मार्गदर्शन

**दंतेवाड़ा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका दंतेवाड़ा के चुनाव प्रभारी, नारायणपुर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने भाजपा जिला कार्यालय में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बैठक में शामिल होकर प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श किया। भाजपा कार्यालय आगमन पर श्री देवांगन का भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने किया एवं आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल महामंत्री रुपन मंडल ने किया। श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा के समर्थित नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा में वर्तमान में भी हैं और पूरा विश्वास है कि सभी कार्यकर्ताओ की मेहनत से हम फिर नगरपालिका दंतेवाड़ा में कब्जा बरकरार रखेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार सभी जगह जिले में नगरीय निकाय व पंचायतो में अधिक मतों से विजयी होंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा सरकार बनाये रखने हेतु मेहनत करनी है। भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओ के मेहनत से ही कभी कांग्रेस का गढ़ रहे दंतेवाड़ा में आज अधिक से अधिक जगह भाजपा के जनप्रतिनिधि हैं।



- नगरीय चुनाव को लेकर भाजपा की सक्रियता
- पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की अहम बैठक
- दंतेवाड़ा पालिका में कब्जा बरकरार रखने की कवायद

बैठक में प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग, मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, राकेश कुशवाहा, सत्यनारायण महापात्रा, कुलदीप ठाकुर,पायल गुप्ता, खिरेन्द्र ठाकुर, जय भंसाली,दीपक बाजपेयी, जयदयाल नागेश, बैरागी, राजन माहेश्वरी, कुणाल ठाकुर, विनोद साहू, कमलेश सिंह, महावीर महेश्वरी, राजेश बोरबन, कुंती झरना, सुमन ठाकुर, लता मरकाम, मोहन ठाकुर, चंदन ध्रुव, पंकज शर्मा, लक्ष्मी यादव, निखिल नाग, भूपेंद्र, शिव, चंद्रकांत सवाई समेत समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# कांकेर में वन्यजीव संरक्षण पर केंद्रित पुस्तक और वन्यजीव कैलेंडर 2025 का विमोचन

**कांकेर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ वन विभाग कांकेर डिवीजन ने तेंदुए और स्लॉथ भालू की जनगणना पर आधारित एक ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक वाइल्डलाइफ एसओएस टीम और कांकेर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए गहन अध्ययन का परिणाम है। इस अवसर पर वन्यजीव कैलेंडर 2025 का भी विमोचन किया गया। यह कैलेंडर वन्यजीव संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में चल रहे प्रयासों का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर और डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर आलोक बाजपेयी ने भी समारोह में भाग लिया। गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने वन्यजीव संरक्षण और समुदाय की भागीदारी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



**फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित**

वाइल्डलाइफ कैलेंडर के लिए कांकेर वन विभाग द्वारा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें कांकेर और अन्य शहरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट तस्वीरों के लिए वन विभाग द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में डॉ. रविकांत दास को प्रथम पुरस्कार, अभिनंदन तिवारी और विकास गुप्ता को द्वितीय पुरस्कार एवं विशाल त्रेहान, अनिकेत शेखर और मोइज़ अहमद को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता में डॉ. हिमांशु गुप्ता, अंजार नबी, मोइज़ अहमद, राहुल वेलायुधन पी.वी., डॉ. रविकांत दास आदि ने भाग लिया, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा ली गई तस्वीरों में से चयनित तस्वीरों को कैलेंडर में शामिल किया गया है। यह आयोजन वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करने का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

# आलोर में 'हम होंगे कामयाब' कार्यशाला का आयोजन

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के फरसगांव विकास खंड के ग्राम पंचायत आलोर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयं सेवकों द्वारा 'हम होंगे कामयाब' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कक्षा 10 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव और डर को दूर करने के उपाय बताए गए। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को प्रभावी पढ़ाई के तरीकों और आत्मविष्वास बनाए रखने के विभिन्न उपाय सिखाए गए। उन्हें समझाया गया कि नियमित और योजनाबद्ध अध्ययन के साथ-साथ मन को शांत रखने से परीक्षा का दबाव कम किया जा सकता है। इस दौरान ध्यान केंद्रित करने और व्यवस्थित समय प्रबंधन की तकनीकों पर भी चर्चा की गई।



कार्यशाला में विद्यार्थियों को तनाव महसूस होने पर मदद के लिए एक टोल फ्री नंबर 81239 22651 भी उपलब्ध कराया गया, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर मनोवैज्ञानिक सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही यह संदेश दिया गया कि परीक्षा में सफलता को ही जीवन की सफलता का पैमाना न मानते हुए मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली को प्राथमिकता दें।

विभिन्न गतिविधियों और प्रेरणादायक चर्चाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला ने यह सुनिश्चित किया कि विद्यार्थीगण परीक्षा की तैयारी के दौरान अपने मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के तनाव से निपटने के उपाय बताए, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनने की प्रेरणा भी दी।

# आज आरटीओ परिसर में लाइसेंस शिविर

**दंतेवाड़ा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन प्रारंभ है। लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन यातायात कार्यालय, परिसर दंतेवाड़ा में 17 जनवरी को प्रात: 10 बजे किया गया है। इस संबंध में इच्छुक व्यक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये निर्धारित है। साथ ही परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस, टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्क्रीनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण आधार कार्ड, बिजली बिल, वोटर आईडी, पासपोर्ट शासन द्वारा जारी आईडी, 2 फोटो, लोकल पता हेतु किरायानामा, शपथ पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति अनिवार्य किया गया है।

# दंतेश्वरी दरबार में चुनाव प्रभारी बृजमोहन



**दंतेवाड़ा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका दंतेवाड़ा के चुनाव प्रभारी, नारायणपुर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन आज बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के पावन धरा दंतेवाड़ा पहुंचे। श्री देवांगन ने भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, धीरेंद्र प्रताप, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ देवी दर्शन कर खुशहाली एवं सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आकांक्षी दंतेवाड़ा के आलनार में जल उत्सव

**दंतेवाड़ा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिकों को उनके घरों में शुद्ध पेयजल एवं निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर उनके स्वास्थ्य सुरक्षा एवं समय और श्रम की बचत के लिए शुरू की गई हर घर जल योजना बस्तर संभाग के आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा के दूरस्थ ग्रामों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।



इस योजना के शुरू होने से ग्राम पंचायत आलनार के ग्रामीणों को अब पानी के प्रबंधन के लिए आपाधापी से मुक्ति मिली है। अब हर घर आंगन में उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने के साथ उनके श्रम की बचत हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को हर ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस क्रम जल जीवन मिशन योजना में ग्राम पंचायत आलनार के सभी घरों के नलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु हर घर जल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस ग्राम पंचायत में जल उत्सव के आयोजन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन योजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस जल उत्सव कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और ग्रामीणों के द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। इससे गांव की महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी भरने की पीड़ा और समय की बचत से आर्थिक जीवन सुधारने का अवसर प्राप्त हुआ है।

- संजीवनी साबित हुई हर घर जल योजना
- ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल
- केन्द्र सरकार की योजना का बेहतर क्रियान्वयन

उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत आलनार और एकल ग्राम योजना के तहत 50 हजार लीटर के पानी टंकी का निर्माण कर एवं दो सोलर और कुल 12 हजार 819 मीटर पाईप विस्तार कर गांव में निवासरत सभी घरों में नल कनेक्शन पहुंचाया गया है। गांव में सभी घरों में जल जीवन मिशन का नल पहुंच जाने से ग्रामवासी अब पानी प्रबंध करने की विकट समस्या से पूरी तरह से निजात पा चुके हैं।

# बुनागांव में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बुनागाँव में दिवंगत शिक्षक स्व.रामजी नेताम की स्मृति में 15 से 24 जनवरी तक 10 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ठोकू स्टार क्रिकेट क्लब बुनागाँव के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की 32 दिग्गज टीमें हिस्सा लेंगी।



मुख्य अतिथि बुनागाँव सरपंच पंचमी कौशिक के द्वारा ओपनिंग मैच में बल्लेबाजी व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिनेश कोर्राम ने गेंदबाजी करके तथा पूर्व जनपद सदस्य संतोष नेताम के द्वारा फिल्डिंग करके मैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच कोकोड़ी और बड़ेबेंदरी के बीच खेला गया जिसमें कोकोड़ी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में 85 रन बनाए, जिसके जवाब में बड़ेबेंदरी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 4 विकेट से मैच अपने नाम किया। ठोकू स्टार क्रिकेट क्लब बुनागाँव के आयोजनकर्ता सदस्य फौजी जवानों में अशोक नेताम, सतीश नेताम, कमलेश नेताम, विशाल नेताम, हेमेश्वर मंडावी, अनिल नेताम, सोमनाथ नेताम, किशन नेताम, तरुण मंडावी, युवा क्रिकेटर देवेंद्र यादव, विजय नाग, आशिष नाग, हितेश कौशिक, राजू नाग, संजीव नेताम, पंच रविन्द्र कौशिक, बंशीलाल सोढ़ी, शिवलाल यादव आदि अपना सहयोग देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस तरह के खेल का आयोजन होने से क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस शानदार आयोजन हेतु शुभकामनाएं दिया।

# राज्य युवा महोत्सव में बस्तरिया फोक बैंड 'रंग पुरवैया' का रहा धूम



**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। राज्य युवा महोत्सव रायपुर के समापन कार्यक्रम में बस्तरिया फोक बैंड 'रंग पुरवैया टीम' को प्रशासन द्वारा विशेष आमंत्रित किया गया था। जहां उन्होंने अपनी बेहतर प्रदर्शन करके दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दर्शक दीर्घा बस्तर के गीतों पर झूमने लगी, इसके पूर्व रंग पुरवइया फोक बैंड के द्वारा राज्य स्तर पर लोक गीत एवं रॉक बैंड विधा में क्रमश: 4 वर्ष से प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करके कोंडागांव जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। युवा उत्सव कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विधाओं के कलाकारों को युवा कल्याण विभाग द्वारा चयनित कर मंच दिया जाता है। बस्तर फोक बैंड रंग पुरवैया ने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया। इस प्रस्तुति में मुख्य रूप से ग्रुप के संचालक सानू मार्कण्डेय, संगीत संयोजक जय किशन मार्कण्डेय, प्रबंधक नियाज़ खान, गायक दीपक पोयाम, मिथलेश गजेन्द्र, सनीता मरकाम, त्रिदर्शी मंडामे, कंचनलता, वादक पक्ष में घनश्याम यादव, युगलकिशोर साहू, कमल चौहान, राजेन्द्र नाग, अंकित गौतम, डोमेश साहू, नवीन आदि ने प्रमुख रूप से बैंड ग्रुप में अपने कला का प्रदर्शन किया।

# परिवहन विभाग ने किया जांच, कई स्कूल बसों में मिली खामियां

**कोण्डागांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले में 1 से 31 जनवरी तक चल रहे 36 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग ने निजी स्कूलों द्वारा संचालित किए जा रहे बसों का निरीक्षण किया। जिला परिवहन अधिकारी अतुल आसैया के नेतृत्व में हुए इस जांच में कुल 37 वाहनों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई वाहनों में खामियां पाई गई, जिसमें अनुभवहीन चालक, परमिट एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होना और सुरक्षा मापदण्डों में कमी शामिल थे।





## सुरक्षा मानकों का पालन किए बगैर चलाए जा रहे स्कूल बसें

जांच के दौरान गिरीदीप स्कूल केशकाल के वाहन (सीजी 27 एफ 0106 और सीजी 27 पी 6794) के चालकों के पास 5 वर्ष का आवश्यक अनुभव नहीं पाया गया। वहीं शिप्रा स्कूल केशकाल के वाहन (सीजी 27 एच 4913) में परमिट नहीं था। इसी तरह मदर टेरेसा स्कूल बोरगांव के वाहन (सीजी 27 के 5144) में अग्नि शमन यंत्र की वैधता समाप्त हो चुकी थी। चावरा स्कूल कोण्डागांव के वाहन (सीजी 27 एफ 0104) में प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं था, जबकि उनके अन्य वाहन (सीजी 27 पी 1438) में मानक रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे और परमिट भी नहीं था। इसके अलावा साथी राउंड टेबल कोण्डागांव के वाहन (सीजी 27 जे 1719) में भी परमिट की कमी पाई गई।

जिला परिवहन अधिकारी ने इन सभी खामियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्कूलों और वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही उन्होंने सभी स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी कि वे अपने वाहनों को नियमों के अनुसार दुरुस्त रखें और भविष्य में ऐसी गल्तियां न मिले। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए नियमों का पालन बेहद जरूरी है और इस तरह की जांच भविष्य में भी जारी रहेगी।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत कोण्डागांव जिले में विभिन्न जागरूकता अभियान और गतिविधियां आयोजित की जा रही है, जिनका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# युवक कांग्रेस की पहल रंग लाई

## ज्ञापन के 24 घंटे बाद ही प्रशासन सक्रिय



**दंतेवाड़ा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में लगातार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी आवाज मुखर कर रहें हैं। एक दिन पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंच ऑपरेशन थियेटर शुरू करने की मांग को लेकर सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा गया था। जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर के टेण्डर को लेकर चल रही प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। सीएमएचओ ने उन्हें जानकारी दी है कि आज ओटी बनाने कार्य शुरू हो चुका है। गणेश ने कहा कि ओटी निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगभग 2 महीने का समय दिया गया है। युवा कांग्रेस जिला अस्पताल में हुए भारी भ्रष्टाचार को लेकर अपनी आवाज लगातार बुंलद करता रहेगा। बुधवार को कुल नौ बिन्दुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था, जल्द ही अन्य मांगों को पूरा करने स्वास्थ्य विभाग पर दवाब बनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष गणेश ने बताया कि जिलेवासियों के स्वास्थ्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अब लगातार एक मुहिम चलाकर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने प्रयत्न करेंगे ताकि जिले वासियों को ईलाज के नाम पर लंबी दौड़ नहीं लगानी पड़े।

उल्टा पुल्टा

रमेश ने शौक-शौक में व्रत रख लिया।
रमेश ( पत्नी से )- देखो सूरज डूब चुका है, अब खाना खाते है।
पत्नी ( रमेश से )- नहीं जी।
रमेश- देखो डूबा या नहीं
पत्नी- नहीं जी।
रमेश- लगता है ये मुझे साथ लेकर ही डूबेगा।

## संपादकीय

### महाकुम्भ में छग की उपस्थिति

*सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर प्रारम्भ हुआ महाकुम्भ बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहा है। देश-विदेश से बड़ी तादाद में वहां लोग पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ से भी कई लोग वहां जा रहे हैं। महाकुम्भ में सतत विकसित होता यह राज्य दो तरीकों से अपनी उपस्थिति दर्शा रहा है। पहला है वहां लगी छग सरकार की प्रदर्शनी जो बरबस वहां जनता को खींच रही है। जबसे महाकुम्भ प्रारम्भ हुआ है, हर रोज वहां लोग आ रहे हैं। इसमें इस अंचल के इतिहास, यहां की कला-संस्कृति, पर्यटन स्थल, उद्योग-व्यवसाय, शहरी विकास आदि का सचित्र वर्णन किया गया है। इसके अलावा यहां से जाने वालों को रहने, नाश्ते एवं खाने की भी सुविधा राज्य सरकार की ओर से की गयी है।*

*जब सारी दुनिया से इतनी बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं तो जाहिर है कि रहने आदि की समस्या होगी ही। विशेषकर, ठंड का मौसम है और उत्तर भारत में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से बचना ज़रूरी है। छग से जाने वाले श्रद्धालुओं को चाहिये कि इस सुविधा का वे लाभ उठायें ताकि वे आराम से वहां रह सकें और महाकुम्भ का लाभ उठा सकें। सरकार की ओर से जानकारी दी गयी है कि छत्तीसगढ़ पेवेलियन मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में बघाड़ा मेला के पास लगाया गया है। यहां तक पहुंचने के लिये लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना होगा तथा प्रयाग रेलवे स्टेशन इसके नज़दीक पड़ता है। जो लोग हवाई मार्ग से जायेंगे वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय होते हुए यमुना ब्रिज पार कर यहां पहुंच सकते हैं।*

*जहां तक प्रदर्शनी की बात है, तो कहा जा सकता है कि अल्प अवधि में जितनी बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं, प्रदेश के बारे में विभिन्न जानकारियां उन तक पहुंचाने का यह नायाब अवसर है। अपनी स्थापना के लगभग 25 वर्ष पूर्ण कर रहा छत्तीसगढ़ अब भी या तो लोगों के लिये अनजान है अथवा उसके बारे में जनसामान्य को पूरी जानकारी नहीं है। प्रदेश को माओवाद के लिये जाना जाता है परन्तु बहुत कम लोग जानते हैं कि अब यह हिंसा आधारित विचारधारा खात्मे की ओर है। यह राज्य कला-संस्कृति के प्रेमियों व शोधकर्ताओं को नये अनुभव देता है तथा पर्यटन के अनेक आकर्षक केन्द्र यहां हैं।*

*इसके अलावा हाल के वर्षों में यह प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। यहां विभिन्न तरह के व्यवसायों एवं सेवा सेक्टर ने अच्छी ग्रोथ की है। अनेक शिक्षण तथा स्वास्थ्य संस्थान यहां हाल के वर्षों में खुले हैं और बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। विभिन्न पेशों के विकास के लिये भी यहां असीमित गुंजाइशें हैं। चिकित्सकों, शिक्षाविदों, वास्तुविदों, बिल्डरों-डेवलपरों के लिये छग अच्छे अवसर प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी करोड़ों लोगों को इन सब तथ्यों से अवगत करायेगी।*

# शराब घोटाला में मास्टरमाइंड कतई नहीं बचेगा : नितिन नबीन

## भूपेश बघेल ने घोटाले में एक आदिवासी नेता को यूज किया



**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकार के शराब घोटाले के मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की हुई गिरफ्तारी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर एक आदिवासी नेता को मोहरा बनाकर फँसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रथमदृष्टया तो यही प्रतीत हो रहा था कि अपराध तो पूर्व आबकारी मंत्री द्वारा किया गया, लेकिन मास्टरमाइंड तो अभी पीछे बैठा है। उन्होंने कहा कि कानून इतना मजबूत है कि उस मास्टरमाइंड को भी पकड़ निकलेगा। मास्टरमाइंड कतई नहीं बचेगा।

भाजपा संगठन चुनाव कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया के सिलसिले में गुरुवार को राजधानी पहुँचे। भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री नबीन ने विमानतल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बघेल ने जिस प्रकार से एक आदिवासी को मोहरा बनाकर शराब घोटाला किया है, उससे यह स्पष्ट है कि आदिवासी के प्रति बघेल की सोच क्या है और बघेल किस सोच के लिए जाने जाते हैं? बघेल यह अच्छी तरह समझ लें कि शराब घोटाले में संलिप्त कोई भी आरोपी बिल्कुल नहीं बचेगा, चाहे वह कोई भी हो। एक आदिवासी को बघेल ने मोहरा जरूर बनाया है लेकिन इस अपराध का जो असली जनक है, कानून वहाँ तक भी पहुँचेगा। श्री नवीन ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध कहने पर भूपेश बघेल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 2 हजार करोड रुपए का शराब घोटाला कांग्रेस शासन के समय ही तो सामने आया था और केंद्रीय एजेंसियाँ कई बार तो उनके पास भी रही है। विभिन्न राज्य सरकारों में जाँच एजेंसियाँ रही हैं। डॉ रमन सिंह की सरकार जाने के बाद भूपेश बघेल खूब शेखी बघारते रहे कि हम यह करेंगे, वह करेंगे; लेकिन 5 साल तक सरकार में रहते हुए वह क्यों कुछ नहीं कर पाए? उनके पास भी स्थानीय स्तर पर जांच एजेंसियां थी, लेकिन उनके पास तथ्य नहीं थे और आज तथ्य हैं, इसलिए घोटालों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई हो रही है।

**नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा आज**

भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन ने प्रदेश अध्यक्ष चुनाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है, जिसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव होता है। छत्तीसगढ़ में हम लोगों ने मंडलों और जिलों में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण की है और अब गुरुवार की शाम को नामांकन की प्रक्रिया होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश परिषद की घोषणा कल 17 जनवरी को होगी।

# सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया इसलिए कवासी पर कार्रवाई : भूपेश

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि डबल इंजन की सरकार में नेता-अभिनेता ही सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि, बस्तर में भ्रष्टाचार उजागर करने पर जेल या मौत की सजा मिलती है। ईडी ने 2021-22 में कार्यवाही शुरू किया तीन साल बाद कवासी लखमा की गिरफ्तारी हुई। कवासी लखमा ने विधानसभा में विष्णु देव सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था इसलिये बदले की भावना में उन पर कार्यवाही किया गया।



**बिना टेंडर के पुल बने**

कवासी लखमा ने पीडब्ल्यूडी विभाग के भ्रष्टाचार पर विधानसभा में सवाल पूछा था। तारांकित प्रश्न था, उसका लिखित जवाब भी आया, मंत्री ने खुद स्वीकार किया प्रदेश में जब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी थी, उस समय बिना विभाग की स्वीकृति के बिना टेंडर के पुल निर्माण करवा लिया गया। टेंडर उस दिन खुला जिस दिन कवासी ने सवाल लगाया था। बिना टेंडर के बिना स्वीकृति के आचार संहिता के समय पुल बन रहा था। इस मामले को कवासी लखमा ने प्रमुखता से उठाया। सरकार, दोषी अधिकारी और ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय आठ दिन के भीतर ईडी ने कवासी लखमा और उनके परिवार के लोगों के यहां छापे मारे। छापे में कवासी लखमा यहां एक रुपया भी नहीं मिला और कोई कागजात भी नहीं मिला और उसके बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया। उनको इसलिये गिरफ्तार कर लिया गया।

**सड़क बनी नहीं, 90 फीसदी भुगतान**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार और विष्णुदेव सुशासन वाली सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर किया और बात यही तक नहीं रूकी कुछ दिन पहले पत्रकार मुकेश चंद्रकार सड़क मामले को उजागर किया। सड़क की स्वीकृति जो 50 करोड़ की सड़क है और लागत बढ़कर 142 करोड़ हो गया। सड़क बनी नहीं और 90 प्रतिशत भुगतान हो गया। तब पत्रकार की हत्या कर दी गई। मतलब यह है कि भ्रष्टाचार उजागर करेंगे तो ईडी गिरफ्तार कर लेगी या मौत की नींद सुला दिया जायेगा यह स्थिति है।

**छापे में कुछ नहीं मिला**

बघेल ने कहा कि, छापे में 1 रुपए भी नहीं मिला। छापे में कागजात भी नहीं मिले, वैसे भी वे अनपढ़ हैं। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार इसलिए किया गया क्योंकि उन्होंने सुशासन वाली सरकार के भ्रष्टाचार को उन्होंने उजागर किया। बात यहीं तक नहीं रुकी कुछ दिनों बाद बीजापुर में सड़क में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करने पर एक पत्रकार मुकेश चंद्राकर को मौत के घाट उतार दिया गया।

# चेक बाउंस होने पर आरोपी को 6 महीने की जेल

- 1 लाख लगा जुर्माना
- राशि नहीं लौटाने पर 3 महीने काटनी होगी एक्ट्रा सजा

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर कोर्ट में चल रहे चेक बाउंस के एक मामले में न्यायाधीश सुरेश टोप्पो ने आरोपी शंकर लाल तल्हड़ को दोषी पाते हुए 6 महीने के कारावास और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं एक लाख रुपए प्रतिकर की राशि से परिवादी को देने का आदेश दिया है। दोषी की ओर से 1 लाख रुपए की राशि नहीं देने की स्थिति में 3 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा। इस प्रकरण में फरियादी की ओर से वकील राजेश कुमार भावनानी ने पैरवी की। योगेश कुमार गेलानी ने कटोरा तालाब के फुटवेयर दुकान के संचालक शंकर लाल तल्हड़ को एक लाख रुपए उधार दिया था। लेकिन कुछ समय बाद उधार की राशि मांगने पर शंकर लाल ने चेक दिया था। लेकिन दिए गए चेक को बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद योगेश गेलानी ने अपने वकील के अभियुक्त को नोटिस भेज कर उधार की रकम वापस करने के लिए कहा गयाए लेकिन राशि पैसे नहीं लौटाए गए। जिसके बाद वकील के जरिए धारा 138 का परिवाद पेश किया। कोर्ट में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अभियुक्त शंकर लाल तल्हड़ को दोषी पाया और उसे 6 माह के कारावास की सजा सुनाई।

# मेकाहारा में गोली से घायल गॉर्ड का सफल ऑपरेशन

- 78 लाख लूटने बदमाशों ने पैर पर किया था फायर
- फीमर बोन हो गईं थी चकनाचूर

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर के मेकाहारा में जांजगीर से आए हुए घायल गार्ड का सफल ऑपरेशन हुआ है। जांजगीर में 78 लाख रुपए लूटने के लिए बदमाशों ने उसके पैर पर फायरिंग कर दिया था। जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। उसे सिम्स अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया जहां से रेफर करके रायपुर के मेकाहारा अस्पताल लाया गया। मेकाहारा अस्पताल में इस घायल मरीज का एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने इलाज किया। जिसे डॉक्टर राजेंद्र अहीरे लीड कर रहे थे। अहीरे के मुताबिकए मरीज के आते उसे प्रारंभिक उपचार दिया गया। फिर उसके इमरजेंसी में सभी जांच करवाई गई और सुबह रिपोर्ट आते ही ऑपरेशन शुरू किया गया। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ रविकांत दास के मार्गदर्शन में डॉ राजेन्द्र अहिरेए डॉ सौरभ जिंदल डॉ अजिन फिलिपोस डॉ मनोज पल्ली एवं एनेस्थीसिया के डॉ ए शशांक तथा डॉ सर्वप्रिया की टीम ने करीब दो घंटे तक ऑपरेशन किया।

**जांघ की फिमर हड्डी कई टुकड़ों में टूटी**

मरीज को बुलेट लेफ्ट जांघ में लगा था। जिससे फिमर हड्डी कई टुकड़ों में टूट गई थी। सर्जरी करके बुलेट निकाला और साथ में हड्डी को प्लेट से फिक्स कर दिया गया। बुलेट फिमोरल आर्टरी के करीब था। इसलिए बहुत ही सावधानीपूर्वक निकाला गया।

उसके बाद हड्डी को फिक्स करने के लिए 10 होल का लम्बा लॉकिंग प्लेट लगाया गया। ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण इसलिए था कि बुलेट को निकालते . निकालते खून की नस के कटने का डर थाए लेकिन डॉक्टरों की सूझबूझ की बदौलत नस को कोई नुकसान नहीं हुआ और ऑपरेशन सफल रहा।

# महात्मा गांधी उद्यानिकी व वानिकी विवि के कुलपति बने डॉ. रवि रत्न सक्सेना



**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। राज्यपाल और कुलाधिपति रमेन डेका ने डॉ. रवि रत्न सक्सेना को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन (जिला दुर्ग) का कुलपति नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी अब तक आई ए एस अधिकारी महादेव कावरे संभाल रहे थे, लेकिन राज्यपाल के आदेश के बाद वे इस पद से मुक्त होंगे।

बता दें कि राज्यपाल डेका ने विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 14(1) के तहत यह नियुक्ति की है। डॉ. रवि रत्न सक्सेना, जो वर्तमान में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में प्रोफेसर और एसोसिएट निदेशक (अनुसंधान) के रूप में कार्यरत थे, अब इस नई भूमिका में विश्वविद्यालय के संचालन का दायित्व संभालेंगे।

# पांच विशेषज्ञ और 15 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति

- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाए होगी और मजबूत

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों और चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 3 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 6 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 2 चिकित्सा अधिकारियों, बस्तर संभाग में 1 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 3 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं।इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है।नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. पी सुधाकर, डॉ. राहुल माणिकराव राठौड़, डॉ. समीरानन्दन रेड्डी सी. व डॉ. वी अमरिंदर को जिला अस्पताल बीजापुर और डॉ समीर रजक की जिला अस्पताल खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पदस्थापना की गई है।

रायपुर संभाग के लिए चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ दीनेन्द्र प्रधान, डॉ. साक्षी नायक, डॉ. जाश्मीन चावड़ा बिलासपुर संभाग के लिए जारी आदेश में डॉ विरेन्द्र कुमार सार्वा, डॉ. विशाल कुमार केसर, डॉ. उपासना साहू, डॉ जीनत शेख, डॉ निशि निर्मल, डॉ सौरव विश्वास सरगुजा संभाग के लिए जारी आदेश में डॉ. आस्था जयसवाल, डॉ प्रीति कुशवाहा दुर्ग संभाग के लिए चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. आकाश साहू, डॉ. समीक्षा डाकलिया, डॉ. स्वाती मिश्रा व बस्तर संभाग के लिए चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. एम. रामाकृष्णा मादारापु को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

# शहर में खूंखारों का आतंक, बच्चे हो रहे शिकार

- दो साल में भी नहीं बना डॉग शेल्टर

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र में श्वानों के आतंक से पूरा शहर हलाकान है। बच्चे लगातार डाग बाइट का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद निगम के जिम्मेदारों को कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सोनडोंगरी में लाखों रुपए की लागत से डॉग शेल्टर हाउस का निर्माण तक पूरा नहीं हो पायाए जिससे कि ऐसे खूंखार श्वानों को हटाया जा सके। शहर के गली.मोहल्लों और कॉलोनियों में आवारा खूंखारों से खतरा है।

देवेंद्रनगर के साईंनगर बस्ती की एक बच्ची जान पर बन आई। श्वानों के हमले से 10.12 साल की बच्ची घायल हुई है। इससे पहले भी शहर में कई दिल दहला देने वाली घटनाएं हो चुकी हैं। हैरानी ये कि पुख्ता इंतजाम करने के बजाय जैसे ही इस तरह की कोई घटना होती हैए तो निगम प्रशासन श्वानों के बधियाकरण का गुणगान करने में लग जाता है। जबकि ऐसे खूंखारों को शेल्टर हाउस में रखा जाना थाए परंतु जिम्मेदारों के उदासीन रवैए के कारण सोनडोंगरी में दो साल बाद भी शेल्टर हाउस का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है।

**दावा ऐसा कि कोई समस्या नहीं**

श्वानों के हमले से बच्चे के घायल हो जाने पर बुधवार को निगम प्रशासन यह बताने की कोशिश करता रहा है कि साल 2024 में निगम क्षेत्र में 5035 कुत्तों का बधियाकरण कराया किया गया। सोनडोंगरी में शेल्टर हाउस का भी संचालन जल्दी होगा। तब जाकर डॉग बाइट की संख्या में कमी आने की संभावना है। यह तर्क भी देने में जिम्मेदार पीछे नहीं कि जीव.जन्तु कल्याण बोर्ड एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एनिमल बर्थ कंट्रोल ;एबीसीद्ध की स्थापना की गई है। निगम में स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही के अनुसार शिकायत के आधार पर डॉग केचिंग की कार्रवाई की जाती है।

# अब वॉट्सऐप पर दर्ज होगी बिजली की शिकायत

**64 लाख उपभोक्ता उठा सकेंगे लाभ**

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार करते हुए बिजली मितान बॉट की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत उपभोक्ता अपने वाट्सऐप पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा करीब 64 लाख उपभोक्ताओं के लिए प्रारम्भ की जा रही है। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने उपभोक्ताओं से इस सुविधा का लाभ उठाने का अनुरोध किया है। साथ ही विद्युत कर्मियों से इस नई सुविधा के संबंध में उपभोक्ताओं को समुचित जानकारी प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। पहले चरण में उपभोक्ता बिजली मितान बॉट के माध्यम से बिजली आपूर्तिए ट्रांसफॉर्मर खराबी और बिजली दुर्घटना से सम्बंधित शिकायत आसानी से दर्ज कर सकते हैं। साथ ही उसकी स्थिति भी इस बॉट के माध्यम से जान सकते हैं।

अगर उपभोक्ता को अपनी बकाया राशिए अंतिम बिल और अंतिम भुगतान की जानकारी जाननी हो तो भी बिजली मितान बॉट के माध्यम से जान सकते हैं।

**बिजली बिल की जानकारी भी मिलेगी**- कुछ उपभोक्ताओं को बिल प्राप्त न होने की शिकायत रहती है वे भी अब बड़ी आसानी से इस बॉट के माध्यम से बिल की पीडीएफ की प्रति यहां से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकरी भी इस बॉट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**ऐसे करें वाट्सऐप बॉट का उपयोग**-सबसे पहले पावर कंपनी के वाट्सऐप बॉट नंबर 9425551912 को अपने मोबाइल के काटेंट लिस्ट में सेव करें। सेव करने के बाद ऊपर दिए गए नंबर पर लिखकर भेजे। इसके बाद आपको भाषा हंदी अंग्रेजी का चयन करना होगा। इसके बाद आगे की प्रक्रिया करनी होगी। ऐसे उपभोक्ता जिनका उपभोक्ता क्रमांक मोबाइल नंबर के साथ पंजीकृत नहीं है वे अपने मोबाइल नंबर का पंजीकरण मोर बिजली ऐप कंपनी की वेबसाइट या कॉल सेंटर 1912 एवं अपने बिजली ऑफिस के माध्यम से कर सकते हैं।

# पीएससी घोटाला : सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया दो हजार पन्नों का चालान

- टामन सोनवानी के भतीजे और गोयल के बेटे-बहू पर गंभीर आरोप

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। छग पीएससी घोटाला मामले में सीबीआई ने आज चालान पेश किया। सीबीआई की विशेष कोर्ट में पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन कथित मास्टरमाइंड टामन सिंह सोनवानी, बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल के विरुद्ध दो हजार पन्नों का चालान पेश किया गया, जिसमें घोटाले से जुड़े विस्तृत सबूत और आरोप शामिल हैं।

चालान में तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल और उनके परिवार के सदस्यों को मुख्य आरोपी बनाया गया है। टामन सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और साहिल सोनवानी, श्रवण कुमार गोयल के बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा तत्कालीन डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर के खिलाफ भी चालान पेश किया गया है।

इस मामले में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि इन सभी आरोपियों ने मिलकर सीजीपीएससी भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया में धांधली की और चयन प्रक्रिया को प्रभावित किया। परीक्षा में हेरफेर करने के लिए बड़ी धनराशि का लेन-देन किया गया था। पेश किए गए चालान में मामले की जांच और आरोपियों के खिलाफ सबूतों का उल्लेख किया गया है। अदालत में अब इस मामले की सुनवाई शुरू होगी।

# जनवरी के तीसरे हफ्ते से कम होगी ठंड

- तापमान में होगी उतार-चढाव

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी में न्यूनतम तापमान बढ़ने लगा हैए लेकिन ठंड के अहसास में कमी नहीं आई है। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री रहा जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा। अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में विशेष कमी नहीं आएगी। इसके बाद फिर से रातें ज्यादा सर्द होंगी। 18 जनवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। ठंड में उतार.चढ़ाव जारी है। जनवरी का तीसरा हफ्ता शुरू हो चुका है और ठंड हल्का बरकरार है। अधिकतम तापमान 29 डिग्री पर रहा जो सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा है। हालांकि ये तापमान सुहाना है और धूप चुभ नहीं रही है। सुबह हवा में आर्द्रता की मात्रा 77 व शाम को महज 55 फीसदी रही। इससे आसमान पर हल्के बादल छा रहे हैं। इस कारण भी दिन का तापमान कम व रात के तापमान में उतार.चढ़ाव जारी है। प्रदेश में सबसे ठंडा बलरामपुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री रहा। वहीं दंतेवाड़ा सबसे ज्यादा गर्म रहा। वहां अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रहा।

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान तीन डिग्री तक ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी पेंड्रारोड व अंबिकापुर को छोड़कर 4 डिग्री तक ज्यादा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जारी किया है।

# कैदियों की अप्राकृतिक मौत पर मिलेगा मुआवजा

- हाईकोर्ट ने सरकार को नीति बनाने के दिए निर्देश

**रायपुर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने जेल सुधार और अवैध गतिविधियों पर रोक सहित अन्य मामलों को लेकर लगी याचिकाओं में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने जेल में बंद कैदियों के लिए सुधारात्मक कार्यों और अप्राकृतिक मौतों के बारे में जवाब तलब किया।

वहीं सरकार का पक्ष रखने वाले अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस मामले में शपथ पत्र पेश किया गया है जिसमें 2019 से लेकर 2024 तक 5 सालों में जेल में बंद कितने कैदियों की मौत हुई। इसमें अप्राकृतिक मौत का भी जिक्र किया गया है, जिसमें अब तक जेल में रहने के दौरान बीमारी या अन्य कारणों से 62 मौत हुई है। वहीं 2024 में एक कैदी की अप्राकृतिक मौत की जानकारी दी।

इस मामले में कोर्ट कमिश्नर के रूप में अधिवक्ता सुनील पिल्लई ने कोर्ट को बताया कि जेल में रहने के दौरान कैदी की अप्राकृतिक मौत होने पर परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा का प्रावधान नहीं है। जिस पर कोर्ट ने इस मामले में कहा कि जेल में बंद कैदी को संविधान के अनुच्छेद 21 मौलिक अधिकार मिले हैं। उसका पालन किया जाना चाहिए।

दरअसल, 26 नवंबर 2024 को हुई सुनवाई में कोर्ट में पेश हलफनामे में बताया था कि प्रदेश की कई जेल में क्षमता से अधिक कैदी हैं। कुछ जिलों में जेल निर्माण कार्य भी जारी है। वहीं 2018 में 33 जेलों में 2074 सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध थे। वर्तमान में 33 जेलों में 2979 सीसीटीवी कैमरे स्थापित एवं उपलब्ध हैं। 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की खरीद प्रक्रियाधीन है। साथ ही कैदियों की सुरक्षा के लिए पांच केंद्रीय जेलों के लिए पांच नए नॉन लीनियर जंक्शन मेटल डिटेक्टर तथा पांच जिला जेलों के लिए पांच नए जनरेटर खरीदे जा रहे हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

**गांवों में जाकर आज एमएमयू के डॉक्टर करेंगे इलाज**

**बिलाईगढ़** 16 जनवरी। भारत सरकार के महारत्न आईसीसी संस्था द्वारा जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 17 जनवरी को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बिरसीपाली के आश्रित गांव भराली में, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम बोईसमाल तथा रेड़ा में, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम चचेरेल में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।



# जीवन अनमोल और परिवार का, यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें : मुख्यमंत्री



- मुख्यमंत्री साय ने हेलमेट लगा चलाई बाईक, सड़क सुरक्षा का दिया संदेश
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात जागरूकता रैली निकली

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में मनाए जा रहें 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेलमेट लगाकर बाईक चलाकर प्रदेशवासियों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने आज राजधानी के रोहणीपुरम गोल चौक पहुँचकर बाईकर्स और पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बाईक रैली में हिस्सा लिया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों सहित चार पहिया वाहन चलाने वाले लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान श्री साय ने हरी झण्डी दिखाकर भव्य बाईक रैली को रवाना भी किया। स्वंयसेवी संस्थाओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने से होने वाले फायदों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत अनमोल है। मनुष्य जीवन में पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन करना होता है। उन्होंने कहा कि एक तरह से हमारा जीवन परिवार के लिए है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन चलाते समय हम सभी को यातायात नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय सिर पर हेलमेट अवश्य ही पहनना चाहिए और कार चलाते समय सीट बेल्ट भी लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा सीमित रफ्तार में ही वाहन चलाने से दुर्घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। कभी भी नशा कर वाहन चलाने से बचना चाहिए। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को यातायात नियमों के अनुसार वाहन चलाने, यातायात के नियमों का पालन करने का भी संदेश दिया, ताकि अपने जीवन के साथ-साथ दूसरे लोगों का जीवन भी सुरक्षित रहें और पारिवारिक जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। इसके तहत रायपुर यातायात पुलिस द्वारा लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने के लिए जरूरी नियमों और संसाधनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। रोचक तरीके से सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की थीम पर बैनर-पोस्टर लगाकर उपयोगी संदेश दिए जा रहें हैं। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने इस पूरे अभियान के लिए अलग-अलग दिनों पर अलग-अलग जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है। इन कार्यक्रमों में वाहन चालकों, स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं के पालकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, पुलिस और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने डुमरतराई सब्जी मंडी की सफाई व्यवस्था देखी



**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 10 क्षेत्र में डुमरतराई सब्जी मंडी क्षेत्र एवं आस पास मुख्य मार्ग की सफाई व्यवस्था का एक बार पुनः लगातार दूसरे दिन प्रत्यक्ष निरीक्षण अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जोन 10 जोन कमिष्नर श्री राकेष शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिषन शाखा के कार्यपालन अभियंता श्री रधुमणी प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता श्री आषीष शुक्ला एवं अन्य संबंधित जोन कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान डुमरतराई सब्जी मंडी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया एवं जोन कमिष्नर को इसी प्रकार निरंतर अच्छी सफाई व्यवस्था सतत मॉनिटरिंग कर देना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। आयुक्त के निर्देष पर नगर निगम जोन 10 जोन कमिष्नर ने डुमरतराई सब्जी मंडी के पास खाली प्लाट जहां लगातार कचरा डाला जा रहा था, उस कचरे के निगम जोन 10 स्वास्थ्य विभाग से सफाई करवायी और संबंधित खाली प्लाट के स्वामी को नोटिस देकर वहां उनसे तत्काल ग्रीन नेट लगवाया ताकि नागरिक वहां कचरा ना फेंके आयुक्त ने खाली भूखण्डों में मॉनिटरिंग कर स्वच्छता रखना सुनिष्चित करने एवं कचरा मिलने पर संबंधित भूखण्ड स्वामी को नोटिस देकर जुर्माना करने अथवा उनसे ग्रीन नेट वहां लगवाने की व्यवस्था देने कहा है ताकि नागरिक वहां कचरा ना डाले, आयुक्त ने बाजार और मुख्य मार्गो में सफाई व्यवस्था निरंतर चुस्त दुरूस्त रखने के कार्य को प्राथमिकता देने जोन कमिष्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देषित किया है।

# अपर आयुक्त ने निगम जोन 5 में कार्यों की समीक्षा कर समय सीमा में प्रगतिरत विकास कार्य पूर्ण करने निर्देश



**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने उपायुक्त लोककर्म विभाग श्रीमती राजेष्वरी पटेल, अधीक्षण अभियंता श्री राजेष राठौर सहित नगर निगम जोन 5 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, श्री नागेश्वर रामटेके, सहित जोन के सम्बंधित अभियंताओं कर्मचारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर जोन क्रमांक 5 के कार्यो की समीक्षा कर आवष्यक निर्देष दिये। अपर आयुक्त ने निर्देषित किया कि अप्रारंभ विकास कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करवाया जाये। इसी प्रकार प्रगतिरत सभी विकास कार्यो को अभियंतागण सतत मॉनिटरिंग कर तय समय सीमा में जनहित में प्राथमिकता से गुणवत्ता सहित पूर्ण करवाये। अपर आयुक्त ने निर्देष दिये कि विकास व निर्माण कार्यो से संबंधित देयकों को नियमानुसार समय पर प्रस्तुत करना अभियंतागण सुनिष्चित करें। विकास कार्यो के देयको की प्रस्तुति में अनावष्यक विलंब ना हो, यह सुनिष्चित हो।

# मौली माता महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं अस्पतालों में भोजन सप्लाई कर हुई आर्थिक रूप से मजबूत

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव के मागदर्षन में राज्य नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुसार रायपुर जिला प्रषासन के निर्देशन में राजधानी शहर रायपुर में नगर पालिक निगम के माध्यम से संचालित लोककल्याणकारी दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत् गठित मौली माता महिला स्व-सहायता समूह, जिसका पंजीयन क्रमांक 22333204165 है, विगत 07 वर्षो से (2017 से) महिलाओं द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर में जुड़ने के पश्चात् समूह की महिलायें एक नई पहल करते हुये अस्पतालों में केंटीन का काम संचालन कर रही है, जिसमें वे चाय, नाश्ता, भोजन इत्यादि सप्लाई का कार्य कर रही है। प्रतिदिन अस्पताल में लगभग 200 लोगो को भोजन दिया जाता है। केंटीन के माध्यम से समूह की महिलाओं को प्रतिमाह 5-6 लाख की आमदनी होती है। समूह की अध्यक्ष ने बताया जो आमदनी होती है उसे आपस में वितरण करते है, जिससे हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत जुड़ने के पश्चात् मौली माता स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आवर्ती निधि 10000 रू. प्राप्त कर समूह के माध्यम से ई रिक्शा खरीद कर व्यवसाय शुरू किया और आज अस्पतालों में ई रिक्शा के द्वारा ही भोजन सप्लाई कर एक सशक्त नारी की भूमिका निभा रही है साथ ही अन्य महिलाओं को रोजगार देकर उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ ही साथ उनकी आत्म निर्भरता सहित आत्मविश्वास इससे निरंतर बढ़ रहा है।



# वित्तमंत्री चौधरी से भेंट कर पेंशनर्स महासंघ ने ज्ञापन सौंपा



**रायपुर,** 16 जनवरी। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री ओ पी चौधरी से भेंटकर मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को विलोपित करने हेतु विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित करने तथा सेवानिवृत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सम्पूर्ण सेवा अवधि को जोड़कर पेंशन हेतु गणना करने चर्चा की और ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने जरूरी कार्यवाही करने का भरोसा दिया प्रतिनिधि मंडल में पेंशनर्स महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, आर जी बोहरे, अनिल पाठक तथा नरसिंग राम शामिल रहे।

# शासकीय पूर्व मा. शाला गोगांव वार्ड क्र. 3 हर माह स्कूल में स्पेशल कैंप



**रायपुर,** 16 जनवरी। शासकीय पूर्व मा. शाला गोगांव वार्ड क्रमांक 3 हर माह स्कूल पे स्पेशल कैंप लगाया जाता है यहां बच्चों के स्वास्थ्य का उपचार कर उन्हें दवाईयां दी जाती है जिससे कि उनकी पढ़ाई पर कोई परेशानी न आए। और यहां बाजार भी लगता है जो सुबह अपने जीवन व्यापम के लिए सब्जी बेचने के लिए बुर्जुग और महिलाएं आती है वे भी अपनी स्वास्थ्य का उपचार कर दवाईयां ले लेते है।

# निगम उद्यान विभाग ने वीर शिवाजी उद्यान को संवारकर सुन्दर स्वरूप दिया

**रायपुर,** 16 जनवरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में राजधानी शहर रायपुर के नगर पालिक निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से नगर निगम जोनों की तकनीकी टीमों के साथ मिलकर शहर के उद्यानों को संवारने एवं सुन्दर स्वरूप देकर अधिकाधिक जनपयोगी बनाने का कार्य तेजी के साथ निरन्तर प्रगति पर है. इन जनहितेषी कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम उपायुक्त ( उद्यान ) डॉक्टर अंजलि शर्मा द्वारा की जा रही है. आज उपायुक्त उद्यान ने नगर निगम जोन 10 के तहत वार्ड नम्बर 56 के शैलेन्द्र नगर क्षेत्र में रिद्धि सिद्धि गार्डन की व्यवस्था प्रत्यक्ष उप अभियंता ( उद्यान ) श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में देखी. नागरिकों द्वारा की गयी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को रिद्धि सिद्धि गार्डन में ओपन जिम के उपकरणों में शीघ्र आवश्यक सुधार और मरम्मत किये जाने, पाथ वे को सुव्यवस्थित किये जाने और गार्डन की लाइटिंग व्यवस्था सुचारु बनाये जाने के निर्देश दिए हैं. साथ ही गार्डन की सुचारु संचालन करने वहाँ के नागरिकों की समिति बनाकर गार्डन संचालित करने का सुझाव नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा दिया गया.है. नगर निगम जोन 1 कार्यालय के समीप खमतराई में वीर शिवाजी वार्ड नम्बर 16 के नगर निगम के वीर शिवाजी गार्डन को सुव्यवस्थित करवाकर संवारते हुए सुन्दर स्वरूप देने का कार्य करवाया है. पहले जहाँ यत्र - त्रत झाड़ियां और गन्दगी हुआ करती थी, वहाँ अब सुन्दर पाथ वे है.नगर निगम ने सुन्दर आर्ट वर्क गार्डन की दीवाल पर करवाकर वीर शिवाजी का चित्र उकेरा है,वहीं समाजहित में पर्यावरण संरक्षण और बच्चों को शिक्षा का सुन्दर सकारात्मक सन्देश नागरिकों को दीवालों पर सुन्दर आर्ट वर्क करवाकर दिया है. गार्डन में पाथ वे को सुन्दर स्वरूप जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से दिया गया है.वीर शिवाजी गार्डन का विकसित नवीन स्वरूप नागरिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।



# मद्रासी रेस्टोरेंट, स्वाद, बचत और सेवा का अनूठा संगम

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। शहर के फूड लवर्स के लिए बड़ी खुशखबरी है! शहर के प्रसिद्ध मद्रासी रेस्टोरेंट ने स्वाद, बजट और सेवा का परफेक्ट मेल पेश किया है। यह ऑफर न केवल स्वाद के दीवानों को लुभाएगा, बल्कि उनकी जेब का भी पूरा ख्याल रखेगा। मालवीय रोड स्थित मद्रासी रेस्टोरेंट के सभी ब्रांच में ये विशेष ऑफर उपलब्ध हैं।




मद्रासी रेस्टोरेंट के डायरेक्टर शफीक भाई ने बताया कि हमारी संस्था 1943 से हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अपनी सेवाएं दे रही है। हमेशा से हमने युवाओं और बैचलर्स को प्राथमिकता दी है, क्योंकि वे देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। हमारी सेवाएं स्वास्थ्य और बजट का ध्यान रखते हुए डिज़ाइन की गई हैं। उन्होंने बताया कि स्वादप्रेमियों के लिए एक खास मेन्यू तैयार किया गया है, जिसमें किफायती और विविध विकल्प मौजूद हैं। वेज थाली मात्र 250 रु में पेश की गई है, जिसमें वेज बिरयानी, पनीर टिक्का (3 पीस), पापड़ फ्राई, फ्राइड वेज, रायता,और स्वीट्स है. नॉनवेज थाली (250 रु) में हाफ चिकन बिरयानी, क्वार्टर चिकन तंदूरी, चिकन सूप, और स्वीट्स हैं। स्पेशल नॉनवेज थाली (300 से 320 रु) में हाफ चिकन/मटन बिरयानी, बटर चिकन/मटन, बटर नान, तंदूरी रोटी, चिकन सूप, और स्वीट्स आदि का समावेश है. इसके अलावा, ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए, सिर्फ 400 रु में सूप का विशेष ऑफर भी शुरू किया गया है। यह सभी ऑफर मरीन ड्राइव के सामने, मद्रासी ग्रिल, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी स्थित मद्रासी बाइट्स, भटगांव सिग्नल्स के पास स्थित मद्रासी हाईवे रेस्टोरेंट व राजकुमार कॉलेज के पास मद्रासी फ्राइड चिकन में उपलब्ध हैं.

शफीक भाई ने बताया, च्च्हमने हमेशा से यह सुनिश्चित किया है कि युवा स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। इसी उद्देश्य से, हमने अपने मेन्यू और सेवाओं को किफायती और आरामदायक बनाया है। हमारा अनुभव और समर्पण हमें लगातार नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।ज्ज

## निधन

### अजय यादव



**महासमुंद,** 16 जनवरी। स्थानीय पुराना मलेरिया ऑफिस के पास निवासी अजय यादव 42 वर्ष का बुधवार शाम निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय यादव के छोटे भाई व नयन यादव के मामा थे।

### श्रीमती माधुरी पटेल



**झलप** 16 जनवरी। बस्तीपारा झलप निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती माधुरी पटेल 60 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार झलप में किया गया। वे तरूण उर्फ बंटी पटेल की मां थी।

## कैपिटल जोन का शेष...

### कैदियों की अप्राकृतिक मौत ...

कोर्ट ने जेल महानिदेशक (कारागार) को निर्देश दिए थे कि वर्तमान शपथ-पत्र में जिन सुविधाओं का उल्लेख किया गया है, उनका अक्षरशः पालन किया जाए तथा जेलों में होने वाली अप्राकृतिक मृत्यु पर भी नियंत्रण किया जाए। वहीं महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त टिप्पणियों के संबंध में एक नया शपथ-पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था और कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसरण में इस न्यायालय द्वारा इन मामलों की निगरानी की जा सके।


इसके बाद आदेश के परिपालन को लेकर के गुरुवार को एक बार फिर सुनवाई हुई, जिसमें सभी पहलुओं पर गंभीरता से सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में जेल में लायन एंड ऑर्डर के बारे में भी पूछा इस पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जेल में सीसीटीवी अन्य कार्य किए जाने की जानकारी दी। जेल में अप्राकृतिक मौत के आंकड़ों में आई कमी पर कोर्ट ने संतुष्टि जताई है। सरकार को कोर्ट कमिश्नर के अप्राकृतिक मौत पर मुआवजा स्कीम के ड्राफ्ट किए जाने की सलाह पर पॉलिसी बनाने को आवश्यक मानते हुए निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई के लिए 2 अप्रैल 2025 का दिन निर्धारित किया है।

# सरजूबांधा श्मशानघाट की भूमि अवैध कब्जे हटाया

**रायपुर,** 16 जनवरी। रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 द्वारा जोन क्षेत्र के तहत सरजूबांधा श्मशानघाट में कुछ हिस्से में भूमाफियाओं द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जों को हटाकर श्मशानघाट की लगभग 3 एकड़ भूमि को सुरक्षित किया गया एवं वहाँ पर पूर्व के श्मशानघाट को जीर्णोद्धार कर नवीन स्वरूप दिया गया है और समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से वहाँ सुन्दर गार्डन का स्वरूप दिया गया है.आज रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के तहत शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड नम्बर 62 के क्षेत्र में सरजूबाँधा श्मशानघाट में नवीन सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के कार्य का लोकार्पण वार्ड के पूर्व पार्षद श्री समीर अख्तर,सरजूबाँधा नया तालाब श्मशानघाट विकास समिति के अध्यक्ष श्री माधव लाल यादव और सचिव श्री गोवर्धन झंवर, नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आमजनों की उपस्थिति के मध्य करते हुए नागरिकों को राजधानी शहर रायपुर में शानदार सौगात दी है. नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के माध्यम से अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ रूपये की स्वीकृत लागत से सरजूबाँधा श्मशानघाट का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य सहित सुन्दर गार्डन विकसित किया गया है और शवदाहगृह को नवीन स्वरूप में जनहित में जनसुविधा हेतु मृतकों का क्रिया कर्म अंतिम संस्कार सुविधायुक्त तरीके से किये जाने इसे सर्वसुविधायुक्त स्वरूप दिया गया है. रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी सहित रायपुर जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 को सरजूबांधा नया तालाब श्मशानघाट विकास समिति के अध्यक्ष श्री माधव लाल यादव एवं सचिव श्री गोवर्धन झंवर ने लोकार्पण अवसर पर समिति की ओर से सरजूबाँधा श्मशानघाट का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार करवाए जाने पर समिति की ओर से हार्दिक धन्यवाद दिया. इससे नागरिकों की काफी पुरानी मांग और आवश्यकता पूर्ण हो गयी है और नागरिकों के लिए मृतकों का अंतिम संस्कार क्रिया कर्म करवाने काफी सुविधा प्राप्त होगी।




# महंत कॉलेज में डिजिटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला में पहुंचे निगम आयुक्त



**रायपुर,** 16 जनरी (देशबन्धु)। आज राजधानी शहर रायपुर के महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज में रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता एवं रायपुर नगर पालिक निगम की उपायुक्त डॉ अंजलि शर्मा की विशेष उपस्थिति में कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु डिजीटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला का आयोजन रखा गया. कार्यशाला एलीफेंट इको टैक पाठशाला सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सहयोग से डिजीटल साक्षरता पर आधारित अभिनव पहल रही. इस डिजीटल कार्यशाला में साइबर बुलिंग, वाइरस, डिजिटल पेमेंट फ्राड, फेक न्यूज, साइबर स्टैकिंग आदि से बचने के लिए कॉलेज के विद्यार्थियों को इंटरनेट के उपयोग हेतु सावधानियां बतलाई गयीं. उक्त डिजीटल कार्यशाला के आयोजन में वैभवी मोयल और प्रशिक्षक श्री चन्दप्रकाश का सहयोग उल्लेखनीय रहा. कार्यशाला में मुख्य रूप से महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी, निगम उप अभियंता उद्यान श्री आशुतोष पाण्डेय, सहायक ग्रेड - 3 श्रीमती श्वेता शिंदे सहित कॉलेज के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# ऑटो एक्सपो में पहले दिन 1 हजार वाहनों की डिलीवरी ने रचा इतिहास

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन राडा द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित देश के सबसे बड़े ऑटो एक्सपो 2025 का गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि ग्राहकों के लिए अच्छा विकल्प हैं जहां एक ही जगह पर दोपहिया चार पहिया ट्रैक्टर व कमर्शियल व्हीकल्स उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रदेश के लोगों से आव्हान किया कि मनपसंद वाहन लेने के इस अवसर का लाभ उठायेंए राज्य सरकार ने भी आजीवन रोड टैक्स पर यहां 50 फीसदी की छूट प्रदान की है। चूंकि इस बार फसल अच्छी हुई है और किसानों के पास पैसा भी ज्यादा जायेगा तो व्हीकल्स भी ज्यादा बिकेंगे। उन्होने राडा मेंबर्स से उम्मीद जतायी कि जब पिछली बार 10 हजार व्हीकल्स बिके थे तो इस बार 20 हजार व्हीकल्स बिकने चाहिए। ऑटो एक्सपो ने पहले दिन 1 हजार वाहनों की डिलीवरी कर रिकार्ड स्थापित कर दिया है। फोर व्हीलर खरीदी करने वाले ग्राहक संजय वाच्छानी को मुख्यमंत्री साय ने मंच से चाबी सौंपकर बधाई दी। राडा ने रोड सेफ्टी के लिए मुख्यमंत्री साय को पांच लाख का चेक भी डोनेट किया। आडी कार व होंडा मोटरसाइकिल के नए माडल की लांचिंग भी हुई।



- दो नए व्हीकल्स की लांचिग
- रोड सेफ्टी में सहयोग प्रदान करने वाले हुए सम्मानित

**ऑटो एक्सपो में पहले दिन 1 हजार वाहनों की डिलीवरी ने रचा इतिहास:** 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित ऑटो एक्सपो का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले साल एक्सपो में जब 10 हजार व्हीकल्स बिके थे तब 300 फीसदी रोड टैक्स के साथ जीएसटी में 500 फीसदी का इजाफा हुआ था और जब लाइफटाइम रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट प्रदान कर रहे हैं तो इस साल यह 20 हजार तक पहुंचना चाहिए। इस बार बारिश भी अच्छी हुई है 145 लाख मिट्रिक टन से बढ़कर 165 लाख मिट्रिक धान की खरीदी करने जा रहे हैं इसलिए किसानों के पास पैसा भी ज्यादा जायेगा तो व्हीकल्स भी ज्यादा बिकेंगे। उन्होने राडा मेंबर्स से अपील करते हुए कहा कि रोड सेफ्टी के लिए वे वाहन बेंचते समय ग्राहकों को सचेत करें और अनिवार्य रुप से हेलमेट भी प्रदान करें। उन्होने पुराने दिनों की याद ताजा करते हुए कहा कि विधायक रहते हुए वे खुद दोपहिया चलाकर अपने क्षेत्र में भ्रमण करते थे।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा रमनसिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर व्हीकल्स की बिक्री में 18 प्रतिशत का ग्रोथ कर छत्तीसगढ़ नंबर वन रहाएयह बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। जिस छत्तीसगढ़ को पहले पलायन करने वाला राज्य कहा जाता था आज वही छत्तीसगढ़ 25 सालों में अपने पैरों पर खड़े होकर दौडने लगा है। सभी सेक्टर में ग्रोथ हुआ है। 3100 रुपए कीमत पर 21 चिंटल धान प्रति एकड़ की खरीदी से किसानों के घरों में खुशहाली आई है। धान की बिक्री होती है मिलिंग होती है फिर सेंट्रल को जाता है सभी कडियां एक दूसरे से जुड़ती हैं। सरकार की ओर किए गए सरलीकरण का असर है कि व्हीकल्स बिक्री में 18 फीसदी का ग्रोथ रहा। परिवहन सचिव एस प्रकाश ने कहा कि सेंकड टाइम हैं जब आटो एक्सपो में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इससे ग्राहकए डीलर्स व सरकार सभी को फायदा होता है। पिछली बार 10 हजार व्हीकल्स की बिक्री हुई थी इस बार दुगुने बिक्री की उम्मीद है। रोड सेफ्टी के लिए परिवहन विभाग लगातार अभियान चलाता है। दीप प्रज्जवलन व गणेश वंदना के साथ ऑटो एक्सपो का अतिथियों ने शुभारंभ किया पश्चात स्वागत भाषण देते हुए राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने कहा कि राडा का यह आयोजन हमारे लिए गर्व व खुशी की बात है कि हम लगातार नवाचार प्रगति व विकास की ओर बढ़ रहे हैं। ये हमारा 8 वां एडिशन है और हमारा एसोसिएशन अब एक प्रभावशाली संगठन बन चुका है। 18 फीसदी ग्रोथ हमने पिछली बार हासिल किया था।

**रोड सेफ्टी के लिए राडा ने दिया पांच लाख का चेक:** राज्य सरकार द्वारा रोड सेफ्टी के लिए चलाए जा रहे अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पांच लाख रुपए का चेक राडा पदाधिकारियों ने प्रदान किया। उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने अवगत कराया कि हर डीलर्स वाहनों की बिक्री के साथ हेलमेट व एक पौधा कस्टमर को देकर सुरक्षा व पर्यावरण को बचाने में सहयोग का अनुरोध करते हैं।

# श्रम मंत्री देवांगन आज प्रदेश के श्रमिकों को लगभग 28.41 करोड़ के सामग्री करेंगे वितरित

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 17 जनवरी शुक्रवार को शाम 4 बजे अपने शंकर नगर स्थित निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा प्रदेश के 75 हजार 543 श्रमिकों को 28.41 करोड़ की राशि के सामग्री एवं अन्य सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान करेंगे।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के श्रमवीरों को आर्थिक मदद एवं उन्हें संबल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मंडल द्वारा 42 हजार 071 निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए 5 करोड़ 54 लाख 38 हजार रूपए की राशि के निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी वितरित की जाएगी। इसी तरह 2351 श्रमिकों को मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 4 करोड़ 70 लाख 20 हजार रूपए, 62 श्रमिकों को मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना अंतर्गत 93 हजार, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के 39 श्रमिकों को 39 लाख रूपए तथा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के 1 श्रमिक को 20 हजार रूपए की सहायता राशि वितरित करेंगे।

इस तरह मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के 210 श्रमिकों को 2 करोड़ 14 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 500 श्रमिकों को 59 लाख 24 हजार, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 3928 श्रमिकों को 7 करोड़ 85 लाख 60 हजार रूपए तथा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के 22 हजार 337 श्रमिकों को 4 करोड़ 51 लाख 25 हजार रूपए की सहायता राशि का भुगतान करेंगे।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के 1800 श्रमिकों को 62 लाख 26 हजार रूपए की सहायता राशि का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 734 श्रमिकों को एक करोड़ 46 लाख 80 हजार, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के तहत 1482 श्रमिक परिवारों को 54 लाख 90 हजार रूपए तथा मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 28 श्रमिक परिवारों को 2 लाख 21 हजार रूपए की सहायता राशि का लाभ देंगे।

## महिलाओं के आवेदन पर थानों में त्वारित कार्रवाई हो, डीजीपी को पत्र

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोगए रायपुर में एक शिकायत आवेदिका द्वारा दर्ज कराया गया जिसमें आवेदिका के वकालत के पेशे में होने से उसके ससुराल वाले नाराज रहते थे और आवेदिका की बेईज्जती करते थे। इसपर आवेदिका द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई किंतु प्रधान आरक्षक द्वारा आवेदिका के आवेदन की गोपनीयता भंग करते हुए इसकी जानकारी आवेदिका के ससुर को दे दी।

अनावेदकगणों द्वारा आवेदिका को यह कहकर प्रताडित किया जा रहा है कि पुलिस वाला हमारा रिश्तेदार है जो करना है करलो। उन आयोग की सुनवाई में समझाईश दिये जाने के बाद उपस्थित रिटायर्ड प्रधाान आरक्षक ने आवेदिका के साथ सुलह कर लिया।

विस्तृत रूप से प्रकरण सुने जाने के बाद आयोग के द्वारा डीजीपी को लिखित अनुशंसा की गई कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त थाना एवं पुलिसकर्मियों को कडे निर्देश जारी करें कि किसी भी महिला आवेदिका के आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करें और आवेदन की गोपनीयता गंग ना करें। गोपनीयता भग करने पर कड़ी कार्यवाही किया जाए।

# 3 नाबालिगों ने चाकू गोदकर की युवक की हत्या

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर जिला के तिल्दा.नेवरा से हत्या की वारदात सामने आई है। तीन नाबालिगों ने मिलकर युवक की चाकू से हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज किया है। मृतक शिव राजपूत पिता जवाहर राजपूत ग्राम कोटा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर था। आरोपियों ने पत्थर व ईट से मारपीट कर पहचान छिपाने का प्रयास भी किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू व खून से सना कपड़ा जब्त कर लिया गया है। 14 जनवरी को लोकेश कुमार जांगडे ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 14 जनवरी को रात्रि करीब 12.38 बजे घर के पास रहने वाले रवि भोई ने फोन कर बताया था कि केराबाई के घर के बगल स्थित दुकान शटर के पास एक व्यक्ति लहुलुहान हालत में पडा है। मौके में जाकर देखा गया तो व्यक्ति के सिरए चेहरा में गंभीर चोट लगकर लहुलुहान मृत हालत में पड़ा था। करीब से देखने पर शिव राजपूत पिता जवाहर राजपूत 37 वर्ष ग्राम कोटा निवासी के रूप में पहचान की गई। अज्ञात व्यक्ति ने मृतक के सिर में शरीर में वारकर तथा पत्थर ईटा से मारपीट कर हत्या कर दी थी। आरोपी के खिलाफअपराध कायम कर पतासाजी में लिया गया था। जांच पतासाजी में ज्ञात हुआ कि मृतक मूलतरू ग्राम कोटा का रहने वाला था तथा हिरमी के चखना दुकान में काम करता था। मुखबिर से सूचना मिली थी कि मृतक को तीनों नाबालिग बालकों के साथ देखा गया था। पूछताछ करने पर बालकों ने मृतक के द्वारा गाली गलौज करने से आवेश में आकर हत्या कर देना कबूल किया। कार्रवाई के बाद तीनों नाबालिग बालकों को न्यायिक रिमाण्ड के लिए किशोर न्यायालय रवाना किया गया।

## पेड़ पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के धरसीवा से आत्महत्या का मामला सामने आया हैए यहां आज गुरुवार को धरसीवा से लगे मोहदा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिलयारी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक शेखर यादव पिता मुन्ना यादव उम्र 40 वर्ष के आस पास मुक्ति धाम के पास पेड़ पर फांसी के फंद्दे पर लटकती हुई लाश मिली है। जिसकी सूचना सिलयारीचौकी को दी गई। बताया जा रहा है कि कि मृतक मृतक राज मिस्त्री का काम करता था जिसकी अर्थिक स्तिथि सही नहीं होने से वह नसाखोरी करने लगा था जिसके चलते आत्महत्या करने की ग्रामीणों ने आशंका जताई है।

# लगभग 50 चाकूबाजों एवं हिस्ट्रीशीटरों को क्राइम ब्रांच हाजिर कर दी गई कड़ी समझाइश

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। अपराधों की रोकथाम अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तलए उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की टीम द्वारा आज अलग. अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत लगभग 50 चाकूबाजों हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच में हाजिर किया गया।



चाकूबाजों हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों की परेड़ ली जाकर उन्हें कड़ाई से समझाईश दी गई कि वे किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहें तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त रहते है उनके संबंध में भी पुलिस को जानकारी देने कहा गया। प्रत्येक सप्ताह अपने संबंधित थानों में जाकर हाजिरी देने व अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करते हुयेए पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो तत्काल उपस्थित होने कहा गया। उनके निवास क्षेत्रों के आसपास किसी भी प्रकार की छोटी.बड़ी घटना होने पर सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा क्षेत्र में सुरक्षा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने कहा गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो में गुण्डाए डॉन माफिया गैंगस्टर सहित अन्य कई विभिन्न नामों से अपना आई.डी बनाकर हाथ में चाकू तलवार एयर गन पिस्टलनुमा लाईटर गन सहित अन्य हथियारों के साथ फोटोए विडियो व रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम आइ.डी में अपलोड कर पोस्ट करने वालों को भी कड़ाई से समझाईश दिया गयाए कि वे इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना करें तथा किसी भी प्रकार के अपराधों में लिप्त ना रहें। साथ ही ऐसे लोगों के आई.डी को सायबर सेल की टीम द्वारा डिलीट कराया जा रहा है। अब तक कुल 250 से अधिक चाकूबाजो हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधिक तत्वों को क्राईम ब्रांच हाजिर कर कड़ाई से समझाईश दिया जा चुका है।

# मुर्गा काटने वाले कटार से जानलेवा हमला, 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। खमतराई के दो पक्षों एक.दूसरे पर जानलेवा हमला करने वाले एक नाबालिग 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घनश्याम साहू थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 जनवरी की रात लगभग 10.00 बजे वह घर में था। तभी इसके बड़े भाई दुर्गेश साहू का फोन आया और बोला कि उससे गुलजार और उसके साथी झगड़ा कर रहे है। जल्दी आओ तब जलाराम मंदिर के पास गया तो देखा कि गुलजार पुटवा उर्फजमील जलालु कासिम उसके पिता नसीरूउद्दीन खान मंसूरी इसके बड़े भाई दुर्गेश के साथ मारपीट कर रहे थे। मना कर समझाने लगा तो इसे भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। और धनश्याम बड़े भाई दुर्गेश साहू को सभी हाथ मुक्का से तथा गुलजार लोहे के मुर्गा काटने वाला कटार और राड चाकू से हमला किया। मारपीट से धनश्याम के बांए गाल बांये पैर व दाहिने कथा में दुर्गेश साहू को सिर में दाहिने हाथ में मुंह में चोटें आई। इस रिपोर्ट पर धारा 296 351;3 115 ;2 3;5 बीएनएस दर्ज कर तलाश कर रही थी। और बुधवार को एक नाबालिग समेत मोहम्मद नसीरूद्दीन मंसूरी मोहम्मद जीमल उर्फपुटवाए मोहम्मद कासिमए को गिरफ्तार किया एक अन्य फरार आरोपी जलालू की तलाश जारी है।



# देवरानी-जेठानी के बीच डंडे से मारपीट

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कल शाम पुलिस ने मारपीट के प्रकरण दर्ज किया है। इसमें घर के सामने नाली में कचरा फेंकने की बात पर देवरानी जेठानी चखना सेंटर में चखना लेने गए दो लोगों को महिला ने जोर से बोलने की बात पर डण्डे से पीटा शराब की शीशी सड़क्त पर फेंकने से मना करने पर राहगीर के साथ मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक माना इलाके में धरमपुरा भाठापारा निवासी दानेश्वरी साहू ने अपनी ही जेठानी के खिलाफ थाना जाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि बुधवार दोपहर को वह अपने घर के सामने फर्नीचर दुकान के पास खड़ी थी। तभी देवरानी यशोदा साहू घर के बाहर नाली में कचरा डाल रही थी। जिसे दानेश्वरी के मना करने पर यशोदा उसके साथ गाली गलौज करने लगी। इस दौरान दोनों के बीच हाथापाई हो गई। झगड़े में दोनेश्वरी साहू को चोट आई। खरोरा में भी कल शाम मौसम यादव ने चखना ठेला सचालक महिला के खिलाफपुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मौसम और ओम प्रकाश शाम 7.30 बजे दोनों चाखना लेने कौशल निषाद की दुकान पर गए थे। दुकान में उसकी पत्नी चित्ररेखा निषाद थी। मौसम यादव ने तेज आवाज में चखना मांगा। इतने में चित्ररेखा निषाद मौसम और ओमप्रकाश के साथ गाली गलौज कर पास पड़े हण्डे से पिटाई कर दी। इधर सिविल लाइन इलाके में छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास कल रात शराब के नशे में नदीम कुरेशी अपने दोस्तों के साथ सडक पर शराब की शीशी तोड़ रहे थे। असलम रजा खान उसी समय अपने दोस्त फिरोज के साथ कटोरा तालाब से अपने घर बेरन बाजार जा रहा था। इस बीच नदीम कुरैशी और उसके साथी छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास सडक पर शराब की शीशी तोड़ रहे थे। इसे देख असलग रजा ने नदीम को सडक पर शीशी फेंकने से मना करने पर नदीम और उसके साथी ने धक्का मुक्की और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ296 115.7 351.2 का अपराध दर्ज किया है।

## एक दर्जन से अधिक थानेदारों का तबादला

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। पिछले माह रायपुर जिले की कमान सम्हालने वाले एसएसपी लाल उमेद सिंह ने आज रात का 20 में से एक दर्जन थानेदार बदल दिए हैं। रिजर्व लाइन से दो निरीक्षक फील्ड में पदस्थ किए गए है। इनमें आरआई वैभव मिश्रा को यातायात अनीश स्वस्थी को यातायात से हटाकर लाइन भेजा गया। विनय सिंह बघेल तेलीबांधा से टिकरापाराए मनोज साहू टिकरापारा से खम्हारडीह नरेन्द्र मिश्रा खम्हारडीह से तेलीबांधा सचिन सिंह मंदिरहसौद से खमतराई शिवनारायण सिंह खमतराई से डीडी नगर शिवेन्द्र 20जपूत डीडी नगर से विधानसभा यशवंत सिंह विधानसभा से गंज प्रमोद सिंह आजाद चौक से राजेन्द्र नगर जितेन्द्र ताम्रकर राजेन्द्र नगर से आजाद चौक लखन पटेल गंज से यातायात अविनाश सिंह रिजर्व लाइन से मंदिर हसौद श्रुति सिंह कंट्रोल रूम से सरस्वती नगर स्वराज त्रिपाठी सिविल लाइन से कंट्रोल रूम रविन्द्र यादव सरस्वती नगर से यातायाार नरेन्द्र साहू डीडी नगर से आजाका इनके अलावा 21 एसआइ एएसआई हवलदार बदले गए हैं। जो इन थानों में 10 वर्ष से अधिक पदस्थ रहे।

# साइबर ठग अब बैंकों जैसे हूबहू फर्जी मैसेज भेज रहे

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। रायपुर में साइबर ठगी करने वालों ने अब बड़े बैंकों के नाम से उनके ग्राहकों को फर्जी मैसेज भेजना शुरू कर दिया है। उन्हें रिवार्ड पॉइंट रिडीम करने वाले मैसेज भेज रहे हैं। इसकी आड़ में उन्हें एपीके फाइल डाउनलोड करने को कहते हैं और जैसे ही ग्राहक एपीके फाइल डाउनलोड करते हैंए वैसे ही उनके मोबाइल की सारी जानकारी ठगों तक पहुंचती है।



हर साल सैकड़ों से ऑनलाइन ठगी

**हर साल सैकड़ों से ऑनलाइन ठगी:** हर साल रायपुर जिले में सैकड़ों लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार होते हैं। पिछले साल भी 7 हजार से अधिक लोग साइबर ठगी के शिकार हुए हैं। ठगी में शिकार होने वालों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो इनजान लिंकों को ओपन करते हैं या इस तरह के लुभावने मैसेजों के झांसे में आते हैं। मैसेजए लिंक भेजकर साइबर ठग लोगों को लालच देते हैं। एसबीआई ने सोशल मीडिया के जरिए अलर्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि धोखाधड़ी करने वालों से सावधान! देखा गया है कि धोखाधड़ी करने वाले एसएमएस या वाट्सऐप पर एसबीआई रिवार्ड पॉइंट्स रिडीम करने के लिए एपीके फाइल डाउनलोड करने का लिंक भेज रहे हैं। ध्यान दें कि एसबीआई कभी भी एसएमएस अथवा वाट्सऐप पर एपीके फाइल डाउनलोड करने और रिवार्ड पॉइंट क्लेम करने के लिए इस तरह के संदेश नहीं भेजता है। कभी भी ऐसे लिंक पर क्लीक न करें।

**1930 में करें कॉल:** किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करें। इससे केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम तत्काल एक्शन लेती हैं। संबंधित बैंक खातों को होल्ड कराया जाता है।

## छत्तीसगढ में 25 से 28 फरवरी गोल्फ टुर्नामेंट

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अरुण साच दिल्ली गोल्फ क्लब में सायोजित प्रोफेशनल मोल्फटूर ऑफइंडिया के इवेंट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस काजाम में श्री साब ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नया रायपुर के फारचे गोल्फएल लैक रिसोर्ट में 25 से 28ध्७.रवरी तक गोल्म्स प्रतियोगिता होगी। जिनकी पुरस्कार राशि । करोड़ रुपए है। गौरतलब है कि प्रोफेशनल गोल्फटूर ऑफइंडिया 2025 के सीजन की शुरुआत 11 फरवरी को कोलममता के टीलीगंज क्लब में प्लेगर्स चैंपियनशिप के साथ होगी। अगले सप्ताह यह आयोजन अहमदावाद में होगाए जबकि तीसरा आयोजन 25 फरवरी से नया रायपुर में होगा। श्री साव ने कहा कि उसगढ़ में पहाती बार आयोजित होने वाले प्रोफेशनल मोल्क इवेंट के आयोजन में पीजीटीआई के साथ खुशी महसूस कर रहा हूं। इस उद्घाटन चैंपियनशिप में छत्तीसस को एक आकर्षक गोल खेल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी और इससे राज्य में गोल्फके प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा। संवाददाता सम्मेलन में पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव इंडोरीमा के कार्यकारी निर्देशक विशाल लोहीया निस्टीरियल प्याइस के मालिक राहुल मेहता एवं कैलास से अमित गोविल उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़े और अच्छे नंबरों से पास हो : अजय तिवारी

**रायपुर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय उ.म विद्यालय बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक रायपुर में आज पुरस्कार वितरण समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय तिवारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विद्यालय समिति थे। इस अवसर पर हरि वल्लभ अग्रवाल प्रोफेसर किशोर अग्रवाल राम अवतार तिवारीए रूपचंद श्रीमालए रमेश सुलतनियाए डॉ संगीता घई प्राचार्य डागा कन्या महाविद्यालय प्राचार्य पी डी दीवान के अलावा समस्त अध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम के अगली कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य पी डी दीवान के द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके के बाद कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित अजय तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा कि जो छात्र छात्राएं सालभर विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते है और उसमें जो जीतते उन्हें मै अपनी शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होनें कहा कि अब समय पढ़ाई का है क्योंकि आने वाले दिनों में बोर्ड परीक्षाओं के साथ साथ शाला की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही है जिसके लिये मन लगाकर पढे और अच्छे से मेहनत करते हुए अच्छे नंबरों से पास हो। इसके बाद विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।



राष्ट्रीय विद्यालय कचहरी चौक में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

## संपादकीय

# महाकुम्भ में छग की उपस्थिति

*सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर प्रारम्भ हुआ महाकुम्भ बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहा है। देश-विदेश से बड़ी तादाद में वहां लोग पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ से भी कई लोग वहां जा रहे हैं। महाकुम्भ में सतत विकसित होता यह राज्य दो तरीकों से अपनी उपस्थिति दर्शा रहा है। पहला है वहां लगी छग सरकार की प्रदर्शनी जो बरबस वहां जनता को खींच रही है। जबसे महाकुम्भ प्रारम्भ हुआ है, हर रोज वहां लोग आ रहे हैं। इसमें इस अंचल के इतिहास, यहां की कला-संस्कृति, पर्यटन स्थल, उद्योग-व्यवसाय, शहरी विकास आदि का सचित्र वर्णन किया गया है। इसके अलावा यहां से जाने वालों को रहने, नाश्ते एवं खाने की भी सुविधा राज्य सरकार की ओर से की गयी है।*

*जब सारी दुनिया से इतनी बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं तो जाहिर है कि रहने आदि की समस्या होगी ही। विशेषकर, ठंड का मौसम है और उत्तर भारत में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से बचना ज़रूरी है। छग से जाने वाले श्रद्धालुओं को चाहिये कि इस सुविधा का वे लाभ उठायें ताकि वे आराम से वहां रह सकें और महाकुम्भ का लाभ उठा सकें। सरकार की ओर से जानकारी दी गयी है कि छत्तीसगढ़ पेवेलियन मेला क्षेत्र के सेक्टर- 6 में बघाड़ा मेला के पास लगाया गया है। यहां तक पहुंचने के लिये लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना होगा तथा प्रयाग रेलवे स्टेशन इसके नज़दीक पड़ता है। जो लोग हवाई मार्ग से जायेंगे वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय होते हुए यमुना ब्रिज पार कर यहां पहुंच सकते हैं।*

*जहां तक प्रदर्शनी की बात है, तो कहा जा सकता है कि अल्प अवधि में जितनी बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं, प्रदेश के बारे में विभिन्न जानकारियां उन तक पहुंचाने का यह नायाब अवसर है। अपनी स्थापना के लगभग 25 वर्ष पूर्ण कर रहा छत्तीसगढ़ अब भी या तो लोगों के लिये अनजान है अथवा उसके बारे में जनसामान्य को पूरी जानकारी नहीं है। प्रदेश को माओवाद के लिये जाना जाता है परन्तु बहुत कम लोग जानते हैं कि अब यह हिंसा आधारित विचारधारा खात्मे की ओर है। यह राज्य कला-संस्कृति के प्रेमियों व शोधकर्ताओं को नये अनुभव देता है तथा पर्यटन के अनेक आकर्षक केन्द्र यहां हैं।*

*इसके अलावा हाल के वर्षों में यह प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। यहां विभिन्न तरह के व्यवसायों एवं सेवा सेक्टर ने अच्छी ग्रोथ की है। अनेक शिक्षण तथा स्वास्थ्य संस्थान यहां हाल के वर्षों में खुले हैं और बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। विभिन्न पेशों के विकास के लिये भी यहां असीमित गुंजाइशें हैं। चिकित्सकों, शिक्षाविदों, वास्तुविदों, बिल्डरों-डेवलपरों के लिये छग अच्छे अवसर प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी करोड़ों लोगों को इन सब तथ्यों से अवगत करायेगी।*

## उल्टा पुल्टा

एक लड़का एक सुंदर लड़की को बड़ी देर से घूर रहा था..
लड़की (गुस्से में)- क्या देख रहे हो?
लड़का (हड़बड़ी में)- देख रहा हूँ कि अगर तुम मेरी अम्मा होती तो मैं भी सुन्दर होता..!

# बोरसी में 25 वर्ष पुरानी सिवरेज का होगा संधारण, विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग चुनाव के मद्देनजर वार्ड पार्षदों की सक्रियता के साथ ही दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने भी वार्डो में विकास कार्यो को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। विभिन्न वार्डो में वे प्रस्तावित निर्माण कार्यो के लिये भूमिपूजन कर कार्य तत्काल ही शुरू करने की हिदायतें संबंधित अधिकारियों को दे रहे है।

नगर निगम के चुनाव सिर पर आ गये है। दो चार दिनों के भीतर आचार संहिता घोषित की जा सकती है। इसे देखते हुए वार्ड पार्षदगण अपने अपने वार्डो में प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्य शुरू करने की हड़बड़ी दिखा रहे है। इसमें भाजपा के निवृत्तमान पार्षदों व चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता बेहद सक्रिय होकर विधायक श्री यादव से मिलकर प्रस्तावित कार्यो के लिये भूमिपूजन कराने तथा निर्माण कार्यो का लोकार्पण कराने में लगे हुए है।



इसी क्रम में बोरसी कालोनियों के निवासियों ने बड़ी संख्या में विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर उनसे पुराने जर्जर हो रही 25 वर्ष पुरानी सिवरेज लाईन को बदलकर वहीं नई सिवरेज पाईप लाईन बिछाने की मांग की। इस मांग को स्वीकृत करते हुए विधायक श्री यादव ने वार्ड क्रमांक 50 बोरसी कालोनी में नई सिवरेज लाईन बिछा देने से वार्ड में गंदे पानी की समस्या का निराकरण हो जायेगा। लोगों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

■ **चंडी मंदिर वार्ड में सड़क डामरीकरण कार्य**

इसी तरह चंडी मंदिर वार्ड क्रमांक 33 में चंडी मंदिर के सामने सड़क डामरीकरण कार्य के लिये विधायक गजेन्द्र यादव ने भूमिपूजन कर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ सड़क डामरीकरण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। भूमिपूजन के इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद शशि द्वारिका साहू, देवनारायण चंद्राकर, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, मनीष साहू, बंटी चौहान, साजन जोसेफ, संतोष सोनी, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित थीं।

# सेन्ट्रो कार में घूमघूम कर चोरियों को अंजाम देने वाले 4 शातिर चोर गिरफ्तार

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। दुर्ग के अंजोरा थाना क्षेत्र में तीन सप्ताह पूर्व हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पूराने चोर एवं शातिर नकबजन के द्वारा शहर व देहात क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो इन तक पहुंची। इस मामले में पुलिपु स ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 20.7 तोला सोना एवं 2 किलो 300 ग्राम चांदी, 02 एक्टिवा स्कूटर, 01 सेन्ट्रो कार जुमला कीमती करीबन 19 लाख, 20 हजार रुपए बरामद किया है।

ग्राम सिलोदा निवासी महेन्द्र कुमार यादव ने चौकी अंजोरा पहुंचकर इस संबंध में 26 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर 2024 के शाम घर पर ताला लगाकर अपने रिश्तेदार के घर गया था। 26 दिसंबर को वापस घर आया तो घर का ताला टूटा हुआ था घर के अन्दर सामान बिखरा पडा था। आलमारी का ताला टूटा हुआ था और घर से सोने एवं चांदी के आभूषण एवं नगदी रकम गायब मिली। इस मामले में चौकी अन्जोरा, थाना पुलगांव में धारा 305, 331 (4) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर चोरों की धरपकड़ के लिए चौकी अंजोरा व एसीसीयू की टीमों को लगाया गया। पुलिस की टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी के लिए घटना स्थल निरीक्षण कर आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों से पूछताछ की गई। त्रिनयन एप की मदद लेते हुये घटना स्थल के आस.पास के सीसीटीवी का घटना दिनांक की रात्रि फूटेज के अवलोकन दौरान एक संदिग्ध सेन्ट्रो कार दिखाई दिया। उक्त संदिग्ध सेन्ट्रो कार के संबंध में पतासाजी के लिए दुर्ग, एवं भिलाई क्षेत्र के मुखबिरों को कार का फोटो भेजा गया था एवं जेल से छूटे अपराधी एवं पूराने चोरों के पास उक्त संदिग्ध सेन्ट्रो कार होने के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जेपी नगर केम्प 2 निवासी अनीश उर्फभोलू किराये का मकान लेकर जवाहर नगर में रह रहा है जो वर्तमान में सिल्वर कलर की सेन्ट्रो कार लिया है। कार से घूम-घूमकर वह चोरी कर रहा है। सूचना के बाद टीम ने अनीश उर्फ भोलू को हि रासत में लिया। पूछताछ में अनीश ने बताया कि किशन उर्फकिशोर बंजारे एवंडी उदय कुमार उर्फअन्ना के साथ मिलकर ग्राम सिलोदा में 25-26 दिसंबर 2024 एवं जामुल क्षेत्र के ग्राम खेदामारा में 20 दिसंबर 2024 को चोरी किया। इसके अलावा गुरजीत सिंहसिं उर्फ बॉबी के साथ मिलकर 19 अक्टूबर 2024 को धमधा बस्ती में एवं आर्य नगर को हका में 8 नवंबर 2024 को चोरी की।

■ **सोना, चांदी, 1 सेंट्रोकार, 2 एक्टीवा कुल मिलाकर 19 लाख का माल बरामद**

अनीश के बयान के बाद पुलिस ने उसके साथियों किशन उर्फकिशोर बंजारे, डी उदय कुमार उर्फअन्ना व गुरजीत सिंह उर्फबॉबी को भी पकड़ा। पूछताछ में सभी ने चोरी करना स्वीकार किया। चोरी की सम्पति अपने.अपने पास घर में रखना बताया।

आरोपियों के निशानदेही पर आरोपियों के कब्जे से 20.07 तोला सोना एवं 2 किलो 300 ग्राम चांदी एवं घटना में प्रयुक्त सेन्ट्रो कार एवं 2 एक्टिवा स्कूटर को जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू से एएसआई गुप्तेश्तेवर यादव, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक जी रवि, तिलेश्वर राठौर, बालमुकुन्द साहू, कोमल सिंह, नरेन्द्र सहारें, सनत भारती, विक्रांत सिंह, महिला आरक्षक आरती सिंह, एवं चौकी अंजोरा से प्रधान आरक्षक आशीष राजपूत उल्लेखनीय भूमिका रही।

# रिसामा वासियों को 3 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात : ललित चंद्राकर



**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम रिसामा में 296.82 लाख से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले पुलगांव नाला पर रपटा कम एनीकट निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा एनीकेट रपटा निर्माण कार्य क्षेत्र वासियों व ग्राम वासियों बहुप्रतीक्षित मांग थी जिसको हम आज पूरा करने जा रहे हैं यह एनीकेट से किसानों के लिए जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद सदस्य लेखन साहू, सरपंच गीता महानंद, कार्यपालन अभियंता आशुतोष शाश्वत, एसडीओ पी.एन.साहू, सहायक अभियंता ए.के बरसागड़े, उप अभियंता आर एस अनंत स्थल सहायक राधेश्याम गिरी, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, भाजपा कार्यकर्ता अजीत चंद्राकर लिकेश्वर साहू, आसवन साहू, देव कुमार निर्मलकर खेमलाल साहू प्रेमलाल साहू ढेलू राम पटेल, हलदर साहू डोमल साहू परसराम पटेल भवानी पटेल खेमलाल साहू भानुप्रिया पटेल रामेश्वरी सारथी मोती साहू भूखंन बाई यादव चंपा बाई साहू व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दिल्लीवार कुर्मि समाज के केन्द्रीय पदाधिकारियों के लिये 23 फरवरी को होगा मतदान

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के केन्द्रीय पदाधिकारी चुनाव 2025 के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक चुनाव के विविध चरण पूरे किए जाएंगे। केंद्रीय पदाधिकारी के लिए मतदान 23 फरवरी को किया जाएगाए जिसका परिणाम 25 फरवरी को आएगा। चुनाव से संबंधित सभी कार्य सुभाष नगर दुर्ग स्थित समाज के प्रधान कार्यालय से संपन्न होगा। केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र दिल्लीवार एवं उपाध्यक्ष अश्वनी सुकतेल ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इन्होंने बताया कि इस बार के चुनाव में नियम और शर्तों में कुछ संशोधन किए गए हैं। विस्तृत जानकारी प्रधान कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराने में 42 दिन लगेंगे। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज के चुनाव के तहत चुनाव के पद अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, केन्द्रीय महिला अध्यक्ष, केन्द्रीय महिला सचिव, केन्द्रीय नवयुवक अध्यक्ष, केन्द्रीय नवयुवक सचिव का चयन किया जाएगा।

# सड़क किनारे खड़े कंडम वाहनों को न हटाये जाने पर वाहन मालिक पर होगी कड़ी कार्रवाई

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी गली, सड़क के किनारे खड़ी करके रखे गये कंडम वाहनों को अगर वाहन स्वामी 15 दिनों के भीतर हटाकर रास्ता साफ नहीं करते तो नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। श्री अग्रवाल ने कहा है कि सड़कों पर दूकानों व मकानों के सामने खड़े करके रखे गये कंडम वाहनों से यातायात अवरोध होने क साथ ही पर्यावरण भी प्रभावित होता है। अत: वाहन मालिक 15 दिनों के भीतर अपने वाहनों को सड़कों से हटा लें अन्यथा नगर निगम वाहन जब्त करने के साथ ही उन पर जुर्माना भी लगायेगी।



श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़कों के किनारे वर्षो से कंडम पड़े छोटे बड़े वाहनों के कारण अनेक समस्याएं उत्पन्न होती है। इन वाहनों के आसपास अनावश्यक झाड़ झंखाड़ उग जाते है। इससे कचरा व अन्य कबाड़ भी जमा हो जाता है। इनकी आड़ में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी बढ़ जाती है। पर्यावरण व अन्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती है जिनसे निजात पाने नगर निगम ने ऐसे वाहन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया है। अत: वाहन मालिक स्वयं ही अपने कंडम वाहनों का निराकरण करा लें अन्यथा जुर्माना वसूली के साथ ही वाहन की जब्ती भी की जायेगी।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक कल राजीव भवन में लेंगे बैठक

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव के परिप्रेक्ष्य में दुर्ग नगर निगम चुनाव के लिये कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय 18 जनवरी को दोपहर 1 बजे राजीव भवन में कांग्रेसजनों की बैठक लेगें। यह जानकारी पूर्व विधायक अरूण वोरा ने दी। श्री वोरा ने बताया कि कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव को लेकर लगातार सक्रिय है। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस नगर निगम स्तर पर अपनी गतिविधियां कार्यकर्ताओं के बीच बनाये हुए है। सभी ब्लाक इकाइयों द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठलें ली जा रही है। कांग्रेस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया जा चुका है। वरिष्ठ कांग्रेसी परमजीत सिंह भुई इसके प्रभारी है। आवश्यकता पड़ने पर वे कांग्रेस भवन पहुंचकर अपनी कार्रवाई करते रहते है। श्री वोरा ने बताया कि नगर निगम चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नीतियां व कार्यक्रमों का खुलासा 18 जनवरी की बैठक में पर्यवेक्षक श्री उपाध्याय करेगें।

# बेमेतरा में प्लेसमेंट कैम्प 21 को

**बेमेतरा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 65 में 21 जनवरी 2025 को प्रात: 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नियोक्ता शिव शक्ति एग्रीटेक तेलीबांधा रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 140 पद, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतनमान 8300-30000 आयु 22 से 45 वर्ष, स्थल कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, खैरागढ़ हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आभा जार्ज ने देहदान की घोषणा कर अपने जन्मदिन को बनाया यादगार

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। श्याम नगर निवासी आभा जीशिन जार्ज ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने देहदान की घोषणा कर अपने जन्मदिन को सार्थक बनाया व देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, सुरेश जैन व प्रभु दयाल उजाला को सौंपी। ईश्वर गुप्ता व आदित्य यादव देहदान की वसीयत के साक्षी बन, आभा के पति जीशिन जार्ज ने सहमति दी। आभा ने कहा बहुत समय से उनकी इच्छा थी की वो अपना देहदान व नेत्रदान कर अपना सामाजिक कर्तव्य निभाएं।




नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य पियूष मालवीय ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को नेत्रदान, देहदान व रक्तदान हेतु जागरूक कर रही है जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं भविष्य में यदि कोई देहदान व नेत्रदान पर कोई जानकारी चाहता है तो हमारे सदस्यों से सम्पर्क करें या 9826156000/9827476558 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

# आम जनता को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन के निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह. 2025 का आयोजन कर आम जनता को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में परिवहन विभाग दुर्ग द्वारा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में आज सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया।



■ **राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2025**

जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद एक्का अपर कलेक्टर दुर्ग द्वारा उपस्थित छात्र.छात्राओं को सम्बोधित किया कि आप सभी युवा है, आगे जीवन में बहुत कुछ करना है, जीवन बहुमूल्य है, फलत: सभी ड्राईविंग लायसेंस बनवाये एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देवें। विशिष्ट अतिथि एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी ने कहा कि आप सभी युवा देश का भविष्य है लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से दुर्घटना होने की संभावना होती है, सुरक्षित वाहन चलावें, स्टण्ड करने से बचें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल. लकड़ा ने कहा कि वाहन चलाते समय स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखे, हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी तथा युवाओं को नशा पान से दूर रहकर अपना भविष्य बनाने पर जोर दिया। परिवहन निरीक्षक विष्णु प्रसाद ठाकुर ने दुर्ग जिला एवं छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यातायात नियमों एवं संयमित गति से वाहन चलाने तथा यातायात नियमों से अवगत कराया गया। परिवहन निरीक्षक विकास शर्मा ने कहा कि चलानी कार्यवाही से बचने के लिए हेलमेट न पहने अपितु स्वयं की सुरक्षा व सुगम यातायात के लिए पहने हेलमेट पहनने की आदत बनावे व दूसरों को भी प्रेरित करेए वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करेए जेब्रा क्रॉसिंग, ओवर स्पीड, बाईक पर तीन सवारी चलने से बचें। डॉ.शशीनाथ झा प्रभारी प्राचार्य द्वारा भी सावधानीपूर्वक निर्धारित गति पर वाहन चलाने लायसेंस बनवाने की अपील की गई।

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिनके लायसेंस नहीं बने हुए थे, उनका लर्निंग लायसेंस बनाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुभाष बंजारे, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मुग्धा साहू एवं तरूण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र.छात्राएं उपस्थित थे।

# भारत के आर्थिक विकास नवाचार और रोजगार सृजन में स्टार्टअप के महत्वपूर्ण योगदान : कलेक्टर

**दुर्ग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिला इनक्यूबेशन हबए टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन (टीआईएफ) और दुर्ग जिला प्रशासन की एक संयुक्त पहल से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, छात्रों, सरकारी अधिकारियों और हब में कार्यरत उद्यमियों का एक जीवंत मिश्रण एक साथ आयाए जिसने क्षेत्र की बढ़ती उद्यमशीलता की भावना को उजागर किया।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने उद्यमशीलता के क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने में हब की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक विकास, नवाचार और रोजगार सृजन में स्टार्टअप के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करने लिए 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जा रहा है। नवाचार, रोजगार सृजन और तकनीकी उन्नति में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है। मनुष्य जीवन की मूलभूत आवश्यकता रोटीए कपड़ा और मकान है। प्रदेश के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो रही है, किंतु पर्याप्त आमदानी प्राप्त नही हो रही है। आर्थिक रूप से सक्षम व अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा और इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। यदि कोई युवा या व्यक्ति उद्यमिता के क्षेत्र में नवाचार करने के इच्छुक हैं तो उन्हें शासन व प्रशासन की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी। यदि आप उस क्षेत्र में असफल भी होते हैं तो निराश होने की जरूरत नही है। असफलता हमारी कमजोरी दिखाती है। उन्हें दूर कर हम भविष्य में सफल हो सकते हैं।




नगर पालिका निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पांडे ने स्थानीय स्टार्टअप का समर्थन करने और क्षेत्र के आर्थिक ढांचे में उद्यमशीलता को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए। इस दौरान प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार ने स्टार्टअप और उद्यमिता पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। सुजय दीक्षित सीईओ. टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन ने डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब के विजन को साझा किया। इस कार्यक्रम में हब के सहयोगात्मक प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। दुर्ग के उद्योगों और इसके निवासियों के विकास को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया गया। डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब की स्थापना दुर्ग जिले व यहां निवासरत लोगों के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी प्रकार के स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए किया गया है। हब का उद्देश्य स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और महिलाओं और कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों को सशक्त बनाना है।

स्टार्टअप कृषि, हस्तशिल्प और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए सलाह और बुनियादी ढाँचा प्रदान करना। शिक्षा जगत के साथ नवाचार और उद्यमशीलता की सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी करना है।

## अनुकूल जयंती 19 को

**भिलाईगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। आगामी 19 जनवरी को भिलाई कालीबाड़ी सेक्टर 6 में ठाकुर अनुकुलचंद्र का 137 वा जन्मोत्सव की ओर से देवघड़ के प्रेममय ठाकुर अनुकूल चंद्र का 137 वा जन्म महोत्सव आगामी 19 जनवरी रविवार को सुबह 9 बजे से धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम शुरू होंगे तथा दोपहर 12 बजे से आंनद बाजार प्रारम्भ होगा तथा समापन शाम 4 बजे होगा। सम्मेलन में झारखंड, मध्य भारत के विभिन्न जिले सहित छत्तीसगढ़ के पखांजूर, बिलासपुर, रायपुर मानाए कांकेर, राजनांदगांव दुर्ग सहित अनेको क्षेत्रों से सत्संग गुरु भाई बहने पहुंचेंगे। धर्म सभा में ठाकुरजी के संदेश को जानने के लिए भिलाई के जनमानस से उत्सव में शामिल होने की अपील सत्संग बिहार के एसपीआर सुशांतो सेनगुप्ता ने की है। उपरोक्त जानकारी सत्संग बिहार के गुरु भाई सुमन शील ने दी है।

# कर्मी समय पर कार्यालय पहुंचे : आयुक्त

**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निगम मुख्य कार्यालय के सभी विभागो में जाकर आकस्मिक निरीक्षण किये। वहां जाकर उनके द्वारा किये जा रहे आफिस कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त किये। सभी विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियो को यह भी निर्देशित किये की सब लोग सुबह 10 बजे अपने कार्यालयीन अवधि में आफिस आकर निष्ठा एप्प लागाये। 10.10 बजे के बाद निष्ठा ब्लाक हो जाएगा और अपने दायित्वो का निर्वहन करके समय पर अपने घर जाये। सभी कर्मचारी यह ध्यान दे कोई भी आवेदक, जनता आती है, तो उसको पुरी जानकारी दे। सर्वप्रथम उनसे अच्छी शैली में बात करें और उसको संबंधित विषय की पुरी जानकारी दें। आवेदक को बार.बार निगम न आना पड़े। भूमि आबंटन, नामंत्रण, फ्रीहोल्ड के प्रकरणो का निराकरण आवेदन जमा होने के 2 माह के अंदर कार्य पूर्ण करना होगा। इस संबंध में राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी ने बताया कि नामंत्रण, फ्रीहोल्ड के प्रकरणो का समाचार पत्रों में प्रकाशन होता है। उसमें 1 माह का समय अवधि दिया जाता है। आवेदक को किसी प्रकार का दावा आपत्ति है, तो उसक माध्यम से आफिस आकर कर सकते है। उसके बाद सभी प्रकार की फाईलिंग कार्य 1 माह के अंदर पूर्ण करके आवेदक को सूचित किया जाएगा। पुरे कार्य की समय अवधि 2 माह अधिकतम होगी। आयुक्त पाण्डेय ने यह भी कहा मेरे पास कोई भी प्रकरण 1 दिन से ज्यादा नहीं रूकेगा। फाईल जिस विषय से संबंधित है, उसके बारे मे पूरी जानकारी के साथ संक्षिप्त में लिखकर भेजें, जिससे फाईल के बारे में समझने में आसानी हो। इसी तारतम्य में योजना, संपत्तिकर, भवन अनुज्ञा, काउन्टर शाखा, कैश काउन्टर, राजस्व विभाग, जनसूचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग में जाकर फाइलो को जांच किये। कितने दिन में आवेदन आया, कितने दिन में



निराकरण किया गया, यदि विलम्ब हुआ तो क्यों हुआ। इसके बारे में विभागीय अधिकारी से जानकारी प्राप्त किये। यह भी कहा की कार्य पूर्ण हो जाए तो संबंधित आवेदक को मोबाईल नम्बर पर सूचित करे।

**42 कर्मियों की डयूटी उद्यान विभाग में**

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जारी आदेश में आशिक संशोधन करते हुए नगर निगम भिलाई में कार्यरत 42 नियमित सफाई कर्मचारियो को उद्यानों की साफ सफाई, रखरखाव, पानी डालने आदि कार्यो हेतु उद्यान विभाग में पदस्थापित किये गये। इसमें से 17 कर्मचारी मुख्य कार्यालय, 4 जोन-1 नेहरू नगर, 2 जोन-2 वैशाली नगर, 7 जोन-3 मदर टेरेस नगर, 2 जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार एवं 10 कर्मचारी जोन-5 सेक्टर 6 से लेकर उद्यान विभाग में पदस्थ किये गये। सभी कर्मचारियो का मूल पद सफाई कामगार है। ये मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के विभिन्न कार्यो में संलग्न थे। निगम भिलाई में प्रमुख रूप से 150 से अधिक उद्यान है। जिसकी साफ सफाई, रखरखाव, पानी डालना, व्यवस्थित रखना, खाद डालना, झाड़ियो की कटाई.छटाई करना आदि प्रमुख कार्य है। आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किये है कि इन कर्मचारियो के माध्यम से उद्यानों को व्यवस्थित किया जाएए उसकी मानिटरिंग भी की जाए। पांचो जोन आयुक्त को भी निर्देश किये है कि सभी उद्यानों में पानी, पाईप एवं लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ किया जाए। यदि कोई संस्था बैंक, सोसायटी, कंपनी, स्थानीय निवासी किसी भी उद्यान को स्वयं के व्यय से रखरखाव करना चाहते है। तो निगम से अनुबंध करके ले सकते है। उसमें अपनी संस्था का प्रचार.प्रसार, विज्ञापन बोर्ड आदि भी कर सकते है। कुछ उद्यानों को दिया भी गया है। नागरिक सहभागीता से उद्यानों का रखरखाव करने का अभियान चलाया जा रहा है।

## स्लम स्वास्थ्य योजनाओं से लोगों को मिल रहा लाभ



**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक में केवल महिलाओं का इलाज किया जाता है, जो अपने आप में एक मिसाल है। 18 प्रकार का निशुल्क जांच एवं नि:शुल्क दवा वितरित होता है। सुबह जांच करावो शाम तक फोन के माध्यम से जानकारी मिल जाती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दाई-दीदी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करने गए। निर्देश दिए की दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाने से पहले स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को पहले से सूचना देने के लिए कहे। जिससे सबको पता हो कि हमारे वार्ड में कहां पर दाई दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल क्लिनिक लग रहा है। इससे अधिकतम लोगो को शासन के सुविधा का लाभ मिलेगा। आयुक्त पाण्डेय को बुर्जुग महिला प्रेमी भाई 62 वर्षीय कोसानाला में मिली उसका स्वास्थ्य खराब था, उसे दाई.दीदी क्लीनिक में ले जाकर जांच कराकर ईलाज करवाये और उसको घर तक छोड़े। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशांन शर्मा जानकारी भी प्राप्त किए। उन्होने बताया कि अभी पूरी दवाई मिल रही है।

## पार्षद निधि से निर्मित चौक का लोकार्पण



**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु) रिसाली के वार्ड 25 कृष्णा टॉकीज रोड, एस 2 एस कोचिंग के समीप आयोजित चौक सौंदर्यीकरण लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। यह सुंदर एवं विकसित चौक हमर मयारू वार्ड 25 की जनता को समर्पित किया। यह पहल क्षेत्र के विकास एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुर्ग सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने चौक सौंदर्यकरण परियोजना की प्रशंसा की है। यह परियोजना शहर के चौकों को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए शुरू की गई है, जिससे न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि यह शहर के नागरिकों के लिए भी एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करेगी। वार्ड पार्षद मनीष यादव के प्रयासों से इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। उन्होंने अपने पार्षद निधि से 6 लाख रुपये की राशि से चौक सौंदर्यीकरण किया है। इस परियोजना के पूरा होने से पहले जो लोगों को चलना दुष्कर था, अब वह स्थान एक सुंदर और आकर्षक जगह में बदल गया है। यह परिवर्तन न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि करता है, बल्कि यह शहर के नागरिकों के जीवन को भी बेहतर बनाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, वार्ड पार्षद मनीष बंटी यादव, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, बूथ अध्यक्ष मनदीप प्रसाद, रिसाली निगम नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद धर्मेंद्र भगत, रमा साहू, विधि यादव, पूर्व पार्षद मोगरा देशमुख, मेघनाथ यादव, गैंदलाल जांघेल, अनुपमा गोस्वामी, संध्या वर्मा, लक्ष्मी साहू उपस्थित रहे।

## सुदेश भोंसले की संगीतमय संध्या 24 को भिलाई में

**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। सेल के निर्माण काल की गौरव गाथा को दर्शाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा एक श्भव्य लेजर शो और प्रसिद्ध पार्श्व गायक सुदेश भोंसले की संगीतमय संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 24 जनवरी को सेल अपना स्थापना मनाएगा। इस अवसर पर सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीडाए सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा सेल गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर 23 जनवरी 2025 को यह भव्य लेज़र शो एवं सुदेश भोंसले नाईट का आयोजन भिलाई क्लब के रॉयल क्रिस्टल गार्डन मेंए संध्या 7 बजे से किया जायेगा। प्राचीन भारत टूरिज्म, बेंगलुरू द्वारा निर्मित इस अद्भुत व अनोखे लेज़र शो में भिलाई इस्पात संयंत्र के समृद्ध के ऐतिहासिक घटनाक्रमों और उल्लेखनीय उपलब्धियों व देश की औद्योगिक प्रगति में संयंत्र के योगदान को उजागर कर आकर्षक चित्र व लेज़र लाइट के संयोजन के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इस लेज़र शो की तैयारियां व्यापक स्तर पर चल रही हैं जो इस अंचल में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा। साथ ही इस सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित पार्श्व गायक सुदेश भोंसले द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। अपनी मनमोहक आवाज और लोकप्रिय हिंदी, मराठी और बॉलीवुड गीतों के लिए जाने जाने वाले भोंसले अपने चर्चित गीतों का एक रमणीय संग्रह प्रस्तुत करेंगे। क्रीडा, सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आयोजित यह विशेष सांस्कृतिक संध्या भिलाई के सभी संगीत प्रेमियों को समर्पित है। इस कार्यक्रम के द्वारा न केवल भिलाई की औद्योगिक विरासत बल्कि इसकी जीवंत सांस्कृतिक वैभव से भी लोगों को अवगत होने का अवसर मिलेगा।

## अस्पताल व नर्सिंग होम संचालक कर रहे मनमानी

**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के वरिष्ठ श्रमिक नेता और दुर्ग जिला गुमास्ता कर्मचारी संगठन के महासचिव एचएस मिश्रा ने कुछ निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व पैथालॉजी लैब संचालकों पर अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि संचालक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और श्रम विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इस मामले में स्वत: संज्ञान में लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा यूनियन की ओर से कर्मचारियों को उनका हक और अधिकार दिलाने शीघ्र ही कानूनी लड़ाई का शंखनाद किया जाएगा। एचएस मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में संचालित कुछ निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व पैथालॉजी लैब में कार्यरत कर्मचारी इसमें नर्स, वार्ड बॉय, टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ और सुरक्षा गार्ड शामिल हैं। नियमानुसार इन कर्मचारियों से प्रतिदिन 8 घंटे काम लिया जाना चाहिए। लेकिन उनसे 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है। इतना ही नहीं साप्ताहिक अवकाश से वंचित रखते हुए महीने के पूरे 30 से 31 दिन काम लिया जा रहा है। इसके बावजूद 6 से 8 हजार रुपए प्रति माह वेतन दिया जाता है। जबकि सरकार ने ऐसे कर्मचारियों के लिए योग्यता के अनुसार न्यूनतम वेतन निर्धारित किया है। श्री मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अकुशल कर्मचारी के लिए प्रतिदिन 421 रुपए के हिसाब से प्रतिमाह 10948, अर्धकुशल के लिए 446 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से प्रतिमाह 11598, कुशल के लिए प्रतिदिन 476 रुपए के हिसाब से प्रतिमाह 12378 तथा उच्च कुशल कर्मचारी के लिए प्रतिदिन 506 रुपए के हिसाब से प्रतिमाह 13158 रुपए न्यूनतम वेतन निर्धारित है। जिसका पालन नहीं किये जाने का आरोप लगया है। जबकि 12 घंटे प्रतिदिन काम लिए जाने की स्थिति में डबल ओवरटाइम नियम के अनुसार कर्मचारियों को



21896 से 26316 रुपए तक उनकी कार्यकुशलता के अनुसार वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व पैथालॉजी लैब में कार्यरत कर्मचारियों को सरकार के नियमानुसार एम्पलाइमेंट कार्ड, वेतन पर्ची, परिचय पत्र, हाजिरी कार्ड और लिव कार्ड मिलना चाहिए। जिस संस्थान में 10 से अधिक लोग काम करते हैं, वहां के कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड बनना चाहिए और 20 से अधिक लोगों के काम करने वाले संस्थान या अस्पताल में नियमानुसार भविष्य निधि की कटौती की जानी चाहिए। श्री मिश्रा ने कहा कि इन कर्मचारियों को सालाना बोनस नहीं दिया जा रहा है। छुट्टियों की पात्रता से भी वंचित रखा जा रहा है। बिना सूचना के काम से निकाल दिया जाता है और उनका अंतिम भुगतान तक नहीं किये जाने का आरोप लगाया।

## गुड मॉर्निंग एसोसिएशन का हुआ गठन





**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु) गुड मॉर्निंग एसोसिएशन भिलाई नगर के सत्र 2025-2028 के नये पदाधिकारियों का चुनाव गत दिवस वाइल्ड फायर क्लब में संपन्न हुआ चुनाव अधिकारी मनोज पाण्डेय ने चुनाव संपन्न कराया। सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारी का चुनाव किया अध्यक्ष के लिए सदस्यो ने नामांकन भरा नाम वापसी के पश्चात अंजनी कुमार राय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए भी नामांकन की प्रक्रिया हुई किन्तु नाम वापसी के बाद सचिव व कोषाध्यक्ष के पदाधिकारी भी निर्विरोध चुन दिए गए हरिकांत सिन्हा सचिव एवं के.एस.राव निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी के.एस.बेदी उपाध्यक्ष, राजू यादव संयुक्त सचिव, बद्री प्रसाद सिंह संगठन सचिव एवं प्रचार सचिव की जवाबदारी सुश्री कल्पना स्वामी को सौपा गया है। कार्यकारिणी में सुमित पवार, अमित उपाध्याय, हरेंद्र यादव, शरद मिश्रा, नितून अग्रवाल, शिवनंदन साहू, ध्रुव पांडेय एवं शंभू सिंह को शामिल किया गया है। पदाधिकारी निर्वाचन के उपरांत निर्वतमान अध्यक्ष योगेंद्र पांडेय मुन्ना एवं सचिव अरविंद सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी संस्था के हित में और बेहतरीन कार्य करेंगे चुनाव प्रक्रिया के उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया।

## अधिकारी समस्या अनसुनी करे तो मुझसे संपर्क करें : ललित



**भिलाईनगर**, 16 जनवरी (देशबन्धु)। किसी भी तरह की समस्या हो तो निगम के अधिकारी से मिले। समस्या का समाधान या अनदेखी करने पर नागरिक सीधे मुझसे संपर्क करे। उक्त बातें उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व दुर्ग ग्रामिण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। रिसाली निगम के सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री आवास आवंटन कार्यक्रम के वे मुख्य अतिथि थे। उनकी मौजूदगी में ही रूआबांधा निवासी रामबाबू साहू ने प्रदिप्ती नगर स्थित आवास के लिए 2 वर्ष के बेटे से लॉटरी निकलवाया। उसे बी ब्लॉक सेकेण्ड फ्लोस में 18 न. का आवास मिला। लॉटरी से आवास आवंटन के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री आवास को पहले पायदान पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व दुर्ग ग्रामीण के नगपुरा ग्राम में केन्द्रीय मंत्री शिवराज चौहान आए थे। प्रधानमंत्री आवास 2 में कुछ विषंगति की ओर ध्यान दिलाते सुगम करने के अनुरोध को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। अब जिनके पास 2.50 एकड़ जमीन है चाहे वह सिंचित हो या असिंचित, जिनके पास गाड़ी है उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। जिनकी आय 10 है अब 15 हजार कमा रहा है उसे भी आवास मिलेगा। विधायक ललित ने कहा कि श्री मोदी की पहल पर 70 प्लस वालों को 5 लाख का मुफ्त ईलाज सुविधा मिल रहा है। कार्यक्रम को महापौर शशि सिन्हाए सभापति केशव बंछोर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साह, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डा. सीमा साहू, परमेश्वर, पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि निगम क्षेत्र में कुल 529 आवास है। इसमें से लक्ष्मी नगर में 36 और प्रदिप्ती नगर में 348 आवास है। अब तक क्रमश: 20 और 73 आवास का आवंटन किया जा चुका है। इन्हें मिला आवास परमिला ठाकुर, गीता राघवन, पुष्पेन्द्र कुमार देशलहरा, ममता सिंह, संतोष कुमार क्षत्रिय, प्रतिभा गौतम, अनिल कुमार साहू, दिनेश साहू, लता नागवंशी, नीलम तिवारी, धनेश्वर, रामबाबू साहू, जितेन्द्र कुमार देवांगन, हरीश कुमार देशलहरा, सुखदेव मारकण्डे, रासमती यादव, सीमा देशमुख, दिपेश कोरे, सुनील रूहेला, हरजीत कौर, प्रदीप चतुर्वेदी, बृजदीप तिवारी चित्रेरेखा डहरे।

## देवांगन समाज के प्रतिनिधि ने विधानसभा अध्यक्ष से की भेंट



**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से उनके रायपुर निवास पर मुलाकात कर 2 फरवरी को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में आयोजित होने जा रहे परमेश्वरी महोत्सव में आमंत्रित किया। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने डॉ रमन सिंह से भेंट के दौरान उन्हें याद दिलाया कि उनके छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान ही प्रगति नगर रिसाली भिलाई में देवांगन समाज को शासन द्वारा भूमि का आवंटन एवं उनके द्वारा भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया था। इस अवसर पर प्रदेश देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ रमन सिंह द्वारा परमेश्वरी महोत्सव के अवसर पर प्रकाशित होने वाले देवांगन समाज की पत्रिका आवरण के लिए शुभकामना संदेश भी प्रेषित किया गया है। प्रतिनिधि मंडल में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन एवं उपाध्यक्ष टेसू राम देवांगन शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 2 फरवरी को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में आयोजित होने वाले परमेश्वरी महोत्सव के लिए डॉ.रमन सिंह के साथ ही उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद विजय बघेल को आमंत्रित किया गया है।

## 48 पसरा लगाने वालों को मिला चबूतरा



**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। सड़क किनारे पसरा लगाकर सामान बेचने से फुटकर व्यापारियों को छुटकारा मिल गया। नगर पालिक निगम रिसाली ने मौहारी मरोदा में बन पौनी पसारी चबुतरा का आवंटन किया। आवंटन लॉटरी निकालकर किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि डबल इंजन वाली सरकार किसान से लेकर फुटकर व्यापारी तक के जीवन यापन के लिए सोचती है। यही वजह है कि आज फुटकर व्यापारियों को सम्मान के साथ व्यापार करने चबुतरा दिया जा रहा है। मौहारी मरोदा में चबुतरा आवंटन के लिए हितग्राहियों ने अतिथियों की उपस्थिति में लॉटरी निकालकर चबुतरा अपने नाम किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम,अनिल देशमुख, डॉ. सीमा साहू, परमेश्वरए पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, वर्तमान में फाटक के किनारे सड़क पर लोग पसरा लगाकर व्यापार करते थे। यही वजह है कि कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जाम और दुर्घटना से बचने आयुक्त मोनिका वर्मा ने सर्वे पश्चात फुटकर व्यापारियों से आवेदन मांगे थे। चबुतरा आवंटन के बाद आजीविका मिशन ने फुटकर व्यापारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। मिशन मैनेजर ने फुटकर व्यापारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। सिटी मिशन मैनेजर ने फुटकर व्यापारियों को कारोबार बढ़ाने प्रधानमंत्री ऋण सुविधा के बारे में विस्तार से बताया।

## संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएं : पुरषोत्तम



**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के प्रियदर्शनी परिसर कार्यालय में आगामी संविधान गौरव अभियान को लेकर अहम बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने की। श्री देवांगन न कहा कि भारत के संविधान को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इस उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संपूर्ण देश में 11 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाना और संविधान समिति के अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर को याद करना है। बैठक में जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह, प्रेम लाल साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला एवं मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक के अंत में सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल समिति के सदस्यों को आगामी संविधान गौरव दिवस के लिए चलाए जाने वाले अभियान की सामग्री वितरित की गई।

## आईटीआई भवन निर्माण का भूमिपूजन



**भिलाईनगर,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। संयंत्र अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में आईटीआई भवन निर्माण के कार्य में सहयोग प्रदान कर रहा है। मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के मुख्यालय के समीप आईटीआई भवन निर्माण के भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी श्रीमती तूलिका प्रजापति थी, विशिष्ट अतिथि संयंत्र के कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं एस मुखोपाध्याय उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र की ओर से मुख्य महाप्रबंधक लौह अयस्क समूह आर बी गहरवार, मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं आर के श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाए उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन, महाप्रबंधक राजहरा अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक राजहरा मनीष जयसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कामड़े, वरिष्ठ प्रबंधक दुर्गेश मजगहे सहित सी एस आर विभाग के कर्मचारी तथा जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी, आईटीआई के छात्र छात्राएं एवम समीपस्थ ग्रामवासी आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती तूलिका प्रजापति ने आईटीआई भवन निर्माण कार्य में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन की ओर स संयंत्र का आभार व्यक्त किया। यह महत्वपूर्ण पहल जिले के युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। श्री मुखोपाध्याय न कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवाओं को औद्योगिक क्रियाकलापों का प्राप्त प्रशिक्षण अंतिम रूप से निर्माण कार्य में संलग्न उद्योगों के काम आता है। युवा अपने औद्योगिक कुशलता का उपयोग कर अंचल व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। आईटीआई के प्राधानाचार्य ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात श्री गहरवार ने अपने विचार व्यक्त किया। अपर कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गांवों में जाकर आज एमएमयू के डॉक्टर करेंगे इलाज

**बिलाईगढ़** 16 जनवरी। भारत सरकार के महारत्न आईसीसी संस्था द्वारा जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 17 जनवरी को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बिरनीपाली के आश्रित गांव भरली में, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम बोईरमाल तथा खेड़ में, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम चचरेल में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।



# दिनदहाड़े कृषि केंद्र में घुसकर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया,** 15 जनवरी (देशबन्धु)। इन दिनों नगर में चोरी की घटना बड़ गई। चोरों के के भी काफी हौसले भी बुलंद हो गए हैं। बोते 14 जनवरी दोपहर 2 से 3 बजे के बीच नगर के दुर्ग रोड स्थित रामा कृषि केंद्र में घुसकर काउंटर के गल्ले को तोड़ कर 41 हजार उड़ा ले गए थे। चोरों को गंडई पुलिस ने 15 जनवरी दोपहर पकड़ लिया और उसके पास से 31हजार पांच सौ रुपए बरामद किए है। आरोपियो के खिलाफ थाना गंडई में अपराध क्रमांक 14/2025 धारा 331(3), 305 ,3(5) ब्व्हृ कायम कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रामप्रसाद साहू पिता स्व. जगेसर साहू निवासी हाल में वार्ड नंबर 05 गंडई ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14/01/25 को दोपहर करीबन 02ऱ20 बजे से 03ऱ00 बजे के मध्य दुकान को खुला छोड़कर खाना खाने चला गया था। इसी बीच कोई अज्ञात चोर दुकान अंदर घुसकर काउंटर के गल्ले का ताला तोड़कर गल्ले में रखा 500 रुपए का 50 नोट, 200 रुपए का 50 नोट एवं चिल्हर 6000 रुपए कुल 41,000 रुपए को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों द्वारा माल मुलिज्म का त्वरित पता तलाश कर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक भीमसेन यादव द्वारा दिनांक 15/01/2024 को अज्ञात चोर एवं मशरूका की पता तलाश करने विशेष टीम रवाना किया गया था। जो आसपास दुकानो में लगे सीसीटीवी कैमरा को बारिकी से देखने पर एक स्वीप्ट कार ग्रे कलर जिसके सामने नंबर प्लेट के अगल-बगल में डार्क पीला रंग लगा है, रामा कृषि केन्द्र दुकान के पास खड़ा हुआ, उसमें से एक व्यकित रामा कृषि केन्द्र दुकान के अंदर जाकर कुछ देर बाद वापस भागते आकर गाड़ी मे बैठकर जाते दिखाई दे रहा है। जिसकी पता तलाश के दौरान अन्य कैमरे को देखने पर कवर्धा की ओर जाते दिखा। जिसका तत्काल पीछा किया गया, इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि संदिग्ध कार लिमो चौक के पास खड़ा है। जिसकी तस्दीक कार्यवाही के लिए मौके पर पहुंचे, कार में तीन व्यक्ति बैठे थे, जिसे हिरासत में लेकर थाना लाकर कड़ाई से पुछताछ करने पर चोरी करना कबुल किये। नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रशांत मसीह पिता स्व. प्रवीण मसीह उम्र 36 साल साकिन हाउसिंग बोर्ड वार्ड नंबर 24 स्ख्र्त्र 01-457 थाना जामुल जिला दुर्ग, मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद इमरान उम्र 19 साल साकिन इन्दु आईटीआई के सामने कोहका भिलाई थाना स्मति नगर जिला दुर्ग और मोन्टी अरोरा पिता केवल अरोरा उम्र 32 साल साकिन एलआईजी 01 825 वार्ड नंबर 24 हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल जिला दुर्ग का रहने वाला बताये जन। जिसका गवाहो के समक्ष मेमोरंडम कथन लिया गया। मेमोरंडम कथन के आधार पर आरोपीगणो से चोरी गये नगदी रकम 41000 रुपए में से 31,500 रुपए बरामद किया गया। शेष रकम खाने ,पीने ,गाड़ी डीजल डलवाने ,मोबाईल रिचार्ज में खर्च होना बताये। घटना में प्रयुक्त स्वीप्ट कार क्रमांक छ्त्र 07ऽ ॥ 4695 कीमती करीबन 4,00,000 रुपए को एवं चोरी गये नगद रकम 31500 रुपए को जप्त किया गया है। पूरी कार्यवाही में थाना गंडई से निरीक्षक भीमसेन यादव थाना प्रभारी गंडई, सहायक उपनिरीक्षक चेतन नेताम, प्रधान आरक्षक अर्जुन वर्मा, आरक्षक रविन्द्र मरकाम, भुपेन्द्र कौशिक, त्रिलोचन बेलदार, मनोज बंजारे का सराहनीय योगदान रहा है।



- दोपहर 2 बजे दुकान में घुसकर गल्ले का तोड़ा था ताला
- शातिर चोर स्वीप्ट कार में आकर घटना को दिए थे अंजाम

# विष्णुदेव साय की सरकार में विकास की कोई कमी नहीं होगी : विक्रांत सिंह

**गंडई पंडरिया,** 16 जनवरी। साल्हेवारा वनांचल क्षेत्र के ग्राम रामपुर में पटेल (मरार) समाज द्वारा शाकम्भरी जयंती धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत ने शिरकत किया। जिनके मरार समाज द्वारा फल एवं सब्जी से भव्य स्वागत किया गया।

ज्ञात हो प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रामपुर में पटेल (मरार) समाज द्वारा माँ शाकम्भरी जयंती धूमधाम से मनाई गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत उपस्थित हुए। बाजे - गाजे के साथ व स्थानीय महिलाओ द्वारा अपने बाड़ियों में उगाने वाले फूलगोभी, मटर, पत्ता गोभी व अन्य सब्जी भेटकर मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है जिसमे जल जीवन मिशन के तहत कांग्रेस सरकार द्वारा रुके हुए विकास कार्य को भाजपा सरकार द्वारा तेज गति से कार्य कराया जा रहा है। हर घर जल पहुचाने की मंशा से सरकार कार्य कर रही है व हरेक गाँव तक शुद्ध जल की व्यवस्था करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा हर गाँव में पानी टँकी का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। छूटे हुए गांवों में भी जल्द से जल्द कार्य पूरा हो इसके लिये प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने पटेल समाज द्वारा आयोजित माँ शाकम्भरी जयंती के आयोजन के लिए समाज के सभी प्रमुखो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ शाकम्भरी, माँ अन्नपूर्णा और शक्ति स्वरूपा दुर्गा का अवतार है उन्होंने कहा कि जिले सहित पूरे प्रदेश में माँ शाकम्भरी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है श्री सिंह ने पटेल समाज की प्रशंसा करते हुए इसे एक संगठित व सषक्त समाज बताया है।



- मां शाकंभरी जयंती में रामपुर पहुंचे विक्रांत
- गिनाए साय सरकार की उपलब्धियां

# 21 जनवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**बालोद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिले के रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में विभिन्न नियोजकों के द्वारा 21 जनवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस राजनांदगांव में एडवाईजर के 50 पद, फायर एंड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के द्वारा फायर मैन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, ड्राईवर के 10 एवं होम केयर टेकर के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह एलआईसी आफ इंडिया बालोद द्वारा आरसीए, सीसीए एवं एलसीए के 20-20 पदों एवं ट्रेनर के 01 तथा बीमा सखी के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित की गई है। सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 200 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजुएट पास निर्धारित की गई है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी, बारहवीं निर्धारित की गई है। उक्त पद हेतु आयु सीमा 20 से 40 वर्ष एवं कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

# देवांगन समाज की नगर इकाई के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से जारी की गई सूची



**कुम्हारी,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। देवांगन समाज भवन में हुई देवांगन समाज की सामाजिक बैठक में नगर इकाई का प्रतिनिधित्व करने के लिए विचार विमर्श कर अध्यक्ष, रमेश कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष पोषण लाल देवांगन, गिरीश कुमार देवांगन, सचिव रोशन कुमार देवांगन, सह सचिव शुभम् देवांगन, कोषाध्यक्ष मंगल देवांगन, अनिल देवांगन, विशेष सलाहकार तेजराम देवांगन, विष्णु देवांगन, संरक्षक भेखराम देवांगन, शिव देवांगन का सर्वसम्मति से निर्वाचन कर देवांगन समाज का प्रतिनिधि चुन लिया गया। बैठक में देवांगन समाज के वरिष्ठ तथा युवा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को विष्णु देवांगन, तेजराम देवांगन सहित समाज के वयोवृद्धों तथा युवाओं ने बधाइयाँ देते हुए समाज को सुदृढ़ बनाने एवं नयी उपलब्धियाँ प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

# नपं में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ



**धमधा,** 16 जनवरी। नगर पंचायत धमधा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना लाभांवित हितग्राही गीता महोबिया पति स्व. श्री रामू महोबिया जो कि विधावा एवं एकल परिवार से है, उनका कच्चा मकान बहुत ही जर्जर था जिससे बरसात के दिनों में बारिश का पानी घर के अन्दर घूस जाता था व घर की खपरैल से पानी टपकने लगता था एवं मिट्टी से बनी दीवारें कमजोर होती जा रही थी। हिग्राही का सपना था कि खुद का पक्का आवास हो जिसमें अपनी जीवन खुशहाली से व्यतीत कर सके, किन्तु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ-साथ घर में कोई भी अन्य कमाऊ सदस्य नही होने के कारण उनका सपना, सपना ही बना रहा। ऐसे हितग्राहियों के लिये हमारे प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना लागू किया गया जिससे नगर पंचायत धमधा द्वारा श्रीमती गीता महोबिया को आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण किये जाने हेतु भवन अनुज्ञा जारी की गई। आज उनका घर बनाने का सूपना पूर्ण हो चुका है। वह अपना पक्का मकान पाकर बहुत खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही है।

# आरक्षण के मुद्दे को लेकर ओबीसी महासभा में नाराजगी

**बालोद,** 16 जनवरी। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग में नाराजगी है। इसी मुद्दे को लेकर बालोद जिले के साहू सदन में ह्क्ष्ट महासभा ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ह्क्ष्ट वर्ग महासभा ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि आरक्षण के मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे और चुनाव का बहिष्कार भी कर सकते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि सरकार की नीतियां ह्क्ष्ट वर्ग की राजनीतिक भागीदारी को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। महासभा का स्पष्ट कहना है कि राजनीतिक दल ह्क्ष्ट उम्मीदवारों को सामान्य सीटों से चुनाव लड़ाने की बात कर रहे हैं लेकिन पहले ह्क्ष्ट को उनका हक मिलना चाहिए। यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे अपने विधायकों और सांसदों का भी बहिष्कार करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी ह्क्ष्ट महासभा को समर्थन दिया है। अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में कई पंचायतें ऐसी है जहां ओबीसी के लिए सरपंच पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। इनके हक के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

# गुंडरदही नपं में आरक्षण मुक्त होने के बाद दावेदारों के चेहरे खिले



**गुण्डरदेही,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पद सामान्य होने के बाद नगर मे एक बार फिर भाजपा व कांग्रेस के दावेदार सामने आ रहे है हालांकि चुनाव अभी दुर है मगर अध्यक्ष चुनाव के लिए अभी से जोर आजमाइश शुरु हो गई है और दावेदार अपने स्तर पर अपने आकाओ से मिलकर टिकट पक्की कराने जुगाड़ मे लग गए है इस बार अध्यक्ष का चुनाव स्वतंत्र हो जाने के बाद नगर की जनता इस बार सीधे अध्यक्ष चुनेगे पिछली बार कांग्रेस सरकार मे पार्षदो द्वारा अध्यक्ष चुना गया था । भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी के लिए जो नाम सामने आ रहे है उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन सौरभ जैन पार्षद विजय सोनकर पार्षद हरीश निषाद व महिला पार्षद संतोषी साहू के नामों की चर्चा हो रही है लेकिन इन सबमें 1985 से सक्रिय सदस्य रहे पूर्व जिला महामंत्री तथा समय समय पर संगठन एवं पार्टी के दायित्वों को निष्ठापूर्वक पार्टी हित में कार्य करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन को भाजपा से टिकट के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वही मंडल के महामंत्री सौरभ जैन भी टिकट के लिए आगे है ,कांग्रेस से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रहे केके राजू चंद्राकर,पार्षद विजय कोरे सोहन सोनी के नाम सामने आ रहे है। अब देखना होगा कि भाजपा और कांग्रेस किसको नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाती है। और जनता किसको अपना अध्यक्ष चुनेगी यह तो समय ही बताएगा।

# स्वनिधि से आत्मनिर्भरता की कहानी



**परपोड़ी,** 16 जनवरी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना द्वारा इस पंक्ति को सही सिद्ध किया गया । सुरेश साहू वार्ड 11 नगर पंचायत परपोडी के निवासी है। सीजनेबल व्यवसाय जैसे खिलौना बेचना, फल फ्रूट, गन्ना रस आम रस आदि के माध्यम से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते है । परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के बाद भी व्यवसाय को बढ़ाने हेतु कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाए जो इनकी खुद्दारी को व्यक्त करता है। स्वभाव से ये बहुत ही सज्जन और परिश्रमी व्यक्ति है । अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए इनको आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी। इनको प्रचार प्रसार के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में पता चला संपूर्ण जानकारी लेने के लिए ये नगर पंचायत परपोडी से संपर्क किया और आवेदन ऑनलाइन करवाया। योजना और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वर्ष 2023 को इनको प्रथम किस्त 10000 रु की राशि प्राप्त हुई, जिसे इन्होंने अपना व्यवसाय में लगाया उसे बढ़ाया। इनका परिश्रम अन्य पथ विक्रेता के लिए आदर्श स्रोत है। नगर पंचायत परपोडी और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन विभाग से योजना के आवयश्क मार्गदर्शन और सहयोग हेतु इन्होंने प्रधानमंत्री जी ओर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। अन्य सभी पथ विक्रेता जो योजना से अब तक नहीं जुड़े है, उनको इस योजना से जुड़कर लाभ लेने की अपील कर रहे हैं।

# नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय चुनाव के लिए दावदारों ने किया आवेदन



**परपोड़ी,** 16 जनवरी। परपोड़ी नगर में आज भारतीय जनता पार्टी की चुनावी संबंधित बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में यह बैठक का आयोजन किया गया था बैठक में साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू जिला भाजपा महामंत्री नरेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं को चुनावी जानकारी एवं एक होकर चुनाव लड़ने की जानकारी मंच को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू नरेंद्र वर्मा चुनाव प्रभारी परपोडी मंडल अध्यक्ष *नारद वर्मा* पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा के द्वारा संबोधित किया गया कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष पार्षद जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य सरपंच के चुनाव लड़ने एक इच्छुक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी उम्मीदवार बनने के लिए आज विधिवत आवेदन दिया गया।

## निधन

### अजय यादव



**महासमुंद,** 16 जनवरी। स्थानीय पुराना मलेरिया ऑफिस के पास निवासी अजय यादव 42 वर्ष का बुधवार शाम निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय यादव के छोटे भाई व नयन यादव के मामा थे।

### श्रीमती माधुरी पटेल



**झलप** 16 जनवरी। बस्तीपारा झलप निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती माधुरी पटेल 60 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार झलप में किया गया। वे तरूण उर्फ बंटी पटेल की मां थी।

# सेवा सहकारी समिति भर्रीटोला व कुआगोंदी में कल किया जाएगा ऋण वसूली शिविर का आयोजन

**बालोद**, 16 जनवरी। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद द्वारा ऋण वसूली शिविर का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेवा सहकारी समिति भर्रीटोला एवं कुआगोंदी में 18 जनवरी को ऋण वसुली शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि 18 जनवरी 2024 को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति भर्रीटोला में सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तथा डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कुआगोंदी में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित ऋणी, जमानतदार कृषकों को ऋण वसूली शिविर में उपस्थिति होने को कहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बेमेतरा में प्लेसमेंट कैम्प ...

नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अत: पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा में दिनांक 21 जनवरी 2025 दिन मंगलवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित हो सकते है।

# मुड़पार में गुहा निषाद जयंती मनाया गया



**डोंगरगढ़,** 16 जनवरी। भगवान श्री राम चन्द्र जी के सखा गुहा निषाद राज जयंती मुड़पार में निषाद समाज द्वारा श्रीराम मंदिर प्रांगण बड़े मुड़पार में मनाया गया । जयंती कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य वक्ता के रूप में जनपद पंचायत के वरिष्ठ जनपद सदस्य व वर्तमान जिला पंचायत क्षेत्र बेलगांव क्रंमाक 8 के प्रबल दावेदार रवि अग्रवाल (श्रीमती कविता अग्रवाल ) कार्यक्रम में शामिल होकर निषाद समाज को गुहा निषाद राज जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में समाज द्वारा किये गए मांग 1. राम मंदिर का जीर्णोद्धार 2. राम मंदिर प्रांगण मे चेकर्स टाईल्स कार्य को आने वाले गुहा जंयती तक अपने दायित्व के साथ पुरा करने समाज को आसवस्त किया और हर समय समाज व गांव के साथ साथ खड़ा रहने की बात अपने वक्तव्य में कहीं । ग्राम मे होने वाले कबड्डी प्रतियोगिता के लिए युवा साथियो को 7000/ सहयोग राशि प्रदान करने की बात कही । कार्यक्रम में उनके साथ विशेष रूप से अमित देशमुख भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यकारी सदस्य, चेतन कुंजाम बुथ अध्यक्ष भाजपा बड़े मुड़पार, ग्राम पटेल, मानस श्रीवास, पुज्य महाराज , दशरथ ठाकुर, छबि लाल साहु, लोकेश पटेल, पुरानिक ठाकरे, गंछरमा चौधरी, समाज के वरिष्ठ सदस्य दिना निषाद, गंगा निषाद, नागेश निषाद, विदेशी निषाद, गोविंद निषाद, बुधारु निषाद, शेरसिंह, डोमन निषाद, तुकन निषाद, तामेशवर निषाद व निषाद समाज के वरिष्ठ सदस्य, युवा साथी व माता बहनों की उपस्थिति थी ।

# चिखलाकसा वार्ड 3 में अटल परिसर का निर्माण

## सीएमओ ने चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**चिखलाकसा/दल्लीराजहरा,** 16 जनवरी(देशबन्धु) ।प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सांय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की लोक कल्याणकारी मंशा के अनुरूप नगर पंचायत चिखलाकसा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविन्द नाथ योगी की सवेंदनशील पहल पर वार्ड क्र 03 में स्थित पुष्प वाटिका में 20 लाख की लागत से अटल परिसर का निर्माण कार्य किया जा रहा है पुष्प वाटिका में व्यावहारिक आवश्यकतानुसार पेंटिंग रंग रोगन और गार्डनिंग का कार्य करवाया जा रहा है पुष्प वाटिका में लगे हुए ओपन जिम के उपकरणों में आवश्यक सुधार एवं मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है साथ ही नए ओपन जिम के उपकरण भी लगाये जा रहे है पुष्प वाटिका की साफ सफाई व्यवस्था लाईटिंग व्यवस्था पेयजल व्यवस्था एवं पौधा रोपण व्यवस्था सुव्यवस्थित करने का कार्य प्रगति पर है वार्ड क्र 04 में 24 लाख की लागत से बन रही शहीद गैंद सिंह भवन का निर्माण कार्य का निरक्षण किया गया एवं वार्ड 03 में स्थित सामुद्यिक सह सार्वजनिक शौचालय का भी निरक्षण किया गया।



# खैरागढ़ विधायक ने किया स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



**गंडई पंडरिया,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला जंगलपुर घाट में 15.70 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त का विधिवत पूजा पाठ कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा ने कहा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा से ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष छुईखदान नीना विनोद ताम्रकार, जिला पं. सदस्य ममता राजेश पाल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, उपाध्यक्ष जं.पं. छुईखदान ललित महोबिया, रोहित पुलस्त, विजय वर्मा, सरपंच कविता श्याम मेरावी, रामेश्वर राजपूत, रोशन जंघेल, माखन जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अपराधों पर रोकथाम और त्वरित समाधान का केंद्र बने नया महिला थाना : उपमुख्यमंत्री

## गृहमंत्री एवं पंडरिया विधायक ने जिले का पहला महिला थाना का किया शुभारंभ



कवर्धा, 16 जनवरी 2025। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के प्रवास के अवसर पर आज गुरुवार को कबीरधाम जिले के प्रथम महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के विशेष पहल से कबीरधाम जिले के कवर्धा में महिला थाना की शुरुआत की गई। यह थाना जिले का पहला महिला थाना होगा, जो न केवल महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में सहायक होगा, बल्कि उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करेगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने थाना का शुभारंभ करने के बाद उप निरीक्षक शांता लकड़ा को थाना प्रभारी का विधिवत पदभार ग्रहण कराया और रोजनामचा में अपना नाम दर्ज कराया। इस थाने में थाना प्रभारी सहित 23 बलो की पदस्थापना की गई है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह महिला थाना महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। महिला थाना से जिले की महिलाओं को एक सुरक्षित और निःसंदेह स्थान मिलेगा, जहां वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए आगे आ सकती हैं।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में महिला थाना खोला जाएगा। इसके तहत प्रदेश के पहले चरण में 5 जिला जशपुर, रायगढ़, कवर्धा, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला थाना की स्वीकृति दी गई है। आज कबीरधाम जिला में महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस महिला थाना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मन में विश्वास और ताकत होना चाहिए ताकि वे किसी भी समय, चाहे दिन हो या रात, बिना किसी डर के बाहर जा सकें। यह स्थिति बनाना और इस प्रकार का माहौल निर्मित करना भी मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम के बाद महिला थाना भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध के किसी भी प्रकार के बिंदु पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार की स्पष्ट मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि नशे की सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी गांव में नशे की सामग्री का परिवहन या बिक्री नहीं होनी चाहिए और इस कार्य को गंभीरता से, बिना किसी दबाव के, पूरी ताकत के साथ किया जाए।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'विलेज क्राइम रजिस्टर' को मेंटेन किया जाए और हर महीने इसका पुनरीक्षण किया जाए ताकि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधि को तुरंत पकड़ने में मदद मिल सके।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि महिला थाना का उद्घाटन महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल प्रदेश की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की दूरदृष्टि का परिणाम है। उन्होंने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा करने का एक सशक्त मंच मिलेगा, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिला थाना में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था से महिलाओं को अब अपनी समस्याओं का समाधान जल्दी मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिला थाना न केवल अपराधों की रोकथाम करेगा, बल्कि महिलाओं को जागरूक करने और उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, रामकुमार भट्ट, राजेन्द्र चंद्रवंशी, श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, डॉ वीरेन्द्र साहू, दिनेश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, उमंग पांडेय सहित पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, श्रीमती मोनिका परिहार, कृष्णा चंद्राकर एवं जनप्रतिनितध गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

महिला थाना का संचालन थाना कोतवाली के पास स्थित पुराने पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। मलि थाना भवन में प्रभारी कक्ष, बड़ा हॉल, दो पार्टीशन किए गए काउंसलिंग रूम, और पृथक प्रसाधन कक्ष जैसी सुविधाओं से सुसज्जित है। भवन के बाहर ग्रीन नेट से अस्थायी बाउंड्री बनाई गई है, जिसमें आगंतुकों के लिए वेटिंग एरिया और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार, भविष्य में महिला थाना के लिए स्थायी भवन का निर्माण प्राथमिकता में रहेगा।

### महिला थाना में थाना प्रभारी सहित 23 टीम की तैनाती

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई ने बताया कि महिला थाना में कुल 23 कर्मियों की नियुक्ति की गई है, जो महिलाओं की शिकायतों का समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महिला थाना की जिम्मेदारी उप निरीक्षक शांता लकड़ा को सौंपी गई है, जो प्रभारी के रूप में कार्यभार संभालेंगी। उनके साथ सहायक उप निरीक्षक देमन टेकाम और विजया कैवर्तृय की नियुक्ति की गई है। महिला प्रधान आरक्षक के रूप में सुकमत मेरावी, स्वीटी आनंद, बिमला धुर्वे, मान कुमारी राज और ज्योति नायडू नियुक्त हुई हैं। महिला आरक्षक के रूप में अंकिता गुप्ता, रजनी टोप्पो, संगीता टंडन, थलेश्वरी निषाद, नम्रता वारे, पुर्णिमा नुरेठी, रुखमणी मेरावी, पुष्पा साहू, दीपा राय, नंदनी ओगरे, तीजन मेरावी, प्रियंका सिंह और तुलसी चंद्रवंशी की तैनाती की गई है। इसके अलावा आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर और आशीष चंद्रवंशी भी टीम का हिस्सा होंगे।

# अग्रसेन भवन में भाजपा की हुई बैठक



थानखम्हरिया, 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने बिगुल फूंक दिया है। पार्टी संभावित जिताऊ प्रत्याशी के चयन में लग गयी है वहीं दावेदार अब खुलकर सामने आकर पार्टी की टिकट मांगने लगे हैं।

16 जनवरी को स्थानीय भुनेश्वरलाल सालिकराम सिंघानिया अग्रसेन भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गयी। बैठक में अनुसूचित जाति प्रदेश महामंत्री एवं पर्यवेक्षक दयावंत बांधे ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। श्री बांधे ने आगामी चुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने का मापदंड बताते हुए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद, अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुये कहा कि पद सीमित है लेकिन दावेदार अधिक हैं इस स्थिति हमें पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता के नाते पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में पूरी ऊर्जा लगानी है। हमारे लिये व्यक्ति नहीं पार्टी का आदेश शिरोधार्य है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित नगर के सभी 15 वार्डों में कमल खिलाना हैं। हमारे कार्यकर्ता ठान लें तो

■ टिकट के दावेदार खुलकर सामने आए

कांग्रेस की जमानत तक जब्त हो सकती है। नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में सरपंच पदों के लिए समर्पित व निष्ठावान लोगों का चयन करने अलग-अलग पर्यवेक्षक बनाए गए हैं सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। जीतने लायक प्रत्याशियों का पैनल तैयार करके 18 जनवरी तक पार्टी को सौंपेंगे। कोर कमेटी गुण दोष के आधार पर किसी एक नाम का चयन कर उसे उम्मीदवार घोषित करेगी। श्री बांधे ने कहा मोदी की गारंटी एवं विष्णुदेव के सुशासन के चलते जनता में भाजपा का अच्छा प्रभाव है इन चुनाव में अच्छे प्रत्याशी उतारे तो सभी मोर्चे पर हमारी जीत निश्चित है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जो सपना है पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का आगामी नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में हम सब उसे साकार करने संकल्पित हैं। विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जैसा परफार्मेंस छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिला था जनता जनार्दन का वही विश्वास हम फिर अर्जित करेंगे। नगर विकास को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर सुरेश सिंघानिया, परमेश्वर वर्मा, पूरन कश्यप, अनिल सिंघानिया, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, चंदन अग्रवाल, चेतन सिन्हा, दौलत नाथ योगी, आदर्श जोशी, लोकनाथ पटेल, रामसनेही नामदेव, बसंत साहू, रोहित राजपूत, विजय शर्मा, मनीष सेन, विकास सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, राहुल छाबड़ा, कपिल साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हमर स्वस्थ्य लइका अभियान : कुपोषण मुक्त समाज की ओर एक कदम



बेमेतरा, 16 जनवरी (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हमर स्वस्थ्य लइका अभियान के अंतर्गत जिले में कुपोषण और एनीमिया की समस्या को समाप्त करने हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं में पोषण संबंधी समस्याओं को दूर कर एक सुपोषित समाज का निर्माण करना है।

परियोजना साजा के अंतर्गत सेक्टर बोरतरा के ग्राम कोरवाय स्थित स्कूल परिसर में मास्टर ट्रेनर श्रीमती सीता चंद्रवंशी और परिवेक्षक लता दीक्षित ने कुपोषित बच्चों के घरों का दौरा कर पोषण जागरूकता के लिए सुपोषण भेंट आयोजित की। इसमें पंच, जनप्रतिनिधि, महिलाओं, बच्चों के पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन, और स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। सुपोषण के मुख्य बिंदु पोषण के पाँच सुत्र -(1) पहले 1000 दिनों में बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।(2) विटामिन ष से भरपूर भोजन, (3) आयरन, कैल्शियम, ढ्ढस्न सिरफ, एलबेंडाजोल गोली का नियमित डोज़ लेना (4)दस्त होने पर ह्रक्रस् एवं जिंक की दवाई और व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं आस पास के पर्यावरण की साफ् सफाई।

परिवेक्षक श्रीमती लता दीक्षित ने च्च्मां के नाम पेड़ज्ज योजना के तहत मुनगा पौधे वितरित किए और उसके पोषण संबंधी लाभ बताए। साथ ही अलसी, रागी, और स्थानीय साग-भाजी जैसे मुनगा, पालक, चौलाई, मेथी आदि के सेवन पर जोर दिया गया। फल और मौसमी आहार जैसे केला, संतरा, आंवला, अमरूद, और बेर खाने की सलाह दी गई। ग्राम कोरवाय और पिपरिया के 12 कुपोषित बच्चों के घरों में भ्रमण कर उनके पालकों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में 36 मुनगा और आंवला पौधे वितरित किए गए और उपस्थित लोगों ने सुपोषण शपथ ली। कार्यक्रम में यह पाया गया कि पालकों को पोषण संबंधी जानकारी की कमी है, विशेषकर बच्चों को विटामिन सी युक्त आहार नहीं दिया जा रहा है। क्रेस कार्यकर्ता श्रीमती पूर्णिमा वर्मा और द्रोपदी वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा पहुंचे निषाद राज जयंती में गब्दा

बेमेतरा, 16 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गब्दा में गुहा निषाद राज जयंती एवं मड़ई मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने विधायक कार्यकाल के दौरान निषाद समाज के लिए स्वीकृत किए गए सामुदायिक भवन जिसकी लागत राशि 6 लाख 50 हजार रुपए , थी का लोकार्पण करते हुए उसे निषाद समाज को समर्पित किया इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि गुहा निषाद राम राज्य के प्रथम नागरिक थे जिन्हें न केवल भगवान श्री राम के सखा होने का गौरव प्राप्त है बल्कि वनवास के दौरान भगवान श्री राम माता सीता तथा लक्ष्मण जी को नया पर लगाने का भी श्रेय जाता है निषाद समाज का योगदान अतुलनीय है जिसे नकारा नहीं जा सकता पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने निषाद समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए जिससे समाज के बच्चे आने वाले समय में भारत के भविष्य निर्माण में अपना योगदान दे सकें इस अवसर पर हरिशंकर निषाद संजू परगनिहा गोपाल निषाद चंद्रिका प्रसाद निषाद मोहन निषाद वीरसिंह निषाद जगदीश निषाद शिव कुमार निषाद महेश निषाद जगतरण निषाद नेतराम निषाद चंद्रविजय धीवर आदि उपस्थित रहे

# शहर के सतनाम भवन में आयोजित होगा सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन

बेमेतरा, 16 जनवरी (देशबन्धु)। सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति के संरक्षक टी आर जनार्दन ने बताया कि समाज में युवक युवतियों के बढ़ते उम्र और मनचाहा वर-वधू की तलाश में होने वाले फिजुलखर्ची को रोकने के उद्देश्य से वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन समिति द्वारा रखा गया है। समिति के अध्यक्ष आगर दास डेहरे ने बताया कि समाज के आर्थिक व सामाजिक उत्थान को ध्यान में रखकर समिति द्वारा बीते वर्ष से समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम कराते आ रहे हैं, जिसकी तैयारी के लिए आज दिनांक 16/01/2025 को समिति के पदाधिकारियों का बैठक आयोजित किया गया । जिसमें आनलाइन व आफलाइन पंजीयन की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक खेमसिंह बारले ने बताया कि पंजीयन के लिए आनलाइन सुविधा को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को यह कार्यक्रम खुला मंच देता है जिससे युवक युवती अपने वैवाहिक विचारों का आदान प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रतिभागी को दो पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड व मार्कशीट का फोटो कॉपी लाना अनिवार्य किया गया।परिचय सम्मेलन स्थल पर बिना परिजन के प्रवेश वर्जित रहेगा। यह आयोजन 19 जनवरी को शहर के सतनाम भवन (एम्बो पब्लिक स्कूल) रायपुर रोड बेमेतरा में आयोजित होगा । योग्य युवक-युवती ही परिचय सम्मेलन में भाग ले सकते है। शिक्षक एवं समाज के कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक खेमसिंह बारले ने आगे बताया कि परिचय सम्मेलन की रूपरेखा के साथ तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है, कार्यक्रम स्थल में आए हुए प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आफलाइन पंजीयन हेतु चार काउंटरों पर फार्म भराया जाएगा और प्रतिभागी अपना टोकन नंबर लेकर मंच में अपना परिचय देगा। दूर दराज से आए हुए प्रतिभागियों एवं उनके परिजनों के लिए समिति द्वारा भोजन व पेयजल की व्यवस्था रहेगी। सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति के सदस्य जिले के ग्रामीण क्षेत्र सहित प्रदेश भर में लगातार जनसंपर्क कर समाज के लोगों को जागरुक कर परिचय सम्मेलन के महत्व को बता रहे हैं। जहां सम्मेलन के माध्यम से समाज के युवक युवतियों और परिजनों को अपने स्वेच्छा के अनुरूप योग्यता अनुसार जीवनसाथी का चयन करने में सहायता मिलता है वहीं समय और धन की बर्बादी से भी बचा जा सकता है। इसके अलावा आयोजन की तैयारी में समिति के पदाधिकारी और सदस्य गण जूटे हुए है। पंजीयन के लिए खेमसिंह बारले, मूलचंद बंजारे व खिलावन जांगड़े सहित समिति से सम्पर्क कर सकते हैं।

# संभागायुक्त ने अपराधी को जिला जेल बेमेतरा में निरूद्ध करने दिए आदेश

बेमेतरा, 16 जनवरी (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ, अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त सूरज कुमार साहू पिता स्व. शिवकुमार साहू ग्राम खर्रा तहसील बेरला जिला बेमेतरा को छः माह के लिए जिला जेल बेमेतरा में निरूद्ध करने हेतु आदेशित किया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईश्तगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार सूरज साहू के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के 03 मामले पर आबकारी एक्ट के एक मामले और भारतीय दण्ड विधान के दो मामले बेरला थाना में दर्ज कार्यवाही की गई। इनके विरूद्ध अपराध क्रमांक 252/214 एवं अपराध क्रमांक 247/17 धारा-20(ख) एडीपीएस एक्ट में माननीय न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया है तथा अपराध क्रमांक 264/223 धारा -20 (ख) एडीपीएस एक्ट न्यायालय में विचाराधीन है।

इसके अलावा मारपीट एवं प्रतिबंधात्मक के मामले भी थाना बेरला में दर्ज है। अनावेदक जेल से छूट जाने के पश्चात् लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है तथा उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार प्रतीत नहीं होता है। वर्तमान में भी शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ भी बेचने की शिकायत भी लगातार मिलती रही है। इनके आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पढ़ने से संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर सूरज कुमार साहू को जेल में निरूद्ध किया जाना आवश्यक है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के प्रतिवेदन के अनुसार सूरज कुमार साहू अवैध रूप से धन अर्जन हेतु अवैध गांजा/अवैध शराब की बिक्री में सक्रिय है। आरोपी के क्रियाकलापों से समाज व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। मोहल्ले के लोग अवैध रूप से मिलने वाली गांजा का सेवा कर नशे की आदी होकर मोहल्ले तथा अपने परिवार के लोगों से झगड़ा विवाद करने लगे हैं, जिससे मोहल्ले के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आरोपी का निवास ग्राम खर्रा बस्ती में सार्वजनिक स्थल में स्थित है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में संभ्रांत नागरिक अपने परिवारजनों के साथ आना-जाना करते हैं। आरोपी के द्वारा अवैध रूप से गांजा की बिक्री करने से ग्राम खर्रा के आस-पास असामाजिक तत्वों को सुलभ अवैध गांजा मिलने से गांजे की नशे में लिप्त होकर गली में आने वाले लोगों के साथ झगड़ा विवाद जैसे घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# 8 मार्च से शुरू होगा महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए 4 अतिरिक्त निःशुल्क बसों का संचालन




कवर्धा, 16 जनवरी (देशबन्धु)। बेटियों और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। बेहतर शिक्षा के साथ ही उनकी सुविधाओं के लिए भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में विगत वर्षों में कई प्रयास किये गए हैं जिनसे सैकड़ों छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों को इसका लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में भावना बोहरा द्वारा16 जनवरी को पंडरिया में पहले लक्ष्य निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारम्भ किया गया जहाँ पंडरिया विधानसभा के युवाओं को ढ्ढढ्ढञ्ज-छ्वश्वश्व, हृश्वश्वञ्ज एवं ष्टत्रक्कस्ष्ट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की अनुभवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा । इससे क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को एक बेहतर स्थान मिलेगा जहाँ सुविधाओं तथा संसाधनों के आभाव में जो युवा इन प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग करने में असमर्थ थे अब उन्हें उनके घर के नजदीक ही निशुल्क कोचिंग मिलेगी जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक बेहतर मंच व उनके परिवारजनों को आर्थिक संबल मिलेगा ।

■ लक्ष्य नि :शुल्क कोचिंग के शुभारंभ पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने छात्राओं को दी बड़ी सौगात

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुविधा और उनके सुरक्षित आवागमन की सुविधा के लिए बड़ी घोषणा की है। भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को घर से महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से घर आने-जाने के लिए 4 अतिरिक्त निशुल्क बस सेवा संचालन करने की सौगात दी है। इस निःशुल्क बस सुविधा का लाभ लेने के लिए फ़रवरी 2025 से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन चारों बसों का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया की प्रथम चरण में इन चार बसों का संचालन पंडरिया, पांडातराई एवं इंदौरी के आसपास में रहने वाली छात्राओं को महाविद्यालय आने-जाने हेतु सुगम आवागमन की सुविधा का लाभ मिलेगा। इन बसों का संचालन प्रमुखता विधानसभा के उन क्षेत्रों में किया जाएगा जहाँ सार्वजानिक परिवहन सुविधा का आभाव है ताकि वहां निवासरत छात्राएं निर्बाध रूप से अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें। विदित हो कि इसके पूर्व भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा छात्राओं के लिए 3 निशुल्क बसों का संचालन विगत वर्षों से किया जा रहा है जिसके माध्यम से प्रतिवर्ष 200 से अधिक छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। इस सेवा का लाभ लेने और पंजीयन कराने के लिए छात्राएं अपने नजदीकी जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) में अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकती हैं।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत ही ख़ास है। हमारे पंडरिया विधानसभा के ऐसे प्रतिभावान युवा विद्यार्थी जो संसाधनों के अभाव में या घर की पारिवारिक परिस्थिति कमजोर होने की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में असमर्थ हैं उनके लिए लक्ष्य निशुल्क कोचिंग सेंटर में आज से कोचिंग सुविधाएँ शुरू हो गई हैं। मैं सभी बच्चों से कहना चाहूंगी की वे खूब मन लगाकर पढ़ाई करें, किसी भी समस्या के समाधान व दुविधाओं को यहां उपस्थित अनुभवी शिक्षकों से सहयता लेकर अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रता से आगे बढ़ें और अपने सपनों को पूरा कर हम सभी का और हमारे क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी अग्रिम शुभकामनाएं है।

# हरिनाला पुलिया निर्माण की राह हुई आसान, विधायक भावना बोहरा ने किया पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन



कवर्धा, 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आज विधानसभा वासियों की सुविधा और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए हरिनाला पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और इस सौगात के लिए जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि विगत वर्षों से पंडरिया विधानसभा वासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग रही है बारिश के मौसम में इस नाले में पानी ओवर फ्लो होने की वजह से आवागमन बाधित हो जाता था। इस समस्या को देखते हुए हरिनाला में पुल निर्माण के लिए लगातार विधायक भावना बोहरा द्वारा भी प्रयास किया जा रहा था, जिसके लिए भाजपा सरकार द्वारा 76 लाख 29 हजार रुपए की राशि का टेंडर जारी कर दिया गया है इससे हरिनाला में 18 मीटर पुल का निर्माण होगा,जिसका आज विधायक भावना बोहरा ने भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। विगत वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार हरिनाला में पुल निर्माण हेतु मांग की जा रही थी आज उनकी यह मांग पूरा होते देख बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। इस पुल के निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को अब बारिश के मौसम में आवागमन बाधित होने की समस्या से निजात मिलेगा, वहीं बिना किसी अवरोध के वे अपने दैनिक व निजी कार्यों के लिए आवागमन कर सकेंगे। इसके लिए 76 लाख रुपए से अधिक राशि से लगभग 18 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को रोड कनेक्टिविटी में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। इसके जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है और भूमिपूजन का कार्य आज सम्पन्न हुआ है और तय समय मे इसका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और मैं स्वयं इस कार्य को तय समय मे पूरा करने व गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त करती रहूंगी। यह पंडरिया विधानसभा वासियों के लिए सबसे बड़ी सौगात है जिसके लिए मैं पंडरिया विधानसभा के समस्त लोगों को बधाई देती हूँ।

डबल इंजन भाजपा सरकार में हो रहे विकास कार्यों से आज हर व्यक्ति को सुविधा एवं योजनाओं का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया गया, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया गया जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए गए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी, उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षों तक अपेक्षित थी।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस दिया, 3100 रुपए प्रति च्ंिटल में आज धान खरीदी हो रही है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा और गरीब परिवारों को आवास मिला। आज इन संकल्पों को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में रुके विकास कार्यों को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है।

# तेरा मेरा छोड़कर जिताऊ उम्मीदवार को टिकट वितरण पार्टी की प्राथमिकता : संतोष पांडे

**राजनांदगांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया जिसमें संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल एवं लाभचंद बाफना तथा सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख भी उपस्थित थे।




सर्वप्रथम बैठक का विधिवत शुभारंभ भारत माता एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सभी को मिलजुल कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आवाहन किया तथा सभी 16 मंडल अध्यक्षों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

बैठक में सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सभी को समन्वय करके संतुष्ट करना और वार्ड के निवासियों के लिए सर्वसम्मति से पार्षद, पंच, सरपंच एवं महापौर पद का प्रत्याशी का चयन करना हम सब की जवाबदारी है, इसमें तेरा मेरा को छोड़कर पार्टी के हित में कार्य करने से सफलता तय होगी, उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन चुनाव के समयबध्य ढंग से संपन्न हुए हैं,जो संगठन की विशेषता है।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव जीताने में अपना पसीना बहाया है, अब इन छोटे कार्यकर्ताओं को नेता बनाने एवं निचले स्तर तक पार्टी की योजनाओं को पहुंचाने का अवसर यह चुनाव है। इस चुनाव में योग्य एवं सही कार्यकर्ता का चुनाव कर टिकट वितरण से पार्टी का जनाधार निश्चित रूप से बढ़ेगा। सभी की सामूहिक जवाबदारी है कि हम एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़े। संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल ने भी नगर निगम चुनाव एवं पंचायत चुनाव के संबंध में बूथ स्तर पर जीत के मंत्र दिए और कहा कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की भूपेश सरकार का भय एवं आतंक का माहौल था,जिसके जिला अध्यक्ष के कुख्यात कारनामे जग जाहिर थे, अब वर्तमान में विष्णु देव साय का सुशासन चल रहा है जिसके तहत 70 लाख बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को 2 वर्ष का बोनस भी दिया,साथ ही एक मुफ्त 3100 में धान खरीदी की व्यवस्था भी की जा रही है। अवधेश चंदेल ने कहा कि सभी को अनुभव के साथ मेहनत और विश्वसनीयता के साथ जनता का विश्वास हासिल करना है और मतदाता सूची का अवलोकन जरूर करें तथा सूचीबद्ध मतदाताओं से संपर्क कर उनका विश्वास हासिल करें।

**■ सर्वानुमति के सामंजस्य से उम्मीदवार का चयन करें : अभिषेक सिंह**

विशेष रूप से पधारे लाभचंद बाफना ने कहा कि 15 वर्षों तक डॉ रमन सिंह ने प्रदेश को विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचा उनके कार्यकाल को जनता को जरूर बताएं और 5 वर्षों तक भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं को महादेव एप और शराब के भ्रष्टाचार में डुबो दिया और विगत एक वर्षों में विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन को और उनकी योजनाओं को भी जनता तक पहुंचाएं तो भाजपा की जीत पक्की होगी।

प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि उनके जीवन का स्वर्णिम अवसर आया है इसलिए वे सभी इस चुनाव में गंभीरता के साथ लग जाए और स्थानीय मुद्दों को उजागर करें पिछली सरकार की कमियों को बताएं और लगातार मतदाताओं से संपर्क में रहे,बूथ जीतने के लिए सभी कार्यकर्ता जी जान से जुट जाएं तो चुनाव में भाजपा का परचम जरूर फहराएगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव ने किया एवं आभार प्रदर्शन नव नियुक्त महामंत्री सौरभ कोठारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, विनोद खांडेकर, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, राजेंद्र गोलछा, नीलू शर्मा,एमडी ठाकुर, शशिकांत द्विवेदी, चंद्रिका डडसेना, शिव वर्मा,मूलचंद लोधी, गिन्नी चावला, संजय लोहिया, पूर्णिमा साहू, किरण साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, कैलाश शर्मा, लीलाधर साहू,सावन वर्मा,आलोक बिंदल, रघुवीर वाधवा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मितानिन दीदीयों का वेतन खा रही भाजपा सरकार: कुलबीर

**राजनांदगांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी करते हुए कहा कि चुनाव के पूर्व प्रदेश की जनता से भाजपा लोकलुभावने वायदे कर सत्ता में आयी और अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। मितानिन कार्यक्रम की सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, हेल्थ डेस्क फेसिलेटर की प्रोत्साहन राशि व क्षतिपूति विगत तीन माह की राशि नहीं मिलने से पूरे छत्तीसगढ़ की मितानिना दीदीयां नाराज व परेशान है जिसके कारण वे सरकार से काफी नाखुश हो गयी है। इसी तरह प्रदेश के लाखों किसानों के साथ विष्णुदेव साय सरकार धोखाबाजी कर रही है। किसानों को 21 चिंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। टोकन, बारदाना से लेकर तौलाई में गड़बडी़ की शिकायत पूरे प्रदेश में है। 3100 रूपए प्रति चिंटल की दर से एकमुश्त भुगतान कर किसानों किसी को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में धान खरीदी का नगद भुगतान केन्द्र खोलने का वादा भी जुमला निकला। पिछले खरीफ सीजन के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त हड़प लिए। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद कर दिया गया। शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना दुर्भावनापूर्वक बंद कर दिया गया। इसी तरह शिक्षकों के साथ छल किया जा रहा है। पुलिस भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा किया जिसके कारण एक जवान को अपनी जान गवाने पड़ी और पुलिस भर्ती को निरस्त करना पड़ा कुल मिलाकर युवाओं को भी इस सरकार ने छलने से नहीं चुके। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार से चहूंओर नाराजगी साफ देखी जा रही है। और आने वाले समय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनावों की शुरुआत होने वाली है ऐसे में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता कड़ा जवाब देगी।



**■ विष्णुदेव के सुशासन में मितानिनों दीदीयां वेतन के लिए जोह रहे बांट**

# धान खरीदी के गलत सत्यापन का समाचार देशबन्धु ने उठाया

**राजनांदगांव,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। बीते दिनों खाद्य अधिकारी द्वारा अपने अमले को लेकर रामपुर सेवा सहकारी समिति में दबिश देने व अस्त-व्यस्त पड़े धान का त्रुटीपूर्ण सत्यापन किए जाने व साढ़े 6768 बोरा धान की कमी निकाले जाने तथा समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिए जाने से जिला सहकारी समिति संघ के लोग भड़क गए और खाद्य विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। साथ ही धरना प्रदर्शन कर खरीदी एक दिन के लिए बंद कर दी गई थी।

सहकारी समिति की एक न सुनते हुए बाकायदा एफआईआर करने आवेदन भी दे दिया गया था। जिसे देखकर कर्मचारियों में आक्रोश उपजा जिसे शांत करने प्रशासन द्वारा बैठक आयोजित कर तत्संबंध में जांच का आश्वासन दिए जाने उपरांत संघ के लोग शांत हुए और दूसरे दिन से खरीदी पुन: प्रारंभ हुई। जिस खाद्य अधिकारी के साथ में टीम थी उसे समुचित टीम के साथ में खाद्य अधिकारी को भी गलत तरीके के धान का भौतिक सत्यापन कराया गया था जिसमें 6768 बोरा धान कम दर्शाया गया था। खाद्य अधिकारी और जो टीम थी उसके लापरवाही सामने आई है और मात्र 94 बोरा पुनर्गणना में कम पाया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि जो जिसके लिए जिम्मेदार नहीं थे उन्हें फसाने का षड्यंत्र रचा गया और बाकायदा एफआईआर के लिए आवेदन भी दिया गया। बताया जाता है कि जिला प्रशासन के मना करने के बाद सोसाइटी के लोगों द्वारा अपनी आप बीती राजनांदगांव के विधायक को सुनाई तभी जा कर पुनर्गणना किया गया जहां धान खरीदी के सत्यापन करने वाले लोगों की साजिश सामने आई है।


5 देशबन्धु
प्रादेशिकी
रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025

रामपुर धान खरीदी केंद्र में गलत धान सत्यापन से नाराज सोसाइटी कर्मचारी

**■ रामपुर सोसाइटी, खरीदे धान का गलत सत्यापन, जांच दल को निलंबित करने की बजाय तबादला**

खाद्य विभाग का संयुक्त जांच दल प्रशासन को भी किया गुमराह ?

रामपुर धान उपार्जन केंद्र में संयुक्त जांच दल द्वारा केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया पर 6768 बोरा धान फर्जी खरीदी किया जाना पाया गया। जब संयुक्त जांच दल प्रशासन को ही गुमराह कर झूठी रिपोर्ट पेश करने में कामयाब नजर आए। जब जांच दल ही दोषी पाया गया तब पुनर्गणना से भी साबित हो गया है कि जांच दल ने गलत सत्यापन किया तो ऐसे जांच दल के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए। जबकि खाद्य विभाग के अधिकारियों का मात्र तबादला किया गया है।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक



**खैरागढ़,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटारा करने कहा साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में शासन से मिले नए निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। सभी अधिकारियों से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही साथ ही सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थिति एवं यातायात नियमों सहित अन्य निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में 15 साल पुराने शासकीय वाहनों की नीलामी, अनुकम्पा, धान खरीदी, हाईकोर्ट से सम्बंधित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की।

# निरीक्षण के दौरान नदारद मिले 6 शिक्षकों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

**खैरागढ़,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम बाजार अतरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला का दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यानाराण राठौर व कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के द्वारा 15 जनवरी बुधवार को दोपहर स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आयुक्त राठौर ने शाला निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा की जब आयुक्त स्कूल में पहुंचे तब बच्चे परिसर में टहल रहे थे। वही स्कूल का समय हो जाने के बावजूद शिक्षक नहीं पहुंचे थे। जिसे लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नदारद मिले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राचार्य को स्कूल में अनुशासन बनाएं रखने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और अनुशासित होकर पढ़ाई करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्कूल में बच्चे और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी पंजियों में देखी। इस अवसर पर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू मौजूद थे।



कमिश्नर दुर्ग संभाग सत्यानाराण राठौर एवं कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में नदारद मिले 6 स्कूली शिक्षकों को कारण बाताओं नोटिस जारी हुआ है। नोटिस जारी होने वाले शिक्षकों में व्याख्याता रामप्रकाश सेन, व्याख्याता उमा टेम्बुरकर, व्याख्याता हीरा सिंह टेम्बरकर, व्याख्याता मंजू कोसरे, व्यायाग शिक्षिका अनिता सिंह एवं सहायक ग्रेड-03 खोमेश्वर दास बघेल शामिल है।

## अपनी भतीजी के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। केसीजी जिले के छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत आने ग्राम ग्राम उदयपुर में चाचा ने अपने भतीजी के रिश्ते को कलंकित किया है। आरोपी भोलाराम साहू ने अपने भतीजी के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के बताए अनुसार पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



आरोपी भोलाराम पिता भानुराम साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुर थाना छुईखदान ने 9 जनवरी 2025 को अपनी भतीजी पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था जिस पर पीड़िता के द्वारा 13 जनवरी 2025 को पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। प्रकरण में त्वरित निराकरण करने एसपी त्रिलोक बंसल, एएसपी नितेश कुमार गौतम के निर्देशन में एसडीओपी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले के कुशल नेतृत्व में आरोपी भोलाराम पिता भानुराम साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुर थाना छुईखदान को धारा 64 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर 14 जनवरी 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जिसे न्यायलय के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमांड पर सलोनी जेल भेजा गया।

# रश्मि देवी कॉलेज में हुआ विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

**खैरागढ़,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ की हिंदी की अतिथि व्याख्याता डॉ. मेधाविनी तुरे उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विश्व में हिंदी के बढ़ते कद की चर्चा करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से हिंदी के विकास में योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य के रूप में उपस्थित इतिहास के सहायक प्राध्यापक डॉ. जे. के. साखरे ने मातृभाषा और राष्ट्रभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्र की उन्नति के लिए स्थानीय भाषा और राष्ट्रभाषा के उत्थान को आवश्यक माना इससे पहले बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र देवेंद्र पटेल ने हिंदी भाषा को समर्पित कविता मातृभूमि और हिंदी भाषा से प्रेम प्रस्तुत की तत्पश्चात हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रो. यशपाल जंघेल ने कहा कि हिंदी केवल भारत में ही नहीं बोली जाती बल्कि पाकिस्तान, नेपाल, फिजी, सूरीनाम अमेरिका कनाडा आदि देशों मे भी बोली जाती है। हिंदी बोलने वालों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। इससे हिंदी में रोजगार की सम्भावना भी बढ़ रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंदी के अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल ने भाषा की शुद्धता पर बल देते हुए हिंदी के वैश्विक प्रसार पर प्रसन्नता व्यक्त की इसके बाद हरिवंश राय बच्चन की कविता दिन जल्दी-जल्दी ढलता है और डॉ. सीमा विजय की कविता सुनो मैं हिंदी हूं का पाठ किया इसके बाद भारत के बाहर हिंदी की पढ़ाई कराने वाले देशों और विश्वविद्यालयों की जानकारी दी आभार प्रदर्शन एम ए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा लीना वर्मा ने किया विश्व हिंदी दिवस के इस आयोजन में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं गौकरण साहू, विवेक कुमार जांगड़े, सुनील वर्मा, पाल के अलावा बड़ी संख्या में स्नातक स्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहें।



## आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**राजनांदगांव** 16 जनवरी। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा की और कहा कि डामरीकरण व पेचवर्क कार्य जल्द पूर्ण करे तथा अगामी निकाय चुनाव को देखते हुये कार्य मे गति लाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करावे साथ ही अप्रारंभ कार्य तीन दिन में जल्द चालू करने कहा। बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने उप अभियंताओं से उनके प्रभारित वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय श्री संजय अग्रवाल द्वारा भी निर्माण कार्यो की जानकारी समय समय पर ली जाती है, कार्य की प्रगति के संबंध में उनके द्वारा परसो समीक्षा भी की जावेगी। उन्होंने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य की जानकारी लेकर काम में गति लाने कहा, उन्होंने कहा कि डामरीकरण रोड के कोने तक करावे, जहा मशीन से नही होगा वहा मेनुअल करावे। सभी सडको में प्राथमिकता से डामरीकरण करावे, मशीनों की संख्या बढावे, पेचवर्क के कार्य में भी गति लावे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नगरीय निकाय चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता संभावित है, उसके पूर्व सभी कार्य चालू करना है, जो कार्य चालू स्थिति में है उसको समय सीमा में पूर्ण करना है। शौचालय मरम्मत कार्य चालू करने के पूर्व केयर टेकर द्वारा किये जाने वाली व्यवस्था की जॉच कर रिपोर्ट तैयार कर दो दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करे तथा मरम्मत कार्य चालू करे।

# महिलाओं की जागरुकता स्वच्छ समाज निर्माण में सहायक : कुसुम दुबे

**राजनांदगांव** 16 जनवरी। कमला देवी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार योजना के तहत प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के तहत 7 से 15 जनवरी तक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओ के विधिक अधिकार एवं जागरुकता विषय पर भी एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे ने अपने व्याख्यान के माध्यम से महिलाओं के लिए बने कानून, सरकार की योजनाओं एवं अधिकार व कर्तव्य के साथ अपराध रोकने के लिए कानून की जानकारी एवं पुलिस को सहयोग करने पर बल दिया।



कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजन की संचालक वरिष्ठ प्राध्यापिक डा एच के गरचा ने उपस्थित छात्राओं को आयोजन के उद्देश्य से अवगत कराया पश्चात अधिवक्ता श्रीमती कुसुम दुबे ने कॉलेज के सभाकक्ष के गरिमामयी आयोजन में संस्था के प्राध्यापकों की उपस्थिति में अध्यनरत छात्राओं को संबोधित करते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 से 21 एवं कानून से महिलाओं को मिले अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा, टोनही प्रताड़ना, दहेज निवारण, महिलाओं के भरण पोषण, कामकाजी महिलाओं के कार्यस्थल पर अधिकार, लैंगिक उत्पीड़न से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 सहित महिला आयोग, सखी सेंटर, महिला (थाना) प्रकोष्ठ के बारे में जानकारी देते हुए विधिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी और अपील भी कि आप अपने अधिकार, कर्तव्य के साथ जागरूक होकर एक स्वस्थ, समृद्ध, अपराध मुक्त समाज स्थापित करने में सहभागी बने । पश्चात श्रीमती दुबे ने कार्यशाला में प्रतिभागी विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो प्रदान किया इस अवसर पर आयोजन समन्वयक डॉ निवेदिता ए लाल, डा बृजबाला ऊईके, सह सचिव डा नीता एस नायर, उपस्थित थी.

# प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद-राजिम

**उल्टा पुल्टा**

रमेश ने शौक-शौक में व्रत रख लिया।
रमेश ( पत्नी से )- देखो सूरज डूब चुका है, अब खाना खाते है।
पत्नी ( रमेश से )- नहीं जी।
रमेश- देखो डूबा या नहीं
पत्नी- नहीं जी।
रमेश- लगता है ये मुझे साथ लेकर ही डूबेगा।

## संपादकीय

### महाकुम्भ में छग की उपस्थिति

सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर प्रारम्भ हुआ महाकुम्भ बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहा है। देश-विदेश से बड़ी तादाद में वहां लोग पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ से भी कई लोग वहां जा रहे हैं। महाकुम्भ में सतत विकसित होता यह राज्य दो तरीकों से अपनी उपस्थिति दर्शा रहा है। पहला है वहां लगी छग सरकार की प्रदर्शनी जो बरबस वहां जनता को खींच रही है। जबसे महाकुम्भ प्रारम्भ हुआ है, हर रोज वहां लोग आ रहे हैं। इसमें इस अंचल के इतिहास, यहां की कला-संस्कृति, पर्यटन स्थल, उद्योग-व्यवसाय, शहरी विकास आदि का सचित्र वर्णन किया गया है। इसके अलावा यहां से जाने वालों को रहने, नाश्ते एवं खाने की भी सुविधा राज्य सरकार की ओर से की गयी है।

जब सारी दुनिया से इतनी बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं तो जाहिर है कि रहने आदि की समस्या होगी ही। विशेषकर, ठंड का मौसम है और उत्तर भारत में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से बचना ज़रूरी है। छग से जाने वाले श्रद्धालुओं को चाहिये कि इस सुविधा का वे लाभ उठायें ताकि वे आराम से वहां रह सकें और महाकुम्भ का लाभ उठा सकें। सरकार की ओर से जानकारी दी गयी है कि छत्तीसगढ़ पेवेलियन मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में बघाड़ा मेला के पास लगाया गया है। यहां तक पहुंचने के लिये लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना होगा तथा प्रयाग रेलवे स्टेशन इसके नज़दीक पड़ता है। जो लोग हवाई मार्ग से जायेंगे वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय होते हुए यमुना ब्रिज पार कर यहां पहुंच सकते हैं।

जहां तक प्रदर्शनी की बात है, तो कहा जा सकता है कि अल्प अवधि में जितनी बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं, प्रदेश के बारे में विभिन्न जानकारियां उन तक पहुंचाने का यह नायाब अवसर है। अपनी स्थापना के लगभग 25 वर्ष पूर्ण कर रहा छत्तीसगढ़ अब भी या तो लोगों के लिये अनजान है अथवा उसके बारे में जनसामान्य को पूरी जानकारी नहीं है। प्रदेश को माओवाद के लिये जाना जाता है परन्तु बहुत कम लोग जानते हैं कि अब यह हिंसा आधारित विचारधारा खात्मे की ओर है। यह राज्य कला-संस्कृति के प्रेमियों व शोधकर्ताओं को नये अनुभव देता है तथा पर्यटन के अनेक आकर्षक केन्द्र यहां हैं।

इसके अलावा हाल के वर्षों में यह प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। यहां विभिन्न तरह के व्यवसायों एवं सेवा सेक्टर ने अच्छी ग्रोथ की है। अनेक शिक्षण तथा स्वास्थ्य संस्थान यहां हाल के वर्षों में खुले हैं और बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। विभिन्न पेशों के विकास के लिये भी यहां असीमित गुंजाइशें हैं। चिकित्सकों, शिक्षाविदों, वास्तुविदों, बिल्डरों-डेवलपरों के लिये छग अच्छे अवसर प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी करोड़ों लोगों को इन सब तथ्यों से अवगत करायेगी।

## तेलंगाना में बंधक 4 श्रमिकों को जिला पुलिस ने छुड़ाया

**पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष की सूचना पर हुई कार्रवाई**

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। तेलंगाना में इंट भट्टा में बंधक बनाकर रखे गये चार मजदूरों एवं उनके तीन बच्चों को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगडेज्ज की सूचना पर पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के नेतृत्व पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने छुड़ाने में सफलता प्राप्त किया है। बंधक मजदूरों को थाना चेद्दापल्ली (तेलंगाना) पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ भेजने की व्यवस्था किया गया। मजदूरों ने 15 जनवरी को अपने ग्राम चंडी पहुंचने के पश्चात डॉ. सनम जांगडेज्ज के साथ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर बलौदा बाजार पुलिस का सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया।

तेलंगाना से वापस लौटे श्रमिक इंद्राणी कुर्रे उसके पति राजेश कुर्रे, खेलनपुरी गोस्वामी व उनकी पत्नी दुर्गेश्वरी ने बताया कि मजदूर दलाल दिलीप कांटाभांजी, उड़ीसा का एजेंट सिमगा में रहता है। जिसके द्वारा तेलंगाना के चेद्दापल्ली नामक स्थान पर्र इंट भट्टा में काम पर ले जाने हेतु नवम्बर 2024 में श्रमिकों को 14500 एडवांस दिया। जिसके पश्चात वे 16 नवम्बर को अपने तीनों बच्चों के साथ ग्राम चेद्दापल्ली पहुंचे। जहाँ इंट भट्टा मालिक उदय व उसके भाई किरण से मिलकर काम पर लग गये। एक सप्ताह तक सब ठीक चलता रहा। बाद में दोनों भाईयों एवं उनके कर्मचारियों ने श्रमिकों का मोबाईल छीन लिया और बंधक बनाकर 18-20 घंटें इंट भट्टा में काम कराया जाता रहा। इंकार करने पर मजदूरों की डंडे व पट्टे से पिटाई भी किया गया परंतु इंद्राणी के पति ने अपना मोबाईल छिपाकर रख दिया था। अवसर देखकर उन्होंने मोबाईल पर ग्राम चंडी निवासी द्वारिका वर्मा से सम्पर्क किया। जिन्हें घर वापस लौटने के लिए 30000 रुपये द्वारिका ने फोन पे के माध्यम से दिया। जब मजदूर्र इंट भट्टा से लौटने का प्रयास कर रहे थे तो भट्टा मालिक के कर्मचारियों ने रुपये छीनकर उनकी पिटाई किया गया। जिसके पश्चात राजेश कुर्रे ने पुन: फोन पर द्वारिका को पूरी बात बताया। इस पूरे मामले की जानकारी द्वारिका ने पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगडेज्ज को दिया। जिन्होंने इसकी गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को मजदूरों के साथ हो रहे अमानवीय यातना से अवगत कराया। पूरी जानकारी लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा चेद्दापल्ली क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क कर उससे सहयोग मांगने पर चेद्दापल्ली पुलिस नें इंट भट्टा पहुंचकर बंधक श्रमिकों एवं उनके बच्चों को सकुशल रेस्क्यू कर 13 जनवरी को ट्रेन में बैठाकर रायपुर रवाना किया। जहां से वापस लौटे मजदूरों ने डॉ. सनम जांगडेज्ज के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।



## हल्दी-कुमकुम का जीवन से गहरा संबंध : ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी



- खुशहाल महिला खुशहाल परिवार विषय पर महिलाओं ने रखे अपने विचार
- ब्रह्माकुमारीज़ की त्रिमुर्ति भवन में हल्दी कुमकुम की सौंधी महक के साथ संक्रान्ति पर्व आयोजित

**नवापारा (राजिम),** 16 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय संस्कृति में हर त्योहार आध्यात्मिकता के रहस्य को लिए हुए है। हल्दी-कुमकुम के आयोजन का जीवन से गहरा संबंध है।मकर संक्रांति पर हल्दी-कुमकुम की सौंधी महक के साथ आयोजित ष्खुशहाल महिला खुशहाल परिवार ष् विषय पर कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी उक्त बातें कही।

मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर नवापारा नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सेवाकेंद्र के तत्वाधान में हल्दी-कुंकुम की सौंधी महक के तहत खुशहाल महिला, खुशहाल परिवार विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि शास. हरिहर उच्चतर माध्य. विद्यालय की प्राचार्या फाखरा खानम दानी रही।वही खुशबू कश्यप प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय, डॉ उमा गुप्ता, समाज सेविका मीता महाड़िक, पायल बाफना, ज्योति परमार विषय आतिथ्य विराजमान रही। महिलाओ की सभा को संबोधित करते हुए दानी मैम ने कहा कि संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन होगा, मां का संसार तो बच्चे >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो अधेड़ की हालत गंभीर



**उपचार निजी अस्पताल में चल रहा**

**नवापारा राजिम,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जहां स्कूटी सवार दो अधेड़ हाइवा की चपेट में आ गए। इस घटना में स्कूटी सवार दोनों की हालत गंभीर है। जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना मगरलोड थाना अंतर्गत बड़ी करेली चौकी क्षेत्र में हुई है बताया जा रहा है कि नवापारा के रहने वाले राजेंद्र ध्रुव और दुकालू ध्रुव स्कूटी में सवार होकर अपनी बहन के घर नवागांव गए थे। मंगलवार शाम करीब 7.30 बजे वे वापिस घर लौट रहे थे। इस दौरान नवापारा और नवागांव के बीच टर्निंग प्वाइंट में हाइवा की चपेट में आ गये। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को लेकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार दुर्घटना नवापारा से लगभग 1 किमी दूर सोनकर लॉज के पास स्कूटी सवार 2 लोग हाइवा की चपेट में आए।

परिजनों ने बताया कि वे राजेंद्र और दुकालू को लेकर नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे, लेकिन मौके पर मौजूद अस्पताल के स्टाफ ने तकनीकी उपकरण और अन्य सुविधायें न होने का हवाला देकर निजी अस्पताल भेज दिया। परिजन के अनुसार घटना में राजेंद्र की हालत ज्यादा गंभीर है, उसके सिर पर गहरी चोट लगी है। वहीं दुकालू को सामान्य चोट आई है। बताया जा रहा है कि रेत भरी हुई हाइवा वाहन सड़क किनारे टर्निंग के पास अंधेरे में खड़ी थी। अंधेरा होने के कारण स्कूटी चालक कुछ समझ नहीं पाए और यह हादसा हो गया। बता दे कि कुछ महीने पहले इसी जगह हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी।

## कांग्रेस से नपा अध्यक्ष के लिए भरत ने दावेदारी पेश की



**महासमुंद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)।नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता भरत सिंह ठाकुर ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर को आवेदन सौंपते हुए कांग्रेस से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने आवेदन के साथ अपना बायोडाटा प्रस्तुत करते हुए कहा है कि वे कांग्रेस पार्टी में 1988 से जुड़े हुए है तथा पार्टी के अनेक पदों पर रहकर पार्टी को मजबूत किया है। वे लगातार कांग्रेस पाटी के रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए पार्टी के कार्यो को जन-जन पहुंचाया है। इस बार नगर पालिका अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त है और वे सामान्य जाति से आते है इसलिए पहली प्राथमिकता मिलना चाहिए।

## शिव महापुराण कथा में सजाई शिव-पार्वती विवाह की झांकी



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। ग्राम अमेरा में गुड़ी चौक में चल रहे शिव महापुराण कथा में बुधवार को शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई गई। इससे पूर्व भगवान शिव-माता पार्वती और शिव महापुराण की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। इस दौरान कथा वाचक आचार्य वीरनारायण उपाध्याय ने प्रवचन देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो दुखी न हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। भगवान का नाम स्मरण करने मात्र से हर एक विषम परिस्थिति को पार किया जा सकता है। इसलिए हम सभी को भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए। महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग रोचक वर्णन किया। बताया महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था इसलिए शिव विवाहोत्सव मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर शिव विवाह की कथा सुनना और पढ़ना पुण्यदायी बताया। कथा मर्मज्ञ ने शिव बारात का रोचक वर्णन करते हुए कहा बारात में भूत-प्रेत, बेताल मगन होकर नाच रहे थे। भगवान शिव गले में नाग धारण किए नंदी पर विराजमान थे। भगवान विष्णु और ब्रह्माजी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। त्रिलोक आनंद से मगन था। शिवजी के जयकारों से दिशाएं गूंज रही थीं। कथा के मुख्य यजमान रामानुज मालती पटेल है।

## जल्द ही किसानों को अंतर की राशि मिलेगी एकमुश्त : विधायक



**महासमुंद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने धान खरीदी को लेकर कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार हमारे किसान भाइयों को अंतर की राशि का भुगतान एकमुश्त होगा। धान खरीदी के खत्म होते ही अंतर की राशि किसानों को प्रदान की जाएगी। हमारी सरकार किसानों के हित के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल और प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी की जा रही है। इस बार 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। किसानों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से टोकन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के 22 लाख से अधिक किसानों से 121 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी हो चुकी है। इन किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 25 हजार करोड़ से ज्यादा का भुगतना किया जा चुका है। 31 जनवरी तक धान खरीदी का कार्य चलेगा। प्रदेश के किसान भाइयों के उपज का एक.एक दाना खरीदना हमारी सरकार का लक्ष्य है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पूर्व सरकार को निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में किसान भाइयों को अंतर की राशि चार किश्तों में दी जाती थी। कई बार राशि न मिलने की स्थिति में किसान भाइयों को बैंकों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन हमारी सरकार एकमुश्त भुगतान करेगी। इससे किसान भाइयों को बार.बार बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। वहीं उन्हें अंतर की राशि के लिए सालभर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## भाजपा का ओबीसी विरोधी चेहरा उजागर : द्रोण



**महासमुंद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता व बावनकेरा के पूर्व सरपंच द्रोण चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़ के पंचायत, जिला पंचायत व जनपद पंचायत आरक्षण में ओबीसी वर्ग के साथ छल करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ओबीसी वर्ग की आबादी 53 प्रतिशत से अधिक है। सबसे अधिक आबादी वर्ग को त्रि.स्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जाना भाजपा का ओबीसी विरोधी चेहरा को उजागर कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में ओबीसी वर्ग को 32 प्रतिशत आरक्षण देने प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसे दुर्भावना पूर्वक भाजपा ने राजभवन में अटका दिया। वह आज भी राजभवन में लंबित पड़ा है।

श्री चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी पद ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं है, जबकि यहां की आधी आबादी ओबीसी वर्ग की है। इस बहुसंख्यक आबादी के साथ राज्य की बीजेपी सरकार अन्याय कर रही है। भाजपा सरकार के भेदभादव पूर्ण नीति के चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो रहे हैं। जनपद, जिला पंचायत व ग्राम पंचायत सरपंचों के आरक्षण में ओबीसी वर्ग को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जाना ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय है। महासमुंद जिला में ओबीसी वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं। जबकि यहां बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग की है। भाजपा सरकार ने दुर्भावना पूर्वक आरक्षण जारी कर ओबीसी वर्ग को कुचल दिया है।

## कुर्मी समाज नगर इकाई का हेमंत टिकरिहा बने अध्यक्ष



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार नगर इकाई अध्यक्ष का चुनाव राज प्रधान सुनीता वर्मा के अध्यक्षता में कुर्मी मंगल भवन में चुनाव अधिकारी भीम वर्मा और मन्नुलाल वर्मा के द्वारा संपन्न किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित स्वजतियों ने सर्व सम्मति से हेमंत टिकरिहा को नगर इकाई अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर निवृत मान नगर अध्यक्ष एवं संरक्षक नरसिंह वर्मा, धर्मेन्द्र सरसिहा, जितेन्द्र धुरंधर, नरेन्द्र कश्यप, राज मंत्री द्वारिका वर्मा (झीपन) सचिव प्रदीप बघमार, मिडिया प्रभारी महेश वर्मा, सह-सचिव देवेश वर्मा, सांस्ताकृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर, छात्रावास प्रभारी गणेश बघमार सहित गणमान्य स्वजाति ताराचंद धुरंधर, यतन लाल वर्मा, जामवंत वर्मा, गणेश बघमार, भिनेश्वर वर्मा, माखन वर्मा, कोमल वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, के.के. वर्मा, रघुनंदन बघमार, रुपेंद्र वर्मा, भुपेंद्र वर्मा, प्रेमसिंह वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जीवन वर्मा, मोहन वर्मा, तामेश्वर वर्मा, मदन वर्मा, राजेश वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, पवन वर्मा, विवेक वर्मा, ज्ञानेशु वर्मा, भानुप्रताप वर्मा आदि उपस्थित थे।

## छात्रों की रुचि बढ़ाने तथा कृषि से संबंधित नए वैज्ञानिक तकनीकों व क्रियाओं को समझाया : नैना पहाड़िया



**नवापारा राजिम,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगर के लिए साथ ही विज्ञान के अद्भुत खोजों व उपलब्धियों को समझने नगर के महाविद्यालय में बीएड प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय तथा साइंस सेंटर रायपुर का सामुदायिक गतिविधि कार्यक्रम के तहत किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य की अनुमति एवं, उपप्राचार्य की शुभकामनाओं के साथ शिक्षा संकाय के सामुदायिक गतिविधि कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक नयना तंतत, मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्याप कार्यक्रम में शामिल हुए। जिस में बीएड प्रथम सेमेस्टर के समस्त 80 प्रशिक्षणार्थी व शैक्षणिक स्टाफशामिल थे। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय में व्यावसायिक टिशू कल्चर प्रयोगशाला में डॉ खूबचंद वर्मा के द्वारा टिशू कल्चर की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

उन्हें कैसे पोषक माध्यम में रखा निकलकर अनुकूलित वातावरण में नई पौधे कैसे विकसित होते है, इसकी संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षार्थियों को दी गई। डॉ खूबचंद वर्मा जी के द्वारा टिशू कल्चर की प्रकिया को विस्तार से समझाया गया। क्षेत्र में करियर बनाने हेतु भी प्रेरित किया गया साथ ही कृषि संग्रहालय में कृषि के अत्याधुनिक तकनीक इस प्रकार सामुदायिक गतिविधि कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को कृषि व विज्ञान के तकनीकों के बारे मे जानने व समझने का अवसर प्राप्त हुआ। यह सामुदायिक गतिविधि कार्यक्रम सहायक >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## तुरतुरिया में बीएसएनएल नेटवर्क हुआ एक्टिव

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल तुरतुरिया धाम में बीएसएनएल का नेटवर्क सक्रिय हो गया है जिससे अब वहां मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा लोगों को मिलना शुरू हो गया है। ई-डिस्ट्रिक मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुरतुरिया धाम में बीएसएनएल द्वारा मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया है जिसे अब सक्रिय कर दिया गया है। गौरतलब है कि विगत दिनो कलेक्टर दीपक सोनी ने मेले की तैयारियों का जायजा लेने तुरतुरिया पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए वहां स्थापित बीएसएनएल टावर को एक्टिव करने के निर्देश दिए थे।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की संयुक्त जांच दल द्वारा बुधवार को विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम अंसुला में पिलानिया स्टोर्स की जांच की गई।

जांच में पिलानिया स्टोर्स के संचालक राजकुमार अग्रवाल द्वारा अपने किराना स्टोर में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से भण्डारण किये जाने के कारण द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय व वितरण विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन किये जाने के कारण 47 नग घरेलू गैस सिलेंडर, जिसमें से 14.2 किग्रा का 43 नग भरे हुए एवं 2 नग खाली तथा 5 किग्रा के 2 नग खाली सिलेंडर की जप्ती की कार्यवाही की गई तथा उक्त घरेलू गैस सिलेंडर को गैस एजेंसी पिथौरा की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसी प्रकार एक अन्य जांच में खाद्य एवं आबकारी विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा विकासखंड बसना अंतर्गत अंतरा परिसरार अंसुला नाला, ग्राम पंचायत अंसुला में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों का महुआ शराब बनाने में उपयोग करते हुए पाया गया। मौके पर 7 नग घरेलू गैस सिलेंडर, जिसमें 1 नग भरा हुआ, 1 नग खाली, 5 नग आधा भरा हुआ, 5 नग रेगुलेटर, 5 नग एकल बर्नर चूल्हा, 4 हॉस पाईप तथा 9 नग गंजा बर्तन जप्त किया गया। जप्त गैस सिलेंडर को गैस एजेंसी पिथौरा की सुपुर्दगी में दिया गया।

उक्त जांच एवं जप्ती की कार्यवाही हरीश सोनेश्वरी, सहायक खाद्य अधिकारी अनुविभाग.सरायपाली, अविनाश दुबे, खाद्य निरीक्षक, विकासखंड.सरायपाली तथा विवेक कुमार, खाद्य निरीक्षक, विकासखंड पिथौरा एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया।

## गांवों में जाकर आज एमएमयू के डॉक्टर करेंगे इलाज

**बिलाईगढ़** 16 जनवरी। भारत सरकार के महारत्न आईसी संस्था द्वारा जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 17 जनवरी को जिले के बसमेकला ब्लॉक के ग्राम बिरनीपाली के आश्रित गांव भराली में, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम बोईसमाल तथा रेड़ में, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम चचेरेल में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।



# अस्मिता एवं स्वाभिमान के लिए एकजुट रहें : भूपेश बघेल

## निलजा में तिल्दा राज का 79वां राज अधिवेशन संपन्न



**खरोरा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। ग्राम इकाई निलजा के अगुवाई ,सहयोग समर्थन ,राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा के संयोजन में दिव्यात्मा बिसरू राम बघेल स्मृति सभा स्थल ग्राम निलजा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का 79वां वार्षिक राज अधिवेशन सम्पन्न हुआ ।

शुरुआत में पारंपरिक वाद्य के साथ महिलाओं ने ग्राम के देव्यशक्तियों को आमंत्रित करते हुए संकटमोचन मंदिर से कलश निकली, ध्वजारोहण, ईश पूजन, जाति गौरव गीत च्क्षत्रिय कुल के भाग्य विधाताज्एवं राजगीत से की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप की अध्यक्षता, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोती लाल वर्मा, केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ,सांसद विजय बघेल, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा,महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा,पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल ,दानवीर दाऊ सदाशिव हथमल जनक राम वर्मा ,जनपद अध्यक्ष सुमन देवव्रत नायक ,केंद्रीय युवाध्यक्ष चन्द्रकान्त वर्मा,केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल,जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा,डोगेन्द्र नायक ,सोना वर्मा,सहित दसों राज के राजप्रधान जागेश्वर वर्मा,हरि राम वर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा,रामखिलावन वर्मा,सुनीता वर्मा,सत्यभामा परगनिहा, युगल किशोर आडिल,नीलमणि परगनिहा, चिन्ता राम वर्मा, आदि उपस्थित थे।

ग्राम इकाई व राज इकाई के पदाधिकारियों ने शाल, श्रीफल, स्मृति-चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने समस्त अतिथियों व उपस्थित स्वजातियों के प्रति अभिनंदन के भाव आत्मसात कर तथा आयोजन,उपलब्धियों,भावी कार्ययोजना को शामिल करते हुए राजप्रतिवेदन का पठन किया। समाज में व्याप्त कुरीतियों ,आडंबरों,खर्चीली शादी,कानफोडू ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर अंकुश लगाने की वकालत की। समाज में सभ्य,सुशिक्षित वर्ग तथा युवाओं को अधिकाधिक योगदान का आव्हान किया। मद्यपान से परिवारों के विघटन पर चिंता व्यक्त करते हुए नशापान से दूर रहने अपील की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूपेश बघेल ने कहा कि किसी भी संगठन की शक्ति उसकी सक्रियता, राजनीतिक परिदृश्य में सदनों में निर्वाचित सदस्यों की संख्या, सकारात्मक सामाजिक चिंतन, एकता व शासन-प्रशासन में अधिकाधिक भागीदारी पर निर्भर करती है ,हमें संगठित होकर अपने अस्मिता व स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। डॉ. खूबचंद बघेल के नाम से संचालित योजना के नाम परिवर्तन को दो बड़े समुदायों में दूरी पैदा करने राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया उन्होंने पुरखों की क्रियाशीलता व सामाजिक जागरूकता ,राजनीतिक चेतना की मिसाल देते हुए हक की लड़ाई में सदा आगे रहने संदेश दिया।

**समाज सबसे सर्वोपरि : केंद्रीय अध्यक्ष**

प्रदेश के समाज प्रमुख केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने समाज के मूल मंत्र विश्वास, संगठन, चरित्र एकता को चरितार्थ करने आव्हान करते हुए कहा कि स्वजातियों को समाज की शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है ,समाज का गौरवशाली इतिहास है ,ये प्रतिभाओं का भंडार है ,सामाजिक,राजनीतिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक चाहे कोई भी क्षेत्र हो समाज की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है ,समाज अक्षुण्ण शक्ति पूंज है ,जो जितना अर्जित कर ले वह उतना सफ़ल हो सकता है,समाज हमेशा से सर्वोपरि रहा है और रहेगा ,हमें अपने संगठन क्षमता का परिचय देते हुए अपने सामाजिक हितों की रक्षा के लिए संकल्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में पुनीत वर्मा, भागीरथी वर्मा, रामगोपाल वर्मा तिल्दा राज के समस्त क्षेत्रप्रधान, ग्रामप्रमुख, राज पदाधिकारियों, सरपंच चंद्रशेखर वर्मा, ग्राम प्रमुख घनश्याम वर्मा, महिला प्रमुख सावित्री वर्मा, क्षेत्र प्रधान गिरवर वर्मा, उत्तर कुमार वर्मा, दौलत वर्मा,नंदकुमार वर्मा,राजेश सिरमौर, दिनेश सिरमौर, अंकित वर्मा सुरेश वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, अखिलेश वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

# चार लाख के गांजे के साथ चार गिरफ्तार



**बागबाहरा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कोमाखान पुलिस ने 22 किलो गांजे के साथ चार अंतराज्यीय आरोपीयों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर महासमुंद न्यायालय में आज गुरुवार 16 जनवरी को पेश किया । जहां से कोर्ट ने सभी आरोपीयों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जनवरी बुधवार को उत्तरप्रदेश के अंर्तराज्यीय आरोपी युवक बाबूलाल जैसवार 20 वर्ष पिता राधेश्याम जैसवार,साकिन जलालपुर, जौनपुर, उत्तरप्रदेश एवं विकास कुमार गौड़ 20 वर्ष पिता रमा शंकर गौड़ साकिन सहरमा, जौनपुर उत्तरप्रदेश के निवासी कोमाखान के रेल्वे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करने बैठे थे ।उसी दौरान मुखबीर की सूचना पर चेकिंग करने हेतु रेल्वे स्टेशन पहुंचा। जहां आरोपियों के बैठे हुए थे। वहां पर पहुंच कर उनके सफेद प्लास्टिक बोरी के अंदर 22 किलोग्राम अवैध गांजा को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उक्त जप्त गांजे की कीमत पुलिस ने 3 लाख 30 हजार रूपए बताई है। इसी तरह दूसरे प्रकरण में आज गुरुवार 16 जनवरी को आरोपी शरद कुमार 21 वर्ष पिता राजू कुमार तेलीबांधा रायपुर एवं नितिन बाघ 19 वर्ष पिता जगन्नाथ बाघ कांशीराम नगर रायपुर निवासी युवक अपने काले कलर के हीरो स्पलेंडर नं छ्त्त- 04-क्र-4737 में पांच किलोग्राम अवैध गांजा की परिवहन करते हुए उन्हें ओडिशा सीमा में स्थित टेमरी नाका में चेकिंग के दौरान रंगेहाथ पकड़ा गया। आरोपियों से जप्त गांजे की कीमत पुलिस ने 75 हजार रूपए बताई गई है। कोमाखान पुलिस ने दो दिनों के अंदर बुधवार एवं गुरुवार को लगभग 4 लाख रुपए का अवैध गांजा जप्त कर चार आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) की तहत कार्यवाही की है। उक्त चारों अंर्तराज्यीय आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर आज गुरुवार को महासमुंद के जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह धरपकड़ की उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पांडेया के दिशानिर्देशन एवं बागबाहरा एसडीओपी मिलिंद पांडेय के मार्गदर्शन में कोमाखान पुलिस द्वारा सक्रियता एवं जागरूकता के साथ आरोपियों को पकड़ने के लिए यह कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही आरोपियों के खिलाफ आगे भी निरंतर चलता रहेगा।

# साइबर क्राइम और वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला

**गरियाबंद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत स्वसहायता समूहों की दीदियों के लिए गुरुवार को साइबर क्राइम और वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यशाला में साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं और उनसे बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, एसडीओपी निशा सिन्हा ने भी बैंक एवं प्रशासन की टीम के साथ समूह की महिलाओं को ऑनलाईन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के संबंध में जागरूक किया। कार्यशाला में मौजूद समूह की महिलाओं ने ऑनलाईन साइबर फ्रॉड से बचने के बताये गये उपायों को गंभीरतापूर्वक सुना।

इस दौरान श्रीमती यादव ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते और ओटीपी आदि की जानकारी ना दे। मोबाईल पर आये अनजान लिंक एवं एप्लीकेशन को डाउनलोड नहीं करना चाहिए। इससे मोबाईल हैक होने एवं बैंक खाते से पैसे चोरी होने का खतरा रहता है। उन्होंने इस संबंध में समूह की महिलाओं को जागरूक करते हुए अपने बच्चों एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

कार्यशाला में दीदियों को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई। एसडीओपी निशा सिन्हा ने बताया कि इस ऐप के जरिए वे सीधे पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। एसओएस बटन दबाने पर घर के किसी सदस्य को तुरंत अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा। इसके अलावा, ट्रू-कॉलर एप्प के उपयोग के बारे में समझाया गया। रेड कलर से चिन्हित स्पैम कॉल्स को न उठाने और केवल ब्लू चिह्नित नंबरों पर भरोसा करने की सलाह दी गई।

वित्तीय सुरक्षा पर विशेष जोर - कार्यशाला में समूह की दीदियों को सतर्क रहने और कहीं भी अनियमित निवेश न करने की सलाह दी गई। साथ ही अनजान एपीके फॉर्मेट फाइल डाउनलोड करने से बचने को कहा गया, क्योंकि इससे फोन का पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी चोरी होने का खतरा रहता है। निवेश करते समय प्रमाणित संस्थानों पर ही भरोसा करने की सलाह दी गई।

**साइबर अपराध से बचने के टिप्स** - हर 15 दिन या महीने



में अपने कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप्स का पासवर्ड बदलें। अपने मोबाईल को संबंधित बैंक में पंजीकृत करवायें। समय-समय पर खाता-पासबुक चेक करें। एटीएम और नेट बैंकिंग का पासवर्ड सुरक्षित रखें एवं समय-समय पर बदलते रहे। शंका होने पर बैंक से तथा बैंक के टोलफ्री नंबर पर संपर्क करें। कार्ड स्वेप मशीन का उपयोग स्वयं करें। पासवर्ड छुपाकर अंकित करें।

**एटीएम उपयोग में बरते सावधानी**

एटीएम कार्ड उपयोग होने के उपरांत कार्ड को उल्टा कर पुनः स्वैप करें। एटीएम कार्ड खोने पर तत्काल बैंक को सूचित करें। एटीएम कार्ड नंबर पिन नंबर वैधता तिथि किसी से शेयर न करे। अपना पर्सनल जानकारी किसी को न करे, अति आवश्यक होने पर बैंक जाकर जानकारी चेक करे, फ्राड काल, ईनामी मैसेज से बचे, समय समय पर अपना एटीएम कार्ड पासवर्ड बदलते रहे, किसी भी साईट में सर्च करने से पहले अपनी गोपनीय दस्तावेज अपलोड न करें।

**मिशन साइबर सुरक्षा** - अनजान फोन कॉलर डेबिट/केडिट कार्ड बंद होने की बात कह कर लोगों को भ्रम में डालते हैं। अपने आप को बैंक का अधिकारी बताते हैं। आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर ओटीपी मांगते है। अगर आपका कार्ड चोरी हो गया है तो अपना डेबिट क्रेडिट कार्ड का पिन नम्बर आपको उसे तुरंत ब्लाक करवाना चाहिए भूलकर भी किसी के साथ साझा न करें। हमेशा सिक्योर पेमेंट गेटवे से ही भुगतान करें।

क्या नहीं करना चाहिए - पासवर्ड को लिखकर या मोबाईल में न रखें। एटीएम में किसी अनजान व्यक्ति से न सहयोग ले, न ही सहयोग दें। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लॉटरी के नाम पर ठगी किया जाता है, उनसे बचे। टॉवर लगाने के नाम पर ठगी लालच में न आयें। इश्योरेंस कंपनी के फर्जी अधिकारी बनकर ठगी होती है। इसकी जांच पड़ताल करे। चेहरा पहचानों, ईनाम जीतो प्रतियोगिता पर ध्यान न देखें। फर्जी चिट फंड कंपनी के झांसे में आकर पैसा इनवेस्ट न करें।

जेवर चमकाने के नाम पर ठगी, फर्जी बाबाओं से सावधान रहें। लोन (ऋण) के नाम पर ठगी फर्जी फोन कॉल से बचे। ऑनलाईन फ्रॉड के तरीके - बैंक मैनेजर बनकर एटीएम नम्बर पूछ कर फ्राड किया जाता है। इंश्योरेंस कंपनी एजेंट बनकर फ्रॉड, फर्जी ईमेल आईडी बनाकर फ्राड, मेट्रीमोनियल साईट पर शादी के नाम पर दोस्ती कर फ्राड, फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर फ्राड किया जाता है। इन सबके बारे में सतर्क होकर सावधान रहना चाहिए।

# सिरकट्टी धाम एवं पाण्डुका मड़ाई एक नजर में

**पाण्डुका,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। सिरकट्टी धाम सिर्फ नाम ही नही बल्की इस नाम के साथ स्व. संत श्री श्री 108 श्री सियाभुनेश्वरी शरण का नाम लोगो की जहन में आता है। पैरी नदी के तट किनारे बसा सिरकट्टी धाम जहां पर बाल रूप से पहुंचे थे स्व संत भुनेश्वरी शरण व्यास ने 1962 को यज्ञ व यहां कि नीव रखी । यह गांव नही है कुटेना ग्राम पंचायत का ही भाग है। यहीं की कुछ दूरी पर है मां रणचण्डी का स्थान। क्षेत्र व जगह को आगे लाने में पूरी उम्र लगा दिए और आज वह स्थान सिरकट्टी धाम के नाम से मसहुर है। पाण्डुका से दूरी महज 3 कि.मी. है। जहां पर संत ने सीता राम नाम का यज्ञ हवण का कार्य करना शुरू किया तब से आज तक यह क्रम जारी है और राम का मंदिर ही था। पूर्व में जो समय के साथ जर्जर अब नये स्वरूप में वर्तमान संत यहां के महामण्डलेश्वर श्री गोर्वधन शरण व्यास है। जिनके सानिध्य में सीता राम नाम का मंदिर बन गया है। अभी यह कार्य निर्माण जारी है। सिरकट्टी नाम से तो पूरा छ.ग. वाकिफहै। पूर्व व वर्तमान में खुदाई के दौरान जितनी भी मूर्तियां मिली सभी खण्डीत रही। सभी की धड़ से उपर का भाग अलग रहता है। आज यहां पर धर्मावलम्बीयों ने सभी देवी दवताओं ने मंदिर बनवा दीये है। हाई स्कूल का भी संचालन हो रहा है। गौशाला भी यहां पर है। चूंकि अब सीताराम का मंदिर नया बना है। उसमें भी अभी भी काम चल रहा है। परंतु गर्भगृह में भगवान राम व माता सीता की स्थापना हो चुकी है यह 2 वर्ष हो चुके है। चूंकि मंदिर की लागत करोड़ों में है। पत्थरो से यह मंदिर का निर्माण हो रहा है। कोरोना काल के दो वर्ष पूर्व से मंदिर निर्माण कार्य जारी है। यह निर्माण पत्थर राजस्थान से भरतपुर से लाल पत्थर से मंदिर का निर्माण किया गया है, अभी कार्य जारी है। निर्माण करने व पत्थरो की खुदाई करने वाले कारीगिर भी राजिस्थान की है। यह कार्य तेजी के साथ चल रहा है। यहां पर साधु संत भी 24 घंटे रहते है। मंदिर का निर्माण पूर्णतः जनता जनार्दण के द्वारा दिये जा रहे चंदे पर बन रहा है। पूर्णतः की ओर मंदिर निर्माण का कार्य पहुंच चुका है। संत के नाम पर पुल का नाम भी रखा गया है। सभी राजनैतिक पार्टी के नेता यहां पर आते रहते है। लेकिन अभी नवनिर्मित मंदिरो में पहला मंदिर होगा सीताराम का जो पत्थरो से बनाया गया है। पाण्डुका क्षेत्र को एक और पर्यटन का स्थान मिल गया। संत व्यास श्रीश्री 108 श्री के उपाधि से अयोध्या से जाने जाते थें। गुरूपूर्णिमा जनवरी में छेरछेरा पूर्णीमा को प्रतिवर्ष राम यज्ञ का आयोजन 3 दिवसीय होता है। पाण्डुका मंड़ाई के समय इस क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलो पर भुनेश्वरी शरण व्यास जी की मूर्ति देखने को मिलेंगे। पूर्व में संत थे तब स्व. विधायक शुक्ला जी का विशेष यहां पर लगाओं था फिर भाजपा के विधायको का लेकिन भाजपा के हि शासन ने इसे आगे लाने हेतु पूल निर्माण का कार्यकिया डॉ. रमण सिंह के हाथो ही मंदिर निर्माण का सीलान्यास किया गया था आज मंदिर बन गया है। अब पर्यटन विभाग इस मंदिर के दो-चार बोर्ड बनवा कर प्रसारित-प्रचारित करने का कार्य करें ताकी लोगो को ज्यादा से ज्यादा पता चले वैसे तो संपूर्ण छ.ग. में भुनेश्वरी शरण महराज को सभी जानते है। महासमुंद लोक क्षेत्र तो संपूर्ण है। वर्तमान में गोवर्धण शरण व्यास ने उनके स्थान को संभालो जो महामंडलेश्वर है। और अब 16 जनवरी से राम यज्ञ सुरूवात हो गया है। इसी से जुंड़ा हुआ पाण्डुका जो कि मंडई श्री चण्डी जोकि रणचंडी के नाम से प्रसिद्ध है। सिरकट्टी मंदिर के मुख्य व भुनेश्वरी शरण जी के सिरकट्टी में स्थान बनाना चण्डी मां की ही कृपा रहा। यहां पर पाण्डूका मंडई का आयोजन हो रहा है।

# नपं में निरंजन सिन्हा को अध्यक्ष बनाए जाने से होगा विकास

**कुरूद,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। कुरूद के मतदाताओं में एक ही जाति के लोगों को बार-बार अवसर देने से नगर के लोगों में काफी नाराजगी की सुगबुगाहट देखने को मिल रही है। ऐसे में यदि भाजपा नगर पंचायत कुरूद में जीत का परचम लहराना चाहते हैं ,तो उन्हें अपने सब से अनुभवी योग्य, मिलनसार, और लोकप्रिय जन नेता, निरंजन सिंहा पर दांव लगाना चाहिए।



विदित हो कि निरंजन सिंहा नगर पंचायत में दो बार लगातार अध्यक्ष रह चुके हैं। धमतरी जिला संगठन में रहते हुए सफल संचालन कर जिला के तीनों विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी को मजबूती प्रदान की है ।जिला भाजपा अध्यक्ष से लेकर प्रदेश के विभिन्न पदों की जिम्मेदारी बखूबी निभाया है। उन्होंने अपनी कार्य कुशलता से न केवल कार्यकर्ताओं को अपितु जनमानस में भी एक अमिट छाप छोड़ने में सफल रहा है। वर्तमान में कुरूद नगर पंचायत में कांग्रेस का कब्जा है। जिस पर विजय हासिल करने के लिए निरंजन सिंहा एक योग्य उम्मीदवार और सही उम्मीदवार हो सकते हैं। निरंजन सिंहा पर दाव लगते हैं तो सिन्हा समाज का समर्थन मिलेगा ही। साथ ही साथ ओबीसी समाज के अंतर्गत आने वाले अन्य जातियों का समर्थन भी मिलेगा।

**कुरूद नगर वासियों की राय-** (1)खिलेंन्द्र चंद्राकर पूर्व पार्षद नगर पंचायत कुरूद निरंजन सिंहा ने अपने कार्यकाल में कुरूद नगर पंचायत का कायाकल्प कर दिया था ।उनके कार्यकाल में तेजी से विकास परक कार्य हुए, ऑटोडोरियम, से लेकर नगर के सभी गार्डनो का निर्माण ,नगर गेट, सुपर मार्केट, नगर में लाइटों का जाल बिछाया, विभिन्न समाजों के लिए सामुदायिक भवन के लिए जगह आवंटन कराया। कुरूद नगर के सभी तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्य करण से लेकर पेयजल व्यवस्था जैसे अनेक बड़े-बड़े उपलब्धि भरा कार्य उनके कार्यकाल में हुए है। (2) त्रिलोचन बागे कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए उनके 10 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा जो वर्षों तक उनके कार्यकाल में किए गए कार्य याद किए जाएंगे। (3) मालक राम साहू जब नगर पंचायत कुरूद में भाजपा की स्थिति नगण्य थी। उस समय उनके साफ स्वच्छ छवि के कारण दो बार भाजपा के पक्ष में परचम लहराया था। भाजपा धमतरी जिला अध्यक्ष रहते हुए जिले के तीनों विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी को मजबूती प्रदान किया इसके 10 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धि भरा रहा। अनेकों विकास कार्य हुए इनके बाद में जितने भी नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष हुए वे सब निरंजन सिंहा के कार्य के आधा भी नहीं करा पाए।

# मुख्य नपा अधिकारी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए की पहल

**बिलाईगढ़,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान और सशक्तिकरण की दिशा में बिलाईगढ़ के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील चौधरी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न कौशल-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करना है।



इस कार्यक्रम में सिलाई, मेहंदी, खाना पकाने और ब्यूटी पार्लर संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 185 महिलाओं और बालिकाओं ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पंजीकरण कराया है, जो इस पहल के प्रति समुदाय की उत्सुकता और सकारात्मकता को दर्शाता है। खाना पकाने की कक्षा, जो एक सप्ताह तक चली, में बेसन लड्डू, गोंद लड्डू, मुरकु और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन और मिठाइयां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही, 15 दिनों की मेहंदी प्रशिक्षण कक्षा ने प्रतिभागियों को रचनात्मक और पेशेवर मेहंदी लगाने के कौशल सिखाए। सिलाई कक्षाएं अभी भी चल रही हैं, जिनमें प्रतिभागियों को बैग, ब्लाउज, कुर्ता, पजामा, सलवार और पाटियाला जैसे विभिन्न परिधानों को डिजाइन और सिलाई करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, जल्द ही ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू होने वाला है। इस पहल ने कई महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया है और उन्हें उज्जवल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

इस प्रभावशाली कार्यक्रम के लिए नगरपालिका विभाग के संयुक्त संचालक महोदय ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी की सराहना की है।

आने वाले समय में, सरकार की स्वयं सहायता समूह (स.ह.स) योजनाओं के तहत ऋण प्रदान करके इन महिलाओं को और अधिक सहायता देने की योजना बनाई गई है। यह पहल उन्हें अपने उत्पादों और सेवाओं को बाजार और प्लेटफॉर्म पर प्रभावी ढंग से स्थापित करने में मदद करेगी, जिससे वे लंबे समय तक आर्थिक रूप से स्थिर रह सकें। यह पहल बिलाईगढ़ की महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम साबित हो रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनकर अपने परिवार और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

## निधन

### अजय यादव



**महासमुंद,** 16 जनवरी। स्थानीय पुराना मलेरिया ऑफिस के पास निवासी अजय यादव 42 वर्ष का बुधवार शाम निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय यादव के छोटे भाई व नयन यादव के मामा थे।

### श्रीमती माधुरी पटेल



**झलप** 16 जनवरी। बस्तीपारा झलप निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती माधुरी पटेल 60 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार झलप में किया गया। वे तरूण उर्फ बंटी पटेल की मां थी।

# समोदा में सफाई कर्मचारियों को बांटा गया पीपीई किट

**आरंग,** 16 जनवरी। नगरीय प्रशासन विकास एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पंचायत समोदा मे कार्यरत सफाई कर्मचारियों जो की नगरीय निकायो मे नमस्ते योजना के तहत सेप्टिक टैंक सफाई करते है उन्हे राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूला मिश्रा के द्वारा पी पी ई किट का वितरण किया गया। इससे सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान होने वाली संक्रमण एवं गंभीर बीमारियों से सुरक्षा हो सके, साथ ही गम बुट, दस्ताना, मास्क, एवं आवश्यक हेलमेट वितरित किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### हल्दी-कुमकुम का जीवन...

होते है ।आज बच्चो को अच्छे संस्कार की आवश्यकता है, बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे तो हमारा घर संसार खुशहाल होगा कार्यक्रम का संचालन बीके प्रिया बहन ने किये। कार्यकम में नगर सहित आस-पास के ग्राम से बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

### कृषि के क्षेत्र में छात्रों की रुचि...

प्राध्यापक नयना पहाड़िया के दिशा-निर्देश में स्पन्दित हुए बी एड प्रशिक्षार्थियों शुभम पुरन ,चंद्रहास, सोनिका मीनाक्षी,युक्ता, टीनारानी, देविशा, खुशबू, सलिम इशु ,तनू, पुजा आकांक्षा आनस्तिया संगिता धारिणी,अंजु ,सुनिता,शिलामणि दीक्षारानी,संतोषी यह कार्यक्रम सभी प्रशिक्षणार्थी के लिए यादगार अनुभव रहा।

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर एक दिवसीय कार्यशाला

**पलारी,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। आज भाजपा मण्डल पलारी में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का एक दिवसीय कार्यशाला भाजपा कार्यालय पलारी के सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का प्रारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं पार्टी के पुरोधा के छाया चित्र पर पूजा के साथ किया गया। मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा ने बैठक का मुख्य विषय रखते हुए कहा कि आने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षक की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और दावेदारों का आवेदन भी आना प्रारंभ हो चुका है हमको पलारी नगर के साथ साथ सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत क्षेत्र में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को विजयी बनाना है और सभी को सामंजस्य बना कर चुनाव मैदान में उतरना है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है विगत दिनों हमने विधानसभा और लोकसभा का चुनाव लड़ा अब कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ना है। दावेदार तो बहुत लोग आयेंगे लेकिन जिस कार्यकर्ता को पार्टी अधिकृत करती है उसके साथ सभी दावेदारों को और कार्यकर्ताओं को मिल कर काम करना है। निश्चित ही हम नगर पंचायत पलारी के सभी वार्ड एवं अध्यक्ष पद पर कमल छाप को विजयी बनाने में सफल होंगे। वैसे ही सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत क्षेत्र एवं जिला पंचायत क्षेत्र में भी सभी को मिल कर चुनाव लड़ना है और भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को विजयी बनाना है। प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा दुर्गा महेश्वर ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं को नेता बनाने का समय है सभी पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में जाओ हमको भाजपा सरकार के कामों को सभी मतदाताओं को बताना है केंद्र की मोदी सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच रखना है अभी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृति हो गई है साथ ही आवास प्लस 2.0 की सर्वे भी प्रारंभ हो गई सभी बचे हुए गरीब परिवारों को पक्का घर बनाने का सपना साकार होगा।



छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार भी अपने किए सभी प्रमुख वादों को पूरा कर रही है महतारी वंदन के रूप में माताओं बहनों को प्रति माह 1000 रु देना हो या अन्नदाता किसानों का धान 21 क्यूंटल 3100 रुपए में खरीदना हो इस प्रकार हम अपने सरकार के सभी योजनाओं को बता कर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर सकते है। अभी विपक्ष आरक्षण के नाम पर लोगो को बरगलाने में लगे है जिस आरक्षण के लिए खुद कांग्रेस हाई कोर्ट में गई थी उसी हाई कोर्ट के आदेश को विपक्ष सरकार के आदेश के नाम से झूठ फैला रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने कहा कि आने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हमको सभी को साथ मिलकर चुनाव लड़ना है। प्रत्याशी जिसे बनाया जाए उसकी जीत करने का संकल्प ले अभी केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार है अब हमको ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है। मुख्य वक्ता कृष्णा अवस्थी ने कहा कि नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय चुनाव के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हम सबको एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना है जैसे नगर पंचायत पलारी में लंबे वर्षों से हमारी सरकार है इस प्रकार नगर में हमारा कब्जा रहना चाहिए विरोधियों को परास्त करेंगे यही हमारा संकल्प है नगर पंचायत पलारी के सभी 15 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी को विजयी बनाना है एवं नगर अध्यक्ष हेतु भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिताना है साथ ही मुख्य वक्ता ने पार्टी द्वारा निर्देशित मापडंडों को कार्यकर्ताओं के बीच रखा और आने वाले चुनाव हेतु सभी को पूरी ऊर्जा के साथ लग जाने का निर्देशित किया। इस बैठक में मुख्य रूप से ओमप्रकाश चंद्रवंशी, इंद्रदेव वर्मा, यशवर्धन मोनू वर्मा, विजय कोशले, अनूप साहू, शिव यदु, हेमंत वर्मा, भोला वर्मा, संतोषी मानिकपुरी, रमेश धीवर, नरेन्द्र वर्मा, नेतरंजन निर्मलकर, चरणदास तेरहवंश, हेमंत साहू, मोहन साहू, रवि ध्रुव, संतोष वर्मा, तुलसी डहरिया, ब्रिज बाई वर्मा, दीपक साहू, खुशबू बंजारे, भुनेश्वरी वर्मा, ताजेंद्र कन्नौजे, संकेत वर्मा, केशरी वर्मा, गौतम यादव, योगी वर्मा, ओंकार, हरिशंकर, माया, टुकेश्वरी, लेखराम,इस्लाम, तुकाराम, भारत, उर्मिला, सुरेश, जगदीश, गोविन्द, ओमप्रकाश, हेमू, तिलक, साधराम, सहोगी सारथी सहित सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# आरंग पुलिस ने चुनाव के पहले पकड़ी अवैध शराब की बड़ी खेप



**आरंग,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। आरंग पुलिस ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के सुगबुगाहट के बीच अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है ।आरंग पुलिस ने थाना प्रभारी राजेश सिंह के नेतृत्व में तीन अलग अलग जगहों से 720 पौवा अवैध शराब के साथ 03 शराब कोचियों को भी गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस ने ग्राम लखौली के नीलगिरी मैदान के पास सड्डू रायपुर निवासी लखन गोड़ अपनी स्कूटी से 240 पौवा अवैध देशी शराब,लखौली के भाटापारा के पास ग्राम मुनरेठी नेमनदास बंजारे के स्कूटी से 240 पौवा अवैध देशी शराब और लखौली के डामर प्लांट के पास ग्राम मुनरेठी निवासी जीवन चेलक की स्कूटी से 240 पौवा अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(02) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। इस बड़ी कार्रवाई में,स्ढ्ढ अरुण भोई,श्रीराम वर्मा,नरेश देवांगन,नगर सैनिक दुर्गेश चंद्राकर,शेखर साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरंग पुलिस ने तीनों आरोपियों को जिन जगहों से पकड़ा है वहां से सबसे नजदीक लखौली शराब दुकान है,ऐसे भी आशंका है कि आरोपियों को इसी दुकान से बड़ी मात्रा में शराब मिली होगी ।सोचने वाली बात है कि शराब कोचियों को इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब किसके संरक्षण में मिल रहा है। शराब दुकानों के कर्मचारियों के सहयोग के बिना शराब कोचियों को इतनी बड़ी मात्रा में शराब देना संभव नहीं है। आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनाव में शराब को खपाने के लिए शराब कोचियों की तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है।

# बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा का जन्मदिन

**भाटापारा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। क्या अमीर क्या गरीब शिवरतन शर्मा सबके करीब यह दृश्य आज प्रत्यक्ष तौर पर शिवरतन शर्मा के जन्मदिवस पर देखने को मिला। सुबह से ही उनके निवास पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके चाहने वाले समाज के सभी वर्गों के शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं, अधिकारी कर्मचारियों का तांता लगा रहा। प्रदेश भर से पहुंचे हज़ारों लोगों ने उनसे प्रत्यक्ष रूप से भेंट कर जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की इस अवसर पर भाजपाइयों ने अपने नेता के जन्मदिन को यादगार बनाने कोई कसर नहीं छोड़ी। सुबह 11 बजे घर से निकलकर बीजेपी कार्यालय पहुचने पर महिला मोर्चा द्वारा उन्हें तिलक लगा कर अभिनंदन किये हुए शुभकामनाएं दी गई।

इस दौरान उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा को बधाई देने भाटापारा शहर ही नही छत्तीसगढ़ के दूर दारज गाँव से उनके समर्थक उन्हें बधाई देने पहुंचे हुए थे.और ढोल नंगाड़े और आतिश बाजी के साथ उनके दीर्घायु की कामनना करते हुए उनका स्वागत किया फिर शिवरतन शर्मा ने समर्थको के साथ कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया.



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा को जन्म दिन की बधाई देने वालों का सुबह से लगा रहा ताता

रॉयल इन हाटल के पास बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष को फलों से तौला गया जिसके पश्चात, बड़े हनुमान मंदिर, कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओ द्वारा, तरेंगा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष द्वारा आयोजित कार्यक्रम, ग्राम रोहरा में कौशलपुर मंडल द्वारा,,नांदघाट माँ सर्वेश्वरी ऑटो मोबाईल द्वारा आयोजित कार्यक्रम, में जन्मदिवस मना कर सिमगा के लिये रवाना हुये व देर शाम भाजयुमो जिलाध्यक्ष द्वारा श्याम हॉटल चौक, शक्ति वार्ड धुरंधर वार्ड कार्यकर्तों द्वारा महाकाल मंदिर चौक,नयापारा वार्ड कार्यकर्ताओं द्वारा कृष्णा नगर चौक, यादव समाज द्वारा पल्टन हॉटल पास, रामसत्ताह चौक पास गणमान्यजनो द्वारा, क्राके संघ द्वारा गोविन्द चौक, नारायणा हाइट्स कालोनी,आजाद चौक रहवासियों द्वारा, मिल एसोसिएसन द्वारा पोहा भवन, के साथ पूर्व विधायक प्रतिनिधि द्वारा भाजपा कार्यालय में देर रात तक जन्मदिवस मनाया गया वही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के जन्म दिन के अवसर पर सिमगा नावागांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया.. इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा की 16 जनवरी को जन्मदिन पर आशीर्वाद, बधाई, शुभकामनाएं देने के लिए आप सभी स्नेहीजनों के प्रति हृदय की गहराइयों से मेरा आभार।

प्रदेश भर से पहुंचे विभिन्न समाजों, वर्गों, राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों,कर्मचारी संगठनों, गणमान्य नागरिकों सहित सदैव मेरे साथ रहने वाले भाजपा के मेरे सहयोगी कार्यकर्ता साथियों ने भेंट कर अपना स्नेह प्रकट किया और बधाई दी। ईमेल,टेक्स्ट मैसेज,ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम के माध्यम से लाखों साथियों का बधाई शुभकामना संदेश मुझे प्राप्त हुआ है। आप सभी के अपनत्व, स्नेहपूर्ण बधाई एवं शुभकामनाएं ही मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी है। जो मुझे जीवन में उत्साह का संचार एवं बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। आप सभी की निरंतर सेवा, क्षेत्र विकास के कार्यों में आपका शिवरतन शर्मा सदैव उपस्थित है।

# खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने वाले ध्यान दें अलग रखना होगा एक्सपायरी प्रोडक्ट

**बलौदाबाजार-भाटापारा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। खाद्य एवं पेय पदार्थ विक्रेता कृपया ध्यान दें- एक्सपायर हो चुकी सामग्री के लिए अलग से जगह बनानी होगी। तय की गई जगह पर इस आशय की सूचना पट्टिका भी लगाना होगा। भंडारण और काउंटर पर यह नियम समान रूप से प्रभावी होगा।



खानपान सामग्री के निर्माण और विक्रेता संस्थानों को अब कालातीत अवधि पूरी कर चुकी सामग्री को लेकर सतर्कता बरतनी होगी क्योंकि खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने नियमित जांच में इस पर भी नजर रखने की ठानी हैं। अधिकतर संस्थानें नियम के पालन को लेकर गंभीर नहीं है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से भी कहा है कि एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदी करें।

**तय करें अलग जगह:** खाद्य एवं पेय पदार्थ विक्रेता संस्थानों से प्रशासन ने कड़े शब्दों में कहा है कि एक्सपायर हो चुकी सामग्री के लिए अलग से जगह बनाएं ताकि वहां यह सामग्री रखी जा सके। भंडार गृह में भी यह व्यवस्था बनानी होगी। जहां यह कालातीत सामग्री रखी जाएंगी, वहां पर इस आशय की सूचना पट्टिका अनिवार्य रूप से लगाए ताकि विक्रय नहीं किया जा सके। जांच के दौरान यह व्यवस्था नहीं मिली, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सतर्कता यहां बेहद जरूरी बेकरी आइटम विक्रेता संस्थानों को विशेष ध्यान रखना होगा क्योंकि संबंधित सभी सामग्रियों की सेल्फ लाइफ महज सात दिन की होती है। खास तौर पर केक सबसे ज्यादा संवेदनशील होता है क्योंकि इसकी उम्र सीमा महज 24 से 48 घंटे की मानी गई है। इसलिए बेकरी आइटम विक्रेता संस्थानों को अतिरिक्त सतर्कता रखनी होगी। स्वीट कार्नरों को छेने वाली मिठाईयों का विशेष ध्यान रखना होगा क्योंकि छेने वाली मिठाईयों की सेल्फ लाईफ 24 घंटे की ही होती है।


**आग्रह उपभोक्ताओं से:** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा है कि खाद्य एवं पेय पदार्थ की खरीदी करने के पहले सामग्री की पैकिंग में जरूरी जानकारी पर ध्यान दें। विशेष तौर पर एक्सपायरी डेट पर नजर रखें। संतुष्ट होने पर ही खरीदी करें। खुले में बेची जा रही सामग्री की जानकारी संस्थान संचालक से ली जा सकती है।

कालातीत अवधि में पहुंच चुके खाद्य एवं पेय पदार्थ के लिए सुरक्षित स्थान तय करना होगा। जहां ऐसी सामग्री रखी जाएगी वहां पर च्एक्सपायरीज्की सूचना पट्टिका का लगाया जाना अनिवार्य है।

**- उमेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदा बाजार**

# प्रदेश में 52 प्रतिशत पिछड़ा होने के बाद भी भाजपा सरकार द्वारा पिछड़ों को आरक्षण नही दिया जाना,जिपं चुनाव में पिछड़ा को नेतृत्वहीन रखने का षड़यंत्र

**नवापारा राजिम,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, पिछडा वर्ग के राजनीतिज्ञ धनेन्द्र साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ के कुल 33 जिला में पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर पिछड़ा वर्गो के लिए आरक्षण नही किया गया है। यह भाजपा की पिछडा वर्ग के लिए किया गया घोर निंदनीय कृत्य है। कांग्रेस द्वारा लगातार भाजपा पर हमेशा आरोप लगा रही है कि इनका नीति आरक्षण समाप्त करने की ओर बढ रही है। वर्तमान आरक्षण रोस्टर में यह जिला पंचायत में पिछडा वर्ग को आरक्षण नही दिया जाना,इससे सिद्व होता है। छत्तीसगढ में लगभग 52 प्रतिशत ओ.बी.सी. की जनसंख्या है। इसके बावजूद भी भाजपा सरकर द्वारा जानबुझकर पिछडा वर्ग को आरक्षण से बाहर रखा गया है। यह भाजपा सरकार का पिछडे वर्ग को पंचायती राज व्यवस्था से नेतृत्व विहिन करने का षडयंत्र है। प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय भी एक वक्तव्य में कहा था कि पिछडे वर्ग को 50/प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जबकि जिला पंचायत जैसी महत्व पूर्ण संस्था में एक भी पद अध्यक्ष के लिए आरक्षित नही किया गया। भाजपा प्रदेश श्री अध्यक्ष किरण सिंद देव ने भी यह कहा है कि अध्यक्ष पद हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगो को टिकट दिया जावेगा। क्या उन्हें मालूम नही है कि पंचायती राज का चुनाव दलीय आधार पर नही हो रहा है जिसके लिए वे पार्टी टिकट देंगे। जो पिछडे वर्ग के लोगों का अधिकार बनता है उसे लोग क्या भीख मांग कर प्राप्त करेंगे। अभी भी वक्त है भाजपा सरकार द्वारा वर्तमान में किये गये आरक्षण को निरस्त करते हुए पूर्वत सरकार में की गई आरक्षण नीति को ही लागु किया जावे।



# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा मातृ एवं शिशु कल्याण परियोजना अंतर्गत ग्राम खपराडीह प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम खपराडीह, करही एवं चण्डी के कुल 58 बच्चो एवं माताओ की भागीदारी रही। कार्यक्रम में 162 से अधिक लोगो की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बच्चो का स्वास्थ माप दंड का जांच कर बेहतर स्वास्थ विषय पर जागरूक किया गया तथा सभी प्रतिभागियो को पुरुस्कृत किया गया।



कार्यक्रम में अल्ट्राटेक प्रबंधन से सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं सी एस आर अधिकारी ज्योस्तना पति एवं रंजय पाण्डेय और सी एस आर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका प्रसाद वर्मा, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव एवं टोपेश्वर मानिकपुरी की भागीदारी रही। ग्राम खपराडीह, करही एवं चण्डी की कुल 11 मितानिन तथा मितानिन प्रमुख ने माताओ एवं बालको को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सुनिश्चित किया एवं स्वयं भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम में आयुश केंद्र के एम टी ईश्वरी वर्मा, आर एच ओ योगेश्वर साहू एवं सी एच ओ खुशबु मेशराम ने उपस्थित माताओ को शिशुओं के लिए स्वास्थ विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। वही सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं ज्योस्तना पति ने सफलतापूर्वक मंच संचालन करते हुए बच्चो एवं माताओ को अच्छे स्वास्थ के प्रति जागरूक किया तथा भविष्य में स्वास्थ विकास सम्बन्धी सभी जांच एवं टिके लगाने हेतु प्रेरित किया।

# नगर पंचायत भटगांव में बर्तन बैंक की स्थापना

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार नगर पंचायत भटगांव में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सरकार द्वारा बर्तन बैंक की स्थापना की गई है। इस बर्तन बैंक का संचालन दो स्वयं सहायता समूह, शांति महिला स्व सहायता समूह और जय लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इन दोनों समूहों ने अब तक 13,000 का लाभ कमाया है, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है।

**प्लास्टिक उपयोग को कम करने की अनूठी पहल**

बर्तन बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक आयोजनों में प्लास्टिक के बर्तनों के उपयोग को रोकना और लोगों को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूक करना है। प्रत्येक बर्तन बैंक में 100 व्यक्तियों के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है, जिसमें थाली, गिलास, बगौना, दाल पात्र, चम्मच, प्लेट और अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं। इस पहल के जरिए नगर के लोगों को न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि प्लास्टिक कचरे को भी काफी हद तक कम किया जा रहा है। बर्तन बैंक का उपयोग करने से आयोजनकर्ता प्लास्टिक उत्पादों की खरीद से बच सकते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बचत भी होती है। नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेश सिंह और जिला समन्वयक शुभम नायक के समर्पित प्रयासों से यह पहल सफल हो पाई है। उनकी मेहनत और दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि भटगांव में प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने की दिशा में यह ठोस कदम उठाया गया है। नगर पंचायत भटगांव के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे सार्वजनिक आयोजनों में बर्तन बैंक का उपयोग करें और प्लास्टिक उत्पादों का बहिष्कार करें। यह कदम न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि स्वच्छ और हरे-भरे भटगांव के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होगा।

# कांग्रेस को नगर की चिंता नहीं : यदु

**भाटापारा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगर पालिका भाटापारा मे जो घटना आज हुई उस पर नोट जारी कर कहा की आज जो घटना हुई हैँ वो कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है,,जब नगर पालिका परिषद मे कांग्रेस की सत्ता थी तो 5 सालो मे जो 5 करोड़ मिलना था वो सरकार रहते तक नहीं मिला,, विकास कार्य से नगर पूर्ण रूप से पिछड़ता गया,,कांग्रेसी सारे नेता केवल फोटो सेशन में व्यस्थ रहें, नगर की कोई चिंता नहीं रहें बस अपना सोचते रहे.. अभी 1 साल से भाजपा सरकार आयी तो शिव रतन शर्मा के प्रयास से 20 करोड़ रु एक साल मे ही आ गये ,,,,ये कोंग्रेसी उस का भी झूठा श्रेय लेना चाहते थे ,,,आज जो घटना हुई वो कांग्रेस पार्टी की गिरी हुई मानसिकता और शहर विकास विरोधी सोच को दर्शाता है कुछ कोंग्रेसी गुंडे इतने वरिष्ठ भाजपा के पूर्व विधायक को खुलेआम लगातार गाली दिया जा रहा था,, उस के परिणाम स्वरूप भाजपा कार्यकर्ताओ ने आक्रोश होकर उक्त गली गलोच का विरोध किया,, ,आज की घटना बताती है की कांग्रेस एक गुंडागर्दि वाली पार्टी है,,,और नगर में हो रहें विकास कार्यों से विचलित है, खुद कुछ कर नहीं पाए और जनहित के कार्यों में रोढ़ा बन रहें हैँ।



# कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय डॉ. गिरीश चंदेल ने किया कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा का भ्रमण

**भाटापारा,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) भाटापारा का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र में स्थापित मूल्य संवर्धन प्रयोगशाला, मशरूम स्पॉन प्रयोगशाला, प्रशिक्षण सह प्रदर्शनी कक्ष, और भंडार कक्ष का विधिवत लोकार्पण किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



डॉ. गिरीश चंदेल ने मूल्य संवर्धन प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इसके माध्यम से वे अपने कृषि उत्पादों को प्रसंस्कृत करके अधिक मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रयोगशाला में विभिन्न कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन की तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। मशरूम स्पॉन प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए डॉ. चंदेल ने कहा कि मशरूम की खेती किसानों को वैकल्पिक आय का अवसर प्रदान करती है। इस प्रयोगशाला के माध्यम से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले मशरूम स्पॉन उपलब्ध कराए जाएंगे और उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे मशरूम उत्पादन में कुशल हो सकें।

डॉ. चंदेल ने प्रशिक्षण सह प्रदर्शनी कक्ष और भंडार कक्ष का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह कक्ष किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां वे कृषि से संबंधित नवीनतम तकनीकों और उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रदर्शनी कक्ष में किसानों को नई-नई तकनीकों, उपकरणों, और कृषि उत्पादों की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपनी खेती में नवाचार ला सकें. भ्रमण के दौरान, डॉ. चंदेल ने केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया और उनकी प्रगति की सराहना की। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने उन्हें केंद्र की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, और फसल प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।डॉ. चंदेल ने केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों के लिए अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को नई तकनीकों की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इन तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है।केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा किसानों के लिए समर्पित है और उनकी हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि केंद्र में किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य उनकी आय में वृद्धि और उनकी खेती को लाभदायक बनाना है। भ्रमण के दौरान दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा के अधिष्ठाता डॉ. एच. एल. सोनबोईर केंद्र के विशेषज्ञ डॉ सविता राजपूत, डॉ प्रदीप कश्यप, डॉ पी डी वर्मा, स्वाति ठाकुर, अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं कृषकगण उपस्थित थे।

# विद्युत मंडल द्वारा बिल न पटाने पर गैर शासकीय व शासकीय उपभोक्ताओं के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। विद्युत विभाग बलौदाबाजार (संचा/संधा) संभाग अंतर्गत माह दिसम्बर में प्रमुख उपभोक्ताओं का कुल बकाया राशि 29.20 करोड रू. थी जिसमें कुल बकाया राशि में से गैर शासकीय बकाया राशि 13.84 करोड रू. है तथा शासकीय बकाया राशि 15.36 करोड रू है। माह दिसम्बर में बिजली बकायादारों पर कार्यवाही करते हुए बलौदाबाजार विद्युत संभाग में कुल 2099 उपभोक्ताओं के लाईन विच्छेदन किये गये है। वसुली की प्रक्रिया में 3018 उपभोक्ताओं से राशि 1.31 करोड की वसूली की गई है। कार्यपालन अभियंता (सं/सं) बलौदाबाजार ने अवगत कराया की वर्तमान में औधोगिक एवं गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं पर विशेष रूप से कार्यवाही की जा रही है।

ऐसे उपभोक्ता जिनके ऊपर इस सप्ताह कार्यवाही की गई हैं उनकी सूची निम्नानुसार है- उपभोक्ता का नाम- मेसर्स डी.सी.पी.एल. रेल एंड इंजीनियरिंग (पी) एल पता लवन बलौदाबाजार बकाया राशि 45637.76, आइडिया सेल्युलर लिमिटेड पता आईडिया अमेरा बलौदाबाजार (आर) बकाया राशि 45078.27, भारत भूषण साहू पता मूल शंकर साहू पनगांव डी/सी बकाया राशि 43084.21, श्रीराम पोहा उद्योग प्रो उज्जवा पता पनगांव बकाया राशि 39430.01, इंडियन पब्लिक स्कूल पता स्कूल/विद्यालय कौवाडीह बलौदाबाजार बकाया राशि 36739.33, जयनारायण सोनी बलौदाबाजार शहर बकाया राशि 36368.29, अक्षय राइस मिल पता वंश चौधरी पुत्र मोहन कुसमी बलौदाबाजार बकाया राशि 34016.25, खिलावन जायसवाल पता गोवर्धन अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार (टी) बकाया राशि 31902.25, एमएमटी उत्पाद पता रिसदा रोड यदु बडी राम सागर तालाब बलौदाबाजार बकाया राशि 30974.14, इंडस टॉवर लिमिटेड (चिचिड़) चिचिरदा पता डमरू चिचिरदा बलौदाबाजार बकाया राशि 30702.15, जैनको ब्रिक्स प्रोप श्री युवरा पता रायपुर रोड लिमाही बलौदाबाजार 30057.39, मैसर्स रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड पता अमन कुमार सिंह वार्ड नं. 04 पलारी बलौदाबाजार बकाया राशि 29576.43, मेसर्स इंडस टॉवर मिलिटेड पता प्रो. राकेश पाठक वटगन बलौदाबाजार बकाया राशि 29237.22, श्रमती प्रेमी बाई सेन पता करही बाजार बलौदाबाजार (ग्रामींण) डी/सी/बलौदा बकाया राशि 29135.8, नावीश उपाध्याय पता श्री एस पी उपाध्याय भारूवाडीह बलौदाबाजार, 27207.76 शामिल है। इसी क्रम में अनाधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरूद्ध प्रकरण बनाकर विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किए गये है जिन्हे दोषी पाये जाने पर ऐसे उपभोक्ताओं पर कारावास या जुर्माना की कार्यवाही की जाऐगी। विद्युत का अनाधिकृत उपयोग करते पाये गये उपभोक्ताओ में क्रमशः दुर्गेश कुमार वर्मा ग्राम भरसेला, अंकिता वैष्णव ग्राम रिसदा, गेंदराम वर्मा ग्राम अर्जुनी, प्रमोद शर्मा ग्राम खजुरी, भागचंद गर्ग ग्राम सोनपुरी, प्रकाश रात्रे ग्राम दतान (प), जय प्रकाश बंजारे ग्राम बलौदी, रामेश्वर आडिल ग्राम तेलासी है। जिन पर विघुत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत प्रकरण लोक अदालत विशेष न्यायालय में दर्ज कराये गये है।

- **गैर शासकीय बकाया राशि 13.84 करोड़, शासकीय बकाया राशि 15.36 करोड़ रू है**
- **2099 उपभोक्ताओं के लाईन की गई विच्छेदन**

# आईसेक्ट आरकेएस कॉलेज तिल्दा में निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन

**तिल्दा** नेवरा, 16 जनवरी (देशबन्धु)। आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए आर के एस कॉलेज तिल्दा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 387 प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इस मेले में 11 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित हो कर लगभग 200 से अधिक विभिन्न पदों के लिए हितग्राहियों को नौकरी का अवसर प्रदान किया।, टेक्नो टास्क बिजनेस सोल्यूशन, स्चायर एलेक्सर कंसल्टेंसी प्राइवेट लि., शिवशक्ति एग्रीटेक, स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस, एडिको इंडिया प्रा. लि., एल आई सी आदि कंपनियों ने शामिल हो कर हितग्राहियों का साक्षात्कार लिया। लगभग 387 उम्मीदवारों ने अपना पंजीयन करा कर साक्षात्कार में शामिल हुए जिसमें से प्रथम चरण में लगभग 212 उम्मीदवारों का चयन हुआ, जिसमें योग्यता 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आईटी आई- डिप्लोमा तक ने आयोजन का लाभ लिया। इसमें भूतपूर्व व वर्तमान में कोर्स विद्यार्थियों के साथ साथ अन्य भी शामिल हुए। यह आयोजन आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर था। साथ ही साथ इस रोजगार मेले में रोजगार संबंधी निःशुल्क जानकारी के लिए रोजगार मंत्रा की वेबसाइट एवं एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर इसके कबारे में जानकारी दी गई। यह मेला प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हो कर के शाम 4 बजे संपन्न हुआ। इस पूरे रोजगार मेले को सफल बनाने में आर के एस कॉलेज के प्राचार्य श्री अभिषेक अग्रवाल जी का विशेष योगदान एवम् सहयोग रहा. इस रोजगार मेले में आइसेक्ट से प्रशांत स्वर्णकार, जाबिर खान, गजेन्द्र साहू, मो. रफीक तथा कॉलेज के स्टॉफ धनंजय तिवारी, निशा वर्मा, मेघनाथ का योगदान भी सराहनीय था.



# विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कल से

**बलौदाबाजार,** 16 जनवरी (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधा में विकासखंड स्तरीय कबड्डी, व्हॉलीबाल एवं बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड मुख्यालयों में 18 से 19 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बलौदाबाजार में 17 जनवरी तथा शेष 4 विकासखंडो में 18 जनवरी से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।कबड्डी में अंडर 19 बालक बालिका, 19 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला, व्हॉलीबालअंडर 19 बालक एवं बालिका, 19 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला, बैडमिंटन अंडर 19 बालक एवं बालिका, 19 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाडी भाग लेने हेतु पंजीयन करा सकते हैं। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाडी जिला प्रशासन एवं जिला खेल संघ बलौदाबाजार भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित होंगे।